42

Ananda Varta

श्री श्री आनन्दमयी संघ

ॐ मा

मातृ शरणं



MOTHERS' BIRTHDAY NUMBER

MAY 1957

VOL. V. NO. 1

HINDI & ENGLISH

CONTENTS

HINDI SECTION

Page No.

1 मातृ-वाणी 1
2 श्री श्री मां की अमरवाणी—महामहोपाध्याय श्रीयुक्त गोपीनाथ कविराज कृत व्याख्या सहित 3
3 हम कौन हूं—महामहोपाध्याय श्रीयुक्त गोपीनाथ कविराज 8
4 मातृ-सतसङ्ग—श्री रघुनाथ दास गोस्वामी 26
5 मां को खोकर मा को पाया—गोपाल 33
6 अनुकम्पा धारा—श्री चरणकमलाश्रिता 40(a)
7 बनारस के एक डाक्टर के कुछ अनुभव 40(c)

ENGLISH SECTION

Page No.

1. Matri Vani 41
2. Mataji's Amar Vani 45
3. From the life of Sri Sri Ma Anandamayee—Dr. Bithika Mukerji M. A. PH. D. 50
4. The Fundamental Principles of Buddhism—Shri Akshay Kumar Datta Gupta 54
5. Srijut Ramdas' Letter to Dr. Wenitrob 60
6. Mother Comes, Ever Comes—Sri Upendra Chandra Dutta 61
7. Christmas Poem for Dear Ma—Elwood Decker 66
8. Ananda Varta—Dr. Roma Chaudhuri 67
9. Mother Anandamayee—M. M. V. 71
10. Diary Leaves 73
11. Shri Mata—Miss Monika Schlatholter 77
12. Matri Lila 78
13. Notes & Comments .... 80 (d)

Price : Rs. 1/8/-
Annual subscription (for four issues) India Rs. 4/-, Foreign Rs. 5/-

---

Published by—Brahmachary Kamal Bhattacharjee
for Shree Shree Anandamayee Sangh, Banaras.
Printed by—Sri B. Dutta at the Eureka Printing Works Private Ltd., Banaras.

ĀNANDA VĀRTĀ

अमर आत्मा — अमरपन्थी स्वयम् — अपने आप

Vol. V BIRTHDAY NUMBER MAY—1957 No. 1

— मातृ-वाणी —

(विभिन्न लोगों के पत्रों के उत्तर में श्री श्री माँ ने जो उत्तर दिये हैं उनका संक्षिप्त संकलन)

(१३९)

मनुष्य कहे जाते हो। मन को हवस होनी चाहिये। धरती पर पछाड़ खाकर गिर पड़ने पर भी फिर उसी धरती के सहारे उठ कर खड़ा होना मनुष्य का कर्त्तव्य नहीं है क्या? बार बार तो गिरा नहीं जाता। प्रयत्नशील होना मनुष्यमात्र का कर्त्तव्य है। मन में हवस नहीं हुई तो फिर हुआ क्या? मन की हवस हुए विना जीवन व्यर्थ है। व्यर्थ जीवन में कितने युग-युगान्तरों तक आना जाना लगा रहता है। मन में यह विचार आना चाहिये कि मैं कौन हूं? आना जाना क्या है? क्यों है और कहां है? अन्तर की अपनी यात्रा से व्यवधान हट जाता है। सैकड़ों विघ्न-बाधाओं को कुचल कर भी उस अमृत की ओर यात्रा करनी ही चाहिये। इस पुरुषकार की जागृति आवश्यक है। लकवे की तरह अवसन्न हो कर क्यों पड़े रहना। केवल मैं नहीं कर सकता, नहीं कर सकता, नहीं कर सकता, ऐसी रट क्यों? क्यों? क्यों?

(१४०)

सब रूपों में वे (भगवान्) ही स्वयं हैं। यद्यपि उनके शरीर के लिए दुःख होता है, फिर भी उनके उद्देश्य से भगवान् को पुकारना चाहिये। भगवान् की दिशा मङ्गलमय है। पिताजी का इतना ही समय था। माताजी से कह दो कि संसार का यही रूप है। धैर्य का सहारा लेना ही होगा। भगवान् की इच्छा से ही थोड़ी वहुत सेवा कर वे आज भगवान् के विधान से भगवान् के पास चले गये हैं। शोक में अधीरता होना स्वाभाविक है। किन्तु शत्रु के समान प्रतीत होने पर भी वही प्रिय प्राण हैं। उनकी देन सहनी ही होगी। माँजी, छोटी बच्ची का अनुरोध यह है कि अधीरता के समय भगवान् को पुकार पुकार कर रोना चाहिये। वे ही सब के निकट भाई के रूप में, पतिके रूप में हैं। उनको पुकारने से शान्ति प्राप्त होती है।

(१४१)

वन्धु* के सुन्दर भावयुक्त आकार प्रकार से चिट्ठी भरी हुई है। वन्धु वन्धु के निकट सदा है। सदा यह स्मरण रखना चाहिये कि भगवत्कर्म-सम्पादन के लिए ही शरीर है। इसलिए शरीर, प्राण और मन द्वारा भगवान् को धरे रहने की सर्वदा चेष्टा करनी चाहिये।

(१४२)

इच्छामय की इच्छा पूर्ण होकर रहती है। उनकी इच्छा के साथ अपने को मिलाकर उनके अधीन होकर उसका अनुभव करने की चेष्टा करनी चाहिये।

---

* माँ छोटे बच्चों को 'वन्धु' कह कर पुकारती हैं।

(१४३)

स्पिरिट का आह्वान ठीक नहीं है। वहुधा अन्यान्य आत्माएँ आती हैं। साधारण लोग उन्हें पहिचान नहीं पाते। इससे हानि होती है। एक आदमी तो पागल हो गया ? माँ ने मना किया था फिर भी उसने किया था। जिसका आह्वान किया जाता है ठीक उसी को प्रकट करना साधारण लोगों के लिए कठिन है। इन सव ओर मन नहीं लगाना चाहिये। आत्मा के रूप में उमा स्वयं ही हैं। संसार ही सुखदुःखमय है। यह स्मरण रखना चाहिये कि आत्मा के रूप में वह मेरे निकट हैं—मुझमें हैं। सच वात तो यह है कि मन को लुभाना नहीं चाहिये। भगवान् के कार्यसम्पादन में उसकी गतागति है। सव रूपों में वे ही हैं।

(१४४)

आभ्यन्तर संन्यास ही तो संन्यास है। संन्यासी होना भी भाग्य की वात है, आनंद की वात है। क्या कभी मन में यह भाव आया कि अव समय हो गया है। सर्वत्याग, संन्यास यानी सर्वनाश। नाशभाव का भी नाश हो जाना।

(१४५)

यदि शांत भाव न आवे तो अङ्गों की विकलता नस-नस में हलचल मचा कर उन्हें अकर्मण्य वना देती है। शक्ति का धारण हुए विना शक्ति की सुन्दर क्रिया शांत रूप से प्रकट नहीं होती। परमार्थ रूप से सत्य की खोज का काम स्वभावतः शांत कर देता है। शक्ति-धारण आवश्यक है। यदि कीर्तन के समय ऐसा हो तो उस समय चुपचाप रहने की चेष्टा करें, एकासन से स्थिरतापूर्वक। विकार अनुकूल नहीं होता।

(१४६)

भगवत्-शक्ति का अनुभव, वह जिस तरह से इच्छा हो, कर सकता है। दीक्षा के हिसाव से इच्छा करे तो कर सकता है। उनका स्पर्श उस दिशा से भी वह पा सकता है। भगवद्भाव की शक्ति का ग्रहण जिस तरह से इच्छा हो किया जा सकता है। भगवद्भाव लेकर सदा उसमें संलग्न रहना, आनंद—आनंद की वात है।

(१४७)

इस जगत् का जो दिखाई देता है, यह भी स्वप्न है, फिर स्वप्न में जो देखा जाता है। दोनों में थोड़ा अंतर है—जाग्रत् और निद्रित। मैं तो मां के निकट ही रहती हूं।

(१४८)

स्वप्न में वहुत कुछ दिखाई देता है। मन में जिसका चिंतन होता है वह भी दिखाई देता है और मन में चिंतन न करने पर भी जो वीता है और जो होता है वह भी दिखाई देता है। सभी स्वप्न-राज्य का व्यापार तो है।

श्री श्री मां की अमरवाणी

(महामहोपाध्याय श्रीयुक्त गोपीनाथ कविराज, एम. ए., डी-लिट्., कृत व्याख्या सहित)

इक्कीस

स्वयं ही—ग्रहण और त्याग का प्रश्न ही नह हैं ! क्या कभी जन्म हुआ था जो ग्रहण होगा या त्याग होगा ? जन्म ही नहीं हुआ। जिस दृष्टि से लो यह हुआ नहीं है यह जैसे सत्य है नामरूप छोड़ देना यह जैसे सत्य है, फिर नामरूप है अक्षर—जिसका क्षरण (नाश) नहीं होता (यह जैसे सत्य है)। मूल में किन्तु वही सत्य है। भूलस्वरूप जो है भूल की निवृत्ति भी वही है। फिर भूल के परिशोधन का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। जगह तो एक ही है। उसे लक्ष्य में रखकर ही भूल की भूल निवृत्त कर देनी चाहिये—समझने के लिए इस ढंग से बातें होती हैं।

सद्ग्रन्थ आदि से यदि वह व्यसन में परिणत न हो तो उस ओर आकर्षित होने में सहायता मिलती है। जव तक पढ़ने में अपने अन्तरात्मा के साथ अर्थात् स्वयं के साथ न मिलेगा तव तक नहीं होगा। इसलिए वीज को केवल हाथ में लेने से ही काम नहीं वनता, वृक्ष फल देखना—अर्थात् पूर्ण प्रकाश चाहिये। फिर, जहां प्रकाश अप्रकाश की वात नहीं है—देखना, होना, पहले से ही रहना भी है। किसी जगह थोड़ी देर के लिए जैसे एक झांकी दिखाई देती है, जैसे चिनगारी ऐसी एक अवस्था है। समझ में नहीं आता। फिर भी वह स्वरूप है न इसी लिए न जाने क्या है। स्थान तो अनन्त हैं न। दाहिका शक्ति तो पूर्ण एक ही है। किन्तु झांकी रूप जो विशेष प्रकाश है उसमें सम्पूर्णत्व कहां है ? जहां है वहां तो वही वात है।

वास्तविक जागरण का प्रश्न है। किन्तु जिसकी प्राप्ति के वाद फिर पाना वाकी नहीं रहता। जैसे प्राकृत जगत् दिखाई देता है वह अलग है—फिर अलग का प्रश्न तो नहीं ऐसी स्थिति भी तो है।

जो कुछ किया जाता है, मृत्युरूप से जो परिवर्तन होता है। वाद को छोड़ नहीं सकोगे। मृत्युरूप में तुम हो—चाहने के रूप में तुम हो, गतिरूप में तुम हो, स्थितिरूप में तुम हो, विशेषरूप में, निर्विशेषरूप में तुम्हीं हो। (फिर) अनन्त अन्तहीन हो।

प्राकृतरूप लेकर तुम्हीं विचर रहे हो।

जहाँ रहकर वात होती है—उसका मैं अपलाप नहीं करती। स्वयं ही स्वयं में हो। रूप में अरूप में एक हो। तुम्हारा जो चमत्कारी रूप है वह इस वर्तमान स्थितिमें रहने पर होगा नहीं। छत पीटने के समय एक नियम है। जो छत पीटते हैं छत पर वैठते हैं। इस प्रकार छत पीटनी चाहिए जैसे कि छत दव जाय। जिस काम में तुम्हारा अनुभव है (उपमा सर्वांगपूर्ण नहीं होती जितनी होती है समझ लेना) तुम यह मान वैठे हो कि यह तुम्हारा रूप है। ठीक है, परन्तु सम्पूर्णरूप अरूप कहां है ? इसलिए विचारपूर्वक देखो किसे पाना चाहिये। तुम्हारा जो सम्पूर्ण रूप है उसे अनुभव में लाना होगा। अनुभव में

लाने पर भी काम नहीं चलेगा। बोध अवोध के पार जाना होगा। जो है सो। प्रकाश चाहिये। इसलिए विचार करते हुए बार बार मन को समझाना होगा कि तुम्हारे जागरण के लिए ही इस तरह का सव कुछ जप, ध्यान आदि है। यात्रा में शिथिलता में मैं पैर न रक्खूं ऐसा न होना चाहिये अर्थात् चेष्टा करनी चाहिये। और क्या ? इसी लिए उसके भीतर सटकर रहने की चेष्टा करनी चाहिये। ओतप्रोतरूप से रहना होगा- अपने साथ हो स्वयं मिलकर रहना। अनुपायरूप से जैसे हाहाकार में हो उपाय रूप से भी तुम्हीं रहते हो उस प्रकाश के लिए तरोताजगी के साथ मस्तिष्क में विचार रखने की आवश्यकता है।

वृक्ष की जड़ में (पैर में) जल सींचना—यही पैर ही तो माथा है जिस मस्तक में तुम्हारे विचार बुद्धि सदा खेलती हैं। जप, ध्यान, पाठ इन सबको लेकर आगे बढ़ना चाहिये—फिर एक है बँधा होना अर्थात् वद्ध होना उसी ओर देखकर चलना चाहिये। वद्ध होकर बंधन अर्थात् गतिरोध जो करता है उसी दिशा को लक्ष्य में रखकर चलना चाहिए, अपनी ओर अपनी अवाध गति से चलना चाहिये। चाहे "तुम" लो चाहे "मैं" लो। तुम लो तो तुम्हीं तुम और मैं लो तो मैं ही मैं जिसे लो सिर्फ वही वह रहे। क्यों देखकर चलना ? दर्शन के रूप में तुम हो, क्यों रूपमें तुम हो, क्यों तुम्हीं हो जिस ओर जो प्रकाश या अप्रकाश है जो कुछ है वह तुम हो, 'मैं ही' है। ना हाँ के रूप में भी तुम्हीं हो-वही हैं। पूर्णांगीण रूप का प्रकाश होगा तुम में जहां अर्थात् जिस स्थान में स्वयं ही स्वयं में है—उसके लिए ही देखने और चलने की वात है। जहां सीमावद्ध देखते हो वहां भी सीमा भी असीम का ही प्रकाश है। उसकी मूल सत्ता तुम्हीं हो। वैसा प्रकाश न होने पर परिपूर्ण कहां है, पूर्ण, परिपूर्ण सम्पूर्ण जो भी कहो। पूर्ण अपूर्ण का प्रश्न वहां फिर कहाँ ?

व्याख्या

१—स्वयं ही—

मनुष्य कालराज्य में सदा और सर्वत्र एक परिवर्तन का अनुभव करता है। कालराज्य कहने से माया-जगत् समझना चाहिये। किन्तु मायातीत और कालातीत जो निष्क्रिय सत्ता है वहाँ परिवर्तन अथवा परिणाम बिलकुल ही नहीं है। एक स्वभावतः परिणामशील है और दूसरा स्वभाव से ही अपरिणामी है। दार्शनिक विचार से इन दोनों परस्पर विरुद्ध सत्ताओं का समन्वय अत्यन्त कठिन प्रतीत होता है। किन्तु इस समन्वय के ऊपर ही पूर्ण सत्य का स्वरूपज्ञान निर्भर है। विचार-क्षेत्र में कोई निष्क्रिय अक्षर सत्ता की प्रधानता स्वीकार करते हैं एवं दूसरे कोई, विशेषतः आधुनिक वैज्ञानिक, क्रियात्मक क्षर सत्ता का प्राधान्य स्वीकार करते हैं। कुछ लोग अक्षरसत्ता को ही 'सत्य' मानते हैं एवं परिणाम या विवर्त को माया का खेल अथवा भ्रम मानते हैं। दूसरे पक्ष में कोई कोई लोग इस परिणाम को ही एक-

मात्र 'सत्य' मानते हैं एवं अपरिणामी अथवा कूटस्थ सत्ता का अस्तित्व ही नहीं मानते। वर्तमान विज्ञान के समान प्राचीन बौद्धसम्प्रदाय का दृष्टिकोण कई अंशों में इसी तरह का है। किन्तु वास्तविक पक्ष में ये दोनों ही दृष्टियां परस्पर सापेक्ष होने से पूर्ण सत्य का निर्णय करने में सर्वथा असमर्थ हैं। और एक बात है। वह यह कि एक सत्य ही यदि एकमात्र सत्य होता—वह चाहे कोई भी क्यों न हो—तो दूसरी ओर के सत्य का आभास तक ज्ञानगोचर होने की संभावना नहीं रहती। अविद्या की दुहाई देकर समन्वय की चेष्टा दोनों ही पक्षों में हो सकती है। किन्तु वास्तव में यथार्थ समन्वय का मार्ग इससे खुलता नहीं है, इसलिए क्षर और अक्षर के सन्धिस्थल में पूर्ण सत्य की स्थापना करना आवश्यक है। ीता में भी पुरुष और अक्षर पुरुष के परे परम पुरुष या पुरुषोत्तम के नाम से तृतीय पुरुष को स्वीकार करने का यही कारण है। क्षर और अक्षर इन दोनों के अतीत और दोनों के स्वभावात्मक एक परम वस्तु का ता लगाये बिना हम लोगों को सत्यान्वेषण में सफलता ाप्त नहीं हो सकती।

यह जो क्षर-अक्षर के अतीत पर क्षराक्षरमय पूर्ण स्तु है यही स्वयं आत्मा है। मां ने अनेक प्रसङ्गों में सी स्वयं स्व या आत्मस्वरूप का वर्णन किया है। इस संग में भी 'निज' शब्द द्वारा उस स्वयंप्रकाश आत्मा ी ओर ही उन्होंने इंगित किया है। इसका अगर ाम द्वारा निर्देश करना हो तो जिस किसी नाम से र्देश किया जा सकता है, उससे कुछ होने जाने का हीं। क्योंकि यह अन्यनिरपेक्ष स्वतन्त्र है। ब्रह्म, आत्मा ईश्वर, भगवान् जिस किसी नाम का क्यों न व्यवहार या जाय मूल में सभी नाम इस स्वयंप्रकाश परम स्तु को ही लक्ष्य करते हैं। इस वस्तु का जन्म नहीं है, इसलिए इसकी मृत्यु भी नहीं है। इस वस्तु की अनवच्छिन्न प्रकाशमानता कभी खण्डित नहीं होती। इसी लिए स्वरूप में वस्तु की भूल कभी नहीं होती। अतएव जहाँ भूल नहीं होती वहाँ भूल निवृत्त करने का भी अवसर कहाँ! और जिसे भूल कहा जाता है उसकी भी सत्ता न हो सो बात नहीं है। एवं वह सत्ता यदि स्वीकार्य हो तो भूलनिवृत्तिसत्ता भी अस्वीकार्य नहीं हो सकती। फिर यह भूल होना और इस भूल की निवृत्ति दोनों परस्पर विरुद्ध होने पर भी अखण्ड प्रकाश में नित्य प्रकाशमान है। खण्डभाव में जिस किसी दृष्टिकोण से चाहे जिस किसी भाव की दर्शनप्राप्ति हो एवं ये सब दर्शन परस्पर जितने ही विरुद्ध हों भूल में तो सब उस महाप्रकाश से भिन्न कुछ नहीं हैं। व्यावहारिक भूमि में यह समझाना अत्यन्त कठिन है। समझना भी कठिन है, क्योंकि दोनों ही बुद्धि के व्यापार हैं। किन्तु परमार्थ सत्य बुद्धि के अतीत है। साथ ही साथ यह भी सत्य है कि बुद्धि तथा बुद्धिस्थित प्रतिबिम्ब उस परमार्थ प्रकाश से अतिरिक्त कुछ नहीं हैं।

२—*झांकी दर्शन*—

ऐसा एक स्थान है जिसमें प्रकाश और अप्रकाश के बीच कोई विरोध नहीं है, यहाँ तक कि विरोध का प्रश्न भी नहीं हो सकता। वस्तुतः जागतिक दृष्टि से यदि कहा जाय तो वही वास्तविक प्रकाश है। क्योंकि प्रकाश के प्रतियोगी के रूप में यदि अप्रकाश रहता है तो ऐसी स्थिति में उस प्रकाश को अखण्ड प्रकाश कहना नहीं बनता। इसलिए वास्तविक प्रकाश जब फूट उठता है तब फिर उसका अप्रकाश होने की संभावना नहीं रहती, एवं उस संभावना के न रहने के कारण वह प्रकाश अखण्ड प्रकाशरूपी है उसे तब फिर परम प्रकाशरूप

में पहिचाना नहीं जा सकता। जिसे झांकी दर्शन कहा जाता है, वह क्रम के विना एक मुहूर्त में प्रकाश के रूप में फूट उठता है। किन्तु विजली की कौंध के समान दूसरे ही क्षण में वह विलीन हो जाता है। जब प्रकाश खुलता है तब वह पूर्ण प्रकाश ही प्रतीत होता है। किन्तु वास्तव में वह पूर्ण नहीं है। उस प्रकाश की सत्ता में प्रकाश के समय भी गुप्तरूप से अप्रकाश घुसा रहता है। यदि न रहता तो दूसरे क्षण में वह प्रकाश अप्रकाश के रूप में कैसे परिणत होता? वह चिरस्थायी क्यों नहीं होता। अप्रकाश के बीज प्रकाश में रहते हैं, इसीलिए प्रकाश के अन्त में अप्रकाश का आविर्भाव होता है। इसी को माँ ने स्फुलिंग कहकर अस्थायी झाँकी दर्शन के नाम से वर्णन किया है। किन्तु इसके सिवा जो वास्तविक प्रकाश है वही पूर्ण है। इस खण्ड प्रकाश में अखण्ड प्रकाश की महिमा पाई नहीं जा सकती। पर इसका भी एक स्थान है। दाहिका शक्ति पूर्ण होने पर भी उसके प्रभाव से सब अप्रकाश सदा के लिए जल जाते हैं। वे बीज रूप से प्रकाश में रहकर भविष्य के लिए प्रतीक्षा नहीं करते। इसी लिए मां ने कहा है, "स्थान तो अनन्त हैं न। दाहिका शक्ति भी पूर्ण है, किन्तु झाँकी रूप विशेष प्रकार के स्फुलिंग में पूर्णता कहाँ? जहाँ है भी वहाँ नहीं है।"

३—प्राकृत और अप्राकृत—

विचार की एक अवस्था में प्राकृत से अप्राकृत को पृथक् करके दिखाने की चेष्टा की जाती है। इस दृष्टि में प्राकृत अलग है एवं अप्राकृत अलग है। किन्तु प्राकृत से अप्राकृत में प्रविष्ट होने पर प्राकृत न रहकर भी रहता है, प्राकृत केवल दब जाता है। किन्तु प्राकृत का रूपान्तर अथवा लोप नहीं होता। किन्तु ऐसी भी स्थिति है जहाँ प्राकृत और तथाकथित अप्राकृत दो
को एक ही दृष्टि से एक ही प्रकार देखा जाता है। इ
सिद्ध हुआ कि प्राकृत अप्राकृत विभाग पूर्ण सत्य
दृष्टि के अनुसार नहीं है।

४—कर्तव्यनिर्देश—

मनुष्य अपनी योग्यता के अनुसार किसी एक स्थि
को अपना रूप मान बैठता है। किन्तु उसका यह
पूर्णरूप नहीं है। क्योंकि पूर्णरूप में रूप-अरूप
परस्पर विरोध मिट जाता है। रूप और अरूप एक
वस्तु हैं यह अनुभव में न आने पर सम्पूर्ण रूप अनुभ
विषय नहीं हो सकता। पहले खण्डरूप से सम्पूर्ण
की उपलब्धि आवश्यक है। इस उपलब्धि में रूप-अ
का चिर समन्वय हो जाता है। इसके अनन्तर के
संपूर्ण रूप के बोध में स्थिति ग्रहण करना चले
नहीं। क्योंकि यह भी परम स्थिति नहीं है। बोध
अबोध के अतीत जो स्थिति है वही प्राप्त होनी चाहि
अतएव पूर्ण बोध प्राप्त करके ही बोध में विश्राम
का अवसर कहाँ? क्योंकि बोध के रहने पर ही उस
आवृत कर अबोध रहेगा। क्योंकि बोध और अ
परस्पर सापेक्ष सत्ता है। इसलिए बोधप्राप्ति के अन
ऐसी एक स्थिति प्राप्त होना आवश्यक है जहाँ
और अबोध का द्वन्द्व सदा के लिए मिट जाता
यही यथार्थ प्रकाश की महिमा है—केवल बोध
प्रकाश ही मुख्य प्रकाश नहीं है।

५—दर्शन का कौशल—

माँ कहती हैं, एकमात्र स्वयं ही सदा सर्वत्र वि
मान है। दूसरा न कोई है, न था और न रहेगा
एवं यह एकमात्र वस्तु 'तुम' है अथवा यही 'मैं'

क्योंकि यहाँ पर तुम और मैं एक ही वस्तु हैं। इसलिए यथार्थ दृष्टि वही है जो सर्वदा इस एक का निरीक्षण करती है। यहाँ तक कि जब परिधि या सीमा का दर्शन होता है तब यह सीमाबद्ध दर्शन भी असीम के दर्शन के रूप में गृहीत होता है, क्योंकि जो कुछ भी जहाँ प्रकाशमान है सभी तो उस अनन्त का ही प्रकाश है। इसलिए सीमा के रूप में खण्ड के रूप में जो प्रकाश है वह भी उस अखण्ड प्रकाश का ही अङ्ग है। यही दृष्टि समीचीन दृष्टि है,—वास्तव में खण्ड कुछ भी नहीं है।—

मैं कौन हूं

मनुष्य-जीवन की अभिव्यक्ति और परम आदर्श

महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज, एम॰ ए॰, डी-लिट्॰

एक

विचारशील मनुष्यों के जीवन में ही अन्तर्दृष्टि के उन्मेष की पृष्ठभूमिका रूप में अपने को जानने के लिए आकांक्षा जागृत होती है। मैं कौन हूँ ? मैं कहां से आया हूँ और कहां जाऊँगा ? मेरा वास्तविक स्वरूप क्या है ? इस दृश्यमान प्रपञ्च के साथ मेरा सम्बन्ध क्या है ? ये सब प्रश्न उस मूल आकांक्षा के ही अन्तर्गत हैं। यहीं आत्म-जिज्ञासा है एवं इसी के समाधान के ऊपर मनुष्य के जीवन की सार्थकता निर्भर है। स्त्री, पुरुष, धनी, दरिद्र, बुद्धिमान्, अज्ञानी समान रूप से सब के मन में इस सरल होने पर भी गंभीर प्रश्न का उदय होता है—मैं कौन हूँ—'कोऽहम्' ? देह, इन्द्रिय, प्राण, मन आदि मैं नहीं हूँ यह विश्वास अनेकों को है। किन्तु मैं वास्तव में क्या हूं यह धारणा अनेकों को नहीं है। इसी लिए देह आदि से पृथक् रूप में अपने को जानने पर भी उसी को अपना यथार्थ परिचय मान लेना नहीं बनता।

गुणी ज्ञानी के मुख से सुना जाता है कि मैं ही वह हूँ, 'सोऽहम्',। यही मेरा यथार्थ परिचय है। किन्तु फिर प्रश्न उठता है, वही कौन है ? उसी का क्या स्वरूप है ? उसे पहचानने का क्या उपाय है ? उसको पहचानना ही क्या अपने को पहचानना है ? उसको पाना ही क्या अपने को पाना है ? क्या पराया कभी निज होता है ?

तब क्या समझना होगा कि स्वयं दूसरा हुआ है, इसी लिए फिर उसे निज कर लेना होगा ? वास्तव में जो निज है वह पर क्यों होता है ? इसके मूल में क्या भ्रम है ? यह लीलामात्र है अथवा स्वभाव की प्रेरणा है ? अथवा इसका ऐसा कोई हेतु है जिसे जानने का उ नहीं है, जिसे वास्तव में 'हेतु' भी नहीं कहा जा सकत

किन्तु मूल में निज पर ही कहां हैं ? वहाँ बहुत हैं, दो नहीं हैं, युगल नहीं हैं, एकमात्र स्वयं या आ स्वरूप नित्य विद्यमान है। वह रूप होकर भी अरूप अरूप होकर भी रूप है। वही एकमेवाद्वितीयम्—एकमात्र है। किन्तु 'एक' ऐसा बोध वहां नहीं है। चरम और परम सत्य है। वहां द्वैत नहीं है, अद्वैत भी है, सत्, असत् आदि कोई भी विकल्प नहीं है। विश्वातीत, अथच विश्वात्मक, एक साथ दोनों अ दोनों से रहित है। वही सब है, उसी में सब है, अ उसमें कुछ नहीं है। फिर कुछ न रहने पर भी सभी यह निगूढ़तम अव्यक्त स्थिति योगियों के समाज में साम्यरूप में, ज्ञानियों के समाज में पूर्ण ब्रह्मरू तथा रसिकमण्डल में रसरूप में वर्णित है। यही र दानन्द की स्वरूपस्थिति और स्वरूपलीला दोनों ही

दो

इस महासत्ता में सहसा एक स्पन्द-सा उठता किन्तु इस स्पन्दन का उदय होने पर भी महासत् निःस्पन्दता ज्यों की त्यों ही रहती है। यह स्पन्दन एक ही बार उठता है, अथवा निरन्तर उठता है मनुष्यों की सीमाबद्ध भाषा द्वारा निर्देश करना कठि वास्तव में यह एक बार ही उठता है यह जैसे सत्य निरन्तर उठता है यह भी वैसे ही सत्य है। सामान्यरूप से जो एक है, विशेषरूप से वह ना काल की तरङ्गों में विविध प्रकार का दर्शन होना

विक है, किन्तु काल के ऊपर महाकाल के वक्षःस्थल में नाना स्पन्दन दिखाई नहीं देते--महाकाल का एक ही स्पन्दन काल के राज्य में अनन्त स्पन्दनों के रूप में फूट उठता है। यह निःस्पन्द-स्पन्दरूप युगल-अवस्था ही विश्वातीत स्थिति है। इसके भी जो अतीत अवस्था है वही चरम परम अवस्था है। यह अतीत की अतीत सत्ता यद्यपि निर्विकल्प अद्वैतस्थितिरूप से स्वीकृत है, फिर भी इसका उस रूप से निर्देश करना नहीं बनता। कुछ लोग इसका पूर्ण ब्रह्म की स्वरूप-स्थिति अथवा आनन्दमयी निष्ठा के रूप में उल्लेख करते हैं।

यह स्पन्द का उदय वास्तव में प्रणव का ही उल्लास है, अर्थात् परब्रह्म-सत्ता में शब्दब्रह्म का आविर्भाव है। वस्तुतः यह विशुद्ध सत्त्वमय महामाया का उन्मेष है, जिसके प्रभाव से परब्रह्म के स्वरूप का सन्धान, ज्ञान और साक्षात्कार होता है। एक तरह से यह नित्य-सिद्ध अवस्था है, पर बुद्धिक्षेत्र में यह चरम-परम दशा के परक्षणवर्ती के रूप में प्रतिभासमान होती है। चरम स्थिति स्वयंप्रकाश बोधरूप है, इसमें सन्देह नहीं, किन्तु उसमें अस्तिविश्लेषणरूपी स्व-स्वरूप का अवधान या अनवधान कुछ भी नहीं रहता। वह इतर-निरपेक्ष स्व-स्वरूप में स्वतन्त्र स्थिति है। वह 'केवल' ब्रह्मभावमात्र है। किन्तु महामाया की दशा या माया की दशा 'शबल' ब्रह्मभाव के रूप में वर्णनीय है।

पूर्णानन्दमयी निष्ठा या स्वरूप में स्थिति चित् और सत् की अविभक्त प्रतिष्ठा है। किन्तु महामाया और माया की स्थिति में चित् से सत् का और सत् से चित् का विभाग-सा होता है। सच्चिदानन्दमय पूर्ण अद्वय स्थिति के ऊपर स्पन्दन के उदय या प्रणव के प्रकाश से एक ओर चित् और दूसरी ओर सत् दोनों मानो अनादि सिद्धरूप से ही फूट उठते हैं। यही विरुद्ध भाव के पहले-पहल स्फुरण की पृष्ठभूमि है। चित् की ओर सदा जाग्रद्भाव और सत् की ओर एक तरह की सदा सुषुप्ति का भाव विद्यमान रहता है। अविभक्त स्वरूप मात्रातीत, गुणातीत और निःस्पन्द है। किन्तु विभक्त ऐसे सत्-चित् स्वरूप की एक ओर (चित् की ओर) बाहरी भाग में विशुद्ध सत्त्वमय शुद्धा प्रकृति और दूसरी ओर (सत् की ओर) त्रिगुणमयी मलिन प्रकृति या माया स्थित है, यह जानना होगा। मात्रातीत के ऊपर भाव एक प्रकार का आवरण-सा है। चाहे वह स्वच्छ ज्ञानमय आलोक का आवरण हो अथवा चाहे गाढ़ अज्ञानरूप अन्धकार का आवरण हो, दोनों ही मात्रातीत नग्न-स्वरूप के स्वेच्छा से गृहीत आवरण हैं, यह मानना ही होगा। इसके मूल में रहता है प्रणव का उन्मेष। अवधूत-मत में महामाया प्रणवपुरुष की अर्द्धमात्रा है और माया उसकी तृतीय मात्रा या 'मकार' है। जल जमकर हिम-शिला बन जाता है एवं वह हिमशिला जल पर ही भासती है और जल को आवृत करती है। वस्तुतः जल का स्वरूप आवृत नहीं होता, हो भी नहीं सकता। अथच एक आवरण का तथा आवरणभङ्ग का अभिनय भी हो जाता है, यह भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता। अभिनय जो करते हैं, वे ही फिर साक्षी बनकर निर्लिप्तरूप से अभिनय देखते हैं। अथच अभिनय करते भी नहीं और देखते भी नहीं। दूसरे पक्ष में वह अभिनय देख कर साक्षिभाव को खो डालते हैं और आत्मविस्मृत-से और मुग्ध-से होकर तथा कर्त्ता का स्वांग बना कर सुखदुःखरूप सांसारिकता का वहन करते हैं। सब कुछ एक साथ।

यह जो विशुद्ध सत्त्व की बात हमने कही है, वह परब्रह्म की स्वाभिन्न परा शक्ति के प्रथम उन्मेष का

क परिणाम है, जो परब्रह्म के महाकारण या हामाया शरीर के उपादान और उनके स्वरूप के ानरूप से प्रसिद्ध स्वरूप का नित्यसिद्ध प्रकाश होकर ी उसका आवरणमात्र है। वस्तुतः स्वयंप्रकाश स्वरूप इसकी भी अपेक्षा नहीं करता। महामाया-शरीर प्रणव के बीजपदवाच्य और पर नाद द्वारा अभिव्यक्त होता है। यह नित्यबुद्ध, नित्यमुक्त और नित्यशुद्ध अवस्था की दिशा है। और एक दूसरी दिशा की बात भी कही गई है, जहाँ स्व-स्वरूप का बोध ही नहीं रहता, यह भी साथ ही साथ है। किन्तु बुद्धिक्षेत्र में इसे शुद्ध सत्त्व की परवर्ती मानकर क्रम में गणना की जाती है। वास्तव में दोनों ही स्थितियां एक साथ सिद्ध और क्रमहीन हैं। परब्रह्म अपने को स्वयं जानते हैं यह अनादि सिद्ध है, अपने को नहीं जानते हैं यह भी अनादिसिद्ध है। पर बुद्धि के प्रतिभास से दोनों में एक कल्पित क्रम मान लिया जाता है। ज्ञान और अज्ञान से अतीत सत्ता के ऊपर ज्ञान और अज्ञान की ये दोनों अवस्थाएँ आरोपित हैं, यह भी सत्य है।

'अहं ब्रह्मास्मि' या 'ब्रह्मैवाहम्' यह ज्ञान ही परमेश्वर का अपने स्वरूप का ज्ञान या महामाया है। जिस स्थिति में इस ज्ञान का तिरोधान होता है, उसमें स्वप्रकाश अद्वय ज्ञानमात्र का प्रकाश रहता है, जो तत्त्वातीत परम तत्त्व है। जिस स्थिति में इस ज्ञानका भी तिरोधान होता है और स्वप्रकाश अद्वय ज्ञानमात्र भी भासता नहीं, वह अज्ञान अथवा माया है। वह प्रलयरूप स्थिति है।

शरीर रहने पर ही अभिमान रहता है। चरम-परम अवस्था के सिवा सभी अवस्थाओं में शरीर रहता है तथा उसका अभिमानी पुरुष भी रहता है। महाकारण और महामाया शरीर के अभिमानी परब्रह्म की ईश्वर या सदाशिव मूर्ति है। उसी प्रकार उनके कारणरूप मायाशरीर की अभिमानी उनकी रुद्रमूर्ति है।

तीन

प्रश्न हो सकता है कि भावातीत स्थिति से आदि-भावमय और महाभावस्वरूपभूत महामाया का या विशुद्ध सत्त्व का आविर्भाव किस तरह होता है? यह अत्यन्त गंभीर प्रश्न है। मानव-बुद्धि इसका युक्तियुक्त उत्तर नहीं दे सकती, इसलिए परब्रह्म की नित्य ज्ञानमय बुद्ध-अवस्था और नित्य अज्ञानमय जड़-अवस्था अर्थात् उनका अनादि जागरण और अनादि निद्रा दोनों को नित्यरूप मान लेना पड़ता है। महामाया और माया के क्षोभ के परे प्रवाह-नित्य-अवस्था भी नित्य मानी गई है, यद्यपि इन दोनों नित्यताओं में अन्तर दिखलाई देता है। चरम-परम स्थिति क्षोभ से अतीत स्पन्दातीत होने से नित्य और अनित्य दोनों से अतीत है। किन्तु वास्तव में रहस्यज्ञाता योगी जानते हैं कि पर्दे के भीतर महाशक्ति की निर्माणशाला में स्पन्दन का खेल नित्य चलने के कारण रचना का कार्य सदा गुप्त रूप से चल रहा है। वस्तुतः प्रणव की अर्द्धमात्रा ही कहाँ से आई? श्रुति और महात्माओं के वचनों से ज्ञात होता है कि प्रणव का ऐसा एक स्वरूप है जिसमें मात्रा न रहने पर भी ('अमात्र' होने पर भी) अनन्त मात्राएँ हैं और अनन्त मात्रा ('अनन्त मात्र') होने पर भी मात्रा नहीं है। दोनों ही पूर्ववर्णित भावातीत के अन्तर्गत हैं। किन्तु सृष्टि-संकल्प के समय जिस परमपुरुष का उत्थान होता है उसमें 'एक'-भाव की स्फूर्ति होकर उसीसे नाना भावों का विस्तार होता है। इस 'एक' भाव के स्फुरण की पृष्ठभूमि में शुद्ध मनोमय सत्ता में खण्ड खण्ड अनन्त भावों का आभास जाग जाता है। यह योगमाया-राज्य का व्यापार है।

अवयवों की समष्टि से जैसे अवयवी सिद्ध होता है, वैसे ही अवयवी का स्वरूप स्वतःसिद्धरूप में भी स्वीकार करना चाहिये। द्रव्य गुणों की समष्टिमात्र है अथवा गुणों से अतिरिक्त है, शिव शक्ति का संघातरूप है अथवा शक्ति से भिन्न है, प्रकृति तीन गुणों की साम्यावस्थामात्र है अथवा उनसे विलक्षण है; इन सब विषयों में विभिन्न दृष्टिकोणों के अनुसार सत्य के विभिन्न रूप समान रूप से प्रामाणिक हैं, इसमें सन्देह नहीं है। प्रस्थानभेद से सभी मत उपादेय हैं।

अतीत अवस्था से जब 'एक' का आविर्भाव होता है, तब क्षणमात्र में ही होता है और अखण्डभाव से ही होता है, उसमें क्रम नहीं रहता। सब समष्टियां एक साथ प्रकट होती हैं। यह नित्यसिद्ध परमात्मा की अवस्था है। किन्तु बीच का रहस्यजाल काट सकने पर जो दिखाई देता है, उससे वैज्ञानिक स्तब्ध हो पड़ते हैं। इसी लिए "आश्चर्यवत् पश्यति" कहकर विस्मय प्रकट किया गया है। एक में जो अनन्त का खेल चल रहा है वह यदि दिखाई दे तो चकित हुए बिना रहने का कोई उपाय नहीं है। एकमात्रा ही एकाग्र मन की मात्रा है; जिसके ऊपर सृष्टि का सामूहिक ज्ञान अथवा विश्व प्रतिष्ठित है। एक का भंग हो जाने पर ही सर्वप्रथम दो भागों का पता चलता है। ये दो भाग ही गुण-प्रधान-भाव से रहित साम्य में स्थित होकर अद्वयरूप में या एकरूप में अपने को प्रकट करते हैं। भंग होने के समय 'एक' पहले दो रूपोंमें विभक्त होता है। इसलिए एकमात्रा से अर्धमात्रा में उन्नयन होता है। एक में दो अर्द्धमात्राएं प्रकट होती हैं। उनमें एक मात्रा 'एक' की ओर सम्बद्ध होकर 'एक' में प्रतिष्ठित समूची सृष्टि के साथ शाक्तराज्यी का सम्बन्ध अक्षुण्ण रखती है, दूसरी क्रमशः पहले के तरह अर्धमात्रा के क्रम से विभक्त होते-होते अनन्त की ओर दौड़ती है। अर्थात् अर्द्धमात्रा के दो भागों में विभक्त होने पर उससे भी फिर अर्द्धमात्रा उत्पन्न होती है। यहाँ भी उसकी एक अर्द्धमात्रा पहली अर्द्धमात्रा की ओर सम्बद्ध होती है और दूसरी अर्द्धमात्रा अर्थात् आदि दृष्टि-सम्मत एक चतुर्थांश मात्रा अनन्त की ओर धावित होती है। ये सब मात्राएँ मन की ही मात्राएँ हैं। अतएव एकमात्र मन से अर्द्धमात्र मन सूक्ष्म है। उससे एक-चतुर्थांश मन और भी सूक्ष्म है। इस तरह मन क्रमशः पिस कर चूर्णाकार को धारण करता है, यह ज्ञात होता है। इस विभाग या विश्लेषण क्रम में कहीं भी विश्राम का स्थान नहीं है। व्यवहार के अनुरोध से विश्रान्ति माननी पड़ती है।* योगी लोगों ने भी उसी तरह मन के विश्लेषण का व्यवहारसम्मत एक अभाव स्थान माना है। वह ५१२ मात्रा है। युक्ति द्वारा इसका भी विभाग किया जा सकता है। किन्तु परिमित शक्तिवाले योगियों को भी, चाहे वे कितने ही ऐश्वर्यबलसम्पन्न क्यों न हों, कहीं न कहीं विश्राम लेना पड़ता है। अमित-शक्ति के अधिकार में स्थिति होने पर यह अवधि होगी १ / अनन्त मात्रा। यही परब्रह्म से अभिन्न महाशक्ति की मात्रा है। महायोगी लोग इसीको ब्रह्म का अणु कहकर परमाणु के रूप में निर्देश करते हैं।

---

* जैसे वैशेषिक आचार्य अनित्य द्रव्यों की विभागकल्पना कर उसकी एक अवधि स्वीकार कर उसे परमाणु कहते हैं। किन्तु बौद्ध आदि दार्शनिक इस प्रकार की अवधि स्वीकार नहीं करते। वस्तुतः वैशेषिकसम्मत परमाणु भी संघातमात्र है यह योगभाष्यकार व्यासदेव ने भी स्पष्टरूप से स्वीकार किया है। अयुतसिद्ध अवयव संघात ही परमाणु हैं, यही उनका मत है। वस्तुतः इस अवयव की भी विभाज्यता है। वास्तविक परमाणु वही है जो सचमुच अविभाज्य है। वही ब्रह्माणु या आगमशास्त्र की कला है।

विज्ञानदृष्टि से जो एकाग्रचित्त से बोध की ओर अभिमुख गति का विश्लेषण कर सकते हैं, वे पूर्वोक्त आलोचना की सारवत्ता समझ सकेंगे। अनन्त मात्राओं को इकट्ठा कर एक मात्रा में परिणत करना जीव के लिए संभव नहीं है। महामाया के अनुग्रह के बिना यह साधक अथवा योगी के व्यक्तिगत पुरुषार्थ से साध्य कार्य नहीं है। एक को प्राप्त करना ही होगा। अथवा अर्धमात्रा को तोड़कर शून्य में परिणत करना ही होगा। किन्तु यह मनुष्य की सामर्थ्य के बाहर की बात है। इसलिए महाकरुणा का आश्रय अवश्य करना चाहिये। अतः ५ १/२ मात्रा जो शेष रहती है, उसे नष्ट करने का व्यर्थ प्रयास न कर पूर्णतः कृत्स्नभाव में अर्पण करना चाहिये। उसी से समना-अवस्था से उन्मना-भूमि में प्रवेश हो सकता है; अन्यथा नहीं। मन के द्वारा ही मन से अतीत भूमिलाभ संभव है।

जिसका हम पूर्व में महामाया के नाम से उल्लेख कर आये हैं, उसीका एक दूसरा पहलू योग-माया है। इस योगमाया का राज्य ही अर्द्धमात्रा का लीलागृह है। एक अर्द्धमात्रा से अनन्त विभज्यमान अर्द्धमात्राएँ इसके अन्तर्गत जाननी चाहिये। यही विज्ञान राज्य है, बैन्दव जगत् है, अप्राकृत विशुद्ध सत्त्वमय है, ज्ञानानन्दमय लीलाभूमि है। अर्द्धमात्रा ही योगमाया है। माया कारणसमुद्र है। कार्यरूप मायिक जगत् की उत्पत्ति उस कारणसमुद्र से होती है। निष्कल स्थिति से स्पन्द के सहयोग से कलामयी प्रकृति का उन्मेष होने पर उसकी कुछ कलाएँ उस कारण-जल में गिरती हैं। इन्हीं कलाओं के कारण जल में गिरने के बाद योगमाया का आविर्भाव होता है। महामाया का जगत् शुद्ध विश्व का रूप है, माया का जगत् मलिन विश्व का रूप है एवं योगमाया विश्व में भगवत्-लीला की संयोजनकारिणी आद्य शक्ति अर्धमात्रा है। कारण सलिल से ही काल का आविर्भाव होता है। किन्तु इस विषय में विशेष विचार इस प्रसंग में अनावश्यक है।

चार

स्वातन्त्र्यवश जब स्पन्दन का उदय हुआ, तब एक ओर जैसे सर्वज्ञ नित्य जाग्रत् अवस्था का आविर्भाव हुआ, दूसरी ओर वैसे ही ज्ञानहीन अनादि निद्रामग्न एक अवस्था का आविर्भाव हुआ। पहला महान् और दूसरा अणु है, अर्थात् अनन्त अणुओं का सामूहिक स्वरूप है। जो महान् हैं, वे नित्यबुद्ध परमात्मा और एक हैं तथा जो अणु हैं, वे अनन्त अणुओं के संघातरूप सुषुप्त महासत्ता अर्थात् नाना हैं। यद्यपि बुद्धि की दृष्टि से दिखलाई देता है कि संकोचवश अणुभाव का उदय होता है एवं साथ ही साथ वे सब अणु मायाकवलित होते हैं, तथापि यह सत्य है कि इस स्थिति में कालगत क्रम नहीं रहता, इसलिए क्रमिक व्यापार दिखलाई नहीं देता।

अणुत्व महामाया द्वारा किया गया संकोच है, जिससे स्वरूपगत अहंनिष्ठ पूर्णता का अभाव होता है एवं अहं का अवलम्बन कर इदं रूप का या द्वितीय भाव का उदय होता है। निर्विकल्प अद्वय सत्ता ही मूल है। बुद्धि की दृष्टि से उन्मेषकाल में पहले होता है अभेददर्शन एवं उसके बाद यह अभेददर्शन माया में लुप्त हो जाता है। इसके पश्चात् माया से उठने पर भेददर्शन का आरम्भ होता है। शिवावस्था में अभेददर्शन के मूल में आत्मा में आत्मभाव बना रहता है। यही नित्य जाग्रत्-अवस्था है। इस जगह एक धारा है। वही महामाया का जगत् है, जहां दो तरह के चेतन-सत्त्व दिखाई देते हैं। एक में अहन्ता का लोप नहीं हुआ अथच उसीके ऊपर इदंता के आभासन से विशुद्ध अध्वा का विकास हुआ है। किन्तु सदूर

में अहन्ता का लोप हुआ था एवं उसके बाद उसके अङ्गरूप से इदंन्ता का आश्रय कर अहंता का पुनः उदय हुआ था। इसी अवस्था में सांसारिक जीव के रूप में कर्म कर के और उनका फल भोग कर जन्म-जन्मान्तर कट गये। अन्त में विवेकज्ञान के उदय से इदंभाव में आश्रित अहंबोध निवृत्त हुआ एवं आत्मस्वरूप में अहंबोध का पुनः उदय हुआ। इसमें प्रथम प्रकार का चेतन सत्त्व दिव्य सृष्टि के अन्तर्गत है। यह नित्यसिद्ध है। यद्यपि इस सृष्टि में भी इदंता का आभास स्तर के अनुसार क्रमिकरूप में विद्यमान रहता है, फिर भी इस भूमि में मलिन माया का संपर्क बिलकुल नहीं रहता। दूसरे प्रकार के चेतन सत्त्व मायिक जगत् में पड़ कर पुनर्वार माया से निकले हैं, पर शिवत्व की प्राप्ति अब भी उसे नहीं हुई। इन दूसरे प्रकार के सत्त्वों को यथासमय शिवत्व की प्राप्ति होगी। किन्तु पहले प्रकार के सत्त्वों को शिवत्व की प्राप्ति कभी नहीं होगी, क्योंकि वे सकल सत्त्वजगत्-व्यापार के लिए आवश्यक सृष्टि के अन्तर्गत हैं।

माया के गर्भ में अनन्त जीवाणु प्रसुप्त हैं। यह प्रसुप्ति काल के अन्तर्गत निद्रावस्था से बिलकुल भिन्न है। यह अनादि सुषुप्ति है। ये सब जीव यद्यपि अणुरूपी हैं, फिर भी प्रत्येक में अपना अपना भाव विद्यमान रहता है। यही उनका स्वभाव है। सृष्टिकाल में जो वैचित्र्य घटता है यही उसका कारण है। यह वैचित्र्य कर्मजनित नहीं है। जो अनादि काल से निद्रामग्न हैं, उनका कर्म कहाँ? निद्रा से उत्थित होने पर यथासमय कर्म आरंभ होगा—मनुष्यदेह में। जब तक नरदेहप्राप्ति नहीं होती तब तक कर्म का सूत्रपात नहीं होता। चौरासी लाख योनियों में जो विचित्रता है, वह योनिगत विचित्रता है, कर्मगत नहीं।

मायागर्भ में लीन अनन्त जीव परमात्मा के ही अंश (भिन्नांश) हैं, किन्तु प्रत्येक में भेद है। यह भेद सदा ही विद्यमान रहता है। यहाँ तक कि मुक्ति में भी वह हटता नहीं। अवश्य ही यह द्वैतदृष्टि का अवलम्बन कर कहा गया है। अद्वैतदृष्टि में तो सभी शिवरूपी हैं अर्थात् सभी परस्पर भिन्न होकर भी शिवरूप से अभिन्न हैं। आत्मगत विशेष एवं मूल का पृथक्त्व प्रयोजनानुसार मानना ही पड़ता है, किन्तु परमार्थ दृष्टि से सभी वही भावातीत अद्वयसत्ता हैं जो एक होकर भी नाना हैं एवं नाना होकर भी एक और अव्यक्त है।

व्यक्ति-जीवन की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इस स्वभाव का पूर्ण विकास होता है। शिवोऽहं रूप में अपने शिवत्व की अनुभूति के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत विशेष भाव की भी अनुभूति जाग्रत् होने पर भावातीत में प्रतिष्ठा सार्थक कही जाती है। 'मैं कौन हूँ?' यह प्रश्न अत्यन्त जटिल है। इस प्रश्न के उदय और समाधान के लिए ही इस विराट् जागतिक लीला का सूत्रपात हुआ है। कर्म, ज्ञान और भक्ति के नाना सूत्रों से युक्त होकर, अद्वैत महादर्शन में स्थिति ग्रहण-पूर्वक व्यक्तिगत वैशिष्ट्य के अनुसार योगमाया की लीलाभूमि में अभिनय की प्रक्रिया के अवलम्बन से निज रस के आस्वादन में ही इस प्रश्न का समाधान दिखाई देता है।

पाँच

अनादि निद्रा टूटने के समय जीव माया के गर्भ से कालराज्य में क्रमविकास की धारा में पड़ता है। निद्रा टूटने के कारण नित्य जाग्रत् परमात्मा का चैतन्यमय उल्लास होता है। यह उल्लास माया को मुग्ध करता है और उसके गर्भ में स्थित जीवों के शरीर को मायिक कला द्वारा रचकर तथा उन्हें उन शरीरों से युक्त कर

कालराज्य में प्रेरित करता है। माया योनिरूप है—'योनेः शरीरम्', शरीर योनि से ही उत्पन्न होता है। प्रचलित भाषा में कहा जाता है कि जीव चौरासी लाख योनियों में भ्रमण कर अन्त में मनुष्ययोनि को प्राप्त होता है, यह सर्वथा सत्य है।

परमात्मा अपने अंश जीव को निजसत्ता से विभक्त-सा कर माया-गर्भ में संचालित करते हैं। यही उनका निग्रह है। यह परमात्मा की ईश्वरभूमिका का अभिनय है। वस्तुतः परमात्मा स्वयं ही अंशात्मक अणु बन कर अपने से पृथक् न होकर भी पृथग्वत् होकर माया में पड़ते हैं अर्थात् सदा जाग्रत् पुरुष तिरोधानशक्ति के प्रभाव से निद्रित होते हैं। फिर वे अनुग्रह शक्ति की प्रेरणा से सदाशिव या गुरुदयाल के रूप में माया-स्थित जीव की ओर चिन्मयी दृष्टि डालते हैं, जिससे सोया हुआ जीव जाग उठता है। माया के गर्भ में जीवाणु शरीर, इन्द्रियादि रहित होकर मूर्च्छित से पड़े रहते हैं, किन्तु जागते ही वे अपने अनुरूप शरीर आदि प्राप्त करते हैं एवं क्रमविकास के मार्ग में अग्रसर होते हैं।

एक बात इस प्रसंग में ध्यान में रखने योग्य है। जैसे नित्य जाग्रत् पुरुष से चिदंश चित्कण के रूप में सुषुप्तिमय माया में प्रक्षिप्त होते हैं, वैसे ही सुषुप्ति का आवरण भी अल्पाधिक नित्यजाग्रत् पुरुष में संचारित होता है। दोनों ही व्यापार एक ही समय में होते हैं। माया के सम्बन्ध के बिना महान् की अणुरूपताप्राप्ति और स्खलन नहीं हो सकता। पक्षान्तर में चित् के सम्बन्ध विशेष के बिना माया भी क्षुब्ध नहीं हो सकती। जो लोग जीव को परमात्मा का भिन्नांश अथच सनातन अंश कहते हैं, उनकी दृष्टि इसी ओर क्रिया करती है।

सुषुप्ति टूटने के बाद काल के स्रोत में आने के स जीव चिद्-अचित् मिश्रभाव धारण करता है। प्रधा चिदंश आत्मरूप में और अचिदंश उसके आवरण अ व्यञ्जक देह के रूप में प्रकट होता है। असली ब यह है कि देहावच्छिन्न क्षीणतम ज्ञान क्रमविकास के मा में अवतीर्ण होता है और देह की क्रमिक अभिव्य के साथ साथ पुष्ट होकर क्रमिक पूर्णता प्राप्त कर है। इसी का नाम आत्मा का चौरासी ला योनियों में भ्रमण है। यह होता है प्रकट भाव मे किन्तु ज्ञान में जो अज्ञान का प्रवेश होता है, वह गुप्त भ से होता है। ज्ञान की पृष्ठभूमिमें अज्ञान के संचारित हो पर अणुत्व की उत्पत्ति और ज्ञान का क्रमसंकोच अव होता है। तदनन्तर ये दोनों धाराएँ मनुष्य में मिलती हैं। देह के क्रमविकास की सीमा चौरा लाख योनियों के बाद मनुष्यदेहप्राप्ति में है एवं ज्ञ के क्रमसंकोच की सीमा असंख्य क्रम निम्न चित्ज्ञान के मानवीय ज्ञान में है। यह मानवीय ज्ञान ही अहंज्ञान है अहं-ज्ञान इदंभावापन्न भली भांति अभिव्यक्त मानव-श का अवलम्बन कर अध्यासरूप में परिस्फुट होता है।

छः

यदि विकास और संकोच के मार्ग में सात विभ की कल्पना की जाय, तो ज्ञात होगा कि जैसे परमा से मनुष्य का स्थान सातवां है, वैसे ही मनुष्य से परमात्मा का स्थान सातवां है। अवश्य ही समझने समझाने की सुविधा के लिए इस तरह की कल्पना गई है। एक ओर निद्रित आत्मा महानिद्रा में मग्न तो दूसरी ओर सदा जाग्रत् आत्मा अनादि ज्ञान के परमपुरुषरूप में विराजमान हैं—मानो एक ही आ के दो पृष्ठ हों। शक्ति के उल्लास के कारण सुषुप्ति तरफ से स्वप्न के भीतर से गति होती है जागरण

ओर। साथ ही साथ परम जाग्रत् पुरुष की ओर से स्वप्न के भीतर से सुषुप्ति की ओर गति होती है। मानव में आकर बिन्दुगर्भ में ये दोनों धाराएँ मिलकर एक हो जाती हैं। इसलिए मनुष्य के शरीर में चौरासी लाख योनियों में व्यापक प्राकृतिक रचना का चरम विकास दिखाई देता है। इस विकास के साथ सुषुप्ति से उठी चेतना क्रमशः व्यक्त होते-होते जाग्रत् चेतना में परिणत हो जाती है। यही मानवदेह में अभिव्यक्त चेतना है। इस चेतना में वास्तविक अहंभाव की स्फूर्ति होती है। यह अत्यन्त मूल्यवान् वस्तु है। इस अहंभाव को व्यक्त करने के लिए ही परमात्मा की नींद टूटती है और स्वप्नावस्था का अवसान होता है। क्रम से विन्यस्त विभिन्न योनियों में चेतना के क्रमविकास का पथ प्रशस्त होता है। वस्तुतः शरीर का क्रमिक विकास ही स्फुट अहं के रूप में रचना की अभिव्यक्ति-प्राप्ति का क्रम है। नरदेह की चेतना में इस विपुल प्राकृतिक धारा की परिसमाप्ति होती है। इसके पश्चात् कर्तृत्वाभिमानवाले मनुष्य में कर्म का उदय दिखाई देने से उसके फलभोग के लिए अनुरूप भोगायतन या देहप्राप्ति के प्रसंग में संसार जीवनका आरंभ होता है। नरदेह की रचना के पूर्व चेतनाहीन पत्थर और धातु के रूप में, अन्दर चेतनावाले उद्भिद् के रूप में, बाहर चेतनावाले अल्पचेतन कीड़े-मकोड़ों के रूप में और तदुपरान्त अधिक चेतनावाले पक्षी और पशुदेह के रूप में आविर्भाव होता है। यही योनिक्रम है। जिस क्रम का अवलम्बन कर देह का आवर्तन होता है, उसमें संस्कार संचित होते हैं। धीरे-धीरे सूक्ष्म-देह और कारणदेह की रचना होती है एवं अहंज्ञान का उदय और विकास होता है। चेतना का उदय होने पर इदंभाव अथवा अनात्मभाव देह के रूपमें घनीभूत होता है। अन्नमय शरीर और प्राणमय शरीर इस प्रकार के शरीर हैं। मनोमय देह में यह इदंभाव विशेषरूप से पुष्ट होता है। तब अहंभाव आविर्भाव की भूमिका की रचना होती है। अहंभाव विज्ञान का आभास लेकर मनुष्यदेह में फूट उठता है। अन्नमय कोष से विज्ञानमय कोष पर्यन्त इस आभास का विकास ही क्रमविकास का इतिहास है। तत्त्वविचार में पृथिवी से महत्तत्त्व की सीमा तक इस विकास का अधिकार जानना होगा। इसीलिए मनुष्यदेह समूचे विश्व का प्रतीक है, क्योंकि पिण्ड में समग्र ब्रह्मांड का समावेश रहता है। यह मनुष्यदेह ही क्षेत्र है एवं इसको जो यथार्थ रूप में जानता है, वही वास्तविक क्षेत्रज्ञ है।

दूसरी बात यह है कि देहरूप इस अनात्म वस्तु की रचना के साथ साथ अभिन्नरूप से ओत-प्रोत होकर ज्ञान रहता है। यही अहंभाव की अभिव्यक्ति की प्रणाली है। यह प्रणाली बड़ी ही अद्भुत है। यहां सब जगह सब तत्त्व हैं। वह जो मूल अज्ञानसत्ता है, वही प्रकृति है और जो मूल ज्ञानसत्ता है, वही पुरुष है। प्रकृति में अहं नहीं है यह सत्य है। उसी तरह पुरुष में भी अहं नहीं है। अथवा दोनों में ही अव्यक्तरूप में अहंत्व है। किन्तु इस तरह रहना विचारदृष्टि से न रहने के ही समान है। दोनों के मिलन से अहंभाव जाग उठता है। योगशास्त्र में जहां अस्मिता के उदय का वर्णन आया है, ठीक उसके पीछे गुप्त रूप से पुरुष और प्रकृति का योग है। यह अहं का पूर्णत्व ही समान रूप से पुरुष और परमा प्रकृति का मिश्रित रूप या श्रीभगवान् हैं।

भगवान् से ही सृष्टि होती है—पुरुष और प्रकृति के योग से भी होती है एवं साक्षात् रूप से भी होती है। पहली योनिज सृष्टि है, जिसका विकास और विस्तार चौरासी लाख योनियों के रूप से प्रसिद्ध है। दूसरी अतिमानस सृष्टि दिव्य आत्माओं का संघ है।

दिव्य सूरि, नित्य आत्मा आदि विभिन्न नामों से इनका विवरण प्राप्त होता है। इसाइयों के धर्मशास्त्र में जो Arch Angel Throne आदि दिव्य चेतन-वर्ग का पता लगता है, वे इस दिव्य आत्मा की किसी न किसी श्रेणी के अन्तर्गत हैं। ये सब चेतनवर्ग श्रीभगवान् के साक्षात् शक्तिस्वरूप हैं। ये उनकी सत्ता से अव्यवहित रूप से विसृष्ट हुए हैं। ये सब आत्माएँ कभी भी काल के प्रवाह में अथवा प्रवृत्ति के राज्य में उतरती नहीं। ये स्वभावतः किङ्करभावापन्न हैं। भगवत्-इच्छा को कार्य रूप में परिणत करना ही इनका स्वभाव है। भगवत्-आज्ञा का पालन ही इनका एकमात्र काम है। इन्हें व्यक्तिगत कोई आवश्यकता नहीं। इसीलिए ये नित्य आनन्दमय और नित्य निर्मल हैं। ये स्वातन्त्र्यहीन हैं। इन्हें कभी भी भगवत्साक्षात्कार नहीं होता। ये रक्तहीन, ज्योतिर्मय, अजर और अमर हैं। ये भगवान् की महिमा और विभूतिस्वरूप हैं। इन्हें अहङ्कार नहीं है, कभी था भी नहीं और होगा भी नहीं। इसलिए इन्हें स्वतन्त्रता-प्राप्ति की संभावना नहीं है और ये उसे चाहते भी नहीं।

'अहम्' का आविर्भाव बड़ा ही रहस्यमय है। महात्मा लोग कहते हैं कि अज्ञान की निवृत्ति होने पर अनादि सुप्ति से जो जागरण होता है वही अणुभाव या परिच्छिन्न मलिन जीवभाव की प्रथम उत्पत्ति है। साथ ही साथ संस्कार का उदय होता है तथा देह के क्रमविकास से मनुष्य आकार पाने के बाद यह संशय जिज्ञासा का आकार धारण करता है, अर्थात् "मैं कौन हूं" यह प्रश्न हृदय में उदित होता है। इसके पूर्ण समाधान या मीमांसा के लिए ही इस विराट विश्व की सृष्टि का उपक्रम जानना चाहिये। 'कोऽहम्' रूप में संशय जागता है एवं 'सोऽहम्' रूप में निश्चयात्मक अपरोक्ष ज्ञान का उदय होने पर उस संशय की समाप्ति होती है। यह साक्षात्कार का फल है। 'कोऽहम्' और 'सोऽहम्' के बीच समूची मानव-सृष्टि दो भागों में विभक्त होकर विराजमान हुई है। सबसे पहले विश्व की रचना और विश्व के सार के निष्कर्ष के रूप में मनुष्यशरीर का अभ्युदय होता है। मनुष्यदेह का निर्माण ही प्रकृति का विशाल विज्ञानागार का मधुरतम फल है। क्योंकि मनुष्यदेह का निर्माण न होने तक प्रकृति के क्रमविकास की सार्थकता पाई नहीं जाती। नित्य जाग्रत् परम पुरुष के धरने के लिए ही प्रकृति का यह विराट् आयोजन है। क्योंकि मनुष्यरूप आधार के सिवा अन्य किसी आधार में परम पुरुष की छाया नहीं पड़ती। अर्थात् अहंभाव की भली-भांति स्फूर्ति नहीं होती। इसलिए मनुष्य देह के सिवा पूर्ववर्ती अन्य किसी देह में भगवद्दर्शन तथा अपने भगवद्भाव की अनुभूति नहीं हो सकती। समूचे ब्रह्माण्ड का संक्षिप्तसार होने से ही नरपिण्ड का इतना महत्त्व है। प्रथम खण्ड कर्म का आवर्तन और कर्ममय मनुष्य का संसारभ्रमण माना जा सकता है। मनुष्यशरीर की सृष्टि के बाद उस देह में 'अहम्' अभिमान का उदय होने पर ही कर्तृत्व भाव का आविर्भाव होता है। तब कर्म की सृष्टि होती है एवं कर्म के तारतम्य के अनुसार उसके फलस्वरूप सुखदुःख का भोग होता है। इस तरह फल की व्याप्ति के हिसाब से करोड़ों जन्म भिन्न भिन्न शरीरों के अवलम्बन से कट जाते हैं एवं देश की व्याप्ति की दृष्टि से लोकलोकान्तर में भ्रमण होता। भोग करते करते ऐसा एक समय आता है जब फिर कोई इच्छा नहीं रहती। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्दमय बाह्य जगत् में भोग की आकाङ्क्षा निवृत्त हो

(अपूर्ण)

जाने पर चित्त स्वभावतः बाह्य जगत् से विमुख हो जाता है। इसके बाद अन्तर्मुखी गति का आरंभ होता है। द्वितीय खण्ड में इस अन्तर्मुखी गति का अर्थात् विषय-जगत् से आत्मा के प्रत्यावर्तन का इतिहास विद्यमान है। इस द्वितीय खण्ड में ही स्थूल, सूक्ष्म, कारण आदि देहों से और जगत् से अहंभाव को हटा कर चरम स्थिति में, पूर्ण आत्मस्वरूप में, विश्राम लेने का अवसर प्राप्त होता है। यहीं पर स्थूल-सत्ता से परमात्मा तक एक सरल मार्ग दिखाई देता है। स्थूल-देह अथवा स्थूल-जगत् का अतिक्रम किये बिना उक्त मार्ग में प्रवेश नहीं किया जा सकता एवं इस मार्ग में प्रविष्ट हुए बिना स्थूल-जगत् और स्थूल-देह के अभिमान से छुटकारा पाने का कोई उपाय दिखलाई नहीं देता। सत्यस्वरूप परमात्मा इस मार्ग के लक्ष्य हैं। वे मार्ग के अन्तर्गत नहीं हैं।

परिपूर्ण ज्ञान की जो अवस्था है, वही शिवावस्था है। जीवावस्था से शिवावस्था में जाना व्यक्त जीवन का खेल है तथा शिवावस्था से जीवावस्था में आगमन अव्यक्त जीवन का रहस्य है। सृष्टि के प्रादुर्भाव के साथ आत्मा में संकोच का भाव आता है एवं अहं के प्रतिद्वन्द्वी के रूप में इदंभाव का उदय होता है। इससे अहंभाव में इदंता की क्षीण रेखा दृष्टिगोचर होती है। क्रमशः इदंभाव दृढ होता है और अहंभाव क्षीण होता है। अन्त में मातृगर्भ में प्रविष्ट होने के साथ-साथ शुद्ध अहन्ता एकदम लुप्त हो जाती है। माया-गर्भ और मातृ-गर्भ वस्तुतः एक ही सत्ता है।

इस गर्भ में अक्रमिक रूप से अवतरण हो सकता है। एवं क्रम द्वारा भी हो सकता है। चिदणु माया में प्रविष्ट होकर सो जाता है। यह निद्रा ही चिद्वस्तु की अचिद्भावप्राप्ति है। यह निद्रा ही कुण्डलिनी का कुण्डलित भाव है, निद्रा है, अथवा महामायाका भेदन कर उसमें पतन है। वास्तव में यह अनादि जाग्रत् से अनादि स्वप्न द्वारा सुषुप्ति में निमज्जनमात्र है। यह मायासुप्त जीव वस्तुतः मनुष्य का ही बीज है। माया-गर्भ ही मातृगर्भ है। जीव विश्व-पिता से विसृष्ट हो कर गिर पड़ा है। इधर प्रकृति की धारा से एक वस्तु आई एवं पुरुष की धारा से भी दूसरी एक वस्तु आई—ये दोनों कारण-बिन्दु रक्त और शुक्ल बिन्दुके नाम से प्रसिद्ध हैं। हम आदि-पिता-माता की बात कह रहे हैं, क्योंकि तब स्थूलदेहधारी पिता-माता नहीं थे। उपादान अवश्य था, इसी लिए ईश्वर की इच्छा से दोनों के योग से सृष्टि हुई। रज पृथिवी का सार है और वीर्य आकाश का सार। पृथिवी माता और आकाश पिता है। चौरासी लाख योनियों का सार सत्तामय और षट्कंचुकवेष्टित चिदणु एक होकर क्रमशः बढ़ने लगा। सद्गुरु अथवा नरदेही भगवान् के महाकारण-शरीर तथा महा-मन के सिवा स्थूल-शरीर का रहस्यभेदन करने की क्षमता किसी में नहीं है।

सात

मार्ग में प्रवेश कब होता है? मानवशरीर-लाभ और उस शरीर में अहंज्ञान का उदय अवश्य हुआ। किन्तु यह ज्ञान स्थूलसत्ता के साथ मिला है। इसके परिपक्व हुए बिना इसे पृथक् कर मार्ग में प्रवेश करने के योग्य नहीं बनाया जा सकता। आणव मल के परिपक्व हुए बिना भगवदनुग्रह का संचार अनुभूत नहीं होता, इसका यही कारण है। मल के परिपक्व होने पर ही ज्ञान अन्तर्मुख होता है और स्थूल संस्कार घनीभाव का परित्याग करता है। तब सूक्ष्मभाव में प्राबल्य आता है। यह जो परिपक्वता या स्थूल अनुभूति का परिपाक है, उसे प्राप्त करने में ही जन्म-जन्मान्तर कट जाते हैं। —अन्तिम, अवस्था में क्रमशः स्थूल संस्कार सूक्ष्म में परिणत होता है एवं सूक्ष्म-संस्कार कारण-संस्कार का

रूप धारण करता है। उसके बाद फिर संस्कार नहीं रहता। स्थूल-संस्कार अत्यन्त प्रबल है, क्योंकि मानवदेह-रचना के बहुत पहले से ही साकार भाव के साथ यह संयुक्त है। इसी लिए उसका क्षय होने में बहुत समय लगता है। क्रमशः क्षय के सिवा एकाएक इसका शमन प्रायः देखने में नहीं आता। सब संस्कारों की निवृत्ति और परमात्मा का साक्षात्कार एक साथ ही होता है। परमात्मा के अनुग्रह से यह साक्षात्कार होता है। तब एक क्षण में सब संस्कार निवृत्त हो जाते हैं। इसी लिए कहा जाता है कि परमात्मा का दर्शन मेघमुक्त सूर्य के समान एकाएक संघटित होता है। हठपाक सद्योमुक्ति का उपाय है एवं क्रमिक-पाक क्रम-मुक्ति की सीढ़ी है। यह कहना अनावश्यक है कि सद्योमुक्ति बहुत ही दुर्लभ है। सब संस्कारों का शमन होने पर ही लोकोत्तर अवस्था का उदय होता है।

ज्ञानी-योगी जन समझाने की सुविधा के लिए इस मार्ग में छः क्रमशः सजाई भूमियां स्वीकार करते हैं। इन सब भूमियों में पहली तीन भूमियां सूक्ष्म-जगत् में स्थित हैं, चौथी सूक्ष्म और कारण-जगत् की सन्धि में है एवं पांचवीं और छठी कारण जगत् के अन्तर्गत हैं। छः भूमियों का अतिक्रमण कर सकने पर फिर कोई भूमि प्राप्त नहीं होती, तब आत्मा परमात्मा के साथ एक होकर विराजमान होता है।

इससे समझ में आ जायगा कि एक ओर स्थूल-जगत् और स्थूल-देहाभिमानी मानवरूपी जीवात्मा है तो दूसरी ओर नित्य जाग्रत् परमात्मा हैं, ये दोनों छोर मार्ग की सीमा के बाहर हैं। मार्ग मानो एक सम्बन्ध-सूत्र है जो स्थूल को परमात्मा से एवं परमात्मा को स्थूल से युक्त करता है। स्थूलदेह में आत्मभाव की निवृत्ति हुए बिना मार्ग में प्रवेश प्राप्त नहीं होता अथवा मार्ग में प्रवेश प्राप्त किये बिना स्थूल का अहङ्कार नहीं हटता। मार्ग में प्रवेश के साथ ही साथ स्थूल-ज्ञान एकदम लुप्त हो जाता है, सो बात नहीं। चित्त के अन्तर्मुखभाव का उदय और परिपुष्टि यही मार्ग में प्रवेश का प्रधान लक्षण है। तब निवृत्त्युन्मुख स्थूल ज्ञानी को विकसित सूक्ष्मदेह के द्वारा सूक्ष्मस्तर का अनुभव प्राप्त होता है। यह अनुभव सूक्ष्म जगत् के प्रथम स्तर का अनुभव है। इसे प्राप्त करते समय स्थूल-जगत् का ज्ञान रहता है। इस अनुभव का जो करण है, वह केवल स्थूल देह नहीं है और केवल सूक्ष्म देह भी नहीं है, वह एक साथ दोनों ही है। वस्तुतः वह स्थूल और सूक्ष्म की सन्धि है। उस समय प्रतीत होता है कि मानो स्थूलदृष्टि द्वारा ही दिव्यरूप दिख रहा है, स्थूल कानों द्वारा ही मानो दिव्य संगीत सुना जा रहा है, इत्यादि। सन्धिस्थान की यही विशेषता है। सन्धिस्थान का भेदन होने प फिर स्थूलभाव नहीं रहता। उस समय सूक्ष्म-जगत् के दूसरे स्तर के दर्शन होते हैं। यह स्तर प्राणमय जगत् है। भगवान् की अनन्त शक्तियाँ इसी स्तर में स्वच्छन्द रूप से क्रीड़ा करती हैं। साधक को जब इस स्तर का ज्ञान प्राप्त होता है, तब एक ओर जैसे उसकी स्थूलसत्ता का ज्ञान नहीं रहता वैसे ही दूसरी ओर मनोमय सत्ता का भी बोध नहीं रहता। किन्तु सि लोग कहते हैं कि बोध न रहने पर भी साधक उस सू स्तर में स्थूल और मनोमय करणों की सत्ता द्वारा क करता है। अर्थात् सूक्ष्म ज्ञानी साधक स्थूल और कारण शरीर में चेतन न रहने के कारण स्थूल और कारण जगत् देख नहीं पाता, यह सही है; किंतु वह स्थूलदेह के व्यवहार कर सकता है और करता भी है। इन्द्रियाँ

कार्य (दर्शन, निद्रा, खाना, पीना आदि) उस समय भी जारी रहते है। उसी प्रकार वह मानस-शरीर का व्यवहार भी करता हैं, क्योंकि वासना, कामना, चिंता, भाव आदि मानसिक व्यापार उस समय भी पहले की तरह विद्यमान रहतें हैं।

दूसरी भूमिका की आत्माएँ सूक्ष्म देह तथा सूक्ष्म करणों के द्वारा सूक्ष्म-जगत् का अनुभव करती हैं। स्थूल का अनुभव उन्हें बिलकुल भी नहीं होता, पर बाह्यदृष्टि से वे साधारण व्यक्तियों की तरह स्थूलाभिमानी प्रतीत होती हैं। सारांश यह है कि उनकी चेतना आंशिक रूप से अन्तःसंज्ञ होने के कारण सूक्ष्म जगत् का भी अनुभव करती है। इस अनुभव से उसमें दर्शन, स्पर्श आदि विषयों में नये संस्कार पैदा होते हैं।

प्रत्यावर्तन-मार्ग में और अधिक आगे बढ़ने पर तीसरी भूमि में प्रवेश-लाभ होता है। यह भी सूक्ष्म जगत् में स्थित है। यह कहना अनावश्यक है कि यहां शक्ति की प्राप्ति और अधिक मात्रा में होती है। फिर भी यह परिमित ही शक्ति है, इसमें सन्देह नहीं। इस स्तर पर आरूढ़ होने से सूक्ष्म-जगत् के अन्तर्गत लोक-लोकान्तरों में भ्रमण किया जा सकता है।

तीसरी भूमिका पार करने के अनन्तर चौथी भूमिका में पदार्पण कर साधक अनन्त शक्ति के अभिमुख हो जाता है। यह सन्धिभूमि है अथवा मनो-जगत् का प्रवेश-द्वार है। मार्ग में स्थित यह भूमि सूक्ष्म और कारण के बीच में स्थित है। इस भूमि में शक्ति का विकास पूर्व स्तरों की अपेक्षा बहुत अधिक हो जाता है। तब साधक नूतन सृष्टि करने की क्षमता तक अर्जित कर लेता है। यह कारण-जगत् का द्वार है, अतः सब शक्तियों का नियंत्रण यहीं से होता है। यहाँ भाव और वासना की तीव्रता अधिक रहती है, शक्ति के प्रयोग का प्रलोभन भी अधिक रहता है एवं अहंकार का प्रकोप भी बहुत उग्र रहता है। वस्तुतः यह योगी की परीक्षा का स्थान है।

इन सब अलौकिक शक्तियों का सदुपयोग करने अथवा किसी भी शक्ति का बिलकुल व्यवहार न करने पर योगी निरापद पञ्चम भूमिका में पदार्पण करने में समर्थ होता है। चतुर्थ भूमिका में पतन की आशंका खूब अधिक रहती है †, पञ्चम भूमिका में पतन की संभावना बिलकुल नहीं रहती। चतुर्थ भूमिका में रह कर योगी यदि स्वोपार्जित शक्ति का सदुपयोग करें तो वे अपने आप छठी भूमिका में पहुँच जाते हैं, उन्हें स्वयं कोई विशेष यत्न नहीं करना पड़ता। किन्तु उस उद्धार कार्य में जो सहायक होते हैं, वे ही सद्गुरु हैं। वे केवल जीवन्मुक्त पुरुष नहीं, किन्तु महाज्ञानी और विज्ञान-भूमिका में प्रतिष्ठित आत्मा हैं।

चौथी भूमिका में रहकर जो परोपकार किया जाता है, वह स्थूल-जगत् में आत्मकल्याण से भी बढ़ कर है, यह साधक का आध्यात्मिक उपकार है। कोई भगवान् की ओर चला हुआ साधक यदि अत्यन्त

---

† पातञ्जल योगसम्प्रदाय में प्रथम कल्पिक अवस्था के अनन्तर तथा भूतेन्द्रिय-जय के पूर्व मधुमती भूमि में इसी तरह की कई आशङ्काएँ विद्यमान रहती हैं। उस समय विशेष रूप से आसक्ति और अहङ्कार की ही परीक्षा होती है। हाँ, भय, लज्जा आदि अन्य भावों की परीक्षा न हो, सो बात नहीं है।

संकट में पड़ जाय, तो चतुर्थ भूमिका में स्थित आत्मा अर्थात् योगी उसे अपनी शक्ति के बल से उस संकट से उबार देते हैं। उत्कृष्ट रोग से छुटकारा, मरुभूमि में श्रांत-क्लांत पर्यटक को जल-प्रदान, भयभीत मन की भीति का शमन, हताश के प्राणों में आशा का संचार—विविध प्रकारों से साधारणतः गुप्तरूप से इस परोपकार का व्रत अनुष्ठित होता है। बौद्ध सम्प्रदाय के बोधिसत्त्व यह कार्य करते हैं। पृथ्वी के सभी क्षेत्रों में इस प्रकार के सेवाधर्मी पुरुष विद्यमान हैं। ये ही **Invisible Helpers** के नाम से पुकारे जाते हैं। फिर भी स्मरण रखना होगा कि शक्ति के सदुपयोग से भी कभी कभी बन्धन की आशङ्का हो जाती है। भगवान् पतञ्जलि ने इस आशङ्का के एक कारण का स्मय अथवा अहङ्कार के नाम से निर्देश किया है। अहङ्कार के नाना प्रकार के भेद हैं। दीन सेवकभाव ग्रहण कर प्राणप्रण से सेवा कर के भी यदि उस सेवा से उत्पन्न अहङ्कार मन में आता है, तो वह भी पतन का हेतु होता है। अहङ्कार चाहे किसी प्रकार का क्यों न हो रिपु के रूप में ही गिना जाता है। चतुर्थ भूमिका की कठिनाई का प्रधान कारण यह है कि इस भूमिका में साधक को अपरिमित शक्ति प्राप्त होती है और उस शक्ति के धारण के उपयोगी चित्तसंयम उस समय प्राप्त नहीं रहता। मन का पूर्णरूप से जय न कर सकने पर शक्ति के स्वायत्त होने पर साधक का पतन होना कुछ आश्चर्यकर बात नहीं है। हां, यदि सद्गुरु के ऊपर पूर्णरूप से निर्भर रहा जाय एवं उन्हें अपनी रक्षा का भार सौंप दिया जाय तो उनके मंगलमय विधान से शक्ति का स्फूर्तिद्वार बन्द रहता है। इसलिए साधक के अहङ्कार करने का कोई कारण नहीं रहता। केवल यही नहीं, बहुधा सद्गुरु स्वतः प्रेरित होकर साधक का वास्तविक कल्याण करने के लिए उसे अनेक बार भांति-भांति की विषम परिस्थितियों तथा विपत्तियों में जकड़े रखते हैं। अन्तर्जगत् में भी शांति तथा आनन्द की स्वच्छ धारा बहने नहीं देते। इस प्रकार की अवस्था में साधक के हृदय में गम्भीर निराशा और निराश्रयता का आविर्भाव होता है। वस्तुतः यह परीक्षा की अवस्था है। इसी लिए साधक जितना अपने को निराश्रय और असहाय समझता है, जीवन का लक्ष्य स्थिर रहने पर उतनी ही अधिक मात्रा में चित्त की सर्वतोमुख गति एकाग्र होकर उस लक्ष्य की ओर स्थिर होती है। अर्थात् विपत्ति में गिर कर भी भगवत्स्मृति और परम लक्ष्य से भ्रष्ट न होने पर गुरुकृपावश स्वोपार्जित शक्ति का आवरण हट जाता है और साधक अकस्मात् अतर्कित रूप से पञ्चम भूमिका में उन्नीत होता है। पहले ही कहा जा चुका है कि इस भूमिका में मनमें चञ्चलता न रहने के कारण साधक के पतन की आशंका एक प्रकार से नहीं रहती।

'पतन' से किसकी प्रतीति होती है, इसका स्पष्ट ज्ञान संभवतः बहुतों को नहीं है। युग-युगान्तर और जन्म-जन्मान्तरों के प्रयत्नों से धीरे-धीरे विपुल प्रयास द्वारा सामग्री का संचय होने से ज्ञान का जो महल तैयार हुआ, उसका एकाएक ढह जाना ही 'पतन' है। इस प्रकार का पतन होने पर एकदम विजली के वेग से उस आदिम पाषाण-खण्ड की तरह स्थावर-अवस्था लौट आ सकती है। अवश्य ही यह बात कदाचित् होती है, क्योंकि भगवान् द्वारा नियुक्त विविध मङ्गलमय शक्तियां जीवों की रक्षा में तत्पर रहती हैं। जीवों के अनजान वे उनकी असमय में रक्षा करती हैं। किन्तु विन की मात्रा लांघने पर इस प्रकार की शक्तियों की कार्य कारिता क्षुण्ण हो जाती है। उस अवस्था में पश्चात्ता

द्वारा इष्टसिद्धि अथवा प्रायश्चित्त नहीं होता। उस समय भग्न वस्तु के पुनर्निर्माण की आवश्यकता होती है। साधारणतः जो पतन होता है, वह इतना भयावह नहीं होता। क्योंकि उस समय पश्चात्ताप और आत्म-शोधन की प्रणाली द्वारा व्यवहारयोग्यता लौट आती है; इस कारण पुनः पूर्वावस्था प्राप्त हो जाती है। चेतनात्मा के पतित होकर शिलाखण्ड के रूप में परिणत होने पर आरोहण के समय फिर काल के क्रमविकास से भी पर-पर भूमिजय आवश्यक होता है। चतुर्थ भूमि में ही इस प्रकार घोर पतन की सम्भावना है, जो शक्ति के अनुचित प्रयोग से होता है। शक्ति का विकास अवरुद्ध होने अथवा उसका विकास रहने पर भी असत् उपयोग न करने एवं वासना द्वारा मन के संचालित न होने पर तो पतन का प्रश्न ही नहीं उठता। शक्ति के सदुपयोग से योगी चतुर्थ भूमिका से एकदम षष्ठ भूमिका में पहुंच जाते हैं। शक्तिके प्रयोग की सम्भावना न होने पर साधक चतुर्थ भूमिका से पंचम भूमिका में आरूढ़ होकर वहां से यथा-समय षष्ठ में ख्यातिलाभ करता है। पंचम और षष्ठ ये दोनों भूमिकाएँ मनोमय कारण-जगत् में स्थित हैं।

अन्तर्मुखता के बढ़ने पर सूक्ष्म चेतनात्मक कारण-जगत् में मन के साथ तादात्म्य को प्राप्त होता है। योगीजन कहते हैं कि कारण-जगत् के बाहरी भाग में चिन्ता-राज्य है और भीतरी भाग भावराज्य है। पंचम भूमिका के योगी स्थूल और सूक्ष्म चेतनवर्ग की चिन्ता का नियन्त्रण करने में समर्थ होकर भी भाव का नियन्त्रण नहीं कर सकते। सूक्ष्म और कारण-जगत् की चेतना न रहने से विभूति का प्रकाश नहीं होता। इसलिए अखण्ड मन के ऊपर उनका आधिपत्य नहीं रहता। अन्तर्मुखता का आत्यन्तिक विकास होने और षष्ठ भूमि में स्थान-लाभ करने पर योगी निर्विकल्पक स्थिति में आरूढ़ होते हैं। यह स्थिति कारण-जगत् के बाहरी भाग से चित्त को हटा कर आन्तरिक अवस्था में प्रवेश करने पर स्वभावतः प्रकट होती है। कारण पहले ही बतलाया जा चुका है। कारण-जगत् के बाहर की ओर चिंताराज्य है और भीतर की ओर विकल्परहित बोधमय अवस्था है। यही षष्ठ भूमिका का परिचय है। तब योगी सदा बोध में निमग्न रहते हैं, इसलिए उन्हें साक्षात् विश्व-मन का अनुभव होता है। उस समय विश्व के सम्पूर्ण मनों का भाव उनके निजभाव या स्वभाव में परिणत हो जाता है। इस अवस्था में उन्हें सर्वदा सर्वत्र भगवान् के साक्षात् दर्शन प्राप्त होते हैं। किन्तु ऐसा होने पर भी वे कभी भी अपनेको भगवान् के साथ अभिन्न रूप में नहीं देखते। दर्शन न करने का उनका यही कारण है कि भगवद्दर्शन मन का ही व्यापार है। वे इस समय भी अपने को मन के अतीत होने के कारण पहचान नहीं सकते। इसीलिए भगवान् का मनोमय रूप में दर्शन करते हैं। यह भगवान् का साक्षात् दर्शन है, इसमें सन्देह नहीं है; किन्तु यह भी मन का ही व्यापार है। यह शुद्ध मन, व्यापक मन का खेल है, किन्तु यह भी चरम स्थिति नहीं है। क्योंकि मन का अतिक्रमण किये बिना भगवान् का साक्षात्कार और दर्शन पाकर भी उनके साथ अपना अभिन्नताज्ञान जाग्रत् नहीं होता। भगवान् का साक्षात् दर्शन और उनके साथ अपना अभेद-दर्शन एक नहीं है। इस समय स्वभावतः ही भगवान् के साथ मिलने की तीव्र आकांक्षा होती है। साधक सदा सब जगह, भीतर-बाहर भगवान् के दर्शनों के लिए सजग रहता है, यह सत्य है, फिर भी व्याकुलता पूर्ण विरह का भाव नहीं रहता; क्योंकि

भगवद्दर्शन भगवत्प्राप्ति नहीं है। उन्हें न पाने तक अर्थात् अपनी भगवद्रूप में उपलब्धि न होने तक यह विरह दूर नहीं हो सकता। क्योंकि जगत् के अन्दर केन्द्र अथवा बिन्दु के रूप में यह नित्य भगवद्-विरह जाग्रत् है। बहिर्मुख अवस्था में यहीं से सृष्टि होती है, किन्तु तब विरह-ज्ञान नहीं रहता। पर अन्तरतम अवस्था में विरह-ज्ञान जाग उठता है, उसका दर्शन भी स्फुट हो जाता है एवं विरह की तीव्रता से मन का पर्दा हट जाता है। तब अद्वैतस्थिति या अभेदभाव का प्रकाश अपने आप हो जाता है। कारण जगत् का यह भीतरी भाग का ही भावराज्य का व्यापार है, जिसका प्रस्फुटित रूप भगवत्-प्रेम है—एवं जिसका परिणाम भगवत्सायुज्य या महामिलन है। इस महाभावमय प्रेमराज्य में चिन्ता का कोई स्थान नहीं है। अतएव योगी की षष्ठ भूमिका भगवत्प्रेम और भगवान् के साथ मिलन की अकांक्षा के पूर्ण विकास का स्थान है। इस अकांक्षा का एक पहलू विरहज्ञान है, यह अतिमूल्यवान् सम्पत्ति है। चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद कर्तृत्वसम्पन्न मनुष्य-शरीर में अभिमान होत है। करोड़ों जन्मों में परिभ्रमण के बाद एवं मार्ग में प्रवेश पाकर अन्तर्मुख गति के क्रमिक विकास के चरम बिन्दु में इस तीव्र विरह का बोध होता है। भगवद्दर्शन से यह विरह निवृत्त नहीं होता, क्योंकि भगवद्दर्शन ही इसका उद्दीपक है। षष्ठ भूमि का भेद करने पर समूचा मनोराज्य ध्वस्त हो जाता है—कल्पना राज्य दूर हट जाता है, क्योंकि तब जगत् का अतिक्रमण हो जाता है, माया और महामाया का खेल निवृत्त हो जाता है। तब अपने साथ अभिन्न रूप से भगवत्साक्षात्कार एवं भगवान् के साथ अभिन्न-रूप से आत्मसाक्षात्कार संपन्न होता है। षष्ठ भूमिका के भगवद्दर्शन से यह अत्यन्त भिन्न है, क्योंकि षष्ठ भूमिका के दर्शन में द्वैतभाव रहता है। इसलिए वह मिलन होकर भी वास्तविक मिलन नहीं है, क्योंकि बीच में व्यवधान रहता है। यही विरह है। इसलिए द्वैतभूमि में मनोराज्य में पूर्णत मिलन भी विरह का ही नामान्तर है। षष्ठ भूमिका के भेदन के पश्चात् जिस आत्मज्ञान का उदय होता है, वही यथार्थ अपरोक्ष ज्ञान है।

षष्ठ भूमिका तक मनोराज्य है। यहां का चैतन्य कितना ही उज्ज्वल और विशुद्ध क्यों न हो, फिर भी वह मनोमय है। सप्तम भूमिका वास्तव में कोई भूमिका नहीं है, वह परमात्मा की स्वरूपस्थिति है। सप्तम भूमिका मन के परे है। इसलिए षष्ठ से सप्तम भूमिका में कोई अपने प्रयत्न से नहीं जा सकता। सद्गुरु की करुणा के बिना मानस-ज्ञान, अनन्त-स्वरूप ज्ञान और असीम आनन्द का चेतन रूप में आस्वादन कोई नहीं कर सकता। इस अवस्था में स्पष्ट प्रतीत होता है और दीख पड़ता है कि आत्मा नित्य ही आनन्दमय, चैतन्यमय और अनन्त है। शक्ति और मन की आविर्भावप्रणाली को योगी उस समय प्रत्यक्ष देखते हैं। वे जान सकते हैं कि यह उनकी अनन्त शक्ति औ अनन्त ज्ञान का शान्त स्फुरणमात्र है। इस अवस्थ में दो व्यापार उल्लेखनीय हैं। यह परमात्मप्रति भवगद्भावापन्न आत्मा केवल स्वयं ही अनन्त शक् और आनन्द का अनुभव करता है, सो बात नहीं वह साथ ही साथ दूसरों में उनका वितरण करता है एवं कभी कभी साक्षात् रूप से और संज्ञान में इसक प्रयोग भी करता है। यह प्रयोग वास्तव में अन्य आत्मा को प्रवञ्चना से मुक्त करने के लिए होता है। जब त आत्मा परमात्मा में अपनी अभिन्न स्थिति प्राप्त

कर लेता, तब तक वह अज्ञान अवस्था में क्रमशः नाना-प्रकार के संस्कारों का अर्जन करता है। पीछे वे सब संस्कार क्रमशः क्षीण हो जाते हैं। अन्त में संस्कारशून्य अवस्था का उदय होता है। तब ज्ञात होता है कि यह सुदीर्घ संसारभ्रमण मायानिर्मित एक स्वप्न-मात्र है।

यह आत्मा ज्ञान और शक्ति से सम्पन्न भगवत्स्वरूप में नित्य जाग्रत् है। यह समानरूप से ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान है—समानरूप से प्रेमिक, प्रेमभाजन और प्रेम है। आश्रय और विषय अभिन्न हैं। षष्ठ और सप्तम भूमिका के बीच में मानो गम्भीर समुद्र है। एक ओर प्राकृत जगत् और दूसरी ओर अप्राकृत भगवत्सत्ता—बीच में यह विरजा नदी का दिगन्तव्यापी व्यवधान है। षष्ठ भूमिका तक साकार संस्कारयुक्त सगुण कल्पना है—सप्तम भूमिका में आकार नहीं, संस्कार नहीं, गुण नहीं और कल्पना नहीं। यहीं पर सृष्टि के उन्मेष के समय के 'कोऽहम्' संशय का—जो मनुष्य-मन में अहंभाव के विकास के साथ साथ जागा था—विध्वंस होता है। आत्मा 'सोऽहम्' ज्ञान के समाधान से अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित होता है। यही आत्मविज्ञानभूमि है।

आठ

यहां पर एक विषय विशेषरूप से अन्वेषणीय है। प्रस्तुत लेख में एक विशेष धारा के अवलम्बन द्वारा सात भूमिकाओं का विवरण देने का यत्न किया गया है। किन्तु यह स्मरण रखना चाहिये कि इस विशेष धारा के सिवा और भी भिन्न प्रकार की धाराएँ हैं। इस निबन्ध में उनके विषय में आलोचना अनावश्यक है। सात भूमिकाओं में प्रथम छः भूमिकाएं साधन की अवस्थाएँ और द्वैतभाव की द्योतक हैं। किन्तु सातवीं भूमिका सिद्ध अवस्था और अद्वैतस्थिति की अभिव्यञ्जक है। यह स्थिति साक्षात् परमात्मा के साथ अभेदप्राप्ति की अवस्था है। इस अवस्था का भगवत्स्वरूप के रूप में ही वर्णन करना उचित है। वस्तुतः यह सातवीं भूमिका भूमियों में गणनायोग्य नहीं है; तथापि प्रथम छः भूमिकाओं के साथ सम्बन्ध होने से इसका भी भूमिका के रूप में निर्देश किया गया है। छः भूमिमय पथ क्रमशः स्थूल, सूक्ष्म और कारण-जगत् से होकर षष्ठ भूमि के अन्त में परम लक्ष्य की ओर आया है। पथ पर्यायक्रम से संकोच और विकासमय, एक और अनेक प्रतीतिमय, समाधि-व्युत्थानमय क्रमोच्च एक आवर्तसंकुल धारा है। इस पथ पर चलना शुरू होने से पहले ही यह विचित्रतामय प्रतिभास, जो स्थूल ज्ञान के सामने अनन्त विश्वों के रूप में अपने को प्रकट करता है, छूट जाता है। वस्तुतः इस छुटकारे के बाद ही सन्धि अवस्था में ही महाप्रस्थान के पथ की सूचना मिलती है। यह छुटकारा बाह्योन्मुख वृत्ति के अन्तर्मुख आकुञ्चन (सिकुड़ने) का परिणाम है। यह एक बिन्दु-अवस्था है, किन्तु यह स्थायी नहीं है। छुटकारे के अन्त में तब विचित्रतामय जगत् का चित्र भासित हो उठता है। किन्तु वह ठीक-ठीक पूर्व का जगत् नहीं है, दूसरे स्तर का जगत् है, किन्तु यह भी स्थायी नहीं रहता। इसके पश्चात् फिर अन्तराकर्षण के प्रभाव से छुटकारा होता है। तब दूसरी बार एक बिन्दुस्वरूप में स्थिति होती है। उसके बाद फिर बाह्यभाव का उन्मेष होता है। इस प्रकार की गति से साधक क्रमशः उन्नत होता है। पहाड़ पर चढ़ते समय जैसे एक बार पहाड़ पर चढ़कर पुनः उपत्यका में उतरना पड़ता है, तदनन्तर फिर उच्चतर पर्वत पर चढ़ने के बाद उच्चतर उपत्यका में उतरना पड़ता है एवं इस प्रकार धीरे-धीरे आरोहण के द्वारा उच्चतम शिखर तक

पहुँचा जाता है, ठीक उसी तरह महाप्रयाण के मार्ग में पारापारी से चढ़ना—उतरना अथवा संकोच और प्रसार विद्यमान रहता है। दिन के बाद रात्रि, फिर रात्रि के बाद दिन, इस तरह चलते-चलते ऐसा एक स्थान आता है जहां दिन और रात्रि का द्वन्द्व सदा के लिए निवृत्त हो जाता है, जहां एकमात्र दिन ही सदा स्थायी रूप से विराजमान रहता है। जिसका श्रुति ने 'सकृद् दिवा' कह कर इंगित से निर्देश किया है। इस पथ के ऊपर आकर्षण का पथ है। बिन्दुओं का एक के बाद एक यों नीचे-ऊपर विन्यास रहने पर भी वे सब पथ के भीतर हैं। निम्न बिंदु से ऊपर के बिंदु में गति आकर्षण के बल से होती है। किन्तु बिंदु अवस्था में प्रसारण नहीं रहता, इसलिए दृश्य या सृष्टि नहीं होती। पर यह अवस्था स्थायी नहीं है। क्योंकि प्रसार होने पर सृष्टि का विस्तार होता है। हृदय में स्थित वासना-बीजों के उन्मूलित न होने पर वह सृष्टिराज्य होता है, भोग कर पार होना पड़ता है, अन्यथा जला कर अथवा गला कर समाप्त करना पड़ता है।

साधक वास्तविक दीक्षा प्राप्त होने पर क्रमशः स्थूल से सूक्ष्म और सूक्ष्म से कारण का दर्शन और अनुभव करता है। तदुपरान्त कारण का अतिक्रमण होने पर सत्यस्वरूप का साक्षात्कार प्राप्त होता है। पहली से छठी तक छहों भूमिकाएं कल्पनामय हैं। कल्पना का त्याग होता है, मनोनाश के साथ-साथ यथार्थ सत्य-दर्शन से सप्तम भूमिका में। इसीलिए छः भूमिकाओं तक जो आध्यात्मिक उन्नति कही गई है, वह वास्तविक उन्नति नहीं है। पर यह सत्य है कि कल्पना होने पर भी इन सब भूमिकाओं का अनुभव आवश्यक है। क्योंकि इनके क्षीण हुए बिना सत्यदर्शन असंभव न होने पर भी अत्यन्त कठिन अवश्य है। निरपेक्ष गुरुकृपा के बिना सत्यदर्शन नहीं हो सकता। तब बासनाक्षय आ अपने आप ही हो जाते हैं। पर कृपा को रखने के लि आधारशुद्धि का प्रयत्न आवश्यक है। गुरु य हों तो वे शिष्य को छहों भूमिकाओं में संचालित कर हैं। इस सञ्चालन व्यापार में कभी साधक की आँखें बां दी जाती है और कभी आंखें खुली भी रहती हैं, य साधक की आभ्यन्तरीण अवस्था तथा गुरु की व्यवस् पर निर्भर करता है। आंखें बाँध देने पर चित्त में स्थि वासना साधारणतः छठी भूमि तक रहती है। किन् जिस साधक की आँखें खुली रहती हैं उसकी वासन पांचवीं भूमि के बाद फिर नहीं रहती। बद्ध आँखवाले अवस्था में क्रिया अच्छी तरह होती है यह कहना पड़ेगा। छठी भूमि से सप्तम भूमिका में सद्गुरु की कृ के विना प्रवेश करना अत्यन्त ही असंभव है।

द्वितीय भूमि से विभूति का उदय होता है। तीसर में विभूति की अभिवृद्धि होती है एवं चौथी में विभू की सीमा नहीं रहती। क्योंकि उस समय सूक्ष्म औ कारण सत्ता का योग होता है। किन्तु मन उस सम भी स्वायत्त नहीं होता। दुर्दमनीय वासना उस समय भ सर्वथा क्षीण नहीं होती। इसी लिए किसी किसी पतन की आशङ्का रहती है। हां, साधक यदि संयम और विवेकवान् हो तो ऊर्ध्व गति की संभावना भी रह है। पञ्चम भूमि में मन पर विजय प्राप्त होती है तब सचेतन रूप में इन्द्रियों के न रहने से उनका काम केव मन से ही किया जाना संभव है। स्थूल, सूक्ष्म औ कारण जगत् में इच्छामात्र से अभीष्ट स्थान में प्र हुआ जा सकता है। "अपाणिपादो जवनो ग्रहीता एवं "पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः" यह श्रुतिव कई अंशों में इस अवस्था में सार्थक होता है। भूमि में ही क्रमशः भगवान् के साथ योग होता

भाव के मार्ग में। कोई-कोई भाव में डूब कर महाभाव तक पहुंच जाते हैं। तब व्युत्थित होने पर मालूम होता है कि अतिसूक्ष्म रूप से निहित वासनाएँ न मालूम कहाँ चली गईं। मन उस समय भी रहता है सही, किन्तु उस में वासना नहीं रहती। यह अति स्वच्छ, विशुद्ध मन है। सभी अन्तराय और विघ्न कट चुके। परन्तु छोटा अहं उस समय भी रहता है। छठी भूमिका की समाप्ति तक यह अहं विद्यमान रहता है। उस समय सर्वत्र और सर्वदा अनन्त निराकार ब्रह्म-स्वरूप के दर्शन होते हैं एवं इस ब्रह्मदर्शन से ही मन की समाप्ति होती है। तीर्थयात्री के सुदीर्घ तीर्थभ्रमण की समाप्ति होती है। भगवत्साक्षात्कार से वह छोटा अहं विलीन हो जाता है। एक अनन्त ब्रह्मदर्शन विराट् 'अहम्' का अवलम्बन कर विद्यमान रहता है। इस तरह जब तक इच्छा हो, रहा जा सकता है। काल, कर्म, नियति और सस्कार कोई भी योगी के मार्ग में बाधक नहीं हो सकते। इसी अवस्था सं व्युत्थानप्राप्ति हो सकती है। यदि किसी का भी व्युत्थान हो तो भी ब्रह्मदर्शन या अद्वैतदर्शन पूर्ववत् अक्षुण्ण ही रहते हैं। व्युत्थानकाल में द्वैतदर्शन केवल अभिव्यक्त होता है। तब सर्वदा सब वस्तुओं में एकत्व का भान होता है। यह पूर्ण ब्रह्मसाक्षात्कार है, यह षष्ठ भूमिका की जाग्रत् अवस्था है। इस प्रकार के सिद्ध योगी छठी भूमिका तक जिज्ञासु साधकों की सहायता कर सकते हैं। पूर्ण चैतन्य के साथ सर्वत्र उपस्थित रह सकते हैं। यही पर मन का आभास रहता है। इसके बाद मन नहीं रहता। छोटा 'अहम्' भी नहीं रहता। सदा के लिए वह विदा हो जाता है। तब एकमात्र पूर्ण 'अहम्' ही रहता है। यही यथार्थ भगवत्सायुज्य है। यह मन के परे महाव्याप्ति की अवस्था है। यही अद्वैतस्थिति है। पूर्णब्रह्म ज्ञान के अनन्तर यही पूर्णब्रह्म प्राप्ति है।

पहली भूमिका से षष्ठ भूमिका तक जो स्तर हैं, उनसे सप्तम भूमिका का व्यवधान रहा। द्वैत से अद्वैत का जो व्यवधान है यह भी वही है। दो के बीच मात्रा का भेद तो है ही, उसके अतिरिक्त स्वरूपभेद भी है। स्वरूप भिन्न है, अतः यह व्यवधान अनन्त हैं। द्वैत सत्ता परिमित सत्ता और अणु सत्ता है। किन्तु अद्वैत सत्ता अपरिमित, अखण्ड और अनन्त भगवत्सत्ता है। इसी लिए दोनों के मध्य असीम व्यवधान है। महा कृपा अथवा परम पुरुषार्थ के सिवा यह व्यवधान हटाया नहीं जा सकता। पहली छः भूमियों में परस्पर भेद हैं और व्यवधान भी है। पर यह शान्त व्यवधान है, क्योंकि दोनों भूमिकाओं में पार्थक्य रहने पर भी दोनों में साधर्म्य है, क्योंकि दोनों ही द्वैत या खण्ड सत्ता है। परिच्छिन्न रूप से सत्तामात्र ही वही है। किन्तु षष्ठ से सप्तम का व्यवधान अनन्त व्यवधान है। प्रथम भूमिका से सप्तम भूमिका बहुत ऊपर होने पर भी सप्तम भूमिका की तुलना में दोनों ही समान रूप से असीम व्यवधान से व्यवहित हैं। प्रथम भूमिका से षष्ठ भूमिका सप्तम भूमिका से अधिक निकटवर्ती है यह कहना नहीं बनता। फिर भी साधक को आत्मविकास के लिए इस सब भूमिकाओं को पार कर आगे बढ़ना चाहिये। क्योंकि आधार का विकास भी पूर्णत्व के पथ में अत्यन्त आवश्यक है।

॥ ॐ [illegible] ॥

श्री श्री माँ आनन्दमयी आश्रम काशी में

मातृ-सत्सङ्ग

लेखक—श्री रघुनाथदास गोस्वामी (ब्रह्मचारी कांतिभाई)

काशी के आश्रम में अन्नपूर्णा के वरामदे में परम पूजनीया श्री श्री माँ की परम पुनीत उपस्थिति में प्रायः सत्संग होता रहता है। स्थान बड़ा सुन्दर एवं साधन-भजन के अनुकूल है; नीचे कलिमल-नाशिनी पतितपावनी श्रीगंगा मइया शांत भाव से प्रवाहित हो रही हैं। समय समय पर जब भी श्री श्री माँ काशी में पधारती हैं तब प्रायः इसी स्थान पर सत्संग हुआ करता है। उस समय सत्संग के शुभ अवसर पर श्री श्री माँ के मुख से जो परम मधुर कथामृत सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था; उसी को मैं, यहां लिपिवद्ध करने की चेष्टा कर रहा हूं। यथासम्भव श्री श्री माँ के मुखनिःसृत शब्दों को ज्यों के त्यों रखने की मैंने कोशिश की है, परन्तु मैं यह दावा नहीं कर सकता कि मां के मुख से निकला हुआ प्रत्येक शब्द इसमें लिखा जा सका है। जिस प्रकार गंगाजी के पुनीत प्रवाह से लोग अपनी अपनी शक्ति के अनुसार गंगा-जल ले आते हैं; उसी प्रकार श्री श्री मां के कथामृतरूपी गंगाप्रवाह में से अपनी अल्प शक्ति से जो कुछ भी मैं संग्रह कर सका हूं वह लिख रहा हूं। अतएव भूलचूक के लिए श्री श्री मां के चरणों में क्षमायाचना करता हूं।

२५ नवम्बर १९५६

प्र०—गन्तव्य स्थान में पहुँचने के लिए कोई बैलगाड़ी से जाते हैं, कोई मोटर से जाते हैं, कोई हवाई जहाज से जाते हैं और कोई कोई जैट प्लेन से जाते हैं। इसी प्रकार से भगवान के अनेक नामों में से कौन सा ऐसा नाम है कि जिसका जप करने से जैटप्लेन के समान भगवान के पास शीघ्र पहुँचा जा सकता है ?

मां—पिताजी, सभी नामों में वह शक्ति है। जिस नाम को लेने की इच्छा हो उसी को लो, सब नामों में वैलगाड़ी को सी गति है।

प्र०—किस प्रकार? समझाइये।

मां—जिस प्रकार तुम एक ही व्यक्ति किसी के फूफा, किसी के मौसा, किसी के पिता, किसी के पुत्र लगते हो।

प्र०—इससे और भी स्पष्ट करके कहिये।

मां—तुम एक होते हुए भी किसी के फूफा, किसी के मौसा, किसी के पिता और किसी के पुत्र कैसे होते हो? वैसे ही सब नामोंमें वह शक्ति विद्यमान है। विलकुल स्पष्ट है। तुम विषय के आश्रित हो। नमस्कार भगवान को कर रहे हो एवं जप भी कर रहे हो, लेकिन मन रुपये एवं विषयों में पड़ा है। इसमें पड़े रहने से तुम सोचो यह कौन-सी गति है।

प्र०—सामुके (?) के समान गति।

मां—पिताजी, देखिये एक ऐसा भाव है वि भगवान् की तरफ एक वार देखने मात्र से ही तुम्हा भीतर विद्युत् के आघात के समान स्पर्शमात्र से ही आराम चला जाता है और ऐसा भाव हो जाता है कि मैं कौन हूं? कौन पिता है? कौन माता है!

इस तरह संसार से मन चला जाता है। इस दृष्टि से यह भो सम्भव है कि सारे दिन रात जप करता रहा, लेकिन मन कहां पड़ा रहा? इस गति को भी तुम देखो। इसी लिए जप करते रहने पर भी कुछ परिवर्तन नहीं होता है। इसो प्रकार मन इधर उधर रहने से अर्थात् मन के विषयों में रहने से अव उनकी वैलगाड़ी की गति है या मोटर को गति है या हवाई जहाज की गति है इसी को तुम ठीक करो। मन जितना एकाग्र होगा, उतने ही तुम आगे वढ़ सकते हो। भगवद्दर्शन एक झलक में भी हो सकता है। दो घण्टे में भी हो सकता है एवं वारह साल भी लग सकते हैं।

प्र०—(Shock) आघात देनेवाला तो चाहिये। कौन कार्य करने से आघात लगेगा?

मां—जैसा गुरुजी ने वताया वैसा करो।

प्र०—आशा है क्या?

मां—जैसा गुरुजी ने वताया है वैसा करो। नाम में सव शक्ति है। जो नाम तुम लोगे कैसा करोगे, जैसे तुमको पिताजी कहकर वुलाया तो तुमने उत्तर दिया। तुममें फूफा, मौसा, मामा, पिता, पुत्र सव ही हैं। तुमको पाने से सव ही प्राप्त हो गये।

प्र०—मां ही पेच को वन्द करती है, मां ही खोलती। दुःख रूप में भी क्या मां ही हैं?

मां—मां ही दुःख एवं सुख रूप में है। अगर गर रहे तो अलग वात है।

प्र०—मां एक सेकिन्ड के लिए सर्वत्र मां दिखाओ।

मां—प्रार्थना करते रहो।

प्र०—प्रार्थना करते करते मर जायेंगे?

मां—प्रार्थना करते करते मरना मर जाय तो या हुआ अमृत मिलेगा।

प्र०—धर्म के विषय में अनेक मत-मतान्तर हैं। कौन सा धर्म मानें?

मां—तुमको जो धर्म अच्छा लगे उसी को मानो—'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।'

प्र०—कौन सा सत्य है?

मां—जो अपने गुरुजी वतायें वही ठीक है।

प्र०—जिसको गुरु नहीं है वह क्या करे?

मां—जव तक गुरु न मिलें तव तक मन को भगवान का जो भी नाम अच्छा लगे उसी को जपो। मन को शून्य करके वैठो और सोचो कि एक आत्मा ही है। भगवान को नमस्कार करो यदि भगवद्-नाम या ध्यान अच्छा न लगे तो श्वास में मन रख कर चुपचाप शान्त होकर वैठ जाओ। वाहरी चिन्तन आये तो सोचो कि मन की एकाग्रता भंग हो गई।

मंत्र को श्वास के साथ साथ जपो, देखो तुमको क्या अनुभव होता है। किसी किसी को ध्यान के समय ज्योति में विग्रह के दर्शन होने लगते हैं। चिन्मय विग्रह का भी दर्शन किसी किसी को होता है। जिसको जो अच्छा लगे वह करो। हठयोग, जपयोग, राजयोग आदि हैं; उनमें जो भी अच्छा लगे उसी को करो। करो तो कुछ, वैठे न रहो। हर समय सोचो कि मैं कौन हूं।

प्र०—अविश्वास क्यों आता है?

मां—भगवान का नाम ध्यान में वैठ जाना चाहिए।

प्र०—अविश्वास आने से ध्यान कैसे करें?

मां—गुरुजी का आदेश पालन करो।

प्र०—करते करते जब कुछ भी नहीं मिलता तब क्या करें ?

मां—दिल चाहता है तमाशा। अपने मन का किसी जगह पर लगाओ तो जबरदस्ती करके मनको लगाना चाहिये, यदि मन न लगे तो सोचना चाहिये कि हमारा ही संस्कार खराब है। इसी लिये ऐसा होता है। असली श्रद्धा हुई ही नहीं। खराब संस्कार से अश्रद्धा होती है। कुसंस्कार से दुर्बुद्धि होती है।

प्र०—नाद का ध्यान भी किया जाता है क्या ?

मां—नाद का अथवा अनाहत नाद का ध्यान कर सकते हैं।

प्र०—सकाम प्रार्थना के लिए हम भगवान से विनय करते हैं।

मां—क्या तुम खुशामद की बात कह रहे हो। खुशामद करके भी कोई कोई ले लेते हैं। जैसे कोई वस्तु हमको चाहिये उसके लिए हम खुशामद करते हैं। स्वभाव में विनय का प्रकाश होता है। जहाँ किसी वस्तु की अपेक्षा है वहीं खुशामद है। तुमको खुश करके इच्छा पूर्ण करनी है। तथा एक ऐसी अवस्था होती है; तुम खुश होओ या न होओ वहाँ खुशामद की कोई आवश्यकता नहीं है।

स्तव-स्तोत्र करना ठीक है। फिर भी निजी परिस्थिति के अनुसार अन्तःकरण से प्रार्थना प्रकट होती है हाय भगवान तुम करुणामय हो दयालु हो। फिर स्तोत्रपाठ करने से गुण का प्रकाश होता है। स्तोत्रपाठ इसलिए किया जाता है कि हे भगवान् तुम प्रसन्न होओ।

प्र०—अभी आपसे जो किसी ने कहा कि १ सेकिन्ड के लिए सर्वत्र मां के दर्शन कराओ, यह खुशामद है या प्रार्थना है।

मां—खुशामद की भी एक जगह रहती है। यदि खुशामद करना हो तो भगवान की करनी चाहिये इसमें क्या हर्ज है। अपनी खुशामद को भगवान के चरणों में लगाओ। विषय के लिए मनुष्य की खुशामद क्यों करते हो? यदि खुशामद ही करनी है तो भगवान की करो।

प्र०—स्तव और स्तुति में तो स्वरूप-वर्णन होता है। खुशामद उसको कहते हैं जिसमें जो शुभगुण न भी हो अतिशयोक्तिपूर्वक किसी की प्रशंसा करना।

मां—स्तव और स्तुति किसी प्रकार भी खुशामद करना नहीं हैं। भगवान तो सर्वगुणसम्पन्न एवं सर्व-शक्तिमान हैं। स्तव और स्तुति का स्फुरण स्वभावतः ही होता है। उसको किये विना रहा नहीं जाता।

प्र०—क्या प्रार्थना और खुशामद भी एक नहीं हैं।

मां—प्रार्थना अलग है एवं खुशामद करना उससे भिन्न है।

प्र०—भगवान की प्रार्थना से सृष्टि हुई है ?

मां—किससे प्रार्थना की।

प्र०—अपने पास ही।

मां—जहां कल्पनामात्र से ही जगत् की सृ होती है, वहां प्रार्थना नहीं।

प्र०—मंत्र किसको कहते हैं।

मां—मन का जो त्राण करता है उसी को मं कहते हैं।

प्र०—गुरु यदि मंत्रदीक्षा देकर उसके अर्थ को समझा दें तो उससे क्या हो सकता है। मन एवं प्रा को एकान्त करने के लिए मंत्र है।

मां—नारायण, तुम बोलो मंत्र क्या है? नारायण

स्वामी-मंत्र का मनन करने से और स्मरण करने से भवसागर से पार हुआ जाता है। मंत्र, इष्ट तथा गुरु ये तीनों एक होने चाहिए।

प्र०—मां, आप ही समझा दें।

मां – तुमने क्या पढ़ा है ?

प्र०—बी० एस० सी० पास किया है।

मां—माता पिता जिस प्रकार छोटे शिशु को हठपूर्वक पढ़ाना लिखाना आरम्भ कराते हैं ; एवं जब कि बच्चे को खड़िया, कलम (लेखनी) पकड़ना भी नहीं आता है तब भी वे जोर करके खड़िया अथवा लेखनी पकड़वा कर जोर करके भी बच्चे के मन को पढ़ने में लगाने का प्रयत्न करते हैं। जब धीरे धीरे बालक का मन पढ़ने लिखने में लगने लगता है तो उसे कुछ आनन्द आता है तब वह स्वयं ही पास होना चाहता है ; फेल होना नहीं चाहता। तब इसी प्रकार वह एम० ए० पास करके स्वयं ही दूसरों को पढ़ाने लगता है। बाबा पढ़ना चाहिये। पढ़ने का अर्थ है साधन करना, गुरुजी ने मंत्र दिया है ; जब तक उसका प्रकाश न हो तब तक नियमित भाव से साधन भजन करना चाहिये। यह जो जीवन के पथ को प्रकाशित करने वाली है वह ब्रह्मविद्या है। गुरुजी ने ब्रह्मविद्या के प्रकाशित होने के लिए ही मंत्रोपदेश किया है। ब्रह्मविद्या किसको कहते हैं ? जिससे अविद्या का नाश होता है और जो चीज नाशवान है उसका नाश होता है।

प्रश्न—साधन-भजन करने के लिए शरीर का यत्न करना पड़ता है, आहार विहार कैसा करना पड़ेगा।

मां—युक्ताहारविहार की बात तो कही हुई है। जब तक ब्रह्म का प्रकाश न हो, तब तक उपयुक्त आहार माने जो आहार अनुकूल हो और जिसके खाने से मन एकाग्र हो। नित्य युक्त तो तुम हो ही। उस प्रकाश के लिए चेष्टा करो। मंत्र भी भगवान का विग्रह ही है, जिस प्रकार निराकार निर्गुण हो साकार सगुण जल और बरफ की तरह होता है। भगवान आकार और प्रकार से प्रकाशित हुए हैं। मंत्र से मन का नाश हो जाता है, इसी लिये बीजमंत्र उनका विग्रहरूप ही है।

प्रश्न—जो प्रकाश प्रकाशित होकर पुनः तिरोहित हो जाय, ऐसे प्रकाश के लिए मंत्र जपने की क्या आवश्यकता है ?

मां—जब तक दिल में जिज्ञासा है यानी सन्देह है कि इसको करने की क्या आवश्यकता है ? यों करता हूँ ? ऐसा वह पूछता रहता है। पिताजी, आप तो जानते हैं। जितने मत हैं उतने ही पथ हैं। अनन्त रास्ते हैं। जब वह पूर्ण अवस्था आ जाती है, तब कोई भी प्रश्न शेष नहीं रहता।

प्रश्न—ब्रह्मविद्या ही एकमात्र विद्या है। संसार की डिग्रियों की यहाँ कोई भी आवश्यकता नहीं है। मां आपको मैंने कष्ट दिया है।

मां—बाबा, तुम इस शरीर को अपना समझो, कष्ट तो दूसरा समझने से होता है।

प्रश्न—मैं अपना साक्षात् दर्शन कर रहा हूँ ऐसा अनुभव किस तरह से होगा ?

मां—कुछ करने से कुछ मिलेगा, कुछ मिलने से कुछ होगा नहीं। अतः पूर्ण रूप से करना पड़ेगा। अपने से ही अपने को जानना पड़ेगा। वे स्वयंप्रकाश हैं। जहां गति है वहां जगत् है एवं जहां गति है वहां मृत्यु है। उनको पाने के लिए आत्मसमर्पण करना पड़ेगा। स्वयं को ही स्वयं के लिए समर्पण करना पड़ेगा।

प्र०—मां, भागवत-पाठ हो रहा था। शुकदेवजी के समान परम वैराग्यवान महात्मा को भी गृहस्थ के घर जाने में कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन आजकल अनेक महापुरुष ग्रहस्थों के घर नहीं जाते हैं।

मां—अनेक महापुरुष गृहस्थों के घर जाते हैं। यदि कोई न जाय, तो अलग बात है। संन्यासी लोग प्रयोजन के अनुसार गृहस्थों के घर जाते हैं।

मुक्ति बावा—गृह माने घर अर्थात् जब तक किसी भी घर में है तब तक वह गृहस्थ ही है।

प्र०—क्या तुमने अपनी आत्मा का पूर्ण दर्शन किया?

मां—क्या किया है? एवं क्या नहीं किया है? जो कुछ भी तुम समझो वही ठीक है।

प्र०—यह तो आपका एक निश्चित उत्तर है।

मां—जो ठीक सत्य है वही उत्तर है।

प्र०—मां, यह ठीक विचार नहीं हो रहा है।

मां—यदि ऐसा है तो तुम ऐसा ही संशय लेकर रहो।

प्र०—स्पष्ट करके समझाने से ही ठीक होगा।

मां—तुम्हारे मन में जो बात आवे वही ठीक है।

प्र०—क्या मैं तुम्हारी परीक्षा करूँ?

मां—परीक्षा करो। तुम अपनी परीक्षा कर लो। पास करो या फेल करो। यहां तो परीक्षा लेनी भी नहीं है एवं देनी भी नहीं है। यहां पास फेल का कोई प्रश्न ही नहीं है।

प्र०—प्राज्ञ किसको कहते हैं।

मां—क्या प्रज्ञा से प्राज्ञ हुआ है?

शङ्करानन्दजी—प्रज्ञा का अर्थ है कि प्रकृष्ट रूप से जो ज्ञान।

मुक्ति बावा—प्राज्ञ माने प्रायः ही अज्ञ (सब हँस पड़े)।

प्र०—प्राज्ञ किस प्रकार हुआ जाता है? प्राज्ञ माने सत्य ज्ञान।

मां—कुछ नहीं करने पर वे प्रकाशित होते हैं अर्थात् स्वयंप्रकाश हैं।

प्र०—सूर्य और चन्द्र स्वयं प्रकाशित हैं या उनको कोई प्रकाशित कर रहा है?

मां—ज्ञान सूर्य तो नित्य उदित है ही। जो कुछ भी करो पूर्ण भाव से करो।

प्र०—मैंने ॐकार का उच्चारण किया, कुछ हुआ नहीं।

मां—यह जो "मैं" बोला, मैंने ॐ का उच्चारण किया। लेकिन तुम्हारे भीतर संशय रह गया है।

प्र०—फिर क्या करने से होगा?

मां—जब तक मंत्र का वास्तविक उच्चारण नहीं होगा, तब तक फल प्रकाशित नहीं होगा। जब तक भगवत्-प्राप्ति न हो तब तक साधन-भजन नहीं छोड़ना चाहिये।

३० दिसम्बर १९५६

प्र०—मां जो माला आपने दी है उसमें दो फूल भी एक तरह के नहीं हैं। जगत् की यह जो साधारण सी भिन्नता की बात को हम प्रत्यक्ष नहीं कर पाते हैं तो परब्रह्म परमानन्दरूप परमात्मा की ज्ञानसत्ता, आनन्द इन सब को कैसे प्रत्यक्ष कर पायेंगे?

मां—बाबा लिखो और पढ़ो।

प्र०—ऐसी सीधी बात तो मैं भी कह सकता हूँ। जरा स्पष्ट करके समझाइये।

मां—जैसे किताब पढ़ने से उसका विषय ज्ञात हो जाता है वैसे ही फूल क्या है? किसने

किया है और वह क्या देता है। यह जो सृष्टि, स्थिति और लय होते हैं उनका पता लगेगा। पढ़ना याने ब्रह्मविद्या को प्राप्त करना। ब्रह्मविद्या पढ़ने से अविद्या चली जायगी और तुम जो विद्यास्वरूप हो उसका प्रकाश हो जायगा। इसलिए तुम पढ़ो। पढ़ने से तुमको पता लगेगा कि यह गेंद का फूल है; इसलिए तुम पढ़ो, सुनो और प्रत्यक्ष करो। विश्व ब्रह्माण्ड ही सारी किताब है; और यह सबके पास है। ब्रह्मविद्या के लिए गुरु ने जो दिया है उसका जप करो, ध्यान करो एवं उसी तरफ मन रक्खो। ऐसा करते-करते अन्दर का मैल छूट जायगा और पर्दा हट जायगा। पिताजी पढ़ना पड़ेगा एवं करना पड़ेगा। पढ़ते समय पूछना भी जरूरी है जो पढ़ता है उसको पूछना आता है, जो पढ़ता नहीं है उसको कुछ पूछना नहीं है। जो पास कर लेता है उसको पूछना नहीं पड़ता। इसलिए बात यह है कि पिताजी पढ़ाई शुरू करो। अच्छी तरह दिन रात मन लगाकर पढ़ो। पढ़ना माने साधन करना।

प्र०—कहना तो आसान है, किन्तु करना मुश्किल है।

मां—समय को नष्ट नहीं करना चाहिये।

प्र०—हर एक व्यक्ति पूर्णरूप से पुरुषार्थ थोड़ा ही कर सकता है। किसी में ज्यादा शक्ति है, किसी में कम है। जिसमें ज्यादा शक्ति है वह गोल में (लक्ष्य में) में पहुँच जाता है; जिसमें शक्ति नहीं, वह नहीं पहुँच सकता।

मां—यह शरीर जरूर कहेगा कि तुम अपना काम, खाना, पीना, बाल बच्चों का पालन करना सब अपनी शक्ति से स्वयं ही करते हो तो फिर भगवत्प्राप्ति के समय तुम क्यों कहते हो कि मुझमें शक्ति नहीं है। यदि नहीं करोगे तो फिर भोगो जितना करोगे उतना पाओगे, जो पेट भर के खाया है उसका वैसा ही उद्गार तो आयगा ही।

प्र०—अजीर्ण की गोलियाँ भी तो मिलती हैं।

मां—जितना कर सकते हो उतना करो, तुम इससे ज्यादा मत करो।

प्र०—वह तो सब कोई करते हैं, कुछ होता नहीं है।

मां—जितना करोगे उतना होगा ही। बाबा, पढ़ना पड़ेगा। नहीं पढ़ोगे तो पास नहीं होओगे, जानते तो हो ही। तुम हमेशा हो देख रहे हो कि पहले तुम पढ़ते हो फिर तुम अपने कमाते हो और अपने ही खाते हो एवं जिनको अपना समझते हो उनको खिलाते हो, अतः अपने पढ़ो, अपने ज्ञानवान होओ, अपने प्रेम-भक्ति लाभ करो, ज्ञान भी अपना है एवं प्रेम भक्ति भी अपनी है तथा बोध भी अपना है। निरावरण प्रकाश के लिए अपने ही कोशिश करो, अपने को पाओगे दूसरे को नहीं। तुम में जितनी शक्ति है उतनी लगाओ बाकी अपने आप होता है। अपनी शक्ति फिजूल कामों में मत लगाओ, विफल को विफल कर दो। जो पाकर के आराम में रहा क्यों है? कहां है? क्या है? जगत् में भी तो हर वक्त खुशी नहीं है। जगत् का स्वभाव है एक तरफ आराम एवं एक तरफ व्याराम। जगत् परिवर्तनशील है, इसलिए इसमें कभी भी सुख-शान्ति नहीं होती है।

प्र०—जगत् में परिवर्तन कैसे हो रहा है?

मां—परिवर्तन बदलना तुम्हारा ही रूप है। बंधन में जो हैं वह जीव हैं। जहां गति है वह जगत् है। जीवरूप में एवं गतिरूप में कौन है? 'यत्र जीव तत्र शिव', क्या है तुम ही तो, तुम ही बदलने के रूप में रहे थे। जो कर आये वह भोग रहे हो।

अब जिस वस्तु की चाह है उसके लिए भी कुछ करो। भाग्य करने वाला, भाग्य बनाने वाला और भोग ये एक ही हैं—खुद ही हैं। तुम जो हो खुद प्रकाश के लिए क्रिया करो। जो क्रिया तुम कर रहे हो इसके भोग से अतीत नहीं जाओगे।

प्र०—तुम खुद हो यह बात समझ गये।

मां—समझने से नहीं होगा। समझ तथा बेसमझ से पार जाना पड़ेगा।

प्र०—आप कौन हैं? अपनी शक्ति लगा दो।

मां—अन्नपूर्णा के पास बैठो हो; जरूर कुछ कर रहे हो।

प्र०—ज्यादा करा दो माँ।

मां—तुमको कुछ नहीं करना है? वे ही सब कर दें यह बुद्धि ठीक नहीं है। तुम्हारे लिए तुम्हारी स्त्री खाना बना देती है, तुम आराम से खा लेते हो। आराम की अपेक्षा करते करते ऐसा अभ्यास हो गया है। आलसी होने की कोशिश क्यों करते हो। आलस्य तुम्हारे लिए विघ्न है।

माँ को खोकर माँ को पाया

गोपाल

(गताङ्क से आगे)

तीन

मां,

तेरी पूजा में हम कितना करते हैं आडम्बर,
श्लोक पाठ औ धूप दीप की आरती शङ्ख बजाकर।
जो चखने की इच्छा होती, रसना की जिससे हो तुष्टि,
थाल उसी अनुकूल सजा कर चाहें तेरी दृष्टि॥
बस केवल मौखिक स्तुति कर, चाहें तुझे मनाना,
भोग-थाल से होता लेकिन मुश्किल चित्त हटाना।
तेरी इच्छा मैं क्या जानूँ, क्यों भेजा मुझको इस भू पर!
मेरी इच्छा केवल इतनी, दया रहे बस मेरे ऊपर॥

अनेक वर्षों पूर्व के दैनिक जीवन की एक कौतुकपूर्ण घटना है। जीवन आर्थिक चिंताओं से पूर्ण था। किसी ने शायद समझा दिया था कि प्रत्येक बृहस्पतिवार को लक्ष्मीदेवी की पूजा करने से वह प्रसन्न हो सकती हैं।

अनुमति मांगी। मेरी तो सदा से ही विकृत बुद्धि है। जो भगवान् खुशामद चाहते हैं वह और सबके भगवान् हो सकते हैं मेरे नहीं। मेरे भगवान् न्यायदर्शी हैं। उनका निर्णय पूर्ण संतुलित होता है। वह निर्गुणाय गुणात्मने' हैं। मेरा जितना प्राप्य है वह झे मिलेगा ही चाहे सुख से चाहे दुःख से। मां की जतनी ही योग्य संतान बन सकूंगा उतना ही मां के नेह का अधिकारी हो सकूंगा। मां का गुणगान र के, मां की कथा कह कर मैं धन्य होना नहीं चाहता। मेरे जीवन में मां की इच्छा परिपूर्ण हो जाय तभी धन्य होऊँगा। फिर भी किसी के विश्वास को आघात पहुंचाने का अधिकार तो मुझे नहीं है।

प्रत्येक बृहस्पतिवार को घट स्थापित करके लक्ष्मीजी की पूजा होने लगी। पूड़ी, सन्देश और खीर का भोग लगता। सब कुछ अपने ही हाथों आनुष्ठानिक भाव से करती। रञ्चमात्र भी त्रुटि रह न जाय इसकी प्राणपण से चेष्टा होती।

एक बृहस्पतिवार की रात को लेटा था। मेरी छोटी लड़की कह उठी "मां, रोज रोज बृहस्पतिवार होता तो बड़ा मजा आता।" दूसरे एक बृहस्पतिवार को सुना—"मां भी कैसी हैं। जरा जल्दी पूजा नहीं निपटा लेतीं। पूड़ी की गन्ध से कितनी भूख लग आती है।"

"देखो अबसे देवार्पित भोग घर का कोई भी नहीं खायगा। इसे दरिद्रनारायण की सेवा में अर्पित करना होगा। जिन्होंने जीवन में कभी इन सब का स्वाद भी नहीं पाया है उनमें यह प्रसाद अपने हाथों बांटना पड़ेगा। उनकी तृप्ति ही भगवान् की तृप्ति है।"

कुछ दिन बाद कठिन पीड़ा के कारण शैय्या पर पड़ जाना पड़ा। लक्ष्मीदेवी का भोग बताशों में बदल गया। मुझे तब भी कोई दुःख न था। जो इस सबकी आयोजिका थी उसी के मुख से सुना "सचमुच जी, यह बड़ा अनुचित हो रहा था। देवता के भोग में लोभ! न जाने कितना पाप अपनी सन्तान पर पड़ता।"

क्यों मां इतनी पीड़ा देतीं ?
पीड़ा देकर क्या हो पाती ?
मां हो न ! पीड़ा देकर, जाने कितनी
पीड़ा स्वयं उठातीं ।
मुझे सम्मिलित करलो उस पीड़ा में ।
व्यथा-अश्रु तो पोछ सकूं ऐसा मुझे बनातीं ।

चिकित्सा के सिलसिले में उस समय के परगना हाकिम से परिचय हुआ था। वातों वातों में उन्होंने कहा "मेरा एक अत्यन्त बूढ़ा चपरासी है। पेन्शन की उम्र पार कर गया है, किन्तु उसकी पेन्शन कर देने को हृदय नहीं चाहता। सुनता हूँ, कुछ ही दिनों के भीतर उसका सर्वनाश हो गया है। उसके परिवार के सब प्राणी मर गए हैं। केवल एक वचा सा नाती वचा है। वह भी चलाचली पर है। जरा देखियेगा।"

संध्या को वृद्ध चपरासी के साथ उसके नाती को देखने गया। बस्ती में फूस का घर, मिट्टी की दीवाल, वह भी चिकित्सा का व्यय चुकाने में रेहन पड़ा हुआ। कोने में मिट्टी के तेल की ढिवरी टिमटिमा रही थी। बांस की चारपाई पर सैकड़ों छेदों से भरी एक दरी पर २-२॥ वर्ष का एक कङ्काल-प्राय शिशु पड़ा था। चारपाई के धंस जाने के भय से उस पर वैठने का साहस नहीं हुआ। खड़े खड़े ही देखना पड़ा।

राजयक्ष्मा था। अपनी अंतिम अवस्था पर। इस अभागे रोग में ही घर के सारे प्राणी चले गए थे। यह भी बुझने बुझने को था। असाध्य रोग उसपर भी अंतिम अवस्था। उन दिनों इस रोग की कोई दवा थी ही नहीं, विशेष कर वच्चों के इस रोग की। वड़ा लाचार था। तव भी मन को सन्तोष देनेवाली बातें करनी पड़ीं।

"दवा हम अस्पताल से ला देंगे, तुम खाली वच्चे को दूध पिलाओ। वकरी का हो तो और अच्छा है।"

कुछ दिन चला। बीच बीच में देखने या दवा दे जाता था। कहने को कुछ था ही क्या, वेटा दूध पि हो न ?

जेठ की लू प्रचण्ड वेग से चल रही थी। अस्पता से लौटते हुए दवा की शीशी हाथ में लिए हुए पहुँचा रात को वरामदे में सोने को कहा था। वावा भोर काम पर गया था पोता वाहर वरामदे में पड़ा थ ज्वर से शरीर तप रहा था, उस पर से लू। झट बच्चे को गोद में लेकर चारपाई खींच कर भीतर गया। बदन जरा पोंछ दिया।

"हां वेटा, दूध पिये हो न ?"

"डाक्टर साहव, हमारा वावा वड़ा झूठा है। अ मैंने पकड़ लिया, मैदा पानी में घोल कर कहता है दूध

मैं पत्थर हो गया।

दादा किस दुःख से वंश के अंतिम बुझते चिराग को मैदा घोल कर दूध कह कर पिला रहा सोच कर भी नेत्रों का जल रोकना कठिन हो गया।

घर लौट कर कहा "सुनती हो, आज से दूध पीऊंगा। सारी घटना कह सुनाई।

"तुम्हें दूध बहुत पसंद है, दूध पीना मत छो इन बच्चों को दूध पिलाने का जिम्मा मेरा। सिर्फ को नहीं, वल्कि प्रतिज्ञा करती हूँ कि प्रतिदिन साध्य जितने बच्चों को पिला सकूँगी दूध पिलाऊंगी।

"सिर्फ इतने से ही नहीं होगा। कहो, मकान वनवाऊंगी, जमा-जत्था नहीं करूंगी, गहना साड़ी वनवाऊगी, कोई फिजूलखर्ची नहीं करूंगी, न कर न करने दूंगी। जितना कर सकूंगी सिर्फ मा एवं दुःखी बच्चों को दूध पिलाऊंगी।"

"तुम्हारी इच्छा यथासाध्य पूरी करूंगी, इसमें नहीं पड़ेगा।"

"तुम्हारी पूजा के भोग में केवल दूध रहेगा और वह प्रसाद वितरित करना।"

हां जी हां, यही होगा, अब कपड़ा-वपड़ा उतारो ; भोजन करो।"

उसने अपने वचन के विरुद्ध कभी नहीं किया। जीवन के अन्तिम दिनों तक वही कर गईं।

माँ,

पूजा मुझको नहीं सिखायी,
कैसे पूजा करूं तुम्हारी
और नहीं जानूं कुछ, बस मैं
हूँ तव चरण पुजारी ।
मुझे जगत में भेजा था क्यों ?
पूरा कर लेना उद्देश ।
कैसे, किसकी पूजा करनी होगी,
दे देना उपदेश ॥

हम दोनों माँ के चरणों के निकट बैठे हैं। स्थान है, आनन्द काशी। नीचे स्वच्छतोया गंगा। सहसा मां गा उठी,

"गोपाल, गोपाल, ब्रह्म गोपाल"

स्वर्गीय स्वरलहरी ने हवा के झोंके की तरह बुद्धि का द्वार खोल दिया। मूर्ख का अज्ञानान्धकार एक क्षण में ही आलोकित हो गया। मां ने तो मेरे ही प्रश्न का उत्तर दिया "कैसे, किसकी, पूजा करनी होगी ? दे देना उपदेश।"

बाल गोपाल रे बाल गोपाल ! तू जातिभेद नहीं मानता। बाल गोपाल की कोई जाति नहीं है। एक महीने के शिशु को कोई देखकर यह नहीं कह सकता कि वह ब्राह्मण है या चमार ; हिन्दू है या मुसलमान, इसाई है या बौद्ध। बाल गोपाल का कोई धर्म नहीं होता। बाल गोपाल को भेदाभेद का ज्ञान नहीं होता। बाल गोपाल गरीब अमीर नहीं जानता। बाल गोपाल की भाषा में कलह नहीं है। वह पहचानता है, जानता है केवल—माँ को। बाल गोपाल षड्रिपुओं के प्रभाव से मुक्त रहता है। काम नहीं है सिर्फ माँ है। अपने पराये का भेद नहीं है, वह समदर्शी है। बाल गोपाल केवल रोना जानता है। माँ को पाते ही बस चुप। बाल गोपाल को नग्नावस्था में ही आनन्द है, कोई आवश्यकता नहीं।

घर जाकर कहा "अजी सब प्रश्नों का समाधान हो गया। हम लोग बाल गोपाल पूजेंगे—भोग होगा दूध।" दूध से पवित्र और कुछ नहीं है। दूध माता के वक्ष में संचित अमृत है। पूर्णाङ्ग खाद्य है। निरामिष है—आमिष नहीं। निरोग, रोगी, भोगी का खाद्य है। सर्वकाल, सर्वदेश के मानव शिशुओं के जीवन-प्रवाह का संजीवन अमृत है। दूध से श्रेष्ठ भोग नहीं है।

माँ के चरणों में अपने काम्य स्वप्न की कथा निवेदित की।

माँ की उसी करुणाविगलित, स्नेहविच्छुरित आशीष धारा में स्नान करके पवित्र हो गया।

काशी लौट आया।

दुर्गाजी मन्दिर के पास से गुजर रहे थे "अच्छा जी, हमारी माँ आनन्दमयी और यह दुर्गा माता एक ही हैं न ?"

"माँ की करुणा प्राप्त करो, देखोगे कि सब एक हैं।"

"आनन्दमयी की करुणा पाऊँगी क्या ?"

"मिला, मिला। संस्था का नाम खोज रहा था न ? माँ ने तुम्हारे मुख से कहला दिया "आनन्दमयी करुणा।"

"वाह कैसा सुन्दर नाम है। यही नाम रहेगा।" दोनों प्राणी यह नाम जपते जपते लौटे।

माँ,
तुम अचिन्त्य हो तुम अव्यक्त हो।
सुनकर भी है प्यार किया।
सीमाहीन, अनन्त व्योम ने
तव प्रकाश का ज्ञान दिया।
रूप, गन्ध, रस, वर्ण, भजन में,
तेरा करता था सन्धान।
सृष्टि तुम्हारी ही लीला भू,
चिराराध्य है तुम्हें प्रणाम।

× × ×

माँ,
तुमने कहा था
काम है महापाप,
काम बने प्रेम।
तुमने कहा था
क्रोध है अभिशाप,
क्रोध बने क्षेम।
तुमने कहा था
लोभ है असंयम,
लोभ शेष हो दान से,
तुमने कहा था
मोह अन्धतम,
मोह दूर हो ज्ञान से।
तुमने कहा था
दम्भ सर्वनाश करता,
दम्भ धूल में मिले।
तुमने कहा था
अहं तामस भाव भरता,
अहं पर सेवा को विजय मिले।
तुमने कहा था
मिथ्या मृत्यु सम,
मिथ्या हो सत्य वाणी।
तुमने कहा था
हिंसा अधोतम,
हिंसा हो स्नेह कहानी,
तुमने कहा था
हरि, हर, राम
को करना नमन,
तुमने कहा था
हम गोपाल,
सब जीवों में नारायण।
तुमने कहा था
वह है दीनदयाल,
सब जीवों पर सदा कृपाल,
तुमने कहा था
मत विसरा नर नाम,
हरि करते व्यथा हरण।
तुमने कहा था
करना उनका ध्यान,
चरणों में लेना शरण।
तुमने कहा था
तू बेटा मैं तेरी माता।
इसका आर न पार
यह तो शाश्वत नाता।
तुमने कहा था
तभी तो अपनी चिन्ता,
तेरे चरणों में सौंप मैं निश्चिन्त हो

× × ×

माँ,

कुछ दूर खड़ा तेरा मुखड़ा
सब के पीछे से निरखूँगा।
तव रूप-सुधा मे मिटे क्षुधा
बस और न कुछ मागूँगा।
विना पमारे, हाथ हमारे
तूने कितना दान दिया।
दी भक्ति चरण में लिया शरण में
मुझको कितना ज्ञान दिया।
पर लोभी मन चाहे हर क्षण
धन, जन, सुख, यश, मान।
जान बूझकर स्वार्थ दुःखकर
कितना यह नादान।
सुख दुख जाल मेरे भाल
जो हो सह लेने देना।
कृपा याचना पड़े न करना
पालन मेरा कर लेना।
सेवा जन की नारायण की
मैं तो तुझसे लूगा मांग।
चरण पाद में निर्विवाद मैं
दूंगा, तू मुझसे कुछ मांग।

चार

एक दिन रोगियों की सेवा करते-करते थक कर उठने को ही था कि तीन-चार गेरुआ-वस्त्र-धारी संन्यासी आ पहुँचे। उनमें से एक मेरे पूर्वपरिचित थे।

"डाक्टर साहब, एक साधू महात्माजी अस्वस्थ हैं। आज कुछ दिनों से शरीर विकल है। महात्माजी बहुत वर्षों से अपना कमरा छोड़कर बाहर नहीं आते। किसी से मिलते भी नहीं। महान् पण्डित हैं। कृपया एक बार देखिएगा। कष्ट तो आपको जरूर होगा। महात्माजी ललिताघाट पर रहते हैं।"

"शाम को पाँच बजे आ जाइयेगा साथ ही चलूँगा।"

ठीक ललिताघाट के ऊपर। मालूम पड़ा कोई मन्दिर है। पास ही तितल्ले पर छत। खूब बड़ी छत। समस्त काशी और गंगा दृश्यमान थीं। तितल्ले छत पर एक छोटा सा कमरा। छत की ओर कोई जंगला नहीं था। सिर्फ एक दरवाजा था वह भी भीतर से बन्द था। साथी संन्यासी ने चिल्लाकर कहा, "महाराज, डाक्टर साहब को ले आया हूँ।" भीतर से चिटकनी खुल गई। देखा, सामने गौरवर्ण के एक सत्पुरुष खड़े थे। छोटा सा एक गेरुआ वस्त्र पहने थे। स्मित हास्य से कहा "आइये।"

भीतर गया। कमरा खूब साफ सुथरा था। एक ओर पुस्तकों और पोथियों का ढेर। दूसरी ओर एक कम्बल का आसन और एक व्यक्ति के सोने लायक छोटी सी एक चौकी। चौकी पर एक चटाई। जान पड़ता था कश्मीरी हैं और अवस्था चालीस से अधिक नहीं। पीछे मालूम हुआ, मेरा अनुमान ठीक था।

"आज कुछ दिन से तबीयत ठीक नहीं है। पेट के दाहिनी तरफ ऊपर के हिस्से में दर्द है, कुछ खाने से और वृद्धि होती है। शरीर में ज्वरांश का बोध होता है। भोजन को रुचि नहीं है। लघुशंका अशुद्ध है।"

खैर, बाबाजी की अच्छी तरह परीक्षा की। आमाशयजनित यकृत् की गड़बड़ी थी। बतलाया।

"हाँ, बीच बीच में आमरक्तका प्रकोप हो जाता है।"

"इतना रोग को बढ़ने क्यों दिया किसी को दिखाया क्यों नहीं?"

क्या करूँ, माँ से पूछा, माँ ने कहा अभी चलने दो। तब फिर जब बहुत कष्ट हुआ तब माँ ने कहा डाक्टर

को बुलाकर दिखाओ। तब मैंने अपने मित्र इन्हीं महाराज से कहा।"

"ठीक है दवा का प्रबन्ध कर देता हूँ। कुछ दिन भोजन इत्यादि की कठिनाई करनी पड़ेगी।"

"आप अच्छे फँसे हो डाक्टर। दक्षिणा तो मिलेगी ही नहीं ऊपर से दवाई का भी खर्चा करना पड़ेगा।"

"अच्छा उसके लिए आप चिन्ता मत करो। आपके भोजन का क्या-क्या प्रबन्ध है? मैं सुनना चाहता हूँ, क्योंकि उसमें बहुत संयम करना पड़ेगा।"

"डाक्टर साहब, मैं बहुत वर्षों से नीमक और मीठा नहीं खाता हूँ। काफी दिन हो गए कि अन्न भी नहीं खाया। दिन में एक ही बार भोजन करता हूं। दोपहर को तरकारी की सट्टी उठ जाने पर जो कुछ शाक पात जमीन पर पड़ा रहता है, हमारा एक आदमी वहां सब बटोर के ले आता है, वही सब पानी में उबाल कर दोपहर को भोजन होता है। और रात को एक दवा जी कुछ दूध हमारे लिए भेज देती हैं वही पीता हूं। और जो संयम कहिये करने के लिए मैं तैयार हूँ।"

समझ गया बाबाज़ी के यकृत् में विकार क्यों है। शायद अधपका अखाद्य शाक-पात खाने से ही रोग उत्पन्न हुआ है। दवा चुनने की समस्या तो कुछ सरल हुई परन्तु पथ्य चुनने की समस्या अधिक जटिल हो गई। विचार किया कि यकृत् के रोग के साथ निश्चय ही खाद्य प्रोटीन, विटामिन की अत्यन्त कमी है। तब ग्लूकोज ही यकृत् का शक्तिरक्षक है।

रोजाना सेव और मुसम्मी का रस दो दफे लेना पड़ेगा, कम से कम पाव पाव भर दूध। दूध का परिमाण बढ़ाना पड़ेगा। मट्ठे में नीबू निचोड़ कर पीजिए तो और अच्छा है। दो एक रोज ऐसे ही चलने दीजिए तब फिर विचार किया जायगा।"

स्वामीजी को साथ ले आया, दवा की पुड़िया दे और फल का प्रबन्ध कर दिया।

शाम को कमरे में मां के निकट। "मां, आज एक अद्‌भुत जीव देख आया।"

मां सहसा व्यथित कण्ठ से बोल उठीं, "पिताजी, इस तरह मत बोलो—अश्रद्धा से मत बोलो, अपने शब्द वापस ले लो।"

"वाह रे मैं किसकी बात कह रहा हूँ, तुम क्या जानो? मैंने किसी का नाम तो लिया नहीं।"

"जानती हूं, जानती हूँ, तुम शंकर भारती बाबा को देखने गये थे। अपने शब्द वापस लो।"

"अच्छा भाई वापस लेता हूँ। इसी बीच न जाने कौन तुमसे आ कर कह गया? अच्छा, मेरी एक समस का तो समाधान कर दो। जो न नमक खाय, न मीठ खाय, न अन्न खाय, उसे क्या खिलाऊँ?"

"क्यों, छेना!"

सच तो, छेना का तो एकबार भी स्मरण नहीं आया। दूसरे ही क्षण सोचा कि उन्हें छेना बनाकर देगा कौन। बाजार का खायेंगे नहीं। बंगाली को छोड़कर बढ़िय छेना बनाना भी कोई नहीं जानता।

"पिताजी, क्या सोच रहे हो?"

"सोच रहे हो कहती हो, उसे छेना बनाकर देग कौन?"

"पिताजी, तुम तो दो दिनों बाद जाओगे! त ठीक है, इसी आश्रम से रोज छेना भेजा जायगा, हां यदि वह खाय, फिर यहां से भेजा हुआ खाय।"

"ठीक है मां, परसों जाऊंगा तो पूछूँगा। अच्छ मां, तुमने क्या उन्हें देखा है?"

"नहीं पिताजी, देखा नहीं है। फिर भी सुना कि वह अगाध पण्डित हैं, उच्च कोटि के संन्यासी हैं।

"तुमसे मुलाकात हुई है ?"

"नहीं, मुलाकात नहीं हुई। दो बार इस शरीर के जाने की चर्चा उठी थी, पर घटनाचक्र से जाना नहीं हो सका।"

उसके दूसरे ही दिन शाम को स्वामीजी के पास गया। दरवाजा बन्द था। आवाज दी। डाक्टर सुनते ही दरवाजा खुल गया।

"आपके तो कल आने की बात थी।"

"हाँ महाराज, ऐसा ही था। परन्तु कुछ परिस्थिति ऐसी हुई कि आज ही आना पड़ा। "अच्छा माता आनन्दमयी का नाम तो आपने सुना ही होगा।"

"खूब सुना है, परन्तु दर्शनका सौभाग्य नहीं हुआ।"

"क्यों माँ के पास जाने में हरज क्या था ?"

"डाक्टर साहब; नाराज मत होना। हमारी भी आनन्दमयी माँ के ऊपर ऐसी ही भक्ति, श्रद्धा है जैसी तुम्हारी है। परन्तु मैं क्या करूँ ? अपनी आनन्दमयी माँ से मिलने के बारे में माँ से पूछा, परन्तु माँ ने कहा अभी समय नहीं हुआ। तो मैं क्या करता ?"

"कुछ समझ में नहीं आया। क्यों आपकी माँ ने मना किया ? मैं आपकी माँ से मिलना चाहता हूँ। बहुत पर्दा तो नहीं है ? मैं पूछूँगा क्या हमारी माँ से मिलने में आपत्ति की ?"

"पर्दा तो रखती हैं। अपने मर्जी माफिक पर्दा हटाती हैं, आपसे करेंगी या नहीं यह तो मैं नहीं जानता तब भी चलिए।"

घर के पीछे की ओर एक सीढ़ी नीचे उतर गई थी। मुझे लिवा कर आगे चले। नीचे एक छोटा कमरा था। दीवाल में माँ जगदम्बा की मूर्ति उत्कीर्ण थी। मूर्ति दिखाकर कहा "यही हमारी माँ हैं। हम ऊपर जाते हैं आप बात चीत करिये।"

बेवकूफों की तरह खड़ा रहा। अश्रद्धा नहीं किया। सुना है, भगवान् परमहंस भी इसी तरह की बातें करते थे। तब भी, यह भारतीजी के मन का भ्रम भी तो हो सकता है। अशरीरी से बातें करना तो उन्माद रोग का लक्षण प्रायः ही देखा जाता है। भ्रान्त चित्त से ऊपर आया।

"वह माताजी आपसे बात चीत करती हैं ?

"हाँ जी रोज ही। कभी कभी तो अचानक इसी कमरे में आ जाती हैं। इसी कारण से तो दरवाजा बन्द रखता हूं। बड़ी ही मौजी हैं। मौज का कुछ भी तो पता चले ? उनसे बिना पूछे मैं कुछ करता नहीं हूँ। आपको जो बुलाया वह भी माताजी से पूछ कर। आनन्दमयी माता को मेरा सहस्र कोटि प्रणाम दीजिएगा, और कहियेगा कि जिस रोज हमारी माँ ने कहा कि समय हो गया उसी रोज मैं स्वयं आ के माताजी का दर्शन करूँगा।"

"अच्छा माताजी के यहाँ से आपके लिए छेना और फल इत्यादि, माताजी की इच्छा से, भिजवा दिया जाय तो लीजियेगा न ?"

"मैं तो माताजी का बालक हूँ, इसमें पूछना ही क्या है।"

उसी दिन से आजतक माताजी के यहां से नियमित रूप से स्वामीजी का भोजन जाता है।

उस समय वर्षा का आरम्भ था। आकाश मेघाछन्न ही रहता था। कभी बरसता कभी नहीं बरसता। आश्रम में शायद कोई उत्सव चल रहा था। बरस पड़ने वाले मेघ छाए रहते। आश्रम में कीर्तन और नाम गायन का समारोह चल रहा था। सहसा एक दिन सुना, दोपहर को शंकरभारती जी आश्रम में आए, मातृ-दर्शन के लिए।

सुनकर आनन्द तो हुआ ही कुछ क्षोभ भी हुआ। स्वामीजी जानते ही थे कि वह मां का दर्शन करेंगे और मुझे इस बात का कितना आग्रह था। जरा मुझे सूचित करके नहीं जा सकते थे। स्वामीजी के मातृ-दर्शन के समय मैं भी उपस्थित रहता। शंकित चित्त से पुनः स्वामीजी के पास गया। शिकायत की।

"मैं क्या करूँ डाक्टर साहब। आज सवेरे एकाएक हमारी मां ने कहा—जाओ आज ही आनन्दमयी माताजी का दर्शन कर आओ। आज लग्न मुहूर्त अच्छा है। वह तो हमारा ही अंश है। मैंने कहा मैं कैसे आऊँ? मैं कभी घर से बाहर नहीं निकला। कोई रास्ता नहीं जानता। कहां आनंदमयी रहती हैं सो भी नहीं जानता। किस से पूछूँ किसी को जानता भी तो नहीं हूँ। और पानी बरसेगा तो मैं क्या करूँगा? मां ने कहा तू मां का नाम जपते जपते चलते रहना पानी नहीं बरसेगा। जहां कीर्तन की आवाज़ सुनना वहीं खड़े हो जाना। सामने देखोगे मां।"

समझ गया कि एक जगत् ऐसा है जहां का का कलाप हमारी समझ के बाहर ही क्या दुर्ज्ञेय भी है।

माँ, मेरी माँ,
नहीं चाहता परिचय तेरा
तुम ही दानव दलिनी? महिषमार्दिनी?
परमेश्वरी? जननी? जगद्धात्री?
सर्वदेव देवी? तुम तेजमयी
तुम महाशक्ति? अभया? भवानी?
सर्वमंगला? तुम मां कल्यानी?
तुम आधाशक्ति? विश्वजननी
हरमनोरमा? कैलास चन्द्रना
अन्नपूर्णा तुम? तुम ईशानी
तुम मेरी मां बस इतना ज्ञान
स्नेह धार बरसाना मुझपर
देना पदपंकज में स्थान।

ॐ

अनुकम्पा-धारा

श्रीचरणकमलाश्रिता

अल्मोड़े में माँ का जन्मोत्सव

(५)

इस वर्ष १९५४ में माँ का जन्मोत्सव अल्मोड़े के आश्रम में हुआ। अल्मोड़े का आश्रम भी सुन्दर शांत एकांत स्थान में है। सदा की भांति बड़े धूमधाम से उत्सव चला। इस बार एक विशेष बात यह थी कि इस उत्सव के बीच विविध प्रकार के संस्कार तथा अखण्ड-पाठादि हुए। अन्नप्राशन, उपनयन, विवाह की 'सिल्वर जुबली', श्राद्ध, संन्यास आदि अनेक संस्कार हुए। श्रीरामायणजी का सम्पुटसहित २४ घण्टे के लगभग अखण्ड पाठ तथा श्रीमद्भागवत का २४ घण्टे से कुछ अधिक अखण्ड मूलपाठ हुआ। जिन पण्डितजी ने श्रीमद्भागवत-पाठ किया, वे वैसे तो १०८ बार श्रीमद्भागवत का पाठ कर चुके थे; परन्तु इस बार उनकी इच्छा हुई कि एकासन से माँ के सामने श्रीमद्भागवत का अखण्ड मूलपाठ करें। रात में उनको जब नींद आने लगती थी, तो जो लोग जापक व धारक बैठे थे वे माँ के आदेशानुसार घण्टी बजा देते थे, जिसमें पाठ खण्डित न होने पावे। यह भागवत-पाठ भी देखने योग्य था।

पूर्णिमा की रात में स्त्रियों का अखण्ड कीर्तन तथा नाम-यज्ञ में पुरुषों का उदयास्त अखण्ड-कीर्तन बड़ा सुन्दर हुआ। नाम-यज्ञ में भक्त लोग जब घूम-घूम कर कीर्तन करते-करते उसी में तन्मय हो गए, तो माँ भी उनके बीच घुसकर एक हाथ उठा-उठाकर कीर्तन करने लगीं। माँ के साथ आनंद से उछल-उछलकर वे सब कीर्तन करने लगे।

पूर्णिमा की रात को इस बार स्त्रियों का अखण्ड कीर्तन बड़ा ही सुन्दर रहा। बहुत-सी पहाड़ी बहनें कीर्तन के लिए रात भर रुक गईं। कीर्तन बड़े हॉल में मां के सामने आरम्भ हुआ। पुरुषों को वहां आने की मनाही थी। कुछ स्त्रियां नाचीं भी। मां ने मुझे भी नाचने के लिए इशारा किया। ठीक से न आने पर भी उल्टा-सीधा नाची, मां की आज्ञा जो थी। १ बजे के लगभग मां चली गईं। हम सब समझे कि मां विश्राम के लिए गई और अब प्रातःकाल ही मां के दर्शन होंगे। कीर्तन चलता रहा। मैंने एक पहाड़ी बहिन से (जो बड़ी प्रसन्न-बदना थीं) नाचने के लिए कहा तथा अपनी एक साड़ी लाकर उन्हें पहनाने लगी। इतने में मैंने देखा एक स्त्री सुन्दर बनारसी साड़ी पहने, घूंघट काढ़े आई तथा मेरे सामने तनिक झुककर, अपने दोनों हाथों से घूंघट उठाकर मेरी ओर देखा। मुझे अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ तथा यह समझने में कुछ समय लगा कि मैं क्या देख रही हूँ। वह स्त्री और कोई नहीं, विश्वजननी मां ही श्रीराधा सजकर आई थीं। मां की उस समय की वह दृष्टि तथा वह दिव्यमूर्ति अभी तक मेरी आंखों के सामने है, पर वर्णन कैसे करूं? वही कहावत है कि आंखें जिन्होंने देखा, बोल नहीं सकतीं

सांसारिक सुख यथार्थ सुख नहीं है। क्योंकि इस सुख में भी दुःख है, साथ साथ में भी वह है एवं पहले और पीछे भी है। ईश्वरीय सुख ही वास्तविक सुख है। वही परम सुखद परमानन्द है, वह निरवच्छिन्न आनन्द है। उसमें अभाव का लेशमात्र भी नहीं रहता। यद्यपि सांसारिक सुख भी स्वरूपतः ब्रह्मानन्द से अतिरिक्त कोई वस्तु नहीं है तथापि वह भगवत्सुख के कण का कणमात्र है। ईश्वरीय सुखका स्वरूप य कि इस सुखकी प्राप्ति के साथ ही साथ अपनी प्र हो जाती है। अपनी प्राप्ति होने पर कुछ भी अवशिष्ट नहीं रहता। इसी लिए फिर अभाव जागता, दुःख पास में नहीं आता। वस्तुतः पूर्णत्वलाभ है। इसी लिए माँ ने उपदेश देते हुए है "थोड़ा लेकर सुखी मत होओ। पूर्ण हो पूर्णाङ्गीण होकर मुझे पाओ।" इसके द्वारा उ यही सूचित किया कि पूर्ण हुए बिना माँ को पाया जाता अर्थात् अपने को पाया नहीं जाता। क माँ भी निज स्वरूप से अभिन्न हैं।

मां को खोकर मां को पाया

—गोपाल—

(गतांक से आगे)

चार

माँ,
अज्ञानान्धकार में सुप्त, मग्न
था माया के मोहजाल में
भोग-व्यसन में, मन डूबा था
अहं-सलिल से पूर्ण ताल में
छिन्न हुए मेरी वीना के तार—
बीती थी बस आधी रात।
असह, अवह पीड़ा ने,
चेतना को किया सचेत,
देकर आघात।
विह्वल हो,
भूलुण्ठित हो,
देख रहा हूँ चारों ओर,
मिलेगा क्या,
सब सहने को धीरज,
दैन्य की ग्लानि मिटाने का उपचार।
किसी ने कहा—
रो मत
माँ आई, करने को प्यार—
तप्त, व्यथित को, धीरज देने
हर लेने को अश्रुभार।
विमल किरण फैलाकर आरति
शरद-ज्योत्सना करती
स्वागत गीत गूंजते नभ में
माँ जो उतरी धरती।
मातृचरण पर शेफाली ने
चाहा अर्घ्य चढ़ाना
श्यामल आसन दूर्वादल ने
धरती पर है ताना।
जीवन आया बाद मरण के
हृत होगा दैन्य, शोक।
मां आई आनन्दमयी,
करने को कृपा विस्तार
ले जायगा तम के पार
ज्ञान का शुभ्र आलोक।
शरण दो माँ
अभया,
भवानी,
अपने चरण में।

घटना छोटी किन्तु मर्मस्पर्शिनी और करुण है।

खबर आई, भारतधर्म महामण्डल के प्रतिष्ठाता श्रीमद् ज्ञानानन्द स्वामीजी बहुत बीमार हैं, एक बार देखने जाना होगा। गया।

शान्त, सौम्यमूर्ति। श्वेतकेशी वृद्ध, गौरवर्ण, नाटे कद के पुरुष। वेदनाकुण्ठित मुख। दो दिनों से पेशाब बन्द है। मूत्राशय आधे पेट तक फूला हुआ है। समझ गया कि प्रोस्टेट ग्रन्थि ने मूत्रनाली को बन्द कर दिया है। वय एक सौ पाँच वर्ष! निश्चय ही असह्य वेदना थी। मूत्राशय फटा चाहता था। अत्यन्त कष्टदायी मृत्यु—।

आपरेशन करना भी खतरनाक था फिर भी कष्ट निश्चय ही कम हो जायगा। सब समझाया। राजी हो गए। कहा, "मैं जानता हूँ तुम सर्जरी नहीं करते। खैर, जो चाहो करो पर तुम्हें मेरे पास बैठे रहना होगा।" आपरेशन हुआ; स्वामीजी के सर के पास हाथ पकड़े बैठा रहा। पेशाब हो गया, कष्ट कम हुआ। किन्तु नाड़ी की गति से मालूम पड़ता था कि शायद आपरेशन का धक्का संभाल कर उठ नहीं पावेंगे। तब भी उपाय में किसी प्रकार की त्रुटि न होने पावे इसकी चेष्टा में व्यस्त था।

तीन दिनों बाद—मालूम हो गया कि स्वामीजी के इस शरीर को बचाया नहीं जा सकता।

शाम को।

"बेटा, मैं तुम्हारा मुँह देख कर ही समझ गया हूँ कि जाने का समय हो गया है। तुम्हारी निष्ठापूर्ण सेवा से मैं मुग्ध हूँ। इसी लिए तुमसे कुछ मांगना चाहता हूँ—मांगूं ?"

मुँह से कोई उत्तर नहीं निकला। सम्मतिसूचक सर हिलाया।

"मेरी अन्तिम इच्छा एक बार माँ आनन्दमयी का दर्शन करने की है। तुम यह काम कर सकते हो। मैं जानता हूँ, तुम्हारे कहने से माँ आनन्दमयी निश्चय ही आकर मेरे अन्त समय में दर्शन दे जायँगी।"

मैं तुरन्त उठा। मोटर से दौड़ गया माँ के आश्रम। पहुँच कर सुना कि माँ मोटर पर कहीं बाहर निकल गई हैं। कहाँ गई हैं, कोई ठीक बता नहीं सका। हृदय बैठ गया। कारण, स्वामीजी रात काट सकेंगे या नहीं—सन्देह था। आश्रम में ही प्रतीक्षा करने लगा। प्रायः डेढ़ घंटे बाद माँ आईं।

मुझे देखते ही माँ ने हँस कर कहा, "पि
ज्ञानानन्द स्वामीजी को देख आई।"

माँ की ओर ताकता ही रह गया। बोल
फूटा। काफी देर बाद प्रकृतिस्थ हुआ। "माँ,
तुम ज्ञानानन्द स्वामीजी को जानती थीं,
देखा था ?"

"नहीं पिताजी, कभी देखा नहीं था। आज
प्रथम बार देखा है। हाँ नाम सुना था।"

"वह बीमार हैं, यह तुम जानती थीं ?"

"नहीं।"

"तब तुम आज सहसा गईं क्यों ?"

"उसी ओर से जा रही थी, सहसा ऐसा विचार
कि जाऊँ पिताजी को देख आऊँ। देख आई।"

माँ की बातचीत से पता चला कि माँ
विंध्याचल में थीं तथा स्वामीजी को देखने का
विंध्याचल में ही उठा। मालूम पड़ता है, जब स्वा
व्याकुल हो कर माँ के दर्शन की चर्चा कर रहे थे
माँ को उन्हें देखने की इच्छा हुई।

"और मैं तुम्हें उन्हीं बाबाजी के पास लिवा
लिए यहां आकर बैठा हूँ।"

कैसा हँसीं माँ! यह दुर्ज्ञेय हँसी समझ नहीं
इसी लिए बीच बीच में क्रोध आ जाता है।

लौट गया।

स्वामीजी के पास पहुँचते ही, दोनों हाथ
मुझे पकड़ कर मेरा माथा अपनी छाती पर उन्होंने
लिया। कैसा आदर, कितना आशीर्वाद!

निश्वास की गति से ही समझ गया: अब
समय नहीं है।

हृदय फाड़ कर रुलाई आने लगी। चाह
कह नहीं पाया—

"स्वामीजी, मैं तुम्हारे आदर, आशीर्वाद का अधिकारी नहीं हूँ। माँ स्वयं ही अपने पुत्र का रुदन सुनकर दर्शन दे गईं अंतिम यात्रा का अमूल्य पाथेय–"

अंतिम प्रणाम कर लौट आया।

लौट कर माँ को प्रणाम नहीं किया—रूठ गया। मेरी तारीफ़ मारी गई थी न।

माँ,
बिना सुनाए व्यथा हृदय की
तुम जब सब कुछ लेती जान
अपने मन के भाव
नहीं छिपाऊँगा
तुम अन्तर्यामी।
सूक्ष्म रूप से
हृदय जगत में
तुम रहती हो सदा सजग
संशय भागें दूर, सुनाना
ऐसी अभय वाणी।
तुम आद्याशक्ति
जगत जननी
माँ आनन्दमयी
करुणा की खान
तुम्हें प्रणाम
कल्याणी, करुणामयी
स्नेहमयी सन्तान को
सिखलाओ सेवा विधि,
अहंकार कर दूर जनों का
दो चरणों में स्थान।
मां,
तुमने मुझको प्रेम किया
अयाचित असीम करुणा
शत अपराध क्षमा कर
असह वेदना हरकर
दिया सांत्वना।
सोची तुमने मेरी बात
स्नेहसिंचित मधुमिष्ट स्वरों से,
मुझे पुकारा,
आकर मेरे हृदय द्वार।
मैं यदि दूर हटा,
फिर भी खींच लिया
शरण में।
कभी भूलकर तुमको,
बालू का प्रासाद बनाया
तोड़ उसी क्षण, मुझको
किया सचेतन।
जन्म जन्म की माँ तुम मेरी
मेरे मन को है विश्वास
अन्य न कोई मेरा,
अपने को अब सौंप चरण में
तेरे, मैं भी बैठा।

* * *

मातृ मुख सुधा वानी

श्री गोपाल ठाकुर कथित कहानी

एक तीर्थयात्री, मातृदर्शनाभिलाषी, श्री श्री हिंगुलेश्वरी की यात्रा कर रहा था। दिन डूबने पर घने जंगल में रास्ता भूल गया। निकट ही कोई कुटिया मालूम पड़ी। द्वार पर आकर आश्रय की प्रार्थना की।

एक साधक बाहर निकल आए, "आश्रय चाहते हैं? आइए।" आदरपूर्वक अभ्यागत अतिथि की परिचर्या की।

"कहां जा रहे हैं?"

"श्रीहिंगुलेश्वरी के पीठस्थान को।"

"क्यों?"

"माता का दर्शन करने।"

"केवल यदि मां के दर्शन की ही कामना है तो इतनी दूर कष्ट करके जाने की क्या आवश्यकता है? इस सन्तान पर हिंगुलेश्वरी माता की असीम कृपा है। रोज़ ही सवेरे जब कार्यवश बाहर जाता हूँ तभी मेरी हिंगुलेश्वरी माता स्वयं आकर आश्रम के सारे काम स्वयं अपने हाथ से कर जाती हैं। आप यहीं कल सवेरे माता का दर्शन पावेंगे।"

दूसरे दिन पौ फटते ही आश्रम के स्वामी अज्ञात कार्यवश घने जंगल में चले गए। मातृ-दर्शनाभिलाषी उत्सुकतापूर्वक मातृ-आगमन की प्रतीक्षा करने लगे।

कुछ देर बाद हल्का सा साधारण वस्त्र पहने एक पहाड़ी लड़की आई। बिना कुछ बोले स्वच्छन्दतापूर्वक आश्रम का सारा घरेलू काम करने लगी। बर्तन मांजना, कपड़ा कचारना, झाड़ू लगाना इत्यादि।

तीर्थयात्री निर्विवाक!

यह क्या हिंगुलेश्वरी मां हैं? मां का विश्वविमोहिनी रूप कहां है? मां का षट् ऐश्वर्य कहां है? यह क्या—

महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः। महामोहा च भवती महादेवी महासुरी? हैं।

नहीं, नहीं! इतनी सामान्य दासी, नीच जाति की लड़की को मैं मां कैसे पुकार सकता हूँ।

आभिजात्य के अहंकार की प्राचीर दुर्लंघ्य है। मां को पुकारा नहीं।

संध्या को—

"क्या बात है ऐसा मन मारे क्यों बैठे हैं?"

"माँ हिंगुलेश्वरी को तो देखा नहीं, देखा एक नीच जाति की स्त्री, दासी को।"

"अरे, वहीं तो हिंगुलेश्वरी माता थीं। आभिजात के अहंकार को छोड़ो, देखोगे वही हिंगुलेश्वरी माता है।

दूसरे दिन,

"तुम क्या हिंगुलेश्वरी माता हो?"

"वह कौन है जी? मैं तो साधारण मजदूर हूँ। मेरी सन्तानें मुझे केवल माँ पुकारती हैं। मूर्ख स्त्री हूँ, यह सब क्या कहते हो, समझती नहीं।"

यही तो! माँ तो स्वाहा हैं! माँ तो स्वधा हैं! माँ तो गायत्री हैं! यह निरक्षर, त्रिगुणधारिणी, बुद् और ज्ञान स्वरूपा कैसे हो सकती है?

"छलनामयी माँ के मोहावरण का भेद नहीं पाए? ऐकान्तिक भक्ति और अटल विश्वास चाहि भाई, तभी माँ का दर्शन पाओगे।"

"आज मैं नहीं छोड़ूगा। तुम माँ हो, चरण स्पर्श देना ही पड़ेगा।"

"छिः छिः। तुम कैसे मर्द हो। इस निर्जन वन परपुरुष हो कर एक अबला नारी का चरण छूने आ हो? यही क्या तुम्हारी साधना है?"

सच ही तो, यह मैं क्या कर रहा था—महापाप पतित होने जा रहा था। धिक्कार है मुझे सौ ब धिक्कार है।

"क्यों भाई, आज भी माँ को नहीं पहचान सके?"

अनुताप से दग्ध साधक के नेत्रों से जल की धा बह चली।

"तुम्हारी वृत्तियाँ अभी तक मरी नहीं हैं। इस लिए यह भाव है। पुरुष क्या? और पर पुरुष क्या माँ के निकट तो सभी शिशु हैं। काम की गन्ध नहीं है। माँ के निकट सन्तान को पुरुषत्व-ज्ञान अभिमान कहाँ है? मत छोड़ो उन चरणों को छोड़ो! शिशु की भाँति आँखों में जल भर कर

के चरणों को कस कर पकड़ लो—छोड़ो मत। तभी न माँ दर्शन देंगी, तभी न माँ गोद में लेंगी।"

चौथे दिन—

आज आभिजात्य का अहंकार नहीं है।
आज सन्देह की गुञ्जायश नहीं है।
आज सन्दिग्ध भक्ति नहीं है।
आज पुरुषत्व का बोध नहीं है।
आज है नम्र विनय की दृढ़ता।
आज है विश्वास का अचल हिमालय।
आज है भक्ति की एकाग्र निष्ठा।
आज है शिशु का वात्सल्यभाव,
मातृ-प्रेम सुधा।

"नहीं छोड़ूंगा माँ, नहीं छोड़ूंगा। ये चरण नहीं छोड़ूँगा। मुझे दर्शन देना ही पड़ेगा, मुझे शरण देनी ही पड़ेगा, मुझे गोद में लेना ही पड़ेगी।"

छलनामयी की छलना का कुहरा फट गया।

प्रकाशित हो गया—

सौम्यासौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी।
परा पराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी।
मानस का तम मिटा,
दिशाएँ हुईं प्रकाशित।
आत्मसमर्पण कर हुआ
पद धूल धूसरित।
मिटा आत्म अभिमान
अहं गया,
चरन धूल में मिला
काम भस्म हो गया
शरणागति से धन्य हुआ,
मातृ नयन की आभा ने,
हर ली वेदना सन्तति की।

पंचम दिन—

"क्यों भाई हिंगुलेश्वरी नहीं जाओगे?"

"नहीं। माँ को तो पाही गया हूँ। क्या सोच रहा था, जानते हो? इन्हीं चरणों में आजन्म अपने को विलीन कर दूँ। किन्तु ऐसा किया नहीं। मन में एक प्रश्न उठता है। तुम माँ को पाकर भी रोज जंगल में किस की साधना करने जाते हो? माँ को पाने पर भी और कुछ क्या पाने को बाकी रह जाता है? क्या मुझे बतलाओगे?"

माँ तो—

विसृष्टौ-सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने।
तथा संहतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये॥

"फिर भी सन्तान हूँ; स्नेहमयी माँ तो सन्तान के लिए दिन-रात व्यस्त रहती हैं। क्या सन्तान का कोई कर्त्तव्य नहीं? माँ की इच्छा पूर्ण करना ही तो श्रेष्ठ पूजा है। माँ को इतना ही पा लेना तो अन्तिम नहीं है; माँ को और अधिक पाना अभी बाकी है।"

माँ मेरी,
भ्रम मिटा
अब तुमको पहचाना।
अब न तुम्हारी शरण छोड़कर
मुझे न और स्थल जाना।
तुम हो पृथ्वी
सबका भार उठाए।
मारो जिसको, लेकर उसको
भी हो कण्ठ लगाए।
स्नेह हृदय से विगलित होकर,
गंगा सी बह जाए
हँसी तुम्हारी शुभ्र चाँदनी
धरती पर फैलाए।

सृष्टि, स्थिति, लय,
तुम्हारे शक्ति रूप की क्रीड़ा
दांए हाथ अभय वर तेरे
और, ध्वंस की लीला ।
शक्ति उत्स उमानन्द
शान्त सौम्य स्थिर
शक्तिमयी स्तब्ध छन्द
लज्जा नत शिर ।
महाव्योम में उड़ते
विखरे केश ।
तुम्हीं सृष्टि की आदि मूल
अब न करूँगा भूल ।

शक्ति का जागरण

(महामहोपाध्याय श्रीयुक्त गोपीनाथ कविराज एम० ए०, डी-लिट्)

मनुष्यजीवन का वास्तविक उद्देश्य क्या है? मनुष्यजीवन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है। मनुष्य का यथार्थ स्वरूप क्या है यह जान कर उस स्वरूप की प्राप्ति के लिए चेष्टा करना मनुष्य का कर्तव्य है। बहुत लोग सोचते हैं कि प्रकृति के बन्धन से मुक्त होकर चित्स्वरूप आत्मा के अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित होने पर ही मनुष्यजीवन का उद्देश्य सफल हुआ यह कहना बनता है। विवेकज्ञान के प्रभाव से मनुष्य जड़ से अर्थात् त्रिगुणात्मक प्रकृति से अपने को पृथक्रूप में पहचान सकता है। यह स्वरूप द्रष्टा का स्वरूप है। इस प्रकार अपने स्वरूप का साक्षात्कार होने पर कर्मबीज जल जाते हैं। इस अवस्था में शरीर नहीं रहता, अर्थात् देह का बोध स्पष्टरूप से नहीं रहता। केवल निष्क्रिय आत्मस्वरूपमात्र स्वप्रकाशरूप में विद्यमान रहता है। देह-बीज के जल जाने पर फिर नूतन शरीर ग्रहण करने की जरूरत नहीं होती। यह अवस्था साधारणतः विदेह-कैवल्य के नाम से पुकारी जाती है। इस स्थिति की प्राप्ति के अनन्तर जन्म-मृत्यु के प्रवाह से सदा के लिए छुटकारा प्राप्त हो जाता है।

दूसरे पक्ष का कहना है कि इस प्रकार की विदेह कैवल्यप्राप्ति मनुष्यजीवन का परम उद्देश्य नहीं हो सकता। इस पक्ष के समर्थक विद्वान् कहते हैं कि मनुष्य परमेश्वर-स्वभावविशिष्ट है। जीव वास्तव में शिव से अतिरिक्त दूसरा कोई नहीं है। इस मत के अनुसार मनुष्य जब तक अन्दर छिपी हुई भगवत्ता को जाग्रत् नहीं कर सकेगा तब तक उसके जीवन का उद्देश्य अपूर्ण ही रहेगा। 'भगवत्ता' माने अनन्त शक्तिसम्पन्न शिवत्व समझना चाहिये। शिव अर्थात् परमेश्वर ने लीलावश अपनी स्वतन्त्रता से अपने को संकुचित कर पशुभाव अर्थात् जीवभाव धारण किया है। उनका स्वभाव इस संकोच के कारण पशु-अवस्था में अत्यन्त संकुचित हो पड़ा है। इसीलिए उनका स्वभावसिद्ध षाड्गुण्य परिच्छिन्न हो पड़ा है। वे स्वरूप से सर्वज्ञ, सर्वकर्ता, विभु, नित्य और आप्तकाम होने पर भी इस संकोच के प्रभाव से अल्पज्ञ, अल्पकर्ता, परिच्छिन्न देह से परिमित और आयुविशिष्ट होने के कारण निर्दिष्ट काल के अधीन एवं भाँति भाँति की वासनाओं द्वारा कलङ्कित हैं। जीवावस्था में यही स्वाभाविक है। यद्यपि विदेह कैवल्य में यह सीमाबद्ध परिधि नहीं रहती तथापि अपरिच्छिन्न ज्ञानक्रियाशक्ति का उन्मेष भी नहीं हो सकता। अतएव इन सब दिव्य गुणों का पूर्णविकास न होने केवल कैवल्य-लाभ करने पर ही मनुष्य को पूर्णत्व-लाभ हुआ यह कहना नहीं बनता। पूर्णत्व-लाभ के लिए अपरिच्छिन्न शक्ति का नित्य संयोग रहना आवश्यक है। मूल में भगवत्-शक्ति के चित्-शक्ति और आनन्दशक्ति के रूप में रहने पर भी वस्तुतः इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति उस मूल अव्यक्त शक्ति के ही केवल अभिव्यक्त प्रकाशमात्र हैं। भगवान् की अनन्त शक्तियां चित् और आनन्द इच्छा, ज्ञान और क्रिया रूप में प्रधानतः विभक्त हैं। इनमें चित् और आनन्द उनके स्वरूप के अन्तर्गत

हैं एवं इच्छा, ज्ञान और क्रिया उनके स्वरूप से अभिन्न होने पर भी प्रमाता, प्रमेय के सम्बन्ध से इच्छादि रूप में नित्य समवेत होकर विराजमान है। मूल-शक्ति चित्-शक्ति ही है यह कहना व्यर्थ है।

यह चित्शक्ति मनुष्य-शरीर में सब की अपेक्षा अन्तरतम शक्ति के रूप में विराजमान है। आनन्द इस चित् का स्वाभिमुख विश्राममात्र है। स्वतन्त्रता वश चित् जैसे आनन्द रूप में परिणत होती है वैसे ही आनन्द बाहर को छलकने पर क्रमशः इच्छा, ज्ञान और सबके अन्त में क्रिया के रूप में परिणत होता है। जिसे हम लोग वर्णमातृका (Letters of alphabets) कहते हैं ये सभी पृथक् पृथक् भावों के शाब्दिक द्योतनामात्र हैं। तदनुसार 'अ' है अणूत्तर या चित्शक्ति, आ—आनन्दशक्ति, इ—इच्छा-शक्ति, उ—उन्मेष या ज्ञानशक्ति एवं ए, ऐ, ओ, औ—अस्फुट, स्फुट आदि विभिन्न क्रिया-शक्तियां हैं। क्रियाशक्ति के बाद फिर शक्ति का विस्तार नहीं होता। तब वह कुण्ठित होकर मध्यवर्ती सब शक्तियाँ लपेट कर समष्टिरूप में बिन्दु अवस्था को प्राप्त होती है एवं वह बिन्दु अणूत्तर चित्-शक्ति के साथ मिलता है। वस्तुतः यह शिव बिन्दु ही है इसमें सन्देह नहीं। वह बिन्दु अपने को विभक्त सा बना कर दो बिन्दुओं के रूप में प्रकट होता है। यही बिन्दु की विसर्गलीला है। इस विसर्गलीला में तत्त्व और भुवनों की सृष्टि होती है एवं शिवबिन्दु विसर्ग के प्रभाव से हकार तक फैल कर अहंभाव का विकास करता है। यहीपूर्ण अहन्ता है। इस अहं के प्रतियोगी रूप से इदं का विकास उस समय भी नहीं होता। इदं भाव ही विश्व का प्रतीक है। सर्वप्रथम स्वातन्त्र्य के प्रभाव से अहं से पृथक् न होकर भी पृथक् रूप से इदं प्रकट होता है। यही महा समष्टि सृष्टि का पूर्वाभास है। इदं का यह
रूप महाशून्य के भी परे परम शून्य के
मान लिया जा सकता है। महासमष्टि सृष्टि
समष्टि तथा समष्टि से व्यष्टि का उदय क्रमशः होता
भिन्न भिन्न स्तरों में विभक्त शून्य के आगे
प्राण, मन, इन्द्रिय और विषय क्रमशः सजे
हैं। इसके भीतर से सृष्टि की बहिर्मुख धारा बह रही
प्रकृति के सदृश परिणाम से विसदृश परिणाम का
ही विषय सृष्टि का हेतु है। यह जानना
इसका विस्तार यहां अनावश्यक है।

(२)

पहले जिस चित्-शक्ति या अणूत्तर की चर्चा
गई है अत्यन्त सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर वही
स्वरूप की आदिभूत कौलिकी शक्ति है। यह
शक्ति कुलकुण्डलिनी के नाम से प्रसिद्ध है।
विसर्गशक्ति का ही सूक्ष्मतम रूप है इसमें कोई
नहीं है। समग्र विश्व का स्फुरण इस शक्ति
होता है। सृष्टि के भेद, भेदाभेद और अभेद
तीन प्रकार हैं। भेदसृष्टि स्थूल है इसका
आणव विसर्ग है, भेदाभेद सृष्टि सूक्ष्म है
नाम शाक्तविसर्ग है एवं अभेद सृष्टि परम
सूक्ष्मातिसूक्ष्म है इसका नाम शाम्भव विसर्ग
इन तीनों में स्थूल विसर्ग संकुचित ज्ञानात्मक
का विसर्गमात्र है। जिस स्फुरण में
अवस्था जाग्रत् रहती है, उसमें प्रमाता, प्रमेय
समग्र विश्व ही सृष्टि के विषय रूप से प्रकट
है। सूक्ष्म विसर्ग को चित्त का संबोध कहते
इस अवस्था में चित्त अपने निष्कल स्वरूप में
समर्पण करने को उद्यत होता है। इस
अखण्ड प्रकाश में सम्पूर्ण चराचर की

रही है ऐसा प्रतीत होता है। यही शक्ति की अवस्था है। सूक्ष्मातिसूक्ष्म विसर्ग में चित्त नहीं रहता। वह आनन्दात्मक अभेद अवस्था है। इस अवस्था में चित्त विलीन हो जाता है। संवित् या चैतन्यमात्र विद्यमान रहता है।

यह विसर्ग शक्ति अखण्ड प्रकाश की परा शक्ति के नाम से प्रसिद्ध है। यह परप्रमाता के साथ अभिन्न रूप से विद्यमान रहती हैं। यदि अतिसूक्ष्म दृष्टि से देखा जाय तो यह इच्छा के रूप में वर्णित होने योग्य है। कामकलाविज्ञान में यही कामकला के रूप में गृहीत होती है। कामकला का स्वरूप तत्त्वसृष्टि की पूर्व अवस्था की बात है। यह इच्छा जब बाहर की ओर उन्मुख होती है तब इसे विसर्ग कहते हैं। इसका कारण क्षोभ है। क्षोभ की पूर्वावस्था 'अ' और परावस्था 'आ' है। 'अ' चित्-शक्ति और 'आ' आनन्द-शक्ति धीरे धीरे क्रिया तक विस्तार को प्राप्त होकर यह बाह्योलास क्रीड़ा करती हैं।

(३)

यह पराशक्ति 'अ' है इसकी चर्चा की जा चुकी है, इसी का दूसरा नाम सप्तदशी कला अमा है। यह नित्य उदित है, क्योंकि इसका तिरोधान कभी नहीं होता, यही अमृत कला है। यही अन्तःकरण आदि सोलह कलाओं का आप्यायन करती है। विसर्ग दो हैं। जो पर विसर्ग है वही आनन्द या 'आ' है और जो अपर विसर्ग है, वही 'ह' है। इन दो विसर्गों के स्वस्वरूपस्थ या आत्मभूत दो विन्दु हैं। इन दो बिन्दुओं की गति के द्वारा अर्थात् दो विन्दुओं के अवभासनपूर्वक प्रसृत होकर अमा कला उल्लसित होती है। अर्थात् 'अ' तत्तत् रूपों के अवभासन पूर्वक इच्छा पूर्वक बहिर्मुख प्रवाहित होता है। प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय इस अमा कला से अभिन्न हैं। तथापि अमा कला उन्हें तत्-तत् रूप से, भिन्न-भिन्न नियत प्रकाशरूप से प्रकाशित करती है।

यह अमा कला जब विसर्ग होती है अर्थात् जब यह बहिर्मुख नहीं रहती तब यह शक्ति कुण्डलिनी कही जाती है। सोये हुए सर्प के आकार की यह अपने में विश्रान्त परा संवित् है। विसर्ग के दोनों छोरों पर दो कुण्डलिनियां हैं। आदि छोर पर जो कुण्डलिनी है उसका नाम प्राणकुण्डलिनी है। क्योंकि बहिर्मुख में संवित् वहां पर प्राणरूप में ही प्रकाशित होती है। अन्तिम कोटि में जो कुण्डलिनी है उसका नाम परा कुण्डलिनी है। यह अपने में विश्रान्त परा संवित् है। यह अभ्यन्तरोन्मुख है। यह सप्तदशी कला शिव-व्योम, परब्रह्म अथवा शुद्धात्म स्थान के नाम से वर्णित है।

यदि संवित् के सिवा और कुछ नहीं रहता हो तो परा शक्ति किसकी सृष्टि या संहार करे यह ध्यानपूर्वक विचारने योग्य विषय है। हम जिस अवस्था की चर्चा कर रहे हैं वहां माया, प्रकृति आदि भिन्न उपादानों (उपकरणों) का कोई स्थान नहीं है। क्योंकि आत्मा अपने से सृष्टि करते हैं, अपने में ही करते हैं (क्योंकि देश, काल आदि उनसे भिन्न नहीं हैं) एवं अपने को ही स्रष्टव्य विषय के रूप में बाहर फेंकते हैं। जिस किसी प्रमाता या प्रमेय की सृष्टि क्यों न हो, वस्तुतः सभी निज स्वरूप से अभिन्न हैं, यह स्वतन्त्र पूर्ण चैतन्यशक्ति क्रमशः 'अ' से 'ह' तक स्फुरित होती है।

(४)

मनुष्य-देह में सुप्ताकार में यह कुण्डलिनीशक्ति विद्यमान रहती है। यह सुप्त शक्ति जागकर क्रम से ऊपर की ओर उठती है। इस क्रमिक उत्थान के समय मनुष्य के

विकास के विरोधी सब विकल्प ज्ञान शान्त हो जाते हैं। एक चक्र के बाद दूसरे चक्र के भेद का यही उद्देश्य है। कई एक चक्रों का भेद होने पर आत्मा का तृतीय नेत्र मलहीन होकर स्वच्छ और प्रसन्न रूप धारण करता है। विकल्पों की निवृत्ति होने से निर्विकल्प स्वरूप का दर्शन अपने आप सम्पन्न हो जाता है। अर्थात् तब ज्ञाननेत्र खुल जाता है और 'शिवोऽहम्' के रूप में आत्मस्वरूप का साक्षात्कार होता है।

शिवरूपी आत्मा ने जब सृष्टि के आदि में पशु का स्वांग धारण किया था तब मातृकाओं की सहायता से ही वह अपने स्वरूप का गोपन करने में समर्थ हुए थे। मातृकाएं स्वभावसिद्ध रूप में 'अ' से लेकर 'ह' तक उल्लसित होती हैं। इस उल्लास में कोई वैषम्य नहीं रहता, क्रम नहीं रहता एवं वेग की मन्दता या तीव्रता भी नहीं रहती। यही अहन्तारूपी महाशक्ति का प्रकाश हैं, जिसमें सब शक्तियों का समावेश रहता है। पशु स्वांग धारण करते समय यह उल्लास खण्ड और विषम रूप में रहता है। इसी से पशु में रहने वाली अनन्त प्रकार की प्रकृति का विकास होता है। ये सभी प्रकृतियां पशुप्रकृतियां हैं। पशुस्थल में शिवत्व छिप जाता है एवं स्वातन्त्र्य के बदले पारतन्त्र्य आ जाता है। वस्तुतः शिव निज शक्ति के द्वारा व्यामोहित होकर ही पशु का स्वांग धारण करते हैं एवं पशुत्वत्याग के साथ ही साथ शिवत्व का उन्मेष चमक उठता है। तन्त्र में लिखा है—

"शब्दराशिसमुत्थस्य शक्तिवर्गस्य भोग्यताम्।
कलाविलुप्तमिभवो गतः सन् स पशुः स्मृतः॥

इसका तात्पर्य यह है कि भिन्न-भिन्न रूप से स्फुरित होने वाला अकारादि निज अवयवसमूह ही कला कहा जाता है। आत्मा के ऐश्वर्य का तात्पर्य यह है कि उसमें सब वर्ण भीतर रहते हैं। पूर्वोक्त कला के प्रभाव विषम स्फुरण के कारण आत्मा का यह स्वाभाविक ऐ लुप्त हो जाता है। तब यह आत्मा दीनता को होता है एवं अपने स्वरूप से उत्पन्न शक्तियों के अ हो जाता है। पशु अवस्था में यही स्वाभाविक है।

कुण्डलिनी के जागने पर चित्शक्ति अपने सं रूप मात्र को प्रगट करती है। यह अतिप्रबल अ स्वरूप है। यही चिदग्नि कही जाती है। गुरु ईश्वर-कृपा, काल के परिपाक, पुरुषार्थ अथवा अ किसी कारण से यह शक्ति जाग सकती है। जागरण का हेतु प्राण और अपान शक्ति का सा स्थापन कहना चाहिये। प्राण और अपान से यहां विरुद्ध शक्तियां समझनी चाहिये। विरुद्ध शक्तियों साम्यभाव का नाम ही समान वायु की क्रिया की प्राप्ति है। उस समय सोई हुई कुलकुण्डलिनी उठती हैं एवं साधक के मन और प्राण इस जा कुण्डलिनीरूप अग्निशक्ति के साथ मिल कर एक हो हैं। इस सम्मिलित शक्ति से देहस्थित छहों चक्रों में प्रत्येक चक्र को अपने आयत्त करना पड़ता है। ये चक्र पञ्चभूत और चित्त के प्रतीक हैं। इन छह में क्रिया होने के माने हैं पञ्चभूतों का शोधन और उ साथ ही साथ चित्त का शोधन। पञ्चभूतों की शु होने पर उसके फलस्वरूप चित्त शुद्ध होता है चित्त विशुद्ध होने पर उसके फलस्वरूप पञ्चभूतों शुद्धि होती है। वास्तव में ये छह चक्र भौतिक चैत्य के विकल्प जाल के प्रसार क्षेत्र हैं। इन चक्रों जाग्रत् कुण्डलिनी रूप चैतन्य शक्ति से भरना चाहि सृष्टि के क्रम से बिन्दु, नाद और कला अर्थात् इन तीन स्तरों का परिचय प्राप्त हो जाता है। प्रत्येक दैहिक चक्र को यदि बाहरी दृष्टि से देखा जा

वह कमल के आकार का मालूम पड़ेगा। उसमें से कमल की पांखुड़ी के रूप में मातृका वर्ण किरणों के आकार में निकलते हैं। इसके बाद एक व्यापक प्रकाश ऊर्ध्वमुख रूप नाद का स्थान जाता है। सबके अन्त में कमल की कर्णिका में विन्दु के रूप में चक्रेश्वर और चक्रेश्वरी का आसन स्थित है। जाग्रत् चित्शक्ति देह से निकल कर प्रत्येक चक्र पर आक्रमण करती है। पहले मूलाधार चक्र पर यह आक्रमण होता हैं। इससे चक्रस्थ चार वर्ण उक्त चिदग्नि के प्रभाव से गल जाते हैं। प्रदक्षिण क्रम से धारा बहती है। यह धारा अपने प्रभाव से आगे आगे के चार वर्णों को जगा कर एवं अपने साथ मिला कर मध्य विन्दु की ओर शीघ्र अथवा मन्द वेग से अग्रसर होती है। मध्य विन्दु में प्रविष्ट होने पर नाद उपसंहृत होकर विन्दु के रूप में परिणत होता हैं। प्रत्येक चक्र का बिन्दु नीचे ऊपर प्रवाहित होने वाले मध्यमार्ग या शून्यपथ में विराजमान होता है। वर्ण, नाद और विन्दु प्रत्येक कमल में विद्यमान रहते हैं। प्रथम कमल का विन्दु सारे कमल को निगलने के बाद ब्रह्मनाड़ी के ऊर्ध्ववाहिनी होने के कारण ऊपर के चक्र में प्रविष्ट होकर पूर्व चक्र की तरह इसके वर्ण, नाद और विन्दु को गला कर और अपने में मिला कर पहले की तरह मध्य नाड़ी के मिले हुए विन्दु मार्ग से ब्रह्मनाड़ी के ऊर्ध्व प्रवाह के कारण ऊपर की ओर आकृष्ट होता है। पृथक् पृथक् विन्दु तब एक बिन्दु में ही पर्यवसित होते हैं। इस तरह वह बिन्दु भी अन्य विन्दुओं के साथ अभिन्न होकर जीव के कल्याण के लिए क्रमशः मध्य नाड़ी की ओर दौड़ता है। पञ्चभूतात्मक पांच चक्र और मनोमय छठा चक्र विध्वस्त हो जाते हैं। पञ्चभूत और योगी का चित्त शुद्ध होकर निर्विकल्प स्वच्छ प्रज्ञा में डूब जाते हैं। उसके बाद आज्ञाचक्र के ऊपर दिव्य ज्ञान का केन्द्र खुलता है। यह वास्तव में कुण्डलिनी शक्ति की ही उन्मेष को प्राप्त अवस्था है।

षट्चक्र भेद के बाद भ्रूमध्य में निम्न देश से सब विकल्प तिरोहित हो जाते हैं। तब ललाट में देहाभिमान के जर्जरित होने से परम ज्योति के अनुभव करने की शक्ति उत्पन्न होती है। प्रतिदिन उस महाज्योति के आकर्षण से आकृष्ट होने पर क्रमशः अन्तरतम भाव से महाशून्य में सहस्रदल कमल का आभास दिखाई देता है। भ्रूमध्यस्थित बिन्दु से सहस्रार के महाबिन्दु तक अनेक स्तर हैं। इन सब स्तरों को क्रमशः लांघ कर महाशक्ति महाबिन्दुस्थ परम शिव का आलिंगन करती है। सुदीर्घकाल के विरह के बाद शिव और शक्ति का यह महा मिलन सम्पन्न होता है। तब कुण्डलिनी शक्ति अपनी कुण्डलता (कुण्डलाकारता) का त्याग कर दण्डरूप धारण करती है एवं अन्त में महाविन्दु में परम शिव के साथ समरसता को प्राप्त हो जाती है। इस मिलन से जो अमृत-धारा निकलती है उस सुशीतल धारा से मन और प्राण अभिषिक्त होते हैं और ऊर्ध्वमुख होकर उस धारा का पान करते हैं। समान वायु की क्रिया के बाद उदान वायु की क्रिया से कुण्डलिनी की ऊर्ध्वगति होती है। यह ऊर्ध्वगति वस्तुतः सहस्रार में समाप्त न होकर ब्रह्मरन्ध्र तक चली जाती है। इसके बाद ऊर्ध्वगति फिर आगे नहीं होती। तब व्यान शक्ति के प्रभाव से अपनी खण्ड सत्ता अनन्त व्यापक रूप धारण करती है। यही संक्षेपतः आत्मा का अपने स्वरूप में लौट जाने का इतिहास है। विश्वपिता, विश्वमाता और सन्तान एक ही महासत्ता के रूप में प्रकाशित होते हैं। यही परिपूर्ण अद्वैत स्थिति एवं अपनी पूर्णता की प्राप्ति है।

कुण्डलिनी के जाग्रत् हुए बिना इस महापथ पर चलना कदापि सम्भव नहीं है, परम लक्ष्य की प्राप्ति तो दूर की बात है। मनुष्यजीवन का यही यथार्थ उद्देश्य है। केवल खण्ड कैवल्य प्राप्त कर जन्म-मृत्यु के आवर्त से ऊपर स्थान की प्राप्ति मनुष्यजीवन का लक्ष्य नहीं है। अपनी दबी हुई भगवत्ता को पूर्णरूप से विकसित न कर डालने तक मनुष्यजीवन की वास्तविक सफलता कहाँ ? कुण्डलिनी के जागे बिना चित् और अचित् का नहीं मिट सकता। विवेक ज्ञानपथ में आरूढ़ होने एक सोपान मात्र है। शक्ति की साधना के बिना भाव की प्राप्ति दुर्घट है एवं कुण्डलिनी जागरण बिना शक्ति साधना का कोई अङ्ग ही नहीं होता।

ॐ

अनुकम्पा-धारा

श्रीचरणकमलाश्रिता

(१) माँ के प्रथम दर्शन—

मां के दर्शन होने के अनेकों वर्ष पूर्व की बात है। ऐसी याद पड़ती है किसी हिन्दी की मैगज़ीनमें, एक छोटा सा लेख, मां के बारे में पढ़ा था—उसमें क्या लिखा था यह भी विशेष कुछ याद नहीं पर ऐसा स्मरण है कि उसको पढ़ कर हृदय में मां के दर्शनों की इच्छा हुई थी। उसके पश्चात् मां के बारे में न तो फिर किसी से कुछ सुना ही और न कुछ उनके बारे में और पढ़ने का सुयोग ही प्राप्त हुआ। जो कुछ लाइनें उस मैगज़ीन में पढ़ी थीं वे भी स्मृतिपटल पर धुंधली हो चली थीं।

सन् १९४२ में कुछ ऐसे कारण आ उपस्थित हुए कि मुझे अपने भाई के पास, जो उन दिनों देहरादून में थे, जाना पड़ा। मेरी माताजी भी उन दिनों भाई के पास ही थीं। एक दिन भाई ने दफ्तर से लौट कर उनसे कहा कि यहां एक माताजी आई हुई हैं जिनके दर्शनों के लिए बहुत लोग जा रहे हैं यदि वे चाहें तो दर्शन करने चलें। मेरी माताजी तो धार्मिक विचार की थीं ही—कहा अवश्य चलूंगी। मैंने कहा मैं भी चलूंगी। देहरादून से ४-५ मील पर रायपुर नाम का एक बड़ा मनोरम स्थान है। चारों ओर सुन्दर पहाड़ी दृश्य। पता लगाते लगाते हम लोग कार से रायपुर पहुँचे। एक छोटी सी पहाड़ी पर, शिवमन्दिर में मां ठहरी हुई थीं। हम लोग एक हौल में बैठाए गए जहां मां के लिए एक ओर तख्त लगा हुआ था। माँ थोड़ी देर में वहां पधारेंगी सुन कर उनके आने की बाट जोहने लगे। हौल में कुछ और लोग भी मां की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिनमें मां के भक्त एक वृद्ध मुसलमान भी थे। मेरे भाई उन्हीं से माताजी के बारे में बात-चीत करने लगे। उन वृद्ध महाशय ने यह भी बताया कि वे मां को साक्षात् मुहम्मद के रूप में देखते हैं। थोड़ी देर बाद मां ने सामने के द्वार से हौल में पदार्पण किया। हम लोग मां के चरण स्पर्श करने को आगे बढ़े तो मालूम हुआ कि मां को अलग से ही प्रणाम किया जाता है—चरण छू कर प्रणाम करने का निषेध है परन्तु मैं यह जानने के पहलेही मां के चरणस्पर्श कर चुकी थी। मां तख्त पर बैठ गईं और मैं मंत्रमुग्ध सी एकटक उन्हें देखती ही रह गई। कभी लगे यह इस लोक की नहीं हैं—कभी विचार में आवे यह तो तो चलती फिरतीं गीता ही हैं—कभी सोचूँ कैसी अलौकिक तेजोमयी, करुणामयी सौम्यमूर्ति है! (मां का शरीर तो मुझे इतना पवित्र लगा कि बहुत दिनों तक मुझे ऐसा लगे कि अपने अपवित्र हाथों से कैसे स्पर्श करूँ।) सांसारिक सुख मुझे बहुत कुछ प्राप्त होते हुए भी अन्तर में एक प्रकार का अभाव सा प्रतीत होता था। उस दिन ऐसा लगा कि जैसे यही अभाव बोध होता था सो पूरा हो गया। अन्तर शायद ऐसा

ही शान्त पवित्र वातावरण ढूंढ़ रहा था सो मां के पास मुझे मिल गया, यद्यपि इस बार शायद मां से मेरी बातचीत नहीं हुई। पर कितनी शान्ति!

मैंने सुन रखा था आश्रमों में प्रायः कीर्तन-भजन होते हैं पर इससे पूर्व मुझे किसी आश्रम में जाने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ था। मुझको बचपन से ही कीर्तन, भजनादि अच्छा लगता था। मैं मन में सोच रही थी शायद कीर्तन हो, (अब देखती हूँ कि आश्रम में दोपहर के समय तो प्रायः कीर्तन नहीं होता है। प्रातःकाल तथा सायंकाल ही होता है) मां ने अवश्य ही मेरे हृदय की बात जान कर किसी से, (शायद श्री स्वामी अखण्डानन्दजी से) कहा, "थोड़ा नाम कर लो।" कीर्तन होने लगा। इसी प्रकार कुछ घण्टे महान् आनन्द में कट गये। उसके पश्चात् घर के लोग चलने के लिए तैयार हुए तो मुझे मां को छोड़ कर आते हुए बहुत बुरा लगा। घर पहुँच कर यही चिन्ता कि फिर कैसे मां के दर्शन हों।

एक दिन घर पर एक कश्मीरी शौल बेचने वाला आया। मैंने शौलें देखीं तो एक नर्म सी सफेद रिंग-शौल मुझे अच्छी लगी—चुपचाप लेकर रख ली—यह तो जान ही गई थी कि मां श्वेत वस्त्र पहनती हैं। फिर भाई से कहना शुरू किया कि एक बार फिर मां के दर्शनों को चलें। हम सब लोग फिर एक बार मां के दर्शनों को रायपुर गए। भाई के ससुर भी उन दिनों वहाँ थे, वे भी एक वायल की सफेद साड़ी और फलादि लेकर साथ गए। मैं वह रिंग-शौल का पैकेट साथ लेती गई वहां पहुँच कर मां को वह शौल देने में लाज लगी तो दीदी को दे आई पर मन में यह गुप्त इच्छा थी कि मां को यह शौल ओढ़े हुए देखती। थोड़ी देर हम सब माताजी के पास बैठे। इतने में दीदी मां को दोपहर के भोग के लिए बुलाने आईं। मां जब दीदी के जाने लगीं तो मेरे मन में दुःख हुआ कि अब मां नहीं कितनी देर में आवेंगी। यह मैं जानती थी भाई कुछ घण्टे ही ठहरेंगे तथा उसमें से इतना मां के दर्शन बिना निकल जायगा। खैर, मां के आने की प्रतीक्षा करने लगी। कुछ ही मिनटों पश्चात् एक बहिन ने आकर मुझ से पूछा माताजी रही हैं, आप वहां चलना चाहती हैं। मुझे और चाहिये था साथ हो ली। मां के सम्मुख जाकर गई। मां का प्रसाद भी मिला। मां जब भोजन चुकीं तो मैं फिर उसी कमरे में लौट कर मां के आने प्रतीक्षा करने लगी। थोड़ी हीं देर में मां फिर आ तख्त पर विराज गईं तथा मुझे अपनी आंखों विश्वास नहीं हो रहा था—मां वही मेरी वाली रिंग-शौ ओढ़े हुए थीं। कितनी करुणा, मेरे आनन्द की नहीं रही। इस बार हम लोग करीब करीब शाम बैठे। शाम को मां ऊपर खुली छत पर टहलने लगीं मैंने मां के पास जाकर पूछा—यदि मैं चिट्ठी लिखूं उत्तर देंगी। मां ने कहा, पता लेकर रख लो दिमाग ठीक रहे तो जैसा हो जाय कुछ ऐसा ही मैंने स्वामीजी से पता ले लिया। मां जल्दी ही वहां जाने वाली थीं। इस बार मां को छोड़ कर जाते और भी दुःख हो रहा था कि पता नहीं फिर कब हों। शाम को जब घर के सब लोग चलने के उतरने लगे तो बहुत चेष्टा करने पर भी मैं आंसुओं रोक नहीं पा रही थी। अंधेरा होने के कारण देख नहीं सका। जब नीचे पहुँची तो देखा कि पीछे से मां की पहनी हुई एक सफेद धोती हम को लाकर प्रसाद रूप से दी—आश्चर्य यह कि सब के लोगों ने मुझ से ही उसे रख लेने के लिए कहा

कितनी खुशी हुई उसे पा कर। वह अब तक मेरे पास रखी है।

मां के दर्शन फिर देहरादून में उस बार और न हो सके पर तब से मां की चर्चा तथा फिर कब दर्शन होंगे यह चिन्ता शुरू हो गई।

(२) अल्मोड़े में मां के दर्शन

यह मां के पास जाने का दूसरा अवसर था। लगभग ३ वर्ष की प्रतीक्षा के उपरान्त ऐसा संयोग हुआ कि हम लोग लम्बी छुट्टी लेकर नैनीताल गये। वहां सुना मां अल्मोड़े आई हुई हैं। मैंने पतिदेव से अनुरोधपूर्वक प्रार्थना की कि वह मुझे मां के पास २-३ दिन के लिए अल्मोड़ा ले चलें। मां की कृपा से उन्होंने स्वीकार कर लिया। मुझसे मां की बातें सुन कर उनको भी मां के दर्शनों की इच्छा हो गई थी। हम लोग बच्चों के नैनीताल ही रहने का प्रबन्ध करके 'बस' से अल्मोड़ा के लिए रवाना हुए। रास्ते भर मां का ध्यान तथा दर्शनों की उतावली रही। अल्मोड़ा पहुँच कर सामान एक होटल में रखा। (तब तक यह नहीं मालूम था कि आश्रम में जो लोग मां के पास आते हैं, उनके रहने की इतनी सुन्दर व्यवस्था है।) हम लोग रास्ता पूछते पूछते पातालदेवी आश्रम में मां के दर्शनों के लिए पहुँचे। मन की विचित्र दशा थी—विश्वास नहीं हो रहा था, जिनके दर्शनों की इतने दिन प्रतीक्षा की आज उनके चरणकमलों के दर्शन होंगे। दूर से मां को बाहर टहलते हुए देखा। वही करुणामयी दिव्य मूर्ति। पृथ्वी पर श्रद्धा से माथा टिक गया। मां भी मुझे बड़ी स्नेहभरी दृष्टि से देख रही थीं। थोड़ी देर मुख से शब्द नहीं निकला। फिर दीदी के लिए पूछा, कहां हैं? मां ने बताया अन्दर हैं। मां वहीं एक वृक्ष के नीचे बैठ गईं तथा कुछ बातें हुईं। जब मां और दीदी को यह पता चला कि हम लोग होटल में ठहरे हैं तो सामान आश्रम में ही लाने का आदेश हुआ। दूसरे दिन प्रातःकाल ही सामान ले कर हम लोग आश्रम में आ गए। हमें अलग एक कमरा मिला। यह मां के पास रहने का मेरा प्रथम अवसर तथा सौभाग्य था। प्रातःकाल तथा सायङ्काल बड़ा मधुर कीर्तन होता। (मां नाम का कीर्तन मैंने शायद प्रथमबार वहीं सुना)। शाम को श्री स्वामी परमानन्दजी भागवत पाठ करते थे। करीब करीब दिन भर मां के दर्शन होते। कितनी शान्ति थी। मां जब बालों का जूड़ा बीच शीश के ऊपर बांध लेतीं तो साक्षात् शिवजी लगतीं। एक दिन पतिदेव ने भी मुझे दिखाया कि देखो मां शिवजी लग रही हैं।

मैं तो जैसे दूसरी ही दुनियां में पहुँच गई थी। वह ३-४ दिन कितने आनन्द से कटे। एक दिन मां ने मुझ से कहा यदि मैं प्रातःकाल खूब जल्दी उठ सकूं तो रात में मां के कमरे में सो सकती हूँ। मन में सोचा क्या इतना बड़ा सौभाग्य भी मुझे प्राप्त हो सकता है—मां से कहा यदि रात भर भी जागना पड़े तो मैं तैयार हूँ। तब तक मैंने कल्पना भी न की थी कि मांके कमरे में सोने का सौभाग्य भी मुझे मिल सकता है। दीदी भी कितने स्नेह से हम लोगों की देखभाल करती थीं।

अन्त में नैनीताल लौटने का दिन आ ही गया। विदा होने के पूर्व मां के कमरे में गई। मां तख्त पर विराजमान थीं। मां की वह असीम करुणामयी मूर्ति अब भी आंखों के सामने है। रुलाई रोके नहीं रुकती

थी। गला रुंध रहा था। थोड़ी सी ही वात कर सकी। समय हो गया था पतिदेव ने चलने को कहा—चल दी। कुछ दूर पैदल चल कर 'वस' पकड़नी थी। उस रास्ते में थोड़ी थोड़ी दूर पर मोड़ थे। मैं चलते चलते पीछे मुड़ कर देखती जाती थी। जितनी देर तक आश्रम दिखाई देता रहा मैंने देखा दयासिन्धु मेरी मां वरावर ऊपर के वरामदे में खड़ी हुई मेरी ओर देख रही थीं। अल्मोड़े से लौट कर मेरे अन्दर वड़ी ही शान्ति सी रही तथा एक दो दिन तक तो ऐसा रहा कि कुली या नौकरों से भी आप कहकर बोलने की इच्छा होती थी। पर मुझ जैसी अयोग्य उस भाव अथवा शान्ति को अधिक दिन सम्हाल कर न रख सकी। मां के देने में तनिक भी कमी नहीं है। कमी है हम लोगों के लेने की या जो मिले उसे सम्हाल कर रख सकने की। मां तो मानों देने के लिए हर समय प्रस्तुत ही वैठी हैं।

(३) रायबरेली में दुर्गा-पूजा पर

इस वर्ष मां के एक भक्त ने रायवरेली में दुर्गा-पूजा का आयोजन किया। जव मैंने यह सुना कि दूर्गापूजा पर मां रायवरेली आ रही हैं तो मुझे वड़ी प्रसन्नता हुई, कारण कि मुझे भी शीघ्र ही वहां जाना था। मेरे भाई उन दिनों वहीं थे। उन्हीं के पास जाना था। कुछ कारणों से मुझे वहां पहुँचने में कुछ देर हो गई। मां के पहुँचने के कई दिन वाद पहुँची। खैर, वहां मां को पा कर मैं जैसे और सव भूल गई। यही दिल करता था मां के पास जितनी देर वैठ सकूँ उतना अच्छा। रात में भी प्रायः १२ वजे तक मां के तख्त के पास वैठी रहती। कितनी शान्ति मिलती।

दुर्गा-पूजा वड़े आनन्द के साथ सुन्दर रीति हुई। एक दिन वहुत स्त्रियां वैठी थीं। मां ए की गोद में जाकर वैठ गईं। मेरी भी इच्छा हु मां मेरी गोद में भी ऐसे वैठतीं। सहसा देखा अ र्यामिनी मां उठ कर मेरे पास आईं तथा सहसा गोद में वैठ गईं। मेरी तो सुध वुध ही खो ग इतने में दीदी उधर से निकलीं उन्होंने झुक कर मेरे क में कहा, "अव और क्या चाहिये।" वास्तव में दीदी कितनी सत्य वात कही। ऐसे ही आनन्द से स दिन वीत रहे थे।

एक दिन प्रातःकाल मैं मां के दर्शन को ग सुना कि कल रात को १ वजे सहसा मां एक भक्त यहां इलाहावाद चली गईं। अवश्य उन भक्त प्रेमभरी पुकार ने मां को वहां खींच लिया, परन्तु, ' चली गईं।' यह सहसा सुन कर जैसे मैं सन्न रह ग तथा ऐसा लगा कि अचेत होकर गिर पड़ूंगी पर इ में ही पता चला कि मां शीघ्र ही लौट आवेंगी तो पुनः चेतना लौट आई।

एक दिन मेरे भाई ने मां से भक्तों सहित पधा की प्रार्थना की। दोपहर को भोजन के पश्चात् मां विश्राम के लिये Tent लगा था। मां ने उसमें वि किया। वड़े आनन्द के साथ दुर्गापूजा समाप्त तथा मां सव सूना करके वहां से चल दीं। मां जाती हैं वहां मानो आनन्द का सागर उमड़ पड़ता इस प्रकार मां जहां जाती हैं वहां के लोग कृतार्थ जाते हैं। मां तो कभी कभी कहती हैं "मैं किसी यहां जाती नहीं—किसी से वात नहीं करती—किसी यहां खाती नहीं।" आदि। अर्थात् सव वही तो अथवा 'एकं ब्रह्म द्वितीय' नास्ति।'

(४) इलाहाबाद में माँ के दर्शन

एक बार मैं कुछ समय के लिए अपने बड़े भाई के पास इलहाबाद गई। वहाँ दीदी की चिट्ठी से मालूम हुआ कि माँ कुछ दिनों के लिए विन्ध्याचल जा रही हैं। अब मुझे यह धुन लगी कि किस प्रकार जा कर माँ का दर्शन करूँ। भतीजों से कहा ले चलो पर उन दिनों इलहाबाद में Tournaments हो रहे थे। भला वह क्यों उसे छोड़ कर मेरे साथ आश्रम जाने को राजी होते! एक दो दिन इसी में निकल गये। अब मुझे यह चिन्ता हुई कि माँ का प्रोग्राम तो अमुक तारीख तक ही विन्ध्याचल ठहरने का था, कहीं वहाँ से चल न दी हों। भतीजों ने भी कहा अब तक तो माँ वहाँ से चल दी होंगी। इसी चिन्ता में दिन में विश्राम करने लेटी तो आँख लग गई। स्वप्न में देखा, मैं आकाश में उड़ कर विन्ध्याचल गई हूँ एवं वहाँ पता चला कि माँ अभी तक विन्ध्याचल में ही हैं, (यद्यपि उस चिट्ठी के अनुसार तब तक माँ को वहाँ से चल देना चाहिये था) यह सपना देख कर उठी तो जैसे मुझे विश्वास हो गया कि माँ विन्ध्याचल ही हैं। माँ की कृपा से एक भतीजा भी टूर्नामेन्ट छोड़ कर एक दिन के लिए मेरे साथ चलने को राजी हो गया। खैर, दूसरे दिन प्रातःकाल की गाड़ी से मैं विन्ध्याचल के लिए रवाना हुई। जब ट्रेन विन्ध्याचल के स्टेशन पर धीमी होने लगी तो देखती क्या हूँ कि माँ प्लेटफार्म पर सामने खड़ी हैं। मैंने जल्दी से उतर कर माँ के चरणों में प्रणाम किया। मेरे आनन्द का ठिकाना नहीं था एक तो माँ विन्ध्याचल में मिल गई दूसरे आश्रम तक पहुंचने के पहले ही ट्रेन रुकने से भी पहले दर्शन हो गए। स्नेहमयी माँ भी प्रसन्न हो कर ऐसा कुछ कहने लगीं कि स्वामी परमानन्दजी से बात हुई थी कि शायद स्टेशन पर मुझसे मुलाकात हो। पता चला माँ इसी गाड़ी से बनारस जा रही हैं। मैं भी प्रथम श्रेणी के डिब्बे में माँ के साथ बनारस तक जाने के लिए चढ़ गई, एक 'वर्थ' पर माँ का बिस्तर बिछा दिया गया था माँ लेट गई। दीदी ने कृपा करके मुझे भी उसी बर्थ पर माँ के श्री चरणों के पास बैठा दिया। माँ के युगल चरण कमल मेरी गोद में थे। कितनी कृपा! मुझे स्मरण नहीं मेरा भतीजा कहां बैठा? मैं जब इलाहाबाद से चली थी तो भतीजे से वादा कर चुकी थी कि मां के दर्शन करके एक दिन में ही लौट आऊँगी अब मन में यह हो रहा था कि बनारस में भी कम से कम कुछ समय मां के पास और रह सकती पर न जाने भतीजा मानेगा या नहीं फिर वादा भी कर चुकी थी। इसी उधेड़ बुन में बनारस आ गया। जब ट्रेन रुकी तो असीम करुणामयी अन्तर्यामिनी मां ने स्वयं मेरे भतीजे से उतरने के लिए कहा, वह भी मां की आज्ञा न टाल सका तथा उतर पड़ा। जब हम लोग आश्रम पहुँचे तो, मुझे भी मां के साथ देखकर, किसी बहिन ने कहा, "अच्छा इन्हीं के कारण माताजी विन्ध्याचल में रुकी थीं तथा बनारस एक दो दिन देर करके आईं।" मैं यह सुन कर तथा अपने ऊपर मां को इतनी दया देख कर विभोर हो उठी। मुँह से कुछ शब्द न निकला।

बड़े आनन्द से वह दिन बीता दूसरे दिन मैंने सोचा अब मेरा भतीजा चलने के लिए अनुरोध करेगा, पर आश्चर्य की बात है कि उसने स्वयं मुझसे कहा कि यदि मेरी इच्छा हो तो एक दिन और रुक जाऊँ। उस समय तक अवश्य ही टूर्नामेन्ट देखने की लगन शिथिल पड़ गई थी! मुझे यह भी देख कर आश्चर्य हुआ कि वह

किसी के सामने गाने में बहुत लजाता था (यद्यपि गा अच्छा लेता था) परन्तु उस दिन मां ने गाने के लिए कहा तो उसने इतने व्यक्तियों के उपस्थित होते हुए भी तुरन्त गा दिया! वह भतीजा अब मां की बातें बड़ी श्रद्धा से करता है।

दूसरे दिन अपरइन्डिया से इलहाबाद लौटने का निश्चय हुआ। दोपहर में २-३ बजे के बीच में शायद उसके छूटने का समय था। मां दोपहर को भोग के बाद अपने कमरे में विश्राम के लिए जाने लगीं, तो मैं द्वार के पास खड़ी थी, मुझे बड़ा दुःख हो रहा था कि अब मैं चलने के पहले शायद मां के फिर दर्शन न कर सकूँगी, कारण कि साधारणतः मां ४-५ बजे बाहर निकलतीं। जब मां कमरे में घुसने लगीं तो धीरे से मुझसे कहा, "जाने के पहले तुम मेरे कमरे में आ चा सामान आदि ठीक कर के जब स्टेशन जाने के मिनट (शायद २०-२५ मिनट) बाक़ी रह गये तो के अज्ञानुसार मां के कमरे में गई। मां तख्त लेटी थीं, पास बैठ गई। गला भर रहा था बात करती। असीम स्नेहमयी मां ने कुछ बातें की पता नहीं कब गाड़ी का समय हो गया —कितनी हो गई—वहाँ से जल्दी उठ न सकी। मां ने भी बैठा रहने दिया—एक बार भी नहीं कहा कि गाड़ी देर तो नहीं हो रही है। जब बाहर निकली तो भ ने कहा वह गाड़ी अब नहीं मिल सकती। मैंने चल कर देखो। स्टेशन पहुँची तो मालूम हुआ दिन अपर-इन्डिया ४-५ घण्टे 'लेट' थी!

मातृ-सत्सङ्ग

लेखक—श्रीरघुनाथदास गोस्वामी (ब्रह्मचारी कान्तिभाई)

इस वर्ष श्री श्री माँ का ६२ वाँ जन्मोत्सव अहमदाबाद में, परम पूजनीया श्री श्री माँ की परम पुनीत उपस्थिति में २ मई '५७ से १७ मई '५७ तक मनाया गया। माँ के परम भक्त श्रीकान्तिलाल मुँशा और श्रीमुकुन्दभाई ठाकुर, के प्रीतिपूर्ण आवाहन से अहमदाबाद में श्री श्री माँ का जन्मोत्सव, श्री माँ की पूर्ण कृपा से, सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। करीब करीब रोज रात को माँ के साथ सत्संग होता था, उस समय सारा सभामण्डप उत्सुक जिज्ञासुओं से पूर्ण रहता था। सब लोग एकाग्र दृष्टि से माँ की कथा सुनते थे। उस शुभावसर पर श्री श्री माँ के मुख से जो परम मधुर कथामृत सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, उसी को मैं यहाँ लिपिबद्ध करने की चेष्टा कर रहा हूँ। यथासम्भव श्री श्री माँ के मुख से निःसृत शब्दों को ज्यों के त्यों लिखने की मैंने कोशिश की है, परन्तु मैं यह दावा नहीं कर सकता कि श्री माँ के मुख से निकला हुआ प्रत्येक शब्द इसमें लिखा जा सका है। जिस प्रकार गंगाजी के पुनीत प्रवाह से लोग अपनी अपनी शक्ति के अनुसार गंगा जल ले आते हैं! उसी प्रकार श्री श्री माँ के कथामृतरूपी गंगा-प्रवाह में से अपनी अल्प शक्ति से जो कुछ भी मैं संग्रह कर सका हूँ वह लिख रहा हूँ। अतएव भूल चूक के लिए श्री श्री माँ के चरणों में क्षमायाचना करता हूँ।

३ मई १९५७

प्र०—मौन का अर्थ क्या है? मौन कैसे होता है?

माँ—मौन माने अमन हो जाना। अमन के माने हैं मन देने की जगह ही न रहे। मन से दुःख सुख का अनुभव होता है। मन से अतीत मनोतीत चला जाना मौन का अर्थ है। वाक् से सृष्टि हर वक्त होती है पर बात करना हो तो भगवान के विषय में बात करो इससे लाभ होगा। अगर दुनिया की बात करोगे तो भी फल मिलेगा, हर समय भगवान के बारे में बात होती नहीं है, मौन से कम से कम दुनिया की बातें बंद हो जायँगी और भगवान की बातों में लगने का यह एक तरीका है। वाणी का संयम करके मन को भगवान में लगाना चाहिए। चाहे ध्यान करो, चाहे जप करो मन को भगवान में रखने की कोशिश करो। अमन होने के लिए मौन है।

प्र०—अमन कैसे हो?

माँ—जैसे तुम कुँआ खोदने लगो, कुँआ खोदते-खोदते मिट्टी उठाते जाओ, कुँआ खोदते खोदते ऐसी स्थिति पर पहुँच गये कि पानी निकल आये तो कुँआ खोदने का फल हुआ पानी, वैसे ही मौन का फल है अमन होना, मन से सारी क्रियाएँ होती हैं, मन घूमता रहता है। मन का यह तरीका है कि जिससे शब्दों की सृष्टि नहीं होती। भगवान में मन लगाने के लिए वाक्संयम या वाणीसंयम आवश्यक है। मौन दो प्रकार का होता है एक गौ मौन और दूसरा काष्ठ मौन।

गौ मौन—जैसे गौ इशारे से अपनी आवश्यकता को समझा सकती है वैसे ही मनुष्य आपनी आवश्यकता इशारे द्वारा समझा सकता हैं।

काष्ठ गौन— जैसे काष्ठ, लकड़ी, कोई इशारा नहीं करती है वैसे ही मनुष्य कोई इशारा नहीं करता।

मां ने कहा—ऐसे अनन्त तरीके मौन के हैं। अपने अपने stage के अनुसार मौन होता रहता है। अपने को पाने के लिए अपने को वजाते हैं। यह तो छोटी वच्ची है, पिताजी कहकर बुलाती है। तुम पिता माता सखा सब कुछ हो अपने प्रकाश के लिए पूछना आता है। कृपामात्र फल देता है। वाणी के संयम से आध्यात्मिक पथ में चलना शुरू होता है। पढ़ना शुरू करो, पढ़ना माने साधन करो। ग्रन्थ में क्या लिखा है तुम जानो। पढ़कर मालूम होगा। प्रश्न दो व्यक्तियों में नहीं उठता है। एक तो जिसने पास कर लिया उसमें प्रश्न नहीं उठता, दूसरे जो मूर्ख हो उसमें कोई प्रश्न नहीं उठता। पढ़ने वाले को प्रश्न आता है। मौन का असल तत्त्व है अमन होना, जो भटकता रहता है उसको एकाग्र करके भगवान में लगाना। मौन सब कोई कर सकता है। हर एक सम्प्रदाय वाला कर सकता है, मौन अच्छा है। परिजन के साथ गुस्सा करे और वाणी बन्द करे यह मौन नहीं है। मौन से अपने को पाने का रास्ता खुल जाता है। क्रिया का स्वभाव है क्रमसृष्टि करना। जिस क्रम के करने से अतीत में जा सके वैसा ही परमार्थ क्रम करना चाहिए।

प्र०—मन को भगवान् में लगाना हर चीज़ में भगवान् ही है। (माँ ने रोक कर कहा)

माँ—चीज जहां रह गया वहां भगवान नहीं हैं। शिव रहे तो पत्थर नहीं है और अगर पत्थर है तो शिव नहीं हैं। गुरु रहें तो मनुष्य नहीं है मनुष्य रहे तो गुरु नहीं हैं।

प्र०—मेरा सच्चा स्वरूप क्या है ?

माँ—एक आत्मा सत्यस्वरूप।

प्र०—तब सत्य प्रतीति में ही हूँ, वह क्यों होती ?

माँ—वह अहंकार है। अतः सत्य प्रतीति हैं, जहां भगवान ही एकमात्र है वहां कुछ प्रश्न रहता है।

प्र०—चीज़ शब्द रहा कहाँ ?

मां—जहां अहँकार का खेल है वहां, वहां मेरा और तेरा है। जहां सब भगवान है। वहां जो कुछ देखते हो वह भगवान ही है।

प्र०—तो क्या सब भगवान है ?

माँ—हां सब भगवान है। जैसा तुम वजाओं वैसा तुम सुनोगे। भगवान का एक ऐसा सुन्दर है जो कहो वह वही है। अवधूत पिताजी कहानी कहते हैं। एक स्त्री थी उनके गुरुने मंत्र दिया! जो भगवान का नाम दिया वह पूजनीय पति का नाम था। वह अपने पति नाम ले कैसे सकती थी ? इसलिए उसने करना शुरू किया "चम्पा के चाचा तव वस इससे भगवान बहुत खुश हुए, यह विश्व भगवान का ही विग्रह है।

प्र०—इसकी प्रतीति कैसे हो सकती है ?

माँ—प्रतीति किसको हो, तत्त्वस्वरूप चाहिए।

प्र०—माँ तो वेदान्ती बन गई ?

मां—जो जैसा कह दे, वैसा कह देती है। पटांग बातें कह देती है।

प्र०—निर्विचार स्थिति भगवान को है ?

मां—एकमात्र भगवान ही हैं। जहां भगवान हैं वहां अस्थिति स्थिति की बात ही कैसी ? बस, वही एकमात्र हैं यह पक्की बात है।

प्र०—जीवभाव कैसे छूटे ?

मां—गुरु का उपदेश पालन करो, गुरु जैसा बतावें वैसा साधन करो और महात्माओं का सत्संग करना चाहिए।

प्र०—जप करने से और आहार का नियमन करने से बाहरी विकार मरता है लेकिन अन्दर का विकार छूटता नहीं है—क्या किया जाय ?

मां—अवधूतजी कहते हैं कि आहार शुद्ध करो तो मन भी शुद्ध होगा।

प्र०—दिन भर तो भगवान में मग्न रहते हैं मगर स्वप्न में विकार-प्रकाश हो जाता है।

मां—विकार जब तक निर्मल न हो जाय तब तक पवित्र भोजन, महात्माओं का सत्संग सद्-ग्रन्थों का पाठ, ध्यान, पूजा करने की कोशिश करो। जैसे कि जब तुम सोने जाओ तब तुम सोचो कि भगवान की गोद में सोने जा रहा हूं। ऐसा शुद्ध भाव रक्खो। क्रिया का परिपाक नहीं हुआ, इसलिए विकार आता है, उससे घबराना नहीं चाहिए। भगवान का स्वभाव है कि वह अपने भक्त का सारा मैल साफ कर देते हैं। जैसे गाय अपने बछड़े का सब मैल चाट लेती है वैसे ही भगवान अपने भक्त के मैल का भोजन कर लेते हैं। घबराओ नहीं, परमार्थ के रास्ते पर चलते रहो।

४ मई १९५७

प्र०—वाणी का संयम तो होता है मगर मन का संयम नहीं होता।

मां—एक बात है। मनका स्वभाव है मानना। एक चीज से मन सुखी होता है, एक चीज से मन दुःखी होता है। जैसे किसी के साथ परिचय नहीं है परिचय हो गया मन लग गया वैसे कहीं की लड़की और कहीं का लड़का, पति पत्नी बन जाते हैं और एक दूसरे के दुःख सुख के भागी हो जाते हैं। यह सब मन का ही खेल है (मां ने उदाहरण दिया)। दीदी के चाचा के लड़के की लड़की की जब शादी करने की बात हुई तो इस शरीर ने कहा कि शादी मत करो, क्योंकि विधवा होने का संयोग है। मगर उन्होंने नहीं माना और लड़की की शादी कर दी। सिर्फ १३ दिन का परिचय था। लड़की को टी० बी० की बिमारी हो गई। अवस्था मृत्यु के निकट सी हो गई। लड़के ने आत्महत्या कर ली। लड़की विधवा हो गई और लड़की भी शाम को मर गई। कहाँ का लड़का कहाँ की लड़की थोड़ा सा परिचय—यह सब मन ही का तो खेल है। मन का ऐसा ढंग है शरीर में आकर्षण होता है, जीव जीव में प्रेम नहीं होता है। जीव और शिव में असली प्रेम होने से अपने स्वरूप का असली प्रकाश हो जाता है। आत्मा ही तो रहा। आत्मज लड़के को कहते हैं, शिष्य को भी आत्मज कहते हैं। यह शरीर तो कहता है कि सदा ही मन का विचरण रहता है, वृक्ष के तल में बैठो यानो संत महात्माओं के चरणों में, जैसे वृक्ष के तल में बैठने से वृक्ष छाया देता है और शान्ति देता है, यहां तक कि अपने को फल के रूप में दे देता है। वैसे ही महात्माओं के श्रीचरणों में बैठने से महात्मा लोग शान्ति दे देते हैं और फिर अपना स्वरूप दे देते हैं। भगवान को जो कहो वही है। शरीर

का जो आकर्षण है वह जगत् दृष्टि से क्या देते हैं? मृत्यु देते हैं। मन को भगवान के चरणों में लगाने से मृत्युञ्जय हो जाता है। प्रेम अमृत मिल जाता है भगवान का चिन्मय विग्रह का प्रकाश हो जाता है। मृत्यु क्या है? मन का हो तो खेल है। तुम तो हर वक्त ही। मर रहे हो। बच्चे थे, युवा हुए, वृद्ध हुए, हर वक्त परमाणु का बदलना ही मृत्यु हैं। जब बच्चे थे तब दाँत नहीं थे फिर दाँत आये गिर गये फिर वृद्ध अवस्था में वेदान्ती बन गये। मतलब यह है कि संसार का सारा दुःख सुख मन का माना हुआ है। तुम मृत्यु के यात्री क्यों होते हो? अमृत पथ के यात्री बनो। जिसको जो लाइन अच्छी लगे उसी लाइन से चलो। चाहे भक्ति की लाइन अथवा अद्वैत की लाइन से "एकं ब्रह्म द्वितीयं नास्ति" की लाइन से चलो। अपना गुरु जैसा बतलावे वैसा चलो। अपने स्वरूप के प्रकाश के लिए साधना करो। अपना स्वरूप माने आत्मस्वरूप ज्ञान स्वरूप वह प्रकाश होगा। संसार में सब मानने से चलता है, जैसे जब महात्मा गांधी की मृत्यु के बाद सेठ बिड़ला गांधी जी के स्थान पर ले गये उन्होंने सब दिखाया कि कैसे पहिले उनके ऊपर आक्रमण की कोशिश की गई थी। फिर कैसे उनको गोली लगी और वह जगह दिखलाई जहाँ "हे राम" लिखा हुआ था एवं यह बतलाया कि दो पार्टियाँ थीं। एक पार्टी को उनकी मृत्यु से दुःख हुआ। सुना है कि किसी किसी का मृत्यु की बात सुनने से हार्ट फेल हो गया। और दूसरी पार्टी को बहुत हर्ष हुआ। क्रिया एक है मगर उसके असर दो हुए। इसका कारण क्या है? बस मन के मानने का कारण है। किसी ने मित्र मान लिया किसी ने शत्रु मान लिया। इसी मन को भग में लगाओ तब तो मन अमन हो जायगा। कोई प्रश्न नहीं रहेगा। तब मन देने की अ जगह ही नहीं रहेगी। जैसा पिता, पुत्र, पति एक ही हैं वैसे ही भगवान के सब नाम और सब एक ही हैं फिर अनाम अरूप सब कुछ भगवान ही जब मन अमन हो जाता है तो अपना स्वरूप प्र हो जाता है।

प्र०—ईश्वरभक्ति में कभी कभी भगत को आ जाते हैं। कोई कहता है कि यह मन की निं है। क्या यह ठीक है?

माँ—दुनिया में लोग दुःख में रोते हैं, किसी यदि भगवान के लिए रोना आ जाय तो समझ चाहिये कि भाग्यवान है। अभी तक भगवान न मिल रहे हैं, इसलिए आँसू आते हैं, अच्छा है।

प्र०—मन की चंचलता सताती है क्या करें?

माँ—असली चंचलता अभी तक आई न भगवान् के लिए चंचलता आ जाय तो शां जाय। ख्याल करो कि जो भगवद्भजन में आ जाती है। मन के सामने जो चंचलता संकल्प उठते हैं, सोचना चाहिए कि भगवान दिखाते हैं कि हमारा मन कहां कहां बन्धन में हुआ है। इनमें से छूटे बिना भगवत्प्रकाश होगा। भगवान् के पास आना अच्छा है। से मुक्ति के लिए प्रार्थना करो। नित्य भ को लेकर बैठो। भगवान अपने प्राण के हैं। भगवान का पाना मानो अपने को और अपने को पाना मानो भगवान को पा खूब साधन में लग जाना चाहिए। भगव लिए सचमुच तड़पना आ जाय तो चंचल

जायगी। भगवत्प्राप्ति के लिए कोशिश करो। सच वात यह है कि भगवान को पुकारने का फल अवश्य मिलेगा। सारा विश्व जगत् गति माया है। जगत् माने जहाँ गति है वह जगत् और जो वन्धन में है वह जीव है। इसलिए जहाँ जीव और जगत् है वहाँ फल की प्राप्ति की आशा जरूर रहेगी। जो जो जीव जैसे जैसे कर्म करता है, भगवान वैसे वैसे फल जरूर देते हैं।

प्र०—निस्वार्थ सेवा करना क्या अच्छा है ?

माँ—निस्वार्थ सेवा अच्छी है।

५ मई १९५७

प्र०—भगवान के इतने जन्म या अवतार हो गये तब भी हम लोग इतने अज्ञानी कैसे रह गये ?

माँ—इतनी भागवत की कथा सुनाई तब भी तुम्हारा प्रश्न रह गया ?

प्र०—हम लोग नहीं समझे।

(सभा में से किसी ने कहा) आप ऊँचे से वात करती हैं।

माँ—तुम नीचा वजाकर सुनो। जैसा वजाओगे वैसा सुनोगे। अपनी ही वात सुनोगे।

प्र०—भगवान कृपा क्यों नहीं करते हैं ?

माँ—प्रार्थना करो, कभी न कभी लग ही जायगी।

प्र०—माताजी ! यदि एक आदमी को विच्छू काटता है तो विच्छू वाला १५ मिनट में मंत्रशक्ति से दर्द मिटा देता है। ३ घण्टे में विलकुल चंगा कर देता है। दूसरा रामनाम का जप करने वाला, कुछ मिटा नहीं सकता, कुछ कर नहीं सकता।

माँ—तुम राम राम जप करते हो और उससे वह न मिटे यह वात नहीं है।

प्र०—विच्छू उतारने वाला अपने मंत्र का वर्ष में एक दिन तीन घंटा जप करता है, मगर साल भर राम के नाम का जप करने वाला कुछ मिटा नहीं सकता, कुछ कर नहीं सकता सो क्यों ?

माँ—एक वात है। महात्मा लोग कहते हैं कि फल की तरफ मत देखो। राम का जप करो। और फल की तरफ देखो यह ठीक नहीं है। राम दुःख न मिटायें वह ,हो नहीं सकता। जो सिर्फ विच्छू का काटना ही मिटा सकता है, और कुछ नहीं मिटा सकता। सर्प काटे तो मिटा नहीं सकता। सर्प का मंत्र भी है, मंत्र तंत्र भगवान के वीच में रक्खा है। शिव, विष्णु के अलग अलग मंत्र हैं। जो ऋषि मुनियों के मंत्र रक्खे हैं उनमें सच्ची शक्ति है। जैसे मैं तुमको पिताजी कह कर पुकारूँगी और तुम 'हाँ' कह कर उत्तर दोगे। गुस्से के साथ पुकारने से तुम दूसरी तरह से जवाव दोगे। मंत्र-जप से संसार के त्रिताप की ज्वालाएँ शांत हो जाती हैं। जैसे सर्प का विष मंत्र-जंत्र से मिट जाता है वैसे ही असली जहर रूपी जगत् की गति को वन्द करना भगवान के नाम से हो जाता है। मरते समय राम कहने से मृत्युञ्जय हो जाता है। राम राम करते रहो। फल की तरफ मत देखो। सच वात यह है कि फलप्राप्ति यदि चाहते हो तो फिर अमृत नहीं चाहते। जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। जितना राम नाम कर रहे हो उतना फल जरूर जमा हो रहा है। जहाँ फल की चाह हो वहाँ क्रिया करे और फल न मिले यह हो नहीं सकता। भगवान कौन हैं ? भगवान यंत्री हैं, वह चला रहे हैं। 'मैं' कहने की शक्ति कहाँ से आई ? तुम राम राम करो जितना

माँ—जब डूब गया—तब स्थित होना होगा। बाहर भीतर एक हो गया। मैं खाती हूं तुम्हारे समान, मैं जाती हूं तुम्हारे तुल्य। खाता है और खाता नहीं यह कहने पर यदि विरोध प्रतीत हो तो समझना चाहिये कि एक टुकड़ें (खण्ड) ज्ञान का ब्रह्मज्ञानी है। बंधेगा कहां ? बांधने पर खण्ड होगा। इसीलिए कहते हैं कि कोई प्रश्न नहीं है। ऐसी स्थिति में असल बात यह है कि नींद और समाधि में भेद है। सोना और पीतल देखने में एक से हैं पर एक नहीं है ? सोना स्पर्श करने पर सोना ही हो जाता है।

जो ब्रह्मभूमि में वर्तमान हैं वे छोटी मोटी बातें देखेंगे कैसे ? ऐसी शंका हो सकती है। तुम्हारी दृष्टि है, इसलिए तुम विरोध देखते हो। ज्ञानी अज्ञानी का प्रश्न नहीं है। ज्ञानी कहने पर भी अपने को एक जगह खड़ा कराना हुआ। अपने को पाना किस प्रकार का होना चाहिये ?—सर्वाङ्गीण रूप से होना चाहिये। जो तुम रहे, रहे क्यों जो तुम हो अर्थात् तुम्हारा जो स्वरूप है उसीका प्रकाश होना। जिस लाइन में जिस भाव को लेकर जो जैसा कहे (सब ठीक है)। तुम भी जैसा कहते हो पैर नहीं चलता है, नेत्र नहीं है देखता है—यदि किसी क्षेत्र में किसी तरह आकार से प्रकार से जिस किसी के मध्य में हां के मध्य में 'ना' के मध्य में बंधे तो समझना चाहिये वह पूर्ण नहीं है। जो जहां से कहता है वहाँ से उसी तरह दिखाई देता है, क्योंकि स्थान रहता है समय रहता है। यह शरीर सत्य का अपलाप नहीं करता—सत्य ही कहता है, सब कुछ ठीक है जहां से जो जो कुछ कहता है।

प्र० क०—जो जो कुछ कहता है सब यदि ठीक हो तो कल्पना कीजिये कि कोई विश्वनाथजी के दर्शनों के लिए दुर्गाजी के मन्दिर में जाकर कहे कि यही विश्वनाथ हैं, यह भी क्या ठीक है ?

मां—ऐसा एक स्थान है जहाँ से कहा जा सकता है कि हां, यह विश्वनाथ हैं। क्योंकि उस समय वह वही हो जायेंगे।—जितने दिन के जहां के विश्वनाथ हैं उन्हीं का प्रकाश होगा। सब में सब जो है और यह भी कहा जा सकता है—नहीं यह दुर्गामन्दिर है, विश्वनाथ अन्यत्र हैं। सभी तरह से कहा जा सकता है।

प्र० क०—सभी का कथन यदि ठीक है तो शंकर तो ब्रह्मज्ञानी थे उन्होंने पूर्वपक्ष का खण्डन क्यों किया ?

मां—जहां से जो कुछ करने की आवश्यकता होती है वह हो जाता है। वृक्ष के अग्रभाग में वृक्ष की जड़ है, क्योंकि सब जगह बीज है ही—विरोध नहीं है।

—०-०—

व्याख्या

चौबीस

१—ब्रह्मज्ञानी—

मां ने कहा है, 'है और नहीं है कहने पर यदि विरोध प्रतीत हो तो खण्ड ज्ञान का ब्रह्मज्ञानी है।' अर्थात् यथार्थ ब्रह्मज्ञान में जब स्थिति होती है तब खण्ड भाव नहीं रहता एवं उसमें किसी प्रकार का विरोध भी प्रतीत नहीं होता। जागतिक दृष्टि से जहां साफ साफ विरोध की प्रतीति होती है ब्रह्मदृष्टि में वहां उसका आभासमात्र भी नहीं दीखता। ब्रह्म एक और अद्वितीय है, इस अद्वितीय अखण्ड एक सत्ता का यदि भान हो जाय तो फिर द्वितीय का भान होने की संभावना नहीं रहती। और द्वितीय का भान न होने पर विरोध की संभावना कैसे हो सकती है? भगवान शङ्कराचार्य के परमगुरु आचार्य गौड़पाद ने इसी लिए ब्रह्मज्ञान की अवस्था में किसी प्रकार का विरोध नहीं रह सकता, ऐसा उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है—

> स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु द्वैतिनो निश्चिता दृढ़म्।
> परस्परं विरुध्यन्ते तैरयं न विरुध्यते ॥

अर्थात् जो लोग द्वैतवादी या भेदवादी हैं उनका अपने अपने सिद्धान्त की व्यवस्था में दृढ़ आग्रह है। इसी लिए एक द्वैतवादी के साथ दूसरे द्वैतवादी का स्वभावतः ही विरोध होता है। किन्तु जो अद्वैतवादी ब्रह्मज्ञानी हैं उनका विरोध किसी के साथ नहीं हो सकता। क्योंकि वे सबको अपने साथ एक और अभिन्न समझते हैं। भेददर्शन के अभाव में विरुद्ध भाव का उदय नहीं होता। भगवान शङ्कराचार्य ने भी कहा है— "सर्वानन्यत्वाद् आत्मैकत्वदर्शनं वस्तुषु न विरुद्धयते।" अर्थात् सबके साथ अनन्य अर्थात् अभिन्न होने के कारण आत्मा का एकत्वदर्शन किसी का भी विरोधी नहीं है। एक ही वस्तु अनन्त विभिन्न रूपों में प्रस्फुटित हो रही है। किन्तु इस अनन्त वैचित्र्य में भी वस्तु का स्वप्रकाश एकत्व रत्तीमात्र भी क्षुण्ण नहीं होता। वास्तव में वैचित्र्य अथवा नानात्व भी कल्पित या आरोपित दृष्टि से कहा गया है। उस परम स्थिति में एक ही परम सत्य का भान होता है। लोकदृष्टि में अर्थात् व्यवहारक्षेत्र में नानात्व का भान होता है, किन्तु वहां अर्थात् ब्रह्मदृष्टि में नानात्व का तिरोधान भी नहीं होता, स्फुरण भी नहीं होता। सब कुछ महान् अखण्ड एक सत्ता में प्रकाशरूप से स्फुरित होता है। मां जो कहती हैं उसका तात्पर्य यह है कि पूर्ण ब्रह्मज्ञानी की दृष्टि में स्वप्रकाश एकत्व में किसी प्रकार का भी विरोध विघ्नबाधा नहीं पहुँचा सकता। इस अवस्था में बाहर भीतर एक हो जाता है—अधः ऊर्ध्व एक हो जाता है, अतीत और अनागत एक हो जाता है; परम अणु और परम महान् एक हो जाता है। साकार निराकार, सगुण निर्गुण, सक्रिय और निष्क्रिय सब द्वन्द्व एक ही महान् प्रकाश के अन्तर्गत दिखाई देते हैं। यह ब्रह्मज्ञान ही पूर्ण ब्रह्मज्ञान है। यह अखण्ड है। देशगत, कालगत तथा आकारगत, भावगत कोई भी परिच्छेद इसमें नहीं रहता। द्वितीय होकर या द्वितीय रह कर महाज्ञान प्राप्त नहीं किया जाता। स्वयं ब्रह्म न हो सकने पर अर्थात् स्वयं नित्य सिद्ध ब्रह्मभावमें स्थितिलाभ न कर

सकने पर इस तरह के अखण्ड ब्रह्मज्ञान का लाभ अथवा धारण नहीं बन सकता।

जिसे जागतिक दृष्टि में द्वैत अथवा नानात्व कहा जाता है, जो लौकिक दृष्टि में परस्पर विरुद्ध रूप से प्रतीत होता है, वह इस महाज्ञान में इस परम स्थिति में एक अखण्ड महासत्त्व के रूप में अपने को प्रकट करता है। इस अवस्था का उदय होने पर अर्थात् इस अवस्था में स्थिति होने पर च्युति या पुनरावर्तन की आशङ्का सदा के लिए निवृत्त हो जाती है।

प्रश्नकर्ता ने प्रसंगवश चार भूमियों का वर्णन किया है। उनमें पहली भूमि अज्ञानी और संसारी जीव की भूमि है। दूसरी भूमि में एकत्व का भान होता है ऐसा उन्होंने उल्लेख किया है, किन्तु वह स्थायी नहीं है। उन्होंने उसे निर्विकल्पक समाधि-सिद्ध योगी की भूमि कहा है। यह कहना व्यर्थ है कि यह जो एकत्व का ज्ञान है यह विशुद्ध नहीं है। क्योंकि यदि यह विशुद्ध होता तो खण्डित न होता। क्षणभर के लिए भी यदि स्थिति-भङ्ग हो जाय तो वह स्थिति पूर्ण स्थिति नहीं है यह अवश्य ही स्वीकार करना पड़ता है। क्योंकि पूर्ण स्थिति या परम भूमि का लक्षण यही है—"यद्गत्वा न निवर्तन्ते।" अर्थात् उसे प्राप्त कर उससे फिर लौटना नहीं पड़ता। कारण, आचार्यों ने उसका 'सकृत् विभात' के नाम से वर्णन किया है। अर्थात् उसका एक ही बार प्रकाश होता है एवं वही प्रकाश चिरस्थायी है। उसका बार बार प्रकाश नहीं होता। प्रकाश के बाद अप्रकाश आने पर बार बार प्रकाश की संभावना रहती है। प्राचीन वैष्णव दार्शनिकों ने इस प्रकार की स्थिति का शान्तोदित स्थिति के नाम से उल्लेख किया है। अर्थात् इसके उदय और अस्त हैं या आविर्भाव और तिरोभाव हैं। जो वास्तविक परम स्वरूप है वह शान्तोदित नहीं है, वह नित्योदित है। अर्थात् उस अवस्था के उदय के बाद फिर उसका अस्त नहीं होता। प्रश्नकर्ता की द्वितीय भूमि परम भूमि नहीं है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। उन्होंने जिसे तीसरी भूमि कहा है उसी अवस्था में एकत्व की गोद में बहुत्व भासता है अर्थात् ब्रह्म का आश्रय कर अनन्त विचित्रताओं से भरा जगत् भासता है। अवश्य प्रश्नकर्ता ने यहां जगत् को मिथ्या ही कहा है। सत्य का आश्रयण कर मिथ्या भासमान होता है, यही इस अवस्था की विशेषता है। यह ठीक भेदाभेद अवस्था है या नहीं, यह नहीं कहा जा सकता। क्योंकि भेदाभेद अवस्था में भेद और अभेद दोनों ही सत्यरूप में गृहीत होते हैं। दोनों में विरोध नहीं दिखाई देता, वह समन्वय की दृष्टि है। किन्तु इस तृतीय भूमि में अभेद सत्य है, क्योंकि वह ब्रह्मका स्वरूप है एवं भेदात्मक जगत् भासमान होने पर भी सत्य नहीं है। वह बाधितानुवृत्त है। एक बात है। सत्य का पारमार्थिक रूप के सिवा जैसा एक व्यावहारिक रूप है वैसा ही एक प्रातिभासिक रूप भी है। तृतीय भूमि में ब्रह्म की गोद में भासमान जगत् यदि प्रातिभासिक सत्य रूप में गृहीत हो तो ऐसी स्थिति में वह भूमि भेदाभेद रूप में वर्णित हो सकती है या नहीं यह विचारणीय है। अवश्य जगत् को सत्य मान कर भी ब्रह्म के आश्रय से उसकी प्रकाशमानता नहीं मानी जा सकती, ऐसी बात नहीं है। अङ्गी का आश्रय कर अङ्ग की सत्ता का बहुत से दार्शनिकों ने स्वीकार किया है एवं उस स्थल में अङ्ग का मिथ्या होने से वे प्रत्याख्यान नहीं करते हैं। इस विषय में बहुत प्रकार की दृष्टियां हैं, यहां उनकी आलोचना करना अप्रासंगिक

होगा। प्रश्नकर्त्ता के मत से जो चतुर्थ भूमि है वही विशुद्ध अद्वैत भूमि है। उस भूमि में द्वैत का भान बिलकुल नहीं रहता। यह भूमि और मां द्वारा उक्त पूर्ण ब्रह्मज्ञानी की स्थिति-भूमि सर्वथा एक ही है या नहीं यह नहीं कहा जा सकता। मां के विवरण का ध्यानपूर्वक मनन करने पर दोनों भूमियों में भेद प्रतीत होता है, यह अनेक लोगों को स्पष्ट हो सकता है। अर्थात् लौकिक दृष्टि से जिसे द्वैत कहा जाता है उसे हटा कर या उसका अतिक्रमण कर अद्वैत स्थिति एवं उसका ग्रहण या आत्मसात् कर अद्वैत स्थिति—दोनों में भेद है। अवश्य स्थिति के स्वरूपगत एकत्व के सम्बन्ध में प्रकाशांश की दृष्टि से किसी प्रकार के पार्थक्य का विश्लेषण करना संभव नहीं है।

२ सर्वाङ्गीण रूप से अपने को पाना—

माँ कहती हैं, पूर्णब्रह्मभूमि में स्थित हुए बिना अपने को सर्वाङ्गीण रूप से पाना नहीं बनता। जिस दृष्टि में ब्रह्म विश्व के अतीत है उस दृष्टि के अनुसार सर्वतत्त्वमय विश्व का अतिक्रम न कर सकने पर ब्रह्मसाक्षात्कार नहीं होता। वस्तुतः यह विश्वातीत, निर्गुण, निष्कल, परब्रह्म का साक्षात्कार है। दूसरे पक्ष में विश्व के प्रत्येक अणु परमाणु में उस परब्रह्म का आत्मप्रकाश है—यह अनुभव प्राप्त होने पर स्पष्ट प्रत्यक्ष होता है कि जिसको लोग विश्व कहते हैं या जगत् कहते हैं वह भी वस्तुतः ब्रह्म ही है। अर्थात् विश्व ब्रह्म है एवं विश्व के बाहर भी ब्रह्म है। इस स्थल में ब्रह्मदर्शन करना हो तो विश्व के बाहर भी लक्ष्य करना होगा ऐसी कोई बात नहीं है। क्योंकि वही ब्रह्मसत्ता—एक ही रूप से, अक्षत स्वरूप से विश्व में भी देदीप्यमान है। यह ब्रह्मसत्ता ही पूर्ण ब्रह्म है। इस स्थल में भीतर और बाहर समान हैं और साकार तथा निराकार अभिन्न हैं। क्योंकि जो निराकार है वही तो साथ हो साथ साकार भी है एवं जो साकार है वह साकार रहकर भी निराकार है। साकार और निराकार इन दोनों का अभिन्न रूप से दर्शन ही पूर्णब्रह्मसाक्षात्कार है। केवल साकारदर्शन ब्रह्मदर्शन हो सकता है, किन्तु वह पूर्णब्रह्मदर्शन नहीं है। केवल निराकारदर्शन भी ब्रह्मदर्शन हो सकता है, किन्तु वह पूर्णब्रह्मदर्शन नहीं है। पूर्ण ब्रह्म कहने से साकार और निराकार का कोई प्रश्न ही नहीं रहता, ऐसा समझना चाहिये। साकार और निराकार का जो विरोध है, वह जागतिक दृष्टि का विरोध है। स्वरूप एक ही है। इस एक ही स्वरूप का दर्शन पूर्ण ब्रह्मदर्शन है। यही आत्मदर्शन है। मां ने इसी को सर्वाङ्गीण रूप से अपने को पाना कहा है। यह न होने पर भी अपने को पाया जा सकता हैं, पर आंशिक रूप से, सर्वाङ्गीण रूप से नहीं। सर्वाङ्गीण आत्मदर्शन होने पर जगत् में सब कुछ एक ही है ऐसा ज्ञात होता है। उस समय किसी की भी दृष्टि को मिथ्या मानकर उसकी उपेक्षा करने का कोई उपाय नहीं है। इसीलिए मां ने बहुत बार बहुत जगह स्पष्ट किया है कि जहां से जो जो कुछ कहता है वहां से वही ठीक है। एक स्थान के साथ दूसरे स्थान का विरोध दिखाई देने पर दर्शन दर्शन में विरोध प्रतीत होता है। किन्तु सभी स्थान या अङ्ग एक ही अङ्गी के आत्मरूप हैं; यह समझ सकने पर किसी भी दर्शन को मिथ्या मान कर उसका त्याग करना नहीं बनता। कोई दर्शन मिथ्या नहीं है, पर खण्ड है। अखण्ड में सबका महा समन्वय विद्यमान है।

३ एक में अनन्त का प्रकाश—

जो लोग जागतिक विरोधदृष्टि से पूर्ण सत्य में भी विरोध के संभव की आशङ्का करते हैं वे सोचते हैं कि

विशेष अवस्था में जागतिक विरोध स्वीकार न करना संभव नहीं है। प्रश्नकर्त्ता ने दृष्टान्तरूप से इस शङ्का का उत्थापन करने के लिए जिज्ञासुभाव से जिज्ञासा की है—विश्वनाथ-दर्शन की इच्छा से दुर्गामन्दिर में जाकर दुर्गा को यदि कोई विश्वनाथ माने तो क्या वह ठीक होगा ? इस प्रश्न का उत्तर देने के पूर्व यह जान लेना होगा कि विश्वनाथ के दर्शन चाहने वाला यात्री कैसा अधिकारी है। यदि उसको भक्त जन के रूप में, योगी के रूप में अथवा विश्वनाथजी के दर्शनों की तीव्र लालसा से सम्पन्न व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया जाय तो लोकदृष्ट दुर्गाप्रतिमा के दर्शन कर के भी वह यदि कहे कि यह विश्वनाथ हैं तो उसका वाक्य मिथ्या नहीं होगा। वह सचमुच वहाँ दुर्गाप्रतिमा के बदले विश्वनाथजी का दर्शन प्राप्त करेगा। अवश्य यह उसकी एकान्त भक्ति और तीव्र इच्छा का फल है। किन्तु वास्तव में इसका मूल रहस्य यह है कि लोगों की दृष्टि में दुर्गा और विश्वनाथ में व्यवधान रहने पर भी वास्तव में कोई व्यवधान नहीं है। क्योंकि एक ही के तो अनन्त रूप हैं। भक्त या योगी यदि तीव्र इच्छा का विकास कर सकें तो जिस किसी स्थान से जिस किसी वस्तु का आकर्षण कर सकता है। यह सदा से होते आया है और होगा। इसमें कुछ भी आश्चर्य की बात नहीं है। क्योंकि "सर्वं सर्वात्मकम्"—सब जगह सर्वसत्ता ही विद्यमान है। क्योंकि मूल में सभी एक सत्ता ही है—विभिन्न रूपों में भी। कारणसामग्री के द्वारा अभिव्यक्त कर सकने पर जिस किसी स्थान से जिस किसी रूप की अभिव्यक्ति हो सकती है। क्योंकि किसी भी स्थान में किसी का अभाव नहीं है। यह समझ में आ सकने पर लौकिक विरोध वस्तुतः विरोध नहीं यह समझना सहज होगा। देशगत विरोध, कालगत विरोध, भावगत विरोध, आदर्शगत, गुणगत, प्रकृतिगत सभी विरोध हट जाते हैं। खण्ड दृष्टि में विरोध है, था और रहेगा। अखण्ड दृष्टि में या योग-दृष्टि में विरोध का कुछ भी अस्तित्व नहीं है। क्योंकि विरोध के धर्म हैं परस्पर एक दूसरे के साथ नहीं रहना एक ही अधिकरण में अनन्त विरुद्ध धर्म विद्यमान रहते हैं, यह स्वीकार करने पर वास्तव में विरोध का अरितत्व रहेगा कहां ! इससे लौकिक दृष्टि के विरोध ज्ञान का अपलाप नहीं किया जाता। अतएव पूर्ण ब्रह्म का उदय होने पर कोई भी विरोध वहां बाधक नहीं हो सकता। ब्रह्मज्ञानी के पक्ष में भी विशेष अवस्था में प्रयोजनवश विरुद्धवत् कार्य का अनुष्ठान संभव हो सकता है। उससे ज्ञान के अस्तित्व के संबन्ध में सन्देह करना उचित नहीं है। मां ने कहा है—जहां से जो कुछ करने का प्रयोजन रहता है उसमें कुछ भी नहीं छूटता। स्थिति एक में निश्चल होने पर अनन्त चलन भी स्थिति के विरोधी नहीं होते, यह कहना निरर्थक है।

४ एक सत्ता में स्थिति—

माँ कहती हैं एक सत्ता में स्थिति दो प्रकार की है—अपरिक्व और परिपक्व। अर्थात् उस स्थिति का लाभ होने के बाद भी यदि उससे च्युति हो जाय तो ऐसी स्थिति को वास्तविक स्थिति नहीं कहा जा सकता। उसी को मां ने अपरिपक्व स्थिति कहा है। यदि उस स्थिति-लाभ के बाद उससे च्युति या पुनरावृत्ति न हो तो उसे परिपक्व अवस्था समझना चाहिये। इस प्रसङ्ग में एक विषय विशेष-रूप से ध्यान देने योग्य है। यह जो अपरिपक्व स्थिति की बात कही गई है उसे कोई प्राकृत या मायिक स्थिति न समझें। क्योंकि वह भी अज्ञानातीत अवस्था है। भावसाधना से भावसमाधि प्राप्त होने पर इस स्थिति

की प्राप्ति होती है। भक्त लोग भावराज्य में संचरण करते करते पारापारी से विरह और मिलन की अवस्था का अनुभव करते हैं। विरह वियोग की अवस्था है और मिलन है योग की अवस्था। किन्तु नित्य लीला में वियोग भी नित्य नहीं है और योग भी नित्य नहीं है, किन्तु लीला नित्य है। इसलिए लीला की नित्यता के अनुरोध से विरह या वियोग का अन्त होता है। मिलन के आनन्द से विरह का तिरोधान हो जाता है। मिलन की परावस्था सुशीतल शान्ति पूर्णअवस्था है। किन्तु यह मिलन स्थायी नहीं रहता। कुछ क्षण संभोग के बाद उसका भङ्ग हो जाता है फिर विरह जाग उठता है। अष्ट कालीन लीला में प्रतिदिन कुञ्जभङ्गलीला इसी लिए होती है। किन्तु यह सत्य है कि यद्यपि उस मिलन का आनन्द मिलन के बाद नहीं रहता। फिर भी प्रबल ताप विरहाग्नि में भी एक प्रकार के आनन्द का अनुभव अनुस्यूत रहता है, क्योंकि इसमें त्रिताप की क्रीड़ा नहीं है, काल का कलना नहीं है, प्रकृति का परिणाम नहीं है तथा अहमिका की टक्कर नहीं है। किन्तु तथापि विरह विरह ही है। उसका ताप क्रमशः असह्य हो उठता है। इसके बाद फिर जब मिलन संघटित होता है तब पूर्ववर्ती मिलन की अपेक्षा अधिक आनन्द या रस का आस्वादन प्राप्त होता है। इस प्रकार अनन्त लीला के पथ पर रसकी साधना में योग और वियोग का चक्र चलता रहता है। इस भूमि को माँ ने अति संक्षिप्त भाषा में खींचातानी की भूमि कहा है। अर्थात् एक बार साधक भगवत्सत्ता के आकर्षण से उसमें प्रविष्ट होता है फिर वहां से च्युत होकर बाहर निकल पड़ता है। आकर्षण उसका अनुग्रह है और धक्का देकर बाहर निकाल देना ही उसका निग्रह है। यह खींचातानी की अवस्था भावसाधना के मध्य निरन्तर रसास्वादन में सूक्ष्मरूप से अनुस्यूत रहती है। किन्तु ऐसी एक स्थिति है जिसमें अपक्व अवस्था में प्रवेश नहीं होता। यह कहना निरर्थक है कि पूर्वोक्त भाव की अवस्था भी अपक्व अवस्था के सिवा और कुछ नहीं है, क्योंकि उस में आगम-निर्गम रहते हैं। किन्तु यह एक चमत्कारावस्था है इसका भी मां ने विशेषरूप से उल्लेख किया है। उक्त रसिक लोग ही इसका रसास्वादन कर पाते हैं, दूसरों के लिए यह दुर्लभ है। किन्तु जिस परपक्व अवस्था की चर्चा ऊपर की गई है, अत्यन्त गहरे में प्रवेश किये बिना वह प्राप्त नहीं हो सकती। उस अवस्था की स्पर्शप्राप्ति का माँ ने जड़ पत्थर के स्पर्श के रूप में उल्लेख किया है—अर्थात् वह अवस्था जड़ की नाईं पत्थर की नाईं निश्चल स्थिरता की अवस्था है। वही पूर्ण सत्य की गूढ़तम स्थिति है। उसका स्पर्श प्राप्त हुए बिना वास्तविक अद्वैत भाव का उदय नहीं हो सकता। उस स्पर्श को प्राप्त कर नाना में भी अपने को अखण्ड एक की सत्ता में अभिन्न रूप से प्रतिष्ठित देखा जाता है। यही परिपक्व अवस्था है। इस अवस्था में द्वन्द्व और विरोध सदा के लिए निवृत्त हो जाते हैं। जगत् के विरोधवैचित्र्य, नानात्व सभी वह देखते हैं एवं जगत् की दृष्टि से यह ब्रह्मविद् भी पूर्वोक्त विरोधमय व्यवहार के अन्तर्गत प्रतीत होते हैं। किन्तु वास्तव में स्वरूपदृष्टि से उस अवस्था में फिर किसी प्रकार के विरोध का प्रश्न ही नहीं उठता। जगत् के साथ जगत् के अनुरूप भाव से व्यवहार रहने पर भी वह अपनी अद्वैतभूमि में ही सदा विराजमान रहते हैं। उनका नीचे उतरना और ऊपर चढ़ना, भीतर जाना और बाहर आना ये सब वस्तुतः नहीं रहते। लोकदृष्टि से हैं, ऐसा प्रतीत होने पर भी वास्तव में रहते नहीं। पहले अपरिपक्वावस्था में एक में स्थिति अस्थायी है एवं वह अखण्ड भी नहीं है।

इसी लिए वह टूट जाती है एवं कालान्तर में च्युति होती है। किन्तु परिपक्वावस्था में स्थिति नित्य है। इस अवस्था में द्वितीय कुछ भी भासता नहीं। अपने निकट सदा सर्वदा आप ही भासमान रहता है—एक रूप में, नाना रूपों में और एक और नाना के विरोधहीन अद्वयरूप में। यही पूर्ण ब्रह्मभाव में स्थिति का थोड़ा-सा विवरण है।

—:o:—

ॐ

अनुकम्पा-धारा

लेखक—श्री चरणकमलाश्रिता

१-ओग्रम बोदा (पाकिस्तान) में माँ के साथ

"तेरे दर्बार में माता यही बात एक नयी देखी ।
"तुझे देते नहीं देखा मगर झोली भरी देखी ।"
अनुकम्पा की तेरी माँ नहीं सीमा कोई देखी ।
तेरी प्रत्येक बातों में किरपा ही भरी देखी ।
तेरी महिमा की बातें माँ जबाँ से कह नहीं सकती ।
कि लेनेवालों से तेरी देन इच्छा अधिक देखी ॥

माँ के एक भक्त ने दुर्गापूजा पर माँ से ओग्राम बोदा पधारने की प्रार्थना की। भक्तवत्सला माँ भला कैसे न जाती ? कुछ कारणों से बहुत दिनों से माँ के दर्शन नहीं हो सके थे। (मैंने कुछ समय पूर्व, दो-तीन स्थानों में जा-जाकर माँ के दर्शनों की चेष्टा की। परन्तु प्रत्येक स्थान में यही सुनने को मिला कि माँ एक दिन या दो दिन अथवा ३ दिन पूर्व यहाँ से चली गयीं। सोचा, अभी भाग्य में नहीं है, पर निराशा भी बहुत हुई।) पतिदेव की पूजा की छुट्टी आरम्भ हुई तो मैंने उनसे अनुरोध किया कि बोदा, मुझे मां के पास, ले चलें। उन्होंने कहा, 'मां को तार देकर यहां पधारने के लिए प्रार्थना करो न।' मां की सेवा में जवाबी तार भेजा गया तथा मैं उसके उत्तर की अधीरता के साथ प्रतीक्षा करने लगी। जब कई दिन प्रतीक्षा करने पर भी कोई उत्तर नहीं मिला तो मैंने फिर पतिदेव से आग्रह किया कि 'बहुत दिनों से मां के दर्शन नहीं हुए हैं, हम लोग ही मां के पास बोदा चले चलें।' मां की कृपा से मेरे चलने के लिए राजी हो गये।

पूरे एक दिन रेल से यात्रा करके हम लोग सिलिगुड़ी पहुँचे। वहां पहुँचकर पता चला कि ओग्राम बोदा जाने के लिए वहां से लगभग ३२ मील मोटर से जाना पड़ेगा। हम लोगों ने सोचा 'एक टैक्सी लेकर चलें, परन्तु जब "टैक्सी" तलाश की तो पता चला कि दुर्गापूजा के कारण वहां जो थोड़ी सी "टैक्सियां" थीं, सब घिरी हुई हैं। एक मिली भी, तो टैक्सीवाले ने ६०) रु० या शायद इससे भी कुछ अधिक ३२ मील ले जाने का मांगा। दो दिन बाद मां का सिलिगुड़ी पधारने का प्रोग्राम था। पतिदेव ने कहा, 'यहीं ठहरकर मां की प्रतीक्षा करें।' ऊपर लिख ही चुकी हूं कि पहले २-३. स्थानों से मां का दर्शन न पा, निराश होकर, लौट ही चुकी थी। इस बार भी भय हुआ कि कहीं ऐसा न हो हम लोग सिलिगुड़ी में प्रतीक्षा करते ही रह जायँ एवं मां का कहीं और जाने का हठात् ख्याल हो जाय—उधर से ही किसी और जगह चली जायँ। किसी ने बताया कि यदि कुछ दूर बैलगाड़ी से चलने का कष्ट उठायें तो हम लोग ट्रेन से भी जा सकते हैं। मैंने पतिदेव से फिर अनुरोध किया कि दूसरे दिन प्रातःकाल को ट्रेन से हम लोग चल दें। पहले तो उन्होंने कहा, जब मां यहां आ ही रही हैं तो बेकार ही है एक दिन के लिए जाना। पर अन्त में उन्होंने मेरी बात मान ली।

प्रातःकाल हम लोग ट्रेन से चल दिये। सिलाटी के

स्टेशन पर उतरना था। जब उतर कर प्लेटफार्म पर खड़े हुए तथा ट्रेन हम लोगों को छोड़कर चल दी तब चारों ओर दृष्टि दौड़ायी। सोचा, किससे पूछें, बोदा कितनी दूर है तथा बैलगाड़ी कहां मिलेगी! रेल के कर्मचारी, कुली आदि सब चारों ओर मुसलमान थे। सोचा, स्टेशन मास्टर से चलकर पता लगायें। उन्होंने बताया १२ – १४ मील बैलगाड़ी से जाना पड़ेगा यह पूछने पर कि बैलगाड़ी कहां मिलेगी। उन्होंने कहा—कुली से मँगाये देते हैं। कुली थोड़ी देर में एक बैलगाड़ी ले आया। उसका हांकनेवाला भी मुसलमान था। उसके चेहरे की आकृति से कुछ विश्वसनीय व्यक्ति नहीं मालूम होता था। पर करते क्या! दूर जाना था, जल्दी न चलने से रात होने का भी भय था। मां का नाम लेकर गाड़ी में बैठकर चल दिये।

बैलगाड़ी की छत बड़ी नीची थी। इसमें सीधे बैठने से सिर छत में लगता था, अतः झुककर बैठना पड़ता था। पतिदेव तंग आकर उतर कर गाड़ी के साथ साथ पैदल ही चलने लगे और कहने लगे कि 'तू जिद करके चली तो आयी, परन्तु यदि यहां हम लोगों को कोई काटकर भी फेंक दे तो हमारी सरकार कुछ नहीं कर सकती।' मैं चुपचाप सब सुनती रही तथा मन में मां को याद करती रही। रास्ते में जब मुसलमानों के गांव पड़ते तो कौतूहलवश वे लोग हम लोगों की गाड़ी आकर घेर लेते। तब तो थोड़ी देर को मेरा भी दिल धड़कने लगता था। एक जगह आकर गाड़ी रुकी। सामने नदी बह रही थी। बैलगाड़ी को नाव पर चढ़ाकर पार करना था। गाड़ीवाले ने कुछ सुस्ता कर चलने का विचार किया। उस समय मुझे ऐसा लगा जैसे उसके मस्तिष्क में कोई हानिकारक विचार चक्कर काट रहा है। खैर, मां का ही भरोसा था। हम लोगों ने कुछ खाकर ठण्डा जल पिया। गाड़ीवाले को भी कुछ भोजन दिया। थोड़ी देर के पश्चात् देखा तो गाड़ीवाला साधारण ढंग से गाड़ी चढ़ाकर चलने को तैय्यार हो गया। मां की कृपा से सायंकाल के लगभग हम लोग सकुशल बोदा पहुँच गये।

उन भाई का, जिनके यहां दुर्गापूजा थी, घर ढूँढ़ने में भी कठिनाई नहीं हुई। मां के दर्शनमात्र से ही सब कष्ट तथा थकान दूर हो गयी। मां के पास उनके कमरे में बैठी, तो मां ने सिरहाने से उठा, कर तहा हुआ एक कागज़ मेरे हाथ में दिया। यह उसी जबाबी तार का, जो हम लोगों ने भेजा था, खाली फार्म था। मेरे मुँह से निकला, 'मां तब तो मुझे जबाब मिल गया।' (अर्थात् मां मेरे साथ चलेंगी।) मां ने केवल मुस्कुरा भर दिया। यह दुर्गापूजा का अन्तिम दिवस था तथा मां अपने प्रोग्राम के अनुसार दूसरे दिन सिलिगुड़ी जा रही थीं।

यहां एक छोटी सी घटना उल्लेखनीय है। मां बैठी हुई थीं, और लोग भी चारों ओर बैठे थे। पतिदेव को ऐसा ख्याल हुआ कि मां पहले से कुछ दुबली हो गयी हैं–मां का चेहरा कुछ पतला लगा। इतने में उन्हें ऐसा भी लगा कि जैसे माँ के चेहरे के सामने कुछ कोहरा-सा आ गया तथा मां की शकल साफ़ नहीं दिखाई दी। फिर वह हट गया तथा मां का चेहरा बिल्कुल भरा-भरा गोल (जैसी पहले किशोरावस्था के कृष्णजी की तस्वीरें बुलाक पहने छपा करती थीं) दिखाई देने लगा। बड़ी सुन्दर मूर्ति थी! पतिदेव ने मां की ओर आंख मलकर फिर देखा, तब भी वैसा ही था। तनिक देर बाद

फिर जैसे मां पहले वैठी थीं, वैसी ही दिखाई दीं। बाद में यह घटना उन्होंने मुझे बतायी।

वोदा से ही मैंने माँ से तथा श्री गुरुप्रिया दीदी से, प्रार्थना शुरू कर दी कि मां मेरे साथ चलें। मां ने दीदी के पूछने पर भी कुछ विशेष उत्तर नहीं दिया। शायद इतना ही कहा, 'देखो क्या होता है।' दूसरे दिन हम सब लोग मां के साथ मोटरों और बसों से सकुशल सिलिगुड़ी पहुंच गये। वहां एक कालीमन्दिर में मां ठहरीं। सिलिगुड़ी पहुँचने पर दूसरे दिन, तीसरे पहर तक भी किसीको पता नहीं कि मां (प्रोग्राम के अनुसार) कलकत्ता, मेरे साथ या दार्जिलिंग कहां जायँगी। (दार्जिलिंग से भी एक भाई आये थे, जो मां से दार्जिलिंग चलने की प्रार्थना कर रहे थे। सिलिगुड़ी से प्रस्थान का समय आ गया। इतने में किसीने आकर मुझसे कहा कि मां बुला रही हैं। मैं मां के पास गयी तो उन्होंने बड़े ही मधुर शब्दों में मुझसे कहा, "अब तो मुलाकात हो गयी, एक-दो दिन साथ भी रहना हो गया। अब यह शरीर कलकत्ता चला जाय ?" मैंने जब देखा कि इतनी जल्दी मांको छोड़ना पड़ जायगा, मैंने जैसे घबरा कर मां का हाथ पकड़ लिया और कहा, "नहीं मां, मेरे साथ चलिये।" मां अपने दूसरे हाथ से मेरा हाथ आस्ते-आस्ते सहलाने लगीं मानो कह रही हों, 'घबराओं नहीं, मैं चलूंगी।' इतनेमें उन्होने स्वामीजी से कहा कि 'मेरे साथ चलने के लिये तैय्यारी की जाय।' पाठकगण मेरी खुशी का स्वयं अनुमान कर सकते हैं। थोड़ी देर बाद ही हम लोग रवाना हो गये। मुझे जैसे विश्वास नहीं हो रहा था कि यह सत्य है कि मां मेरे साथ जा रही हैं। असीम करुणामयी मां की करुणा की कोई सीमा थोड़े ही है तभी तो मुझ जैसी अयोग्य अकिञ्चन पर भी इतनी कृपा है।

वोदा की एक और छोटी-सी घटना लिखकर समाप्त करती हूँ। मैं नवरात्र में ६ दिन देवीजी की कथा कहकर नवमी के दिन कभी एक और कभी २ ब्राह्मण-कन्याओं को भोजन कराकर कुछ वस्त्रदक्षिणा दिया करती थी। इस वार नवमी वोदा में पड़ी, तो मैं मन में सोचने लगी—कितनी कन्याएं जिमाऊं, तो जैसे किसी ने कहा, 'चार' मैं कुछ चौंक-सी पड़ी। मैंने दीदी के पास जाकर उनसे प्रार्थना की कि मेरे लिए ४ ब्राह्मण-कन्याओं के लाने तथा भोजन का प्रवंध कराने की कृपा करें। दीदी ने तुरन्त सब प्रवंध करा दिया। जब कन्याएं भोजन करने वैठीं, तो असीम करुणामयी मां भी आकर देखने लगीं। जब कन्याएँ भोजन करने लगीं, तो एक छोटा-सा वालक, जो अपनी माता के साथ आया था, रोने तथा मचलने लगा कि वह भी कन्याओं के साथ भोजन करेगा। उसकी माता उसको फुसलाने की कोशिश करने लगीं, पर वह मचले ही गया। मुझे पता चला तो मैंने उसे भी भोजन के लिये वैठा दिया। अब मैं सोचती हूं कि उस वालक के मचलने में भी कुछ अर्थ छिपा था, क्योंकि मुझे पूजा की विधि आदि तो कुछ आती नहीं। जो कुछ उल्टा-सीधा समझ में आ जाता है, वही करने लगती हूँ। वाद में मुझे पता चला कि कन्याओं के साथ एक वटुक (ब्राह्मण-वालक) को भी भोजन कराने का नियम है। सो मां की कृपा से उस बालक ने रोकर मुझसे पूरा करा लिया। वहुत दिनों वाद एक वार मैंने मां को सुनाया कि वोदा में जब मैं सोच रही थी कि कितनी कन्याओं को भोजन के लिए बुलाऊँ, तो सुनाई दिया, 'चार' मां ने कहा, "ऐसा कभी-कभी होता है।" फिर कहा, मालूम है चार क्यों ? एक छठ की, एक सप्तमी की, एक अष्टमी की और एक नवमी की—चार दिनों की चार कन्याओं को जिमाया जाता है। असीम करुणामयी माँ प्रत्येक की इच्छा अथवा

संस्कार के अनुसार स्वयं ही काम करा लेती हैं। इसपर श्रीतुलसीदासजी महाराज का यह पद्य याद आता है—

'ऐसो को उदार जग माहीं,
बिन सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोऊ नाहीं।'

२—प्रयाग में अर्द्ध कुम्भ पर

सन् १९४७ के अर्द्ध-कुम्भ में मां लगभग १ मास प्रयागराज में पधारीं। मुझको भी लगभग ३ सप्ताह वहां मां के पास रहने का सौभाग्य प्राप्त हो गया। मां के अनेक भक्त-गण इस शुभ अवसर पर आए हुए थे। सुन्दर सत्संग होता और कुम्भ मेले में श्रीयमुनाजी के तट पर मां का "कैम्प" था प्रातःकाल से रात तक सुन्दर कीर्तन, महात्माओं के प्रवचन, कथा, पाठादि "लाउड-स्पीकर" पर सुनने को मिलते। कभी कभी भक्तों के अनुरोध से मां जब कीर्तन करने लगतीं तो उनके सामने "माइक" रख दिया जाता। उस समय मां के श्रीमुख से निकला हुआ वह कीर्तन लाउड स्पीकर पर भी कितना मधुर होता था—मानो कानों में किसी ने अमृत घोल दिया हो।

एक दिन रात भर स्त्रियों का कीर्तन हुआ। उस दिन मां ने भी काफी देर कीर्तन किया। प्रातःकाल पर्व के समय सब लोग (२०० के लगभग व्यक्ति) दो बड़े बजड़ों में संगम पर स्नान के लिये गए। मां तथा श्रीहरिबाबाजी तथा अन्य एक दो महात्मा नौका से गए। पर्व के दिन दो बड़े बजड़ों का मिलना अत्यन्त कठिन था, परन्तु मां की कृपा से किसी भाँति प्रबन्ध हो ही गया।

एक दिन मां पण्डाल में थीं। सहसा एक फूलों की माला की आवश्यकता पड़ गई (शायद कोई महात्मा आए थे)। माताजी ने किसी से जल्दी माला लाने को कहा। वहां पास में कहीं फूलों की माला नहीं मिलती थी। कुछ लोग इधर उधर दौड़े। मेरे मन में उस समय कुछ ऐसा आ गया कि अवश्य पास ही कहीं फूलों की माला होगी नहीं तो मां "जल्दी लाओ" नहीं कहतीं। यह सोचकर मैं जैसे ही पण्डाल के द्वार तक आई तो देखा एक सज्जन दोने में एक माला लिये हैं तथा एक हाथ से उसको लटका कर मानो मुझे दिखा रहे हों। मैंने उनसे पूछा, "भाई" यह माला आप दे सकते हैं, क्योंकि एक माला की बहुत जल्दी आवश्यकता है।" ऐसा ही कुछ कहा तो उन्होंने वह माला सहर्ष मुझे दे दी और मैंने तुरन्त लाकर मां को दे दी।

एक दिन दूर से मां को भोजन करते देखकर न जाने क्यों एक विचित्र ही बात मेरे हृदय से उदय हुई कि मां तो जगत-मां हैं और मां प्रायः बच्चों को अपने हाथ से खिलाती हैं। सो मां के भोग के पश्चात् यदि मां का प्रसाद सर्वप्रथम मुझको ही मिले तो मैं समझूँगी कि मां ने मुझे अपने हाथ से ही दिया। कुछ ऐसी मूर्खतापूर्ण बात मेरे मन में आई। सहसा मुझे लगा जैसे मां कह रही हों, "मैं ही तो सबके हाथों द्वारा तुम्हें खिलाती हूँ अर्थात् जितने हाथ हैं सब मेरे ही तो हैं।" कुछ ऐसा ही सुनाई दिया। मैं अवाक् हो चुप खड़ी रही। इतने में देखा मां का भोजन हो गया तथा उदास मां को मुखशुद्धि खिला रही है। मां ने उदास को कुछ इशारा किया उसके पश्चात् मेरे पास आकर जो बची हुई मुखशुद्धि उसके हाथ में थी मुझको दे दी। इस प्रकार मां का प्रसाद सबसे पहले मुझे मिल गया। मैं गद्‌गद् हो सोचने लगी कि मेरे मन में जो बात आई थी वह अन्तर्यामिनी करुणामयी मां ने इस प्रकार पूरी की। ऐसे ही जिस दिन कुम्भ के पर्व-स्नान को सब लोग दो बजड़ों में संगम को चले तो मैंने

सोचा कि संगम पर मां की पूजा करके चरणामृत लूंगी, परन्तु ऐसा संयोग हुआ कि मां बजड़े में न जा सकीं तथा एक भक्त उनको एक छोटी नौका में ले गये तो मुझे संगम पर मां को केवल माला ही पहनाने का अवसर मिल सका। मां जल्दी लौट आईं बजड़े के लौटने में काफी विलम्ब हो गया। जब हम लोगों का बजड़ा तट के समीप पहुंचा तो मैंने देखा कि मां एक छोटी नौका में पुनः बैठ रही हैं मैं बजड़े से सबके साथ उतर कर वहीं खड़ी होकर, मां की नौका देखने लगी। थोड़ी देर मां की नौका इधर उधर तैरती रही फिर सहसा मां ने मुझे इशारे से नाव में आने के लिये कहा। मैं महान्आनन्द के साथ शीघ्रता से मां की नौका में चढ़ गई। मुझे कुछ पता नहीं कहां जाना है। नौका तेजी से चलने लगी। थोड़ी देर में देखा कि हम लोग फिर संगम पहुँच गये। मैं मां का संग पाकर वह चरणामृतवाली बात भूल चुकी थी। महात्माओं का अखाड़ा कुछ दूर स्नान करने को उतरा। चारों ओर भीड़ थी। मां थोड़ा नौका के एक ओर झुकीं उनके दोनों चरणकमल के गुलाबी कोमल तलवे मेरी ओर थे। फिर भी मुझे चरणामृतवाली बात याद न आयी। उनके दर्शन में ही शायद लग गयी। एक ब्रह्मचारी या संन्यासी भाई, जो मां की ही नाव में आये थे, एक पात्र में थोड़ा-सा संगम का जल ले आये तथा मां के अंगूठे से स्पर्श कराकर जब बांटने लगे तथा मुझे भी दिया, तब चरणामृत की बात याद आ गयी साथ ही मेरी समझ में ऐसा आया कि असीम दयामयी मां मेरी इच्छा पूर्ण करने के लिए ही स्वयं इतना कष्ट उठाकर फिर से मुझे साथ लेकर संगम आयीं। मुझ अयोग्य की आंखों के सामने अपने दिव्य चरण-कमल-तल कर दिये कि शायद अब भी इसको स्मरण हो आये। पर तब भी स्मरण नहीं आया तब भाई को प्रेरणा करके, संगमजल मँगाकर मुझे चरणामृत प्रदान कर ही दिया। अभी तक मेरा विश्वास है कि मां के फिर से संगम जाने का कारण मेरे मन में जो यह इच्छा उस दिन जगी थी कि संगम पर मां का चरणामृत लूं, उसको पूर्ण करना ही था। कैसी अहैतुकी करुणा !

एक डाक्टर के अनुभव

चार

गाजीपुर में एक महिला को देखने जाना पड़ा। तीन स्वस्थ बच्चों की मां। छोटे बच्चे की उम्र साल भर की। मां को चार महीने से धीमा-धीमा बुखार चल रहा है। कभी-कभी बुखार में अचानक वृद्धि हो जाती है। दो-चार दिन पर कम हो जाता है, पर एकदम छूटता नहीं। ऊपरी कोई कष्ट नहीं है पर मृदु गति से कमजोरी बढ़ती ही जा रही है। नहाना, पूजा, भोजन आदि व्यवस्था पूर्ववत् चल रही है। नहाने से भी बुखार में कोई आराम नहीं। भूख लगती है, खाने में रुचि भी है। शरीर के परीक्षण में ऐसी कोई बात नहीं मिली, जिससे रोग के कारण का कोई इशारा भी मिले। हर किस्म की दवा का सेवन कर चुकी पर कोई लाभ नहीं दिखाई पड़ा। विफल होकर रामनगर के अस्पताल में एक सप्ताह के लिए भर्ती होने का अनुरोध किया। परिवार के लिए भी रामनगर में किराये का मकान देने का वचन दिया। सब लोग राजी हो गये। अस्पताल में भर्ती होने के बाद हर किस्म की जांच शुरू की। एक्स-रे, मल-मूत्र आदि दो-दो तीन-तीन दफा जांच की। अनुमान से जितने रोगों का संदेह हो सकता था, सबके लिए कई बार जांच की। संदेह-जनक कोई सूत्र नहीं मिला।

अस्पताल में आने के चौथे रोज बारह बजे रात को नर्स ने हमको फोन किया कि "आधा घंटा से मरीज के मुख से एक आवाज निकल रही है, परन्तु वह गहरी नींद में मालूम पड़ती है। आर० एम० ए० साहब की इच्छा है कि एक दफा इस अवस्था में आप देख लें।" मैं गया।

नाड़ी में या श्वास में कोई खास परिवर्तन नहीं मालूम पड़ा। परन्तु रह-रहकर शरीरमें एक सिहरन हो रही थी। उसी समय मुहँ से आवाज निकल रही थी। पति से पूछ-ताछ करने से मालूम हुआ कि महीने में चार पांच दफा रात को ऐसा ही होता है और दो तीन घंटे में आप से आप ठीक हो जाता है। ऐसी घटना से मरीज की नींद नहीं खुलती।

एकाएक ख्याल आया कि अमावास्या की रात है। अस्पताल में तो सब तैयारी रहती ही है, झट से नींद में सोई मरीजा का दो तीन बूँद खून निकाला। तुरन्त अणुवीक्षण यंत्र से देखा। आश्चर्य-चकित हो गया। एक एक बूँद खून में करोड़ों फीलपांव के कीटाणु (**Microfilaria**) तिर्यक् गति से छटपटा रहे थे। दिन को लिये गये खून में, जो तीन दफा लिया जा चुका था, इस रोग का संदेह तक नहीं हुआ।

फीलपांव रोग की चिकित्सा शुरू हुई। चिकित्साकाल में तीन दौरा ऐसा ही रात में आया था—चतुर्थी, एकादशी और पूर्णिमा को। बुखार हट गया, पूर्ण स्वस्थ होकर माताजी घर गयीं।

—]*[—

॥ ॐ माँ ॥

मातृ-सत्संग

लेखक—श्रीरघुनाथदास गोस्वामी 'कान्ति भाई'

अगस्त १९५७ के अंक में अहमदाबाद में माँ के सत्संग का विवरण ३ मई से ७ मई तक का दिया था। प्रस्तुत लेख में ८ मई से १२ मई तक के मातृ-सत्संग का विवरण देने का प्रयत्न कर रहा हूँ। ८ मई से १० मई तक का सत्संग रात को ९ से ९॥ बजे तक श्रीमुकुन्द भाई ठाकुर के यहाँ हुआ था और ११ मई से १७ मई तक का सत्संग श्रीकान्तिलाल मुनसा के यहाँ हुआ था। उस समय सत्संग के शुभ अवसर पर श्री श्री माँ के श्रीमुख से जो परम मधुर कथामृत सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था उसी को यहाँ मैं लिपिबद्ध करने की चेष्टा कर रहा हूँ। यथासंभव माँ के मुख से निःसृत शब्दों को ज्यों के त्यों रखने का उद्योग कर रहा हूँ किन्तु मैं यह दावा नहीं कर सकता कि माँ के मुख से निकला हुआ प्रत्येक शब्द इसमें लिखा जा सका है। जिस प्रकार गंगाजी के पुनीत प्रवाह से लोग अपनी शक्ति के अनुसार गंगा-जल ले आते हैं उसी प्रकार मैं भी श्री श्री माँ के 'कथामृत' रूपी गंगा-प्रवाह में से अपनी अल्पशक्ति से जो कुछ संग्रह कर सका हूँ वह लिख रहा हूँ, अतः भूल-चूक के लिए श्री श्री माँ के चरणों में क्षमा-याचना करता हूँ।

८ मई १९५७ ई०—

आज रात को माँ के सत्संग के समय गोस्वामी मुकुटविहारीजी ने व्रजरस पर व्याख्यान दिया। आज केवल कथा-प्रसंग में माँ ने एक कहानी सुनाई।

माँ ने कहा, "भगवान् राम के आदेश से जब सेतुबन्ध का कार्य चल रहा था एक से एक वीर बड़े बड़े पर्वतखण्डों को ला ला कर समुद्र में डालते जाते थे। ठीक उसी अवसर पर उसी दौड़-धूप में दो क्षुद्र प्राणियों का एक युग्म, जिन्हें गिलहरी कहा जाता है, भी सेतु बन्ध के महत् कार्य में संलग्न था। अर्थात् दोनों समुद्र के जल में शरीर को गीला करते, बालुका पर लोटते और उस बालुका को जो शरीर में लिपट जाती थी दो शिलाओं के बीच में लोट कर झाड़ देते थे। पुनः जल में शरीर गीला करते, बालुका से आवेष्टित होते और पुनः उक्त प्रकार से झाड़ देते थे। बस यही कार्य चल रहा था उनका। उन्हें इतने लोगों के पदाघात से मरने जीने का भय नहीं था। अकस्मात् एक घटना घट ही गई। भगवान् राम के प्रिय दूत महाबली हनुमान ने उन्हें देखा और इस दौड़-धूप में से हट जाने को कहा पर वे क्यों हटने वाले थे। अन्ततोगत्वा हनुमान ने उस क्षुद्र प्राणी को पैर के अंगूठे से दूर फेंक दिया। परिणाम यह हुआ कि वह वेदना से कराह उठा। उसकी जीवनसंगिनी बहुत क्रुद्ध हुई और उसने इस घटना

का अभियोग भगवान राम से कह सुनाया और न्याय चाहा। भगवान राम सब देख ही रहे थे। उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक मुस्करा कर उस आहत प्राणी को तुरन्त अपने करकमलों से उठा लिया और अत्यन्त स्नेह से एक हथेली पर रख दूसरे हाथ से उसकी पीठ पर प्यार के साथ अंगुलियों से सहला कर सारी वेदना हर ली और पूछा, "कहो भाई, हनुमान को कौनसा दंड दूँ ?" इस पर उसने कहा, "ठहरिये जरा मैं अपनी स्त्री से राय ले लूं।" उसने राय ले कर कहा कि हे राम! जैसे हनुमान ने मुझे पैर से मारा है उसी प्रकार आप उन्हें भी मारें। राम को ऐसा करना पड़ा। ऐसा करने पर वह प्राणी फूला न समाया और अपने को भाग्यशाली और निर्भय समझ गर्ज कर गर्वपूर्वक उसने हनुमान से पूछा 'क्यों हनुमानजी, पुनः आप मुझे मारेंगे ? हनुमान ने कहा, "हाँ रोज मारूँगा, बार बार मारूँगा।" उसने पूछा, "क्यो ?" हनुमान ने कहा, "इसी लिये कि प्रभु राम अपने चरणकमलों से पुनः पुनः मुझे मारेंगे।" भगवान राम ने उस क्षुद्र प्राणी को निर्भय करते हुए कहा, "अब तुम निःशंक हो जाओ, तुम्हें कोई नहीं मार सकता। ये मेरी अंगुलियों के चिह्न तुम्हारी पीठ पर अंकित हो गये हैं।"

माँ ने लोगों के आग्रह से 'राधे-राधे' कीर्तन किया। इतना मधुर और स्निग्ध कीर्तन था कि सब लोग मंत्र-मुग्ध हो एक साथ माँ के साथ गाने लगे एवं प्रत्येक अणु-परमाणु झंकृत हो उठा था।

* * *

६ मई १९५७ ई० —

प्रश्न—जप पवित्र जगह में करना चाहिये पर पवित्र जगह कहां मिले ?

माँ—जहां भगवन्नाम होता है वहां पवित्रता अपने आप आ जाती है। देवमन्दिर पवित्र है, फिर महात्माओं का चरणतल पवित्र है, महात्माओं का सांनि पवित्र है, सब तीर्थ पवित्र हैं। कोई कहता है कि अमुक तीर्थ में जप करने से जप सिद्ध होता है। भगवन्नाम चिर पवित्र है। जहां भागवत पाठ हो वहाँ की वायु पवित्र हो जाती है। ऐसी जगह बैठने से मन साफ हो जाता है।

प्रश्न—जप का उच्चारण झंकार से क्यों करते हैं ?

माँ—(स्वामी माधव तीर्थ के प्रति) पिताजी, तुम बोलो। मंत्र जप अर्थभावनापूर्वक करना चाहिये। इससे उत्तम परिणाम होता है जैसा कि योग सूत्र में लिखा है।

प्रश्न—यदि जप का उचारण अशुद्ध हो ऐसे मंत्र में अर्थभावना कैसे करें ?

स्वा० मा०—बीज-मंत्र में अर्थभावना की आवश्यकता नहीं है।

माँ—एक होता है अर्थभावना करके जप करना और दूसरे में भावना की बात नहीं है। शब्दब्रह्म अक्षरब्रह्म जो क्षय नहीं होता है। जहां ब्रह्म है वहां नित्य है क्षय नहीं है। शब्द का झंकार होता है जैसे बाजा बजाने का झंकार होता है। अक्षरशब्द द्वारा उसका झंकार-अजपा जप-यदि हो जाय तो ग्रन्थि में ठोकर लगेगी। ग्रन्थि खुलने का रास्ता खुल जायेगा। जैसे शब्दब्रह्म प्रणव का झंकार हर वक्त हो रहा है। योगी लोग सुनते हैं। बीजमंत्र का भी झंकार होता है। जप करते करते अर्थप्रकाश हो जाता है। जैसे घिसने से आग पैदा होती है वैसे ही जप करते करते अर्थ का प्रकाश हो

जाता है। एक गँवार भागवत पाठ सुन रहा था। मूल पाठ था 'जगत हिताय' गँवार नें समझा 'जगत-ढिपाय।' वह 'जगत ढिपाय' पढ़ रहा था और आँखों से आँसू आ रहे थे। किसी ने देखा और उससे पूछा कि तुम 'जगत-ढिपाय' पढ़ रहे हो, क्या अर्थ है इसका। उसने कहा कि विश्व जगत भगवान में ठूस(!) रहा है। ऐसा कह रहा था और आँखों से आँसू झर रहे थे तथा भगवान कृष्ण का दर्शन कर रहा था।

स्वा॰ मा॰—अन्तःकरण शुद्ध होने से ऐसा होता है।

माँ॰—भाव शुद्ध हो तो अर्थप्रकाश होता है। यह शरीर तो कहता है कि अगर कर सको तो भगवान के दरवाजे में पड़ कर रोवो। जब तक दरवाजा न खुले रोना पुकारना बन्द नहीं करना। शरीर जाय या रहे कोई परवाह नहीं। अगर शक्ति रहे तो भगवान का दरवाजा तोड़कर जाय जैसा पिताजी ने कहा कि अर्थभावना करके जप करना चाहिए। कोई कहते हैं कि अर्थभावना की आवश्यकता नहीं है। विश्वास से भगवान का नाम जपे जाओ। "विश्वास से मिलाए भगवान तरके अति दूर।" यह शरीर हर समय उटपटाँग बातें करता है। जैसे तुमने राख रखी है, यदि उसमें आग रहे तो स्पर्श करने से जला देगी। विना देखे हुए जहर खाने से लोग मर जाते हैं, इसलिये चाहे श्रद्धा से या अश्रद्धा से या अर्थभावना से या बिना अर्थभावना के भगवन्नाम लेने से अवश्य कल्याण होगा। भगवन्नाम जप करने से सब पाप नष्ट हो जाते हैं। कोई कोई कहते हैं कि भगवन्नाम में पाप जलाने की इतनी शक्ति है कि मनुष्य उतने पाप कर ही नहीं सकता। अग्नि एवं अग्नि के स्फुलिंग में दाहिका शक्ति समान है। एक स्फुलिंग सारे विश्व को जला सकता है।

स्वा॰ मा॰—भागवत एवं अन्य ग्रंथों में ऐसा वर्णन है कि जप के द्वारा केवल पाप समाप्त किये जाते है पुण्य नहीं। पुण्यफल अथवा अच्छे कार्यों का परिणाम आत्मज्ञान द्वारा हटाया जाता है। अजामिल हरिद्वार गया और वहां उसे आत्मज्ञान प्राप्त हुआ। पुण्य को काटने के लिए क्या करें?

माँ—पुण्य क्षय होने वाला क्षीण हो जायेगा। जलने वाला जल जायेगा।

स्वा॰ मा॰—भगवन्नाम से पाप जल जाता है और तपश्चर्या से पुण्य समाप्त हो जाता है।

माँ—चाहे जो नाम ले, जिस मंत्र का जप करे—सब में सब है, इसलिये सब आ सकता है। ग्रंथि-भेद हो जाय तो फिर रहेगा क्या? स्टेज वाइ स्टेज (क्रम क्रम से) सब आ जाता है। पिताजी ने जैसा बताया कि यह ठीक बात है कि अगर ठीक नाम हो तो सब कुछ हो सकता है। भगवन्नाम भगवान का विग्रह ही है। भगवान्नाम के संग सब पाप ताप जल जाते हैं ऐसा भगवन्नाम का प्रभाव है। भगवन्नाम के प्रभाव से तत्त्वप्रकाश हो जायेगा।

भगवान परम बन्धु हैं, आप के प्राणों के प्राण हैं। भगवान साकार और निराकार दोनों हैं। भगवान का जप करने से उनका स्वभाव है अपना प्रकाश कर देना। इसलिए चाहे ज्ञान से या अज्ञान से, चाहे इच्छा से या अनिच्छा से, चाहे विश्वास से या अविश्वास से भगवन्नाम करोगे या भगवत्स्मरण करोगे तो जलने वाला जल जायेगा और गलने वाला गल जायेगा। लोग तस्वीर को सामने रखकर ध्यान करते हैं, किन्तु तस्वीर में क्या है? कागज है पर तस्वीर में शुद्ध ध्यान करते करते उस तस्वीर से भगवान स्वयं प्रकट हो जाते हैं।

प्रश्न—जप की संख्या की क्या आवश्यकता है?

माँ—संख्या में तत्त्व रहता है। भगवान की एक सच्ची पुकार आ जाय तो बस भगवान प्रत्यक्ष हो जाते हैं। उसी एक सच्ची पुकार के आने के लिए अनन्त जप करना पड़ता है। किसी संख्या में पूर्ण होता है। कौन जाने किस संख्या में तुम्हारा जप सफल हो जायेगा। कोई श्वास प्रश्वास के साथ जप करते हैं। अपने अपने गुरु जिसको जैसा बतावें करना चाहिए। संख्या अगर गुरु दे दें तो कौन जाने किस समय संख्या पूर्ण हो जाय।

× × ×

कथाप्रसंग में माँ ने कहा कि साधारणतः मंत्र के द्वारा गुरु का शक्तिपात होता है। जो मंत्र है वह वह स्वयं सिद्ध ही है। ऋषि-मुनि मंत्रद्रष्टा थे। उन लोगों के सामने मंत्र प्रत्यक्ष हुए थे। मंत्र जिन्होंने पाया उन लोगों ने उसका प्रत्यक्ष किया है। किताब में से अपने आप पढ़ कर मंत्र ले लेते हैं। लेकिन मंत्र गुरुमुख से ही लेना अच्छा है, क्योंकि मंत्र के साथ गुरुशक्ति प्रवेश करती है। यदि कोई पूर्व जन्म का संस्कार वाला व्यक्ति हो तो बिना गुरुशक्ति के ही हो सकता है। सुना है कि कबीर मंत्र लेने के लिए गुरु के दरवाजे पर बहुत दिनों तक पड़े रहे। एक दिन गुरुजी बाहर निकले कबीर रास्ते में पड़े थे। गुरुजी के पैर में चोट लगने से मुख से 'हे राम' निकल गया। कबीरजी ने सोचा कि बस यही गुरुमत्र है। उसी का जप कर कबीरजी सिद्ध हो गये। महात्माओं के मुख से शब्द निकलने से उसमें विशेष शक्ति आ जाती है।

स्वा० मा०—यदि गुरु अपने शिष्य से प्रतिदिन दश मालाएँ करने को कहता है और एक दिन यदि पाँच माला करने पर ही ईश्वर दर्शन दे दे तो क्या शिष्य को गुरु आज्ञानुसार दश मालाएँ पूरी होने तक ईश्वर को रुकने को कहना पड़ेगा ?

माँ—नित्य दश मालाओं का जो फल था वह पांच मालाओं में हो गया। कौन जानता है कि किस संख्या में फल प्रकाशित हो जाय ?

स्वा० मा०—मेरे गुरु ने जप करने के लिए एक मंत्र दिया और उसी समय वेदान्त सिखाने लगे। कुछ वर्षों के उपरान्त वेदान्त का मुझे अनुभव करा दिया और मेरी माला—तुम्हें अब इसकी बिल्कुल आवश्यकता नहीं ऐसा कहते हुए—ले ली।

माँ—सभी कुछ हो सकता है।

प्रश्न—हमारा जप करने के लिये गुरु जप की माला ले गये।

माँ—जप करने से उत्पन्न फल गुरु के अर्पण करना चाहियें।

प्र०—हम जप की माला गुरु को दे देंगे। गुरु हमारे लिए जप करें। गुरु की शक्ति से फल क्यों नहीं मिलेगा। यहाँ पर गुरु के माहात्म्य का प्रश्न आ गया (सब लोग हँस पड़े)।

माँ—सब को दिखा कर देखो देखो बालमुकुन्द घुटने से बैठ गया।

स्वा०मा०—कमीशन में मोक्ष मिलना चाहिये।

माँ—(मुकुन्द भाई की तरफ देख कर) वकील हैं न।

प्र०—गुरु है, इसलिए शिष्य को फल अवश्य मिलना चाहिए।

माँ—गुरु करना है 'तुम' को मारने के लिए। 'तुम' को मार खानी पड़ेगी।

मुकुन्द भाई—मार खायेंगे किन्तु माला नहीं फेरेंगे। हमारा साधन गुरु करे।

माँ—साधन गुरु ही करते हैं--जैसे बालमुकुन्द जप करता है।

प्र०—हम न करें तो ?

माँ—गुरु जरूर करेंगे। मार दे कर करेंगे। मारने वाले को मार कर करेंगे। मंत्ररूप में गुरु ही तुम्हारे भीतर में हैं। गुरु शक्तिरूप में तुम्हारे भीतर है। तुम्हारी बात पूरी मान ली किसलिए 'मैं' को मारने के लिए। 'मैं' करने वाला उनको मारने के लिए दंड खाता है। जब दो व्यक्ति लड़ते हैं और एक दूसरे पर आक्षेप करते हैं कि तुमने यह किया—तुमने यह किया तब बहुत सुन्दर दिखता है। मानो दोनों अहं एक दूसरे से युद्ध करते हों। उस अहं को मारने के लिये गुरु अपने में प्रकाशित हो जाते हैं। तुम्हारी बात बिल्कुल पक्की है।

प्र०—सुख दुख मारने वाला पुरुष कौन है ?

स्वा० मा०—साँख्य का पुरुष कर्ता नहीं है भोक्ता है। वेदान्त का पुरुष कर्ता भी नहीं और भोक्ता भी नहीं।

प्र०—ज्ञानी लोग जाग्रत् को स्वप्न कहते हैं।

माँ—जहाँ ज्ञान है—एकं ब्रह्म द्वितीयो नास्ति—वहाँ तुम जो देख रहे हो सारा का सारा स्वप्न है। एक जाग्रत्-स्वप्न है और एक स्वप्न-स्वप्न है।

प्र०—तुमको आज भी देखा कल भी देखा ?

माँ—जो देखना होता है वह नहीं हुआ यदि ठीक ठीक देखना होता तो कल आज का सवाल नहीं रहता।

प्र०—मनुष्य कर्म करने में स्वतन्त्र है या परतन्त्र ?

माँ—पिताजी उत्तर देंगे।

स्वा० मा०—माया के क्षेत्र में पुरुष परतन्त्र है। किन्तु आध्यात्मिक क्षेत्र में पुरुष स्वतन्त्र है।

माँ—जब तक 'मैं भगवान का यन्त्र हूँ' यह प्रकाश न हो तब तक भगवान को मान कर चलना चाहिए। उपनिषद में आता है कि दो रास्ते है एक प्रेय का और एक श्रेय का। प्रेय का रास्ता त्याज्य है, श्रेय का ग्रहण करना चाहिये।

अपने स्वरूप के पहचानने की लाइन में चलो। जैसे तुम अपनी शक्ति से पैसा कमाते हो, बाल बच्चों का पोषण करते हो उसी शक्ति को भगवत्प्राप्ति में लगाओ। भगवान को पाने की चेष्टा करो। भगवान को पाना यानी अपने को पाना, अपने को पाना यानी भगवान को पाना। भगवान तो प्रकाशित है ही, आवरण पड़ा है, इसलिये दिखता नहीं। आवरण हटाने के लिए कर्म करना चाहिये। जो शरीर मिला हैं वह पूर्व कर्मों के भोगने के लिए मिला है। जब तक कामनायें-वासनायें रहती हैं तब तक जन्म मृत्यु—'रिटर्न टिकट—करना पड़ेगा। मृत्यु के रास्ते में मत चलो। विषयरूपी विष स्लो पायजन है। वह तो मृत्यु देगा। तुम अमृत की संतान हो हर समय सोचो कि हम अमर आत्मा हैं। "मैं कौन हूँ" यह जानना चाहिये। जिसकी हिम्मत हो वह इस परमार्थ लाइन पर चले।

परमार्थ माने परमधन—अपना धन जो रहा है। परमधन रहते हुए भी भिखारी की तरह दुखी क्यों हो रहे हो ? तुम अमृतपथ के यात्री बन जाओ।

+ \+ \+

१० मई १९५७ ई०—

प्र०—माया किसके पास है ?

माँ—माया प्रश्न करने वाले के पास है।

प्र०—प्रश्न पूछता कौन है ?

मा०—प्रश्न पूछता है अज्ञानी। पर्दे में ढका हुआ व्यक्ति पूछता है। पर्दा अपना है, प्रश्नकर्ता अपना है, अपने को लेकर अपना है, अपनी मौज है। भगवान का कैसा सुन्दर विधान है दुनियाँ के भोगों की क्रिया रक्खी और भगवान को पाने की भी क्रिया रक्खी। दोनों क्रियायें अलग अलग रक्खी हैं। अज्ञान से प्रश्न होता है। तुम कहते हो अज्ञानी भगवान है। भगवान कहोगे और अज्ञानी कहोगे दोनों बातें एक साथ ठहर नहीं सकतीं। "एकं ब्रह्म द्वितीयो नास्ति" जहाँ हो वहां कौन पर्दा। तुम स्वरूपतः माया के अतीत हो किन्तु तुम आज अपने को माया के बन्धन में मान रहे हो। मान रहे हो वही पर्दा है। स्वप्रकाश की प्राप्ति के लिए चेष्टा करो। तब अतीत होओगे। यत्र जीवस्तत्र शिवः यत्र नारी तत्र गौरी। एकमात्र आत्मा ही सर्वत्र है। जब तक पर्दा न हटे तब तक प्रश्न जायगा नहीं।

× × ×

कथा-प्रसंग में मां ने कहा—जगत् माने गतिशील इसलिए मिथ्या। यह पंडाल जहां तुम बैठे हो कल नहीं रहेगा, इसलिए मिथ्या है। जैसे वृक्ष आगे भी नहीं पीछे भी नहीं, इसलिए नित्य नहीं है। तुम लोग सत्य-नित्य की ओर क्यों नहीं जाते हो ? वेदान्त अथवा अद्वैत मत में नाम रूप मिथ्या माने गये हैं। नाम-रूप करके जो अलग मानना है वह मिथ्या है। जहाँ चिन्मय विग्रह की बात है वहाँ अनित्यता नहीं। तुम सत्य-बुद्ध आत्मा हो सारे नामों से अतीत आत्मस्वरूप मुक्त ज्ञानस्वरूप तुम हो। जब से भगवान है तब से माया है। भगवान मायातीत है। जल बर्फ का नित्य सम्बन्ध है। बर्फ में तो जल ही है वैसे निराकार साकार एक ही है। प्राकृत माने पर पर होना है, प्राकृत जगत में तुम निवास करते हो और वहाँ का जैसा चश्मा लगा है वैसा दिखाई देता है। जहाँ रूप और गुण को लेकर रहना हो वहाँ दुख-सुख का द्वन्द्व रहेगा ही। प्राकृत जगत में दुख-सुख का ही खेल है। अपने को लेकर भगवान खेल कर रहा है। भगवान की कल्पनामात्र से जगत की सृष्टि होती है। उपनिषद में आता है कि मुख नहीं खाता है, पैर नहीं चलता है बस वह स्वयं ही है। माया के अतीत भी वही माया के अधीन भी वही है। उसकी मौज है खेल रहा है। मन को एकाग्र करो, मन को अमन करो। चाहे 'नेति-नेति' करके चलो चाहे तुम ही तुम करके चलो जो सब को दिख रहा है वह ब्रह्म ही ब्रह्म है। राम, कृष्ण, काली सब एक ही रूप है सब में सब हैं। वृक्ष के ऊपर भी भगवद्दृष्टि करोगे तो वहाँ भी भगवान का प्रकाश हो जायगा। भगवान कहाँ नहीं हैं सगुण-स्वयं ही गुणस्वरूप बन जाता है। भगवान ही खेल के लिए माया का रूप धारण करके रहता है। जहाँ असली दृष्टि है वही सर्वज्ञ है, जहाँ किसी वस्तु की अपेक्षासुख है वही दुख में परिणत हो जाता है। बचा हुआ खुश हो गया, मर गया दुख हो गया। जहाँ स्त्री-पुत्र या संसार की किसी वस्तु से सुख की अपेक्षा है वहीं दुखी होना पड़ेगा। जहाँ निरपेक्षता है वहीं सच्चा सुख है। जहाँ भगवान और दास का संबन्ध है वहाँ सुख है। विग्रह माने—विशेष रूप ग्रहण कर लें तत्वतः हरि और जीव अलग नहीं है। एक दृष्टि से किसका जन्म ? जन्म हुआ ही नहीं। जन्म मानना

ही आवरण है। जगत के जितने संबन्ध हैं शत्रु या मित्र के वे सब मन के मानने पर हैं। मनुष्यजन्म बड़ा दुर्लभ कहा जाता है। यदि मनुष्य इच्छा करे तो अज्ञान का पर्दा हटा कर भगवान को पा सकता है। 'भगवान को जानने की इच्छा' जीव की स्वाभाविक इच्छा है। अज्ञानी रहना मनुष्य नहीं चाहता क्योंकि तुम स्वरूपतः ज्ञानस्वरूप हो, शान्तस्वरूप हो। तुम झूठ नहीं चाहते सत्य चाहते हो, क्योंकि तुम सत्यस्वरूप हो। भगवान के रास्ते में चलो भगवान की कृपा हर समय है ही। भगवत्कृपा का अनुभव क्यों नहीं होता है, इसलिए कि तुमने अपना पात्र उल्टा करके रक्खा है। अतः कृपा हर समय बह जाती है। अपना पात्र सीधा रक्खो कृपा भर जायेगी। यह शरीर सब किसी को माता पिता कहता है यह तो छोटी बच्ची है। तुम लोगों ने दया करके दर्शन दिया है। सब कोई अपने को पाने का प्रयत्न करो। यह शरीर ऐसा नहीं कहता है कि तुम गृहस्थी छोड़कर वन में जाओ। तुम जहाँ रहोगे भगवान का ही घर है। घर के मालिक मत बनो घर के मैनेजर बनो। मैनेजर को कब बुलावा आयेगा पता नहीं। सबके बीच में भगवान है। हम भगवान के सेवक हैं, भगवान के मन्दिर के मैनेजर हैं। गृहस्थाश्रम में सेवाभाव से रहो। अपने बालक की सेवा गोपालभाव से करो। स्त्री की सेवा देवीभाव से करो। भगवान का नाम लेकर बैठो इसके सिवा जो कुछ करने जाओगे उसमें पूर्ण शान्ति नहीं मिल सकेगी। तुम लोगों को आत्मकर्म करना चाहिए।

किसी एक भाई की प्रार्थना पर माँ ने एक कहानी सुनाई। एक बड़ा राजा था। उसके चार प्रश्न थे—'भगवान कहाँ रहता है? भगवान क्या खाता है? भगवान कब हँसता है? और भगवान क्या करता है?' राजा ने नगर में ढिंढोरा पिटवा दिया कि जो कोई इन प्रश्नों का उत्तर दे देगा उसे यथेष्ट पुरष्कार दिया जायेगा। इस ढिंढोरे को सुन कर सब एक से एक बड़े कढ़े चढ़े वाले लोगों ने विद्वानों ने पुरस्कार पाने की आशा से चारों प्रश्नों का उत्तर देने लिये मष्तिक पर जोर दिया पर कोई राजा को संतुष्ट न कर सका। राजा स्वयं व्यथित हो बैठा कि कैसे समाधान हो। चारों ओर राजा के प्रश्नों की ही चर्चा चल रही थी। इसी बीच एक अत्यन्त सीधे सादे गरीब किसान के कान में आपस में बातें कर रहे कुछ लोगों की भनक पड़ी, वह किसान खेत जोत रहा था। किसान ने कार्य से विरत हो पूछा कि भाई क्या बातें कर रहे हो मुझे भी सुनाओ। लोगों ने हँस कर टाल दिया और कहा तुम क्या करोगे ऐसी बातें सुन कर? अन्ततः बहुत आग्रह करने पर लोगों ने उसे राजा के प्रश्न सुनाये। सुनते ही वह हँस पड़ा और बोला इसमें कौन बड़ी बात है चलो मैं उत्तर दिये देता हूँ। किसान सत्संगी था उसे सब ज्ञात था। उसकी बातें सुनीं तो लोगों को बड़ा अजीब सा लगा। उन्होंने उसे प्रलाप ही समझा और कहा कि चलो चलो तुम क्या उत्तर दे सकोगे हो जहाँ बड़े बड़ों की बुद्धि चकरा गई वहाँ तुम क्या करोगे? जाओ अपना काम करो। पर किसान के आग्रह करने पर लोगों ने मान लिया और कहा कि अच्छा चलो तुम भी चलो। किसान साथ हो लिया और राजा के समीप लाया गया। उस सीधे सादे मलिन वस्त्रधारी किसान को देख सब हँस पड़े राजा स्वयं हँस पड़ा कि क्या खिलवाड़ का स्वाँग किया जा रहा है। पर राजा था विचारशील उसने उसे पास बुलाया और बैठाया। सारी की सारी सभा, बड़े बड़े पंडित सभी एकटक इस दृश्य को उत्सुकतापूर्वक देखने लगे। राजा ने प्रश्न को पूछा एवं किसान ने बड़ी सरलता से मुस्कुराते हुए उत्तर देना प्रारंभ किया। 'भगवान कहाँ है' इस प्रश्न के

उत्तर में तुरन्त किसान ने राजा से पूछा कि अच्छा यह बताइये कि "भगवान कहाँ नहीं है ?" इसे सुन राजा विचार में पड़ गया और समाधान हो गया कि वस्तुतः भगवान तो सर्वत्र है। दूसरे प्रश्न पर कि 'भगवान क्या खाता है ? किसान ने कहा कि 'भगवान अहंकार खाता है। यदि अहंकार न खाता होता तो कोई भी साधना आगे बढ़ कैसे पाती। जिस प्रकार गाय अपने बछड़े का मैल चाट-चाट कर साफ़ कर देती है उसी प्रकार भगवान अहंकार आदि रूपी मैल खाता है। 'भगवान कब हँसता है ? इस प्रश्न के उत्तर में किसान ने कहा कि जिस समय जीव मां के गर्भ में रहता है अनन्त यन्त्रणाएँ भोगता है सौ जन्मों की बातें उसके स्मृतिपटल पर अंकित रहती हैं। उस समय वह अत्यन्त कातर हृदय से प्रार्थना करता है कि हे भगवान, मुझे इस दारुण क्लेश से निकालो। मैं अब तुम्हारा भजन ही करूँगा ऐसा प्रण करता है। पर जब वह माया के साम्राज्य में बाहर आता है तो सब भूल जाता है एवं पुनः उसी चक्र में फँस नाचता रहता है। इस बात को स्मरण कर गर्भ से बाहर आते समय भगवान हँसते है कि यह इतनी बातें तो कर रहा है पर करेगा नहीं। इस प्रकार तीन प्रश्नों का समुचित उत्तर सुन राजा अत्यन्त प्रसन्न हुआ और चौथा पूछने को उद्यत हुआ कि भगवान क्या करता है !

किसान ने कहा कि हे राजा ! इस प्रश्न का उत्तर ऐसे नहीं होगा यह बड़ा गंभीर विषय है। इसके हेतु कुछ करना पड़ेगा। राजा उसपर प्रसन्न था ही उसने कहा कि कहिए मैं सब कुछ करने को प्रस्तुत हूँ। इसपर किसान ने कहा कि अपने आसन को छोड़ कर आइये यहाँ मेरे आसन पर बैठिये और मैं आप के आसन पर बैठता हूँ। राजा ने इसे स्वीकार कर लिया। राजा किसान के आसन पर बैठा और किसान राजा के रत्नखचित स्वर्ण सिंहासन पर बैठा एवं खूब मस्ती से गाने लगा। बड़ी देर तक अपनी ही धुन में मस्त रहा। यह दृश्य लोगों को बड़ा विचित्र लगा। राजा ने कहा—दीजिये इसका भी उत्तर। किसान ने कहा—दे तो दिया उत्तर। पर राजा समझ नहीं सका। इसपर किसान ने स्पष्ट किया कि देखो न भगवान यही करता रहता है "उलट फेर" राजा को रंक बनाना और रंक को राजा बनाना। जैसे कि आप मुझ अकिंचन किसान के आसन पर बैठ गये हैं और मैं फटे चिटे चिथड़ों वाला किसान इस आप के आसन पर बैठा हूं। यही भगवान करता रहता है। इस पर राजा अत्यन्त प्रसन्न तथा आनन्दित हो उठा।

+ \+ \+

११ मई १९५७ ई०—

प्र०—विषयानन्द और निजानन्द में क्या अन्तर है ?

माँ—प्रश्न में ही उत्तर विद्यमान है। अगर तुमको परमानन्द मिला होता तो पूछते क्यों ? शिवजी ने जहर कण्ठ में धारण कर लिया, फेंक नहीं दिया। जहाँ विषयानन्द है वहीं प्रश्न आ जाता है और मृत्यु की ओर खींच कर ले जाता है। परमानन्द है जिससे पर आनन्द नहीं है। परमानन्द-ब्रह्मानन्द केवल सुख देता है।

प्र०—ब्रह्माकार वृत्ति कैसे हो ?

माँ—किसी तरीके से नहीं होती। यदि तरीके से होती तो भगवान को कर्माधीन माना जायगा। जैसे सूर्य-प्रकाश है, किन्तु बादल से ढका हुआ है वैसे ही तुम्हारा आवरण हटाने के लिए गुरुकृपा चाहिए। तरीका होते हुए भी तरीका नहीं है। तुममें जितनी शक्ति है उसको भगवत्प्राप्ति में लगाना पड़ेगा। तुम्हींको करना पड़ेगा दूसरे के करने से नहीं होगा। तुम्हारे खाने से पेट भर जायगा, किन्तु

तुम्हारे बदले दूसरे के खाने से तुम्हारा पेट नहीं भरेगा। जब तक दूरत्व है अपना काम स्वयं ही करना पड़ेगा। गुरु का उपदेश मान कर चलो।

प्र०—जो लोग आप के पास रहते हैं उनको क्या आपकी अधिक कृपा मिलती है?

माँ—भगवान की कृपा में कोई हेर फेर नहीं है। जैसे माँ अपने सब बालकों के ऊपर समान प्यार रखती है और समदृष्टि रखती है। माँ भोजन वाले लड़के को भोजन खिलाती है। यदि कोई कहे कि माँ पक्षपात करती है तो यह ठीक नहीं होगा। माँ की दृष्टि में सब समान हैं। भगवान के पास कुछ चाहो मत। हे भगवान, हम तो तुमको चाहते हैं हमारे लिए क्या अच्छा है क्या बुरा है हम नहीं जानते। हमारे लिए जो अच्छा समझो वही करो। जो समझदार होते हैं वे होशियारी से चलते हैं। भगवान के नजदीक कौन है? विश्व व्यापक सारा भगवान का ही है। सांनिध्य कहते हैं मन का। शरीर यदि रहे सेना में और मन रहे दुनिया में तो वह सांनिध्य कहां हुआ। कोई यदि दूर रह कर भी अपना मन भगवान के पास रक्खे तो वह सेवा ही हो रही है। इसलिये भगवान सम है।

प्र०—भगवान पक्षपाती है, प्रह्लाद को बचा दिया और हिरण्यकश्यप को मार दिया।

माँ—जिसकी जैसी दृष्टि है वैसा बोलेगा। जहाँ पक्षपातदृष्टि है वहां ऐसा ही है।

प्र०—प्रह्लाद को बचाया और हिरण्यकश्यप को मारा।

माँ—मार के कहां भेज दिया। (सब लोग हँस पड़े।)

भगवान जो करते हैं वही ठीक है। कथाप्रसंग में माँ ने कहा आत्मा में जाति कहाँ? वाल्मीकि की उच्च अवस्था भगवत्कृपा से हो गई। वाल्मीकि को मरा मरा कहने पर भी रामकृपा से राम की प्राप्ति हुई।

प्र०—वाल्मीकि तो मेहनत करके ऋषि हुए।

माँ—तुमको भी मेहनत से ही होगा। (सब लोगों का हास्य)। क्या यह बात ठीक है न?

प्र०—यदि वाल्मीकि परिश्रम नहीं करते तो भगवत्कृपा नहीं होती?

माँ—हम तो सब की बातें मानते हैं।

स्वा० मा०—भगवान की कृपा के योग्य होना चाहिए।

प्र०—"भगवत्कृपा से वाल्मीकि का हुआ" ऐसा सिद्ध कीजिए।

माँ--यह शरीर तो कहता है कि राम में इतनी शक्ति है कि उनका काम बन गया।

प्र०—इतने दीमकों को खिलाने के बाद क्यों?

माँ—राम की इच्छा है उनकी मौज है।

प्र०—तो फिर परिश्रम की अपेक्षा रही?

माँ०—तुम्हारा काम करना पड़ेगा तुम्हें, क्योंकि तुम में क्रियाशक्ति है। जीवजगत् में क्रिया का ही खेल है। जो बन्धन में है वह जीव है और जो गतिशील है वह जगत् है। विषय में चलोगे तो उसका स्वभाव है फँसा देना। भगवान के नाम का स्वभाव है कि जलाने वाले को जला देना और गलने वाले को गला देना। वाल्मीकि का भगवन्नाम लेना भगवत्कृपा से ही हुआ। तुम आत्माराम हो, ऋषि

हो। जो क्रिया करने से ऋषित्व का प्रकाश हो वह क्रिया तुम्हारे भीतर में विद्यमान है। भगवत् या पारमार्थिक पथ पर चलो। चलते चलते ऋषित्व प्रकाशित हो जायगा। भगवान सब में निवास करते हैं। वहां न स्त्री है, न पुरुष है और न जाति है। अपने में ही सब कुछ है। अपनी क्रिया करनी पड़ेगी। अपने भीतर जो शक्ति है उसे जाग्रत् करना पड़ेगा।

एक भक्त ने प्रार्थना की कि माँ, तुम रामनाम सुना दो। सब लोग माँ से रामनाम सुनाने का आग्रह करने लगे। आग्रह से माँ ने रामनाम कीर्तन प्रारम्भ किया। अहा! कितना मधुर-सुन्दर कीर्तन। सब लोगों का अन्तर्मन एक तार हो माँ के सुर में सुर मिला कीर्तन कर रहा था। ऐसा मालूम हो रहा था मानो राम साक्षात् प्रगट हो गये हों।

× × ×

१२ मई १९५७ ई०—

प्र०—सगुण साकार की उपासना के बिना निर्गुण निराकार की प्रतीति हो सकती है क्या?

माँ—निराकार और साकार एक ही है जैसे जल और वर्फ में क्या है जल ही तो है। जो कोई जिस मार्ग पर चलेगा उसे वही लक्ष्य प्राप्ति होगी चाहे द्वैत से चले चाहे अद्वैत से चले।

प्र०—उपनिषद में आता है कि भगवान ने सृष्टि पैदा की और कहीं लिखा है कि सृष्टि हुई ही नहीं सब माया है तो सत्य क्या है?

माँ—जहां दृष्टि-सृष्टि है वहां सृष्टि है और जहां दृष्टि-सृष्टि नहीं है वहां सृष्टि की बात ही नहीं है।

प्र०—पाप के लिए आत्मा जबाबदार है कि जीव?

माँ—आत्मा का वन्धन है क्या? जहां हमारा तुम्हारा है वहां बन्धन है। तुम्हारा घर हमारा घर एक ही है कहीं जाने की जगह ही नहीं।

प्र०—आत्मा का प्रकाश सूर्य जैसा है या ज्ञान जैसा?

माँ—भिन्न है कि अभिन्न? अभिन्न है। किन्तु समझाने के हेतु तरह-तरह की बातें आती हैं।

प्र०—वास्तव में क्या है?

माँ—वास्तव में कुछ नहीं जो है वही। तुम जो कहो वही है। दृष्टिवाद कहो तो हाँ दृष्टिवाद है। यदि कहो दृष्टि सृष्टि नहीं है तो नहीं है। वहाँ 'हाँ ना' है भी, नहीं भी नहीं है।

स्वा० मा०—उनको अनिर्वचनीय कहते हैं। तत्त्व एक मात्र वही है। दूसरा कहाँ से आवे। वहाँ ही सब सम्भव है।

प्र०—इससे प्रश्न नहीं करना ही अच्छा है।

माँ०—प्रश्न के बिना तुम रह ही नहीं सकते।

प्र०—भगवान् ने क्यों सृष्टि की?

माँ०—उनकी मौज है। कल्पनामात्र से सृष्टि हुई।

प्र०—विना पूछे रहा नहीं जाता इसका क्या कारण?

माँ—जहाँ अज्ञान रहता है वहाँ प्रश्न आता है। उन्हें प्रश्न नहीं आता जिन्होंने पास कर लिया और दूसरे जो मूर्ख हैं उन्हें भी प्रश्न नहीं आता। प्रश्न होता है जो पढ़ता है। जीव का स्वभाव है ज्ञान, शान्ति और आनंद का चाहना। जीव का प्रश्न करना स्वभाव है।

प्र०—संगीत की साधना से आत्मा की प्राप्ति हो सकती है क्या?

माँ—संगीत माने 'स्वयं गीत स्वरूप प्रकाश' स्वप्रकाश जो है तो अवश्य हो सकती है। अगर संगीत रहे प्रतिष्ठा के लिए तो और बात है। सारा लक्ष्य के ऊपर है। जिस लक्ष्य को लेकर चलोगे वही प्राप्त होगा।

प्र०—आकार पहले कि निराकार पहले ?

माँ०—आकार हुए तुम।

स्वा०मा०—आकार माने मुकुन्द भाई और निराकार माने तुम।

प्र०—साकार को लाँघकर निराकार में कैसे जायेगा ?

माँ—यदि तुम अद्वैत लाइन में चलोगे चलते-चलते आवरण हट जायेगा—पर्दा फट जायेगा। निरावरण जो स्वयंप्रकाश है। 'एकं ब्रह्म द्वितीयो नास्ति' वह स्वयं प्रकाशित हो जायेगा। अन्त में जो लक्ष्य हो वह प्रकाशित हो जायेगा।

प्र०—आप ने कृष्ण को देखा है ? उनका कैसा स्वरूप है ?

माँ—इस शरीर की बात छोड़ दो। साकार उपासना में साकार को लेकर रहते हैं। द्वन्द्वातीत साकार मान कर चलते रहते हैं। वहाँ आपने इष्ट के साथ तादात्म्य हो जाता है। एक फूल कैसा सुन्दर है चाहे जितना तुम उसका वर्णन करो तुम नहीं बता सकते। चाहे बहुत बढ़िया मीठा खाओ पर उसका वर्णन तुम नहीं कर सकते। वहाँ वाणी पहुँच नहीं सकती।

प्र०—पहले भगवान को दिखा दो फिर भजन करेंगे।

माँ—भगवान प्रकट हो जाय फिर भजन करोगे, भगवत्प्राप्ति के लिये भजन पूजन करो। जब तक भगवान न मिले उनका भजन पूजन छोड़ो मत। गुरु जैसा बताये वैसा करो।

प्र०—गुरु लोग सुन्दर बातें बताते हैं भगवान को नहीं बताते।

माँ—इसलिए गुरुधारण करना पड़ता है। भगवान की सेवा के मार्ग का आदेश पालन करना चाहिए। यदि सच्चा अविचार से पालन करें तो भगवान बिना प्रकट हुए रह नहीं सकते। भगवान स्वयंप्रकाश हैं ही। यह सब सारा भगवान का ही विग्रह है।

प्र०—जो आपत्ति सताती है उसे दूर करने का क्या उपाय है ?

माँ—गुरु का उपदेश सुनो इससे जो नाश होने वाला है वह नाश हो जायेगा और जो नाश होने वाला नहीं है वह भगवतत्त्व प्रकाशित हो जाएगा।

मां को खोकर मां को पाया

गोपाल

[गतांक से आगे]

माँ

पास नहीं कुछ
तब भी मन व्याकुल,
चरणों में अर्घ्य देने को दान,
लाया हूँ, अश्रु सजल नयनों में,
भरकर, अतीत की गाथा ।
अनन्त कृपा का कर विस्तार
शरण में तुमने दिया स्थान ।
सब कुछ अपना तुम्हें सौंपकर
जीवन मेरा धन्य बनेगा ।

माँ,

तुम तो माँ हो,
व्याकुलता से तुम्हें बुलाता
देती तुम कृपा, करुणा
तुम तो माँ हो
रोकर तेरा दर्शन चाहे
होना पड़े न उसे निराश
तुम तो मां हो,
चाहे जितनी व्यथा मिले पर
रखना निकट, भूलने मत देना
तुम तो मां हो
प्रेम दान कर, तुम्हें चाह कर
छल सकती है क्या छलना
तुम तो मां हो
शरण यदि तव कोई चाहे
पूरी करना उसकी आस
तुम तो माँ हो
देवता मधुर भाव के
अन्तर भावना तुम्हें ज्ञात
तुम तो मां हो
भूलकर भी तुम्हें न भूले
उसको दो स्थान बड़ा या हो छोटा
तुम तो मां हो
इस पार तुम्हीं उस पार तुम्हीं
तुम्हीं प्रकाशान्धकार लय-रचना ।

मां के कमरे में, मैं मां के चरणों के पास बैठा था । राधू जरा दूर दीवाल के पास खड़ी थी । अचानक मां ने राधू की ओर देखकर कहा, "राधू, विवाह करेगी ! कैसा वर चाहती है ?

राधू चकपका कर बोलीं "जरा लम्बा हो तो ठीक है ।"

"और अगर तुम्हारे पिता की तरह गंजा हो ?"

"वह हो, पर मां की तरह मां मिले ," इतना कहते ही फूट-फूट कर रोने लगी । हाल ही में उसकी मां का देहांत हुआ था ।

"मिलेगी रे, मिलेगी, रो मत ।"

राधू आंख पोछती हुई बाहर चली गई । मेरी ओर देख कर मां ने कहाँ "पिताजी, राधू के विवाह की चेष्टा करो ।"

"राधू कालेज में पढ़ रही है अभी ही विवाह कर दूं?

"कालेज में पढ़े न। क्या इसी से तुम विवाह की चेष्टा न करोगे? तुम पिता हो, अपना कर्त्तव्य करो। समय का कार्य समय पर ही करना होता है। राधू का भाग्य तो कोई बदल नहीं सकता।"

चिंतित-मन घर लौटा। मन में निश्चय किया कि जब मां कह रही हैं तब अब चेष्टा करनी ही होगी।

दूसरे दिन कलकत्ते से मझले पुत्र की चिट्ठी आई। यहां पर एक कविराजजी का एक लड़का है, सुनता हूं अच्छा है, और परिवार भी बहुत अच्छा है। लड़के का विवाह करेंगे। लड़के के मौसा कल लखनऊ जा रहे हैं। इन्हें कोई संतान नहीं है, कविराजजी का पुत्र ही इनके पुत्र की तरह है। इन्हीं की पसन्द के ऊपर सब है। दिया तुम अभी राधू का विवाह करना चाहते हो तो राधू को लेकर कैण्ट स्टेशन पर मुलाकात करो।

कैसा अद्भुत संयोग है!

स्टेशन पर मिलना निश्चय किया। राधू से कुछ नहीं कहा। कहने की कोई आवश्यकता भी नहीं थी। मातृवियोग के बाद से, कालेज से लौट कर बाप के पास ही बनी रहती थी। पास से हटती न थी।

रिजर्व डब्बे में लड़के के मौसा, मौसी अकेले ही थे। पुराने परिचितों की तरह बातें होने लगी। राधू को देख कर वे बड़े खुश हुए। लौटते हुए मार्ग में राधू बोली, "बाबूजी, ये तो बड़े अच्छे लोग हैं! तुम्हारे परिचित हैं शायद, अचानक मुलाकात हो गई?"

"हां बेटी, नियति होने से ही मुलाकात होती है।"

स्टेशन से लौटकर घर के फाटक पर मोटर से उतर ही रहा था कि एक दूसरी मोटर आ कर ठीक मेरी मोटर के पीछे रुकी। घूम कर देखा, तो मां। राधू ने दौड़कर, मोटर का द्वार खोलकर मां को प्रणाम किया। मां ने उसे माला पहनायी। राधू खड़ी थी, कि मां ने कहा, "ले राधू एक माला और ले, बता तो यह किसकी है?"

राधू का मुख लज्जा से लाल हो गया।

किसलिए, कहां गया था यह किसी को मालूम नहीं था। इस घटना का क्या मूल्य है यह भी तब नहीं समझा था।

कई दिन बाद मेरे लड़के ने चिट्ठी लिखी—"लड़के के मौसा, मौसी को राधू बहुत पसंद आई। तुम राधू की कुण्डली मेरे पास भेज दो। कविराजजी ज्योतिष भी जानते हैं और उसपर विश्वास करते हैं।" कुंडली लड़के के पास भेज दी।

कई महीने बीत गए। सारी घटनाएं मन के किसी कोने में चली गयीं। पूजा राँची में बिता कर, लौटते समय मां को प्रणाम करने गया। कमरे में और कोई नहीं था।

"पिताजी, इसी अगहन में राधू का विवाह कर दो।"

"यह कैसे हो सकता है मां? यह कार्तिक का मध्य है, अगहन को अब कितने दिन रही गये हैं। इसके अलावा राधू की माँ का श्राद्ध भी अभी नहीं हुआ है। एक लड़का भी तो चाहिये। अभी तक कोई खोज नहीं सका हूँ। इसके भी अलावा जानती ही हो इस समय पास में पैसा भी नहीं है।"

माँ—"मैं यह सब कुछ न जानना चाहती हूँ, न सुनूंगी। राधू की माँ का वार्षिक श्राद्ध नहीं हुआ है, किन्तु मैं कहती हूँ कि इससे कोई दोष नहीं लगेगा। सुना है, अरक्षणीया कन्या का विवाह अटकता नहीं।"

अगहन में विवाह करना ही होगा। लाचार हा

काशी लौट आया। राधू कालेज जाने लगी। मैं मन ही मन रोता रहा—काश, मां तुम मेरी भावना समझती!

कोई चारा न देखकर घटक को ठीक किया। कई प्रस्ताव भी आए। पर मन कहीं जमता न था। एक दिन राधू से कहा, "मां तुम्हारे विवाह के लिए चेष्टा करने को कहती हैं। मैं कर रहा हूँ। तुम्हें कुछ कहना हो तो निःसंकोच मुझ से कहो। मां और बाप मैं ही हूं। मेरे कार्य में कहीं कोई त्रुटि न हो।"

"मां ने तुमसे चेष्टा करने को कहा है, तुम मुझे जिसके हाथ में सौंपोगे उसी में मेरा मंगल होगा। मैं अपनी मां की तरह होना चाहती हूँ।"

इधर से निश्चिन्त हो गया।

मां चली गई बम्बई। अगहन भी आ गया। मां की इच्छा शायद पूरी न कर सकूंगा। मन में कुछ हीनता का भाव आने लगा। क्यों मां की इच्छा पूरी नहीं कर पा रहा हूं? निश्चय ही मुझ में ऐसी कोई कालिमा है जिसके कारण मां का आशीर्वाद भी मुझ में प्रस्फुटित नहीं हो पा रहा है।

रे मन,
यदि हो सकता तू
प्रतीक, भक्ति, विनय, नम्रता का
अन्तर दीप-प्रकाश फैलाकर
मन का होता दूर अन्धकार
विचारबुद्धि, तर्कबुद्धि
अहंबुद्धि का गुरु भार
साधन, भजन, मनन, सिद्धि
सब कर देता शून्याकार
कर दे चिन्तामणि
माँ के चरणों में अर्पण
चरण शरण में ले ले छाया
कर ले पद में शिर अवनत
अच्छा! बुरा? फल क्या होगा
तुझसे इसका क्या संबन्ध
सेवा में रह मगन,
दूर फेंक कर स्वार्थ विचार
मां के चरणों में निश्चल
करके अपना सब उत्सर्ग
स्वयं अङ्क में भर लेगी वह
देगी पोंछ आंख का जल
देखं पुकारे माता आकर
"हुई सांझ घर आना"
छोड़ खेल चल उठ रे ओरे
अभय चरण में शरण ग्रहण कर

"मां, भावनाओं की अशांति अच्छी नहीं लगती तुम जो अच्छा समझो, करो। तुम मंगलमयी हो, करुणामयी हो, यह सिर्फ समझा भर दो।"

दो दिन बाद मेरे एक निकटसंबंधी मिलने आए। "दादा, आपसे कुछ खास बात करना है। कलकत्ते के किसी कविराजजी के लड़के से क्या राधू के विवाह की बात चली थी? कविराजजी के यहां से मेरी बड़ी बहन की ससुराल से बड़ी घनिष्टता है। इसी सूत्र से कविराजजी ने मुझे पत्र लिखा है और उसे आपको दिखाने को भी लिखा है। कुण्डली मिल गई है। आप या और कोई क्या लड़का देखेंगे? परिवार को मैं जानता हूँ। एक शब्द में कह दूं अद्भुत है। हां, आर्थिक स्वच्छन्दता बहुत नहीं है।"

"देखो भाई, मैं मनुष्य चाहता हूं, ऐश्वर्य नहीं। लड़का सचमुच मनुष्य है न?"

"हां, दादा, सचमुच मनुष्य है।"

सहसा स्मरण आया, उस दिन राधू के गले में प्रसादी माला का आशीर्वाद पड़ा था। सोचा, कैसा मूर्ख हूँ इतना प्राञ्जल तात्पर्य भी नहीं देख पाया।

"देखो भाई, जिसे लड़का देखना था देख चुका है। अब मेरे देखने, जानने की कोई आवश्यकता नहीं है। सिर्फ एक शर्त है—अगहन में विवाह करना होगा।"

चुटकी बजाते सब हो गया।

बारात आई। वर साक्षी करने गया। वर का सर मेरी ही तरह गंजा था। लौट कर राधू से कहा, "राधू तेरा वर तो खूब लम्बा है।"

मेरे मुँह की बात छीन कर राधू बोली "और सर शायद गंजा है?" सब लोग हँस पड़े।

सन्ध्या लग्न में ही विवाह था।

तीसरे पहर, व्यस्तता के बीच खबर मिली कि एक महिला बहुत जरूरी काम से एक मिनट के लिए मुझसे मिलना चाहती है। बम्बई से आ रही हैं।

महिला ने आकर मेरे हाथ में एक पिटारी दी। "बम्बई से आज ही आई हूँ। माँ ने कह दिया था, पहुँचते ही यह पिटारी पिताजी के हाथ में दे देना। इसीलिए आई हूं।"

पिटारी खोल कर देखा, वंशी बजाते हुए कृष्ण की सुन्दर छोटी मूर्ति, चरणामृत, डिबिया में सिन्दूर भरा हुआ, प्रसादी माला और फूल।

बाप और बेटी के हृदय की जो पुञ्जीभूत व्यथा अब तक सांसारिक बाधाओं के कारण हृदय में दबी थी, सारा बन्धन तोड़ कर, फूट कर निकल पड़ी। बाप-बेटी की अश्रुधारा हृदय तल पर आकर एक हो गई।

कैसी शान्ति!

माँ,

इतना स्नेह—इतना प्यार
स्वप्न में भी थी क्या आशा?
कहूँ तभी।
तुम आनन्दमयी
तुम मंगलमयी
न भूलूं कभी॥

शुभ-दृष्टि के समय, माला बदलते वक्त वर के गंजे सर पर राधू की आनन्दोज्ज्वल, कौतुकपूर्ण दृष्टि देख कर हृदय भर आया।

माँ की शरण उन्हें अक्षय हो।

अगले वर्ष पूजा पर कलकत्ता। मां भी कलकत्ते पहुँची। शाम को मां दीदी के कमरे में बैठी थीं। भीड़ ऐसी थी कि तिल रखने को भी स्थान नहीं। मैं दीदी के पास बैठा था! सहसा देखता हूँ कि राधू भीड़ ठेल कर एकबारगी आकर माँ के पैरों पर गिरी।

राधू का सिन्दूर-भूषित मुख देखा। "यह क्या तुम उतनी दूर क्यों खड़े हो, यहां आओ युगल-मूर्ति देखूं।" कह कर, माँने, वही स्नेहविगलित हँसी हँसी।

माँ के आशीर्वाद की माला गले में पहने दोनों बाहर आए। मैं भी साथ ही आया।

आशू (राधू का पति) ने चिंतित, विह्वल होकर मुझसे पूछा, "अच्छा बाबूजी, माँ ने तो मुझे कभी देखा नहीं फिर इस भीड़ में मुझे पहचाना कैसे? बुलाया कैसे?

मेरे उत्तर देने के पहले ही राधू ने उत्तर दिया, "मेरे तुम्हारे जन्म के पहले ही माँ ने मेरा-तुम्हारा जोड़ा

निश्चित कर रक्खा था। फिर भी मां नहीं पहचानेंगी।"

"बाबूजी, मैं अभी मां से क्या कह रही थी जानते हो? मां की तरह मां तो पायी ही और पिता की तरह पिता भी पाया। घाते में पायी है एक बहन, जैसे कि मेरी लड़की हो।"

मां,

हृदय बीच में रखना चाहूँ
तेरे दोनों चरण कमल
सभी काज में करना चाहूँ
स्मरण तुम्हारे वचन विमल
मन मन्दिर में सदा बिठाऊँ
देकर तुमको सुन्दर आसन
अश्रुजलों से चरण पखारूँ
नाम उचारूँ निशिवासर
प्रेमदीप का कर प्रकाश नित
करूँ तुम्हारा आराधन
सेवा का होगा मम साधन
पुष्प बनेगा प्यार हमारा
चरण युगल की होगी पूजा
क्रन्दन होगा मंत्र हमारा
और न साधन दूजा।

भक्तिसाधना की एक झलक

महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज एम्० ए०, डी–लिट्०

अध्यात्मसाधना के विभिन्न मार्ग हैं यह प्रायः सभी जानते हैं। कर्म, योग, ज्ञान, भक्ति आदि उपायों की चर्चा भी अनेकों ने अल्पाधिक सुनी ही है। इन सब साधनाओं में क्रम है यह भी सत्य है। और एक साथ एक ही महासाधना के अङ्गरूप में इनमें से प्रत्येक का स्थान निर्दिष्ट है, यह भी सत्य है। क्रमिक साधना में भी साधक के दृष्टिकोण के भेद के अनुसार विभिन्न प्रकार के भेद दृष्टिगोचर होते हैं। वैसे ही महासाधना के प्रकार भेद भी बहुत स्थानों में दिखाई देते हैं।

वर्तमान निबन्ध में महासाधना के रूप में ही भक्ति साधन की एक झलक प्रदर्शित करने की चेष्टा की जा रही है। भक्तिसाधना से भगवान् की नित्यलीला में प्रवेश पाकर अनन्त काल तक उनके किङ्कर के रूप में अपने अधिकारानुसार उनकी सेवा करना और लीला का संभोग करना यही उद्देश्य है। यदि इस पथ का पथिक बनना हो तो सर्वप्रथम पथप्रदर्शक सद्गुरु का सहारा लेना नितान्त आवश्यक है। क्योंकि सद्गुरु की कृपा प्राप्त हुए बिना अपने स्वरूप का आवरण नहीं हटता एवं मुक्त स्वरूप का आविर्भाव भी नहीं होता। अविद्या ही आवरण है एवं शुद्ध विद्या के द्वारा इस आवरण की निवृत्ति होने पर ज्ञानमय शरीर की अभिव्यक्ति होती है। शुद्ध विद्या सद्गुरु के कृपाकटाक्ष के बिना प्राप्त नहीं होती।

सद्गुरु का मिलना अत्यन्त कठिन है। जब तक जन्मजन्मान्तरों के पुण्यसंस्कार परिपक्व न हों तथा अनादि संचित मल (पापों) के क्षीण होने का अवसर न आवे तब तक सद्गुरु का साक्षात्कार एवं उनकी शरण मिलना किसी प्रकार संभव नहीं है। इसी लिए गुरुप्राप्ति के इच्छुक साधक धर्मजीवनलाभ के लिए कटिबद्ध होकर भगवान् के अनन्त नामों में से अपनी अभिरुचि के अनुसार किसी एक नाम का अवलम्बन करते हैं। एवं भावना द्वारा नाम और नामी का अभेद मान कर निरन्तर व्याकुल चित्त से, शुद्ध और संयत चित्त से, उस नाम का अवलंबन कर पुकारते रहते हैं। यदि चित्त में लौकिक भोगों की आकांक्षा क्षीण हो जाय तथा आभास रूप से वैराग्य का बीज पड़ा हो तो यह नाम–साधना क्रमशः अकृत्रिम ज्ञान-साधना के पूर्व अङ्ग के रूप में परिणत हो जाती है। दूसरे प्रकार से कहा जा सकता है कि नामसाधना से विश्वगुरु किसी एक मूर्ति को धारण कर दीन साधक की व्याकुल दृष्टि के सामने आविर्भूत होते हैं। एवं साधक को आनन्द राज्य में ले जाने के लिए सर्वप्रथम उसमें अनुग्रह रूप ज्ञानशक्ति का संचार करते हैं।

मैं पहले ही कह चुका हूँ कि साधक का कारण शरीर अज्ञानकल्पित है। इसलिए गुरु द्वारा प्रदत्त दीक्षा का प्रभाव सर्वप्रथम इस अज्ञानमय कारण शरीर के ऊपर ही पड़ता है। गुरु द्वारा दिया गया बीज मन्त्र वास्तव में शुद्ध ज्ञानशरीर का बीज है। वह अङ्कुरित होकर समय पर साधक की अकृत्रिम साधना के उपाय स्वरूप नित्य शरीर का अभिव्यञ्जक होता है। जैसे बीज अङ्कुरित होकर क्रम से वृक्ष, पत्ते, पुष्प और फल के रूप में

परिणत होता है एवं फल में, परिपाक होने से, क्रमशः रस का उद्गम होता है वैसे ही यह गुरुद्वारा प्रदत्त ज्ञान-बीज भी साधक के हृदयरूपी खेत में पड़ कर क्रमशः विशुद्धज्ञानदेह का रूप धारण करता है। साथ ही साथ अज्ञान और अज्ञान के कार्य निवृत्त हो जाते हैं। गुरुदत्त मन्त्र की साधना इसलिए एक प्रकार से ज्ञान की ही साधना है। किन्तु यह शुष्क ज्ञान नहीं है, यह क्रमशः समझ में आ सकेगा। ज्ञानसाधना पूरी होने पर अज्ञान के उपादान विनष्ट हो जाते हैं एवं अपना स्वरूप उज्ज्वल स्वभाव में पर्यवसित होता है। अशुद्ध अचिदंश का विनाश होने पर दैहिक प्रकृति त्रिगुणमयी अवस्था से शुद्ध सत्त्वमयी अवस्था में व्यक्त होने की योग्यता प्राप्त करती है।

जिन लोगों के मत में केवल मलिन अचित् धर्मों से छुटकारा पाना ही परम लक्ष्य नहीं है वे सीधे पथ से अखण्ड चैतन्य की ओर अग्रसर न होकर भाव के पथ से पूर्णत्व के अभिमुख दौड़ लगाते हैं। चित्त के उपादान सत्त्वगुणप्रधान हैं इसमें कोई सन्देह नहीं है। चित्तशुद्धि होने के बाद इस चित्त में रजोगुण और तमोगुण का अंश निश्चेष्ट या स्तम्भित हो जाता है यह भी सत्य है, किन्तु यह शुद्ध सत्त्व प्रकृति के भेद से विभिन्न योग्यतासम्पन्न होता है। दर्पण स्वच्छ है, इसलिए उसके सामने जो कोई चीज आती है वह उसमें ज्यों की त्यों प्रतिबिम्बित होती है यही सच्छता का लक्षण है। किन्तु दर्पण के स्वच्छ होने पर भी विम्ब यदि हटाया जाय तो ऐसी स्थिति में प्रतिबिम्ब का आभास नहीं पड़ता, दूसरे पक्ष में उसी स्वच्छ दर्पण में किसी वस्तु का संमिश्रण रह सकता है जिसके कारण विम्ब ने पर भी दर्पण में पड़ा प्रतिबिम्ब अङ्कित रहता है। चित्त दर्पण की नाईं स्वच्छ पदार्थ है उसमें वस्तु का आकार प्रकाशित होने पर भी स्थायी नहीं रहता। किन्तु विशेष अवस्था में वह स्थायी रहता भी है। चित्तक्षेत्र में भाव की सत्ता निहित है, यही इसका कारण समझना चाहिये। भावरहित चित्त शुष्क ज्ञानमार्ग का उपयोगी है। किन्तु भावयुक्त चित्त भावसाधना में अग्रसर होने को बाध्य होता है।

गुरुदत्त ज्ञान प्राप्त कर जब साधक सिद्ध अवस्था में पहुंचता है तब एक प्रकार से उसका साधन कार्य आपेक्षिक रूप से समाप्त हुआ कहा जा सकता है। अवश्य साधना की वास्तविक समाप्ति पूर्ण तत्त्व की अभिव्यक्ति होने पर ही होती है, वह उस समय भी शेष रहती है, किन्तु चित्त स्वच्छ और विमल होने पर भी भाव-युक्त रहने से पूर्वोक्त विशुद्ध ज्ञानदेह भावदेह के रूप में अपने को व्यक्त न करे ऐसा नहीं हो सकता। यही निराकार से साकार साधना के क्षेत्र में पदार्पण है। भावदेह अशुद्ध मायिक देह नहीं है—यह स्वभाव की देह है। एक हिसाब से इसे स्वरूपदेह कहा जा सकता है। भावगत विशिष्टता के कारण यह भेद दिखाई देता है। यह भाव आगन्तुक और विनश्वर भाव नहीं हैं। किन्तु निजभाव या स्व-भाव है। भावसाधना भावदेह में ही निष्पन्न होती हैं। पहले जिस साधना की चर्चा की गई है वह कृत्रिम साधना है, किन्तु भाव की साधना स्वाभाविक और अकृत्रिम है। इस साधना को सिखाने के लिए पृथक् गुरु की आवश्यकता नहीं होती। पर जिनकी भावदेह की अभिव्यक्ति हुई नहीं और भावसाधना में रुचि है उनमें कृत्रिम उपाय से भावनायोग से भावदेह की रचना कर उस देह के अवलम्बनपूर्वक रागानुगा मार्ग से भाव

साधना करने की व्यवस्था है। यह भी भक्तिसाधना का एक विशिष्ट मार्ग है एवं वैधी भक्ति अथवा मर्यादा भक्ति से इसका स्थान उत्कृष्ट है, इसमें सन्देह नहीं। तथापि इसमें कुछ कृत्रिमता है—क्योंकि सचमुच भावदेह की अभिव्यक्ति एवं प्राकृत देह में स्थित होकर कल्पना द्वारा भावदेह का आविर्भाव ये दोनों ठीक एक नहीं हैं। दोनों साधनाएं यद्यपि भावसाधनाएं हैं तथापि एक साधना में शास्त्र का निर्देश और गुरु-परम्परा विद्यमान है, किन्तु दूसरी में किसी की आवश्यकता नहीं है।

आचार्य कहते हैं कि इस लीलानुगामिनी भक्ति-साधना में चार मुख्य दशाएँ या अवस्थाएँ विद्यमान रहती हैं, इन चार दशाओं का ज्ञान, वरण, प्राप्ति और अनुभव के नाम से वर्णन किया जा सकता है। सद्गुरु की प्राप्ति होकर उनकी शरण पकड़ने पर ज्ञात होगा कि प्रथम दशा का आविर्भाव हुआ, इस का नाम 'आचार्य प्रपत्ति' है। इस अवस्था में गुरु के शरणागत होकर सिद्धान्त के अनुसार जीवात्मा, परमात्मा और जगत् के तत्त्व का निरूपण करना पड़ता है। यह एक प्रकार की ज्ञान की ही साधना कही जा सकती है। किन्तु यह परोक्ष ज्ञान है, आचार्य के अनुगतरूप से उन्हीं की कृपा से इस ज्ञान का उदय होता है, इस ज्ञान की दृष्टि से ही इस दशा का किसी किसी ने ज्ञानदशा के रूप से वर्णन किया है। इसके बाद दूसरी दशा यानी वरणदशा में भक्त और भगवान् के साथ परस्पर का जो नित्य सम्बन्ध है उसकी अभिव्यक्ति होती है। यह भावदेह का उदय न होने तक सटीक रूप से नहीं हो सकती। आचार्य इसका सम्बन्धदीक्षा के नाम से उल्लेख करते हैं। जीव जब तक अपनी भावदेह में प्रतिष्ठित न हो तब तक भगवान् के साथ अपना नित्य सम्बन्ध उसे ज्ञात नहीं हो सकता। ज्ञानदशा का अन्त होने पर जब भाव का उदय होता है तब गुरुकृपा से एवं अपनी अनादि सिद्ध रुचि के अनुसार भगवान् के साथ भावदेही साधक का नित्य सम्बन्ध खुल जाता है। इस सम्बन्ध के ज्ञात न होने पर जीव सेवकरूप से आराध्य भगवान की सेवा करने में समर्थ नहीं होता। जीवों के अनन्त और भगवान के एक होने पर भी एवं मूल में प्रत्येक जीव के साथ अभिन्न होने पर भी भावदृष्टि से प्रत्येक जीव के साथ विलक्षण सम्बन्ध है, जीव जब तक स्वभाव में प्रतिष्ठालाभ नहीं करता तब तक उसके हृदय में इस सम्बन्ध की स्मृति जागती नहीं एवं उसके जागे विना अकृत्रिम भावसाधना नहीं हो सकती। भगवद्धाम में प्रवेश कर उनके साथ नित्य लीला में योगदान करना सेव्य सेवक भाव के ऊपर निर्भर है। प्रत्येक भक्त जीव की सेवा उसकी अपनी प्रकृति के अनुसार होती है। प्रत्येक की सेवा पृथक् पृथक् है, जिनकी जो सेवा है उनके लिए वही स्वाभाविक है। नित्य धाम में भगवान् को केन्द्र बना कर जो नित्य आनन्दमय उत्सव चल रहा है उसमें प्रत्येक जीव का एक विशिष्ट और निर्दिष्ट स्थान है। केवल यही नहीं, उसकी एक विशिष्ट सेवा भी है, विशिष्ट दृष्टिकोण भी है एवं उसीके अनुरूप एक रस का आस्वादन भी है। सम्बन्ध दीक्षा के सुसम्पन्न हुए बिना कोई जीव भगवत्सम्बन्ध में अपना निज स्थान स्पष्टतः नहीं देख पाता। यह जो वरण की बात कही गई है यह वस्तुतः स्वाभाविक होने से दोनों पक्षों में निष्पन्न होती है। अर्थात् ईश्वर द्वारा जीव का वरण और जीव द्वारा ईश्वर का वरण ऐसा हुए बिना इष्टसाधना में व्याघात हो जाता है।

भावदेह में भावसाधना के परिपक्व होने पर भाव के पूर्ण परिपाक वश प्रेम का उदय होता है। भाव के तुल्य प्रेम की भी पूर्णता आवश्यक है। प्रेम का चरम उत्कर्ष सम्पादन ही साधना का उद्देश्य है। श्रीभगवान् का नित्य किङ्कर जीव साक्षात् सेवा करने की योग्यता प्राप्त करने पर नित्य लीला में प्रवेश प्राप्त करता है। नित्य लीला चक्र में भी प्रत्येक का अपने अपने भाव के अनुकूल सेवा का स्थान निर्दिष्ट है। जिसका जो स्थान है उसके लिए वही उत्कृष्ट है, क्योंकि वहीं से वह अपने धर्म का अनुष्ठान करने में समर्थ होता है। नित्य लीला में प्रविष्ट कोई भी जीव स्वधर्म का त्याग कर परधर्म के प्रति आकृष्ट नहीं होता अर्थात् अपनी विशिष्ट सेवा का त्याग कर अन्य की सेवा ग्रहण करने की अभिलाषा नहीं करता। इस तृतीय दशाका "प्राप्ति" के नाम से वर्णन किया जाता है। सेवा के बाद जो रसास्वाद होता है वही अनुभव दशा नाम की चौथी दशा है, यह लीलारस का आस्वादन है। रसिक भक्तों के मतानुसार ब्रह्मानन्द की अपेक्षा भी लीलारस की मिठास अनन्त गुना अधिक है। पर स्वरूपतः दोनों एक ही हैं। यह परम रसास्वादन ही भक्तिसाधना का चरम लक्ष्य है। इस विषय में विशेष विवरण कभी फिर लिखने की इच्छा है।

—:o:—

रहस्यानुभूतिगत उदात्त भावना*

सिंहावलोकन तथा नव सृजन

रामचन्द्र दत्तात्रेय रानाडे, एम० ए०, डी० लिट०

सम्मानप्राप्त आचार्य, दर्शनविभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

आदरणीय राष्ट्रपति जी, आज सायंकाल यहाँ भाषण देने के लिये बुला कर जो उल्लेखनीय सम्मान मुझे प्रदान किया है उसके लिये मैं आप का बहुत कृतज्ञ हूँ। भाषण का विषय मैंने चुना है आध्यात्मिक अनुभूति अथवा तत्त्वोपलब्धि का आलोचन। आलोचन का प्रयोग यहाँ काण्ट के आलोचन (Critique) के अर्थ में है। इसका अर्थ आलोचना या खण्डन नहीं। इसका अर्थ प्रत्याख्यान नहीं। इस का अर्थ किसी भी दार्शनिक समस्या का बहुत ही सावधान अध्ययन, विवेचन तथा अभिव्यञ्जन है। काण्ट सम्भवतः यूरोपीय श्रेष्ठ दार्शनिकों में से है। उसकी तीन कृतियाँ बहुत उल्लेखनीय हैं—विशुद्ध बुद्धि का आलोचन (The critique of pure reason), प्रायोगिक बुद्धि का आलोचन (The critique of practical reason) और निर्णय का आलोचन (The critique of judgement) जिन में से परवर्ती कृतियाँ पूर्ववर्ती कृतियों के मूर्धन्य पर आधारित हैं। जब मैं तरुण विद्यार्थी था तो वे मुझे दर्शन-ग्रन्थ की भाँति लगती थी, अब वे मुझे काव्य ग्रन्थ के सदृश प्रतीत होती हैं। जब काण्ट जैसा विचारक इन तीन आलोचनों में विचार तथा अनुभूति के प्रत्येक विषय पर अपना अत्यन्त गम्भीर ज्ञान प्रकट करता है तो किसी साधारण अथवा दार्शनिक व्यक्ति के लिये इन तीन आलोचनों के अतिरिक्त योजनाओं का निर्माण करना बहुत कठिन कार्य है। पर तो भी जिन लोगों ने समसामयिक दर्शन पढ़ा है और जिन्होंने भारतीय तथा पाश्चात्य विचार का आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अध्ययन किया है, वे जानते हैं कि काण्ट में एक वस्तु का अभाव है; वह है प्रातिभ ज्ञान का तत्त्व। हाँ उसके ग्रन्थों के अंग्रेजी अनुवादकों ने प्रातिभका प्रयोग प्रत्यक्ष के अर्थ में किया है। जिस अर्थ में मैं इस शब्द का प्रयोग करने जा रहा हूँ और जिस अर्थ में यह सम-सामयिक विचार में प्रयुक्त होता है वह अतीन्द्रिया शक्ति (Super-sensuous faculty) है, जो बुद्धि (Reason) के परे जाती है और हमें बुद्धि से अगम्य वस्तुओं का ज्ञान कराती है। जिस शक्ति के द्वारा हम आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश कर सकते हैं, वही प्रातिभ है। इसी को शङ्कराचार्य अनुभूति कहते हैं।' अस्तु मैं काण्ट के विशुद्ध बुद्धि, प्रायोगिक बुद्धि और निर्णय

---

* १६ अप्रैल १९५४ को राष्ट्रपति-भवन दिल्ली में दिये भाषण का हरिमाधवशरण कृत हिन्दी अनुवाद। अखिल भारतीय दर्शन परिषद् की त्रैमासिक पत्रिका "दार्शनिक" के सम्पादक के सौजन्यसे प्राप्त।

के तीनों आलोचनों को एक नये आलोचन अर्थात् प्रातिभ का आलोचन अथवा आध्यात्मिक अनुभूति के आलोचन द्वारा परिपूर्ण करने की आवश्यकता सोचता हूँ। भगवद्गीता के अध्ययन में मुझे वह ज्ञान प्राप्त हुआ। १९२८ में नागपुर विश्वविद्यालय में मैंने भगवद्गीता पर कई भाषण दिए। तब से ले कर बहुत दिनों तक उक्त विषय पर मैं विचार करता रहा। पर नाना पूर्व व्यवसायों और समयाभाव ने अब तक उन भाषणों को प्रकाशित न होने दिया। उस समय मैंने तीन मुख्य विषयों पर विचार किया था—(१) अध्यात्म शास्त्र का द्वन्द्व (Antinomies of Metaphysics) (२) अहैतुक आदेश Categorical imperative) और (३) आत्मानुभूति में उदात्त की भावना। ये ही तीन विषय काण्ट-दर्शन के मुख्य विषय हैं और क्रमशः विशुद्ध बुद्धि के आलोचन, प्रायोगिक बुद्धि के आलोचन तथा निर्णय के आलोचन में व्यवहृत हैं। प्रस्तुत कृति पर यदि कोई आपाततः भी दृष्टिपात करेगा तो उसे विदित हो जायगा कि ये ही अत्यन्त महत्त्वपूर्ण समस्याएँ हैं जिनसे प्रस्तुत कृति का सम्बन्ध है।'

काण्ट के विशुद्ध बुद्धि के आलोचन में द्वन्द्वों के ऊपर सुप्रसिद्ध अध्याय है। उसके द्वारा मैं इस विषय में प्रवेश करने को लालायित हुआ। सचमुच वह विशुद्ध बुद्धि के आलोचन का सार और बीज है। उसके बाद काण्ट ने इधर-उधर देखना आरम्भ किया; आगे पीछे अनेक अधिकरणों को जोड़ दिया और इस प्रकार अपनी कृति विशुद्ध बुद्धि का आलोचन पूर्ण किया। यदि आप द्वन्द्वों की रचना पर दृष्टिपात करें तो विदित होगा कि उनमें चार समस्याएँ हैं। जगत की समस्या, आत्मा की समस्या, स्वातन्त्र्य की समस्या और ईश्वर की समस्या। हमें और क्या चाहिये? द्वन्द्वों में इन सब पर विचार किया गया है। काण्ट चूंकि अपनी नैसर्गिक तार्किक रीति से अपने दार्शनिक पर्यवेक्षणों का एक प्रकार की तार्किक प्रणाली से समर्थन करना चाहता था। इसी लिये उसने हमें एक ओर हेत्वाभासों (Paralogisms) और आदर्शों (Ideals) को दिया तो दूसरी ओर पदार्थों (Categories) और और आत्म प्रयत्न (Apperception) की एकता को। किन्तु जहाँ तक विशुद्ध बुद्धि की बात है काण्ट के दर्शन का सार द्वन्द्व है। काण्ट के तर्कवाक्य ये हैं—द्वन्द्व का अर्थ है एक नियम का दूसरे के विरोध में तुल्यबल होना। दर्शन में यह शाश्वत होता है। काण्ट के अनुसार इस प्रकार के उपयुक्त चार द्वन्द्व हैं अर्थात् बद्ध अबद्ध का द्वन्द्व, साधारण तथा मिश्र का द्वन्द्व, स्वातंत्र्य तथा कार्यकारणवाद का द्वन्द्व और अनिवार्य तथा संभाव्य सत्ता का द्वन्द्व। काण्ट ने इन द्वन्द्वों का समाधान भी किया है। भगवद्गीता भी इसी प्रकार के द्वन्द्वों को उठाती है। पहला द्वन्द्व है ईश्वर सशरीर है अथवा अशरीर 'दूसरा है ईश्वर कर्त्ता है या द्रष्टा, तीसरा है ईश्वर सर्वातीत है अथवा सर्वान्तर, चौथा है जगत सत्य है अथवा असत्य और पाँचवाँ है क्रममुक्ति है या सद्योमुक्ति। इस प्रकार गीता के आध्यात्मिक अधिकरण में ये समस्यायें वर्णित हैं। जिनकी प्रायेण उपेक्षा की गई है। हम अपने विवाद में देखेंगे कि गीता ने इन तत्वों का कैसे समाधान किया है।

मगर आज मेरी प्रधान समस्या द्वन्द्व और उनके समाधान अथवा अहैतुक आदेश और उसके प्रकार नहीं है। मेरी समस्या दूसरी है, उसपर शीघ्र ही विचार करेंगे, उस समस्या पर हम विशेष ध्यान देंगे।

द्वन्द्वों पर विचार कीजिए। पहले पौरुषेय

(सशरीर) और अपौरुषेय (अशरीर) के द्वन्द्व के सम्बन्ध में हमें भगवद्गीता में इन दोनों सिद्धान्तों की समर्थक उक्तियाँ मिलती हैं। 'ज्ञेयं यदत्र वक्ष्यामि' में पौरुषेय-परक प्रत्यय है। 'अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः', यहाँ अपौरुषेयपरक प्रत्यय है। 'पिताहमस्य जगतः……… प्रभवप्रलयस्थानं निधानं बीजमव्ययम्, यह ऊपर के दोनों कथनों का समन्वय करता है। अतः हम कह सकते हैं कि पौरुषेय तथा अपौरुषेय दोनों प्रत्ययों का तथाकथित अतिपौरुषेय में समन्वय है। मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता, फिर भी मैं आप के समक्ष इन निष्कर्षों को रखना चाहता हूं।

(२) दूसरा द्वन्द्व है—ईश्वर कर्ता है या द्रष्टा ? जो लोग समझते हैं कि ईश्वर सब कुछ करता है वे भूले हुए हैं, क्योंकि वह प्रकृति है जो सब कुछ करती है। जो ईश्वर को कर्ता मानता है वह कुछ नहीं समझता।

> 'तत्रैवं सति कर्त्तारम् आत्मानं केवलं तु यः।
> पश्यत्यकृतबुद्धित्वान्न स पश्यति दुर्मतिः ॥'

इस के विपरीत प्रकृति सर्वशक्तिसम्पन्न है। पर इस सिद्धान्त के प्रतिकूल भगवद्गीता में ही हमें दूसरा सिद्धान्त मिलता है।

> 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
> भ्रामयन् सर्वभूतानि ··· ··· ··· ॥'

यह गेटे की आत्मा की भाँति बतलाता है कि ईश्वर अपनी अंगुलियों के चारों ओर अखिल जगत को घुमाता है। समाधान क्या है ? कर्तृत्व-द्रष्टृत्व द्वन्द्व का समाधान है कि ईश्वर प्रकृति में निवास करता है और उसकी उपस्थिति के कारण ही प्रकृति घूमती है।

> 'मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्'

इस सिद्धान्त को हम निःसरणवाद (Emanationism) कह सकते हैं।

(३) तीसरा द्वन्द्व सर्वातीतत्व और सर्वान्तरत्व का है। क्या ईश्वर सम्पूर्णतया संसार में सर्वान्तर ही है। अथवा वह संसार के बाहर भी है ?

'समाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा।' यह सर्वान्तरीय सिद्धान्त है। इसके प्रतिकूल 'यथा प्रकाशयत्येएकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः, में सर्वातीतीय सिद्धान्त है। जैसे सूर्य अथवा आकाश निर्लिप्त रहते हैं अर्थात् जैसे सूर्य और आकाश सर्वातीत हैं वैसे ही ईश्वर भी। इस द्वन्द्व का समाधान दो प्रकार से हो सकता है। एक तो जैसा अर्वाचीन ईश्वरवादी मानते हैं 'ईश्वर को सर्वगतातीत मानने से द्वन्द्व का समाधान हो जाता है।' अवतार का प्रत्यय वस्तुतः यह है कि जो सर्वातीत है वह सर्वान्तर होता है। अतः अवतारवाद जो हिन्दू और ईसाई धर्म की अनोखी विशेषता है सर्वान्तरत्व-द्वन्द्व का समाधान करता है।

(४) जगत् की सत्यता और असत्यता नामक चौथे द्वन्द्व के सम्बन्ध में एक स्थल पर हमें सभी तत्त्वों की सत्यता बताई जाती है।

> 'भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
> अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥'

दूसरी जगह हमें माया तथा अज्ञान के विषय में बताया जाता है। आगे अश्वत्थ वृक्ष का वर्णन मिलता है जो स्केन्डेनेविया के कथासाहित्य में इग्ड्रैसिल वृक्ष के नाम से प्रसिद्ध है। अश्वत्थ की परिभाषा है—न श्वोपि तिष्ठति इति अश्वत्थः। इसी लिये यह असत् का प्रतीक है। अब उपनिषद् और भगवद्गीता में एक भेद है, उपनिषद् अश्वत्थ की सत्ता घोषित करते हैं—

'एषोऽश्वत्थः सनातनः।' इस के विपरीत भगवद्गीता में हमें बताया जाता है कि जो अश्वत्थ वृक्ष को काटता नहीं है वह अपना जीवन व्यर्थ में बिताता है। अतः जहाँ तक भगवद्गीता का विचार है अश्वत्थ का प्रत्यय असत् का प्रत्यय है। इसका समन्वय श्रीकृष्ण ने स्वयं व्यक्तमध्य के सिद्धान्त में दिया है।

'अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत।
अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥'

कारलाइल भी कहता है—थोड़ा पहले तुम नहीं थे; थोड़ा बाद तुम नहीं रहोगे। तुम केवल सुप्रतीयमान वर्तमान में ही हो। भगवद्गीता के व्यक्तमध्य का भी यही सिद्धान्त है। इस प्रकार हम देखते हैं कि क्षण-भंगुरवाद का सिद्धान्त सदसद् द्वन्द्व को समन्वित करता है।

(५) अन्ततः अन्तिम द्वन्द्व आता है। यह द्वन्द्व वेदान्तसाहित्य में सर्वप्रसिद्ध और समादृत है। क्या मनुष्य मृत्यु के क्षण ही मुक्त हो जाता है? अथवा वह नाना मोक्ष—समीपतर जीवनों के द्वारा मुक्त होता है?

'अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्' में प्रथम उक्ति की अभिव्यक्ति है और 'अनेकजन्म-संसिद्धस्ततो याति परां गतिम्' में दूसरे की। इन दोनों विकल्पों का समन्वय जीवन्मुक्ति अर्थात् यहीं और इसी समय मुक्ति में है। जीवन्मुक्ति को ही भगवद्गीता ब्राह्मी स्थिति ... कहती है। 'एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ।' यहाँ तक मैंने आप को काण्ट के द्वन्द्व और समाधानों की शैली में गीतोक्त द्वन्द्व और उनके समाधान का यत्किञ्चित् परिचय दिया।

अहैतुक आदेश के विषय पर भी प्रायोगिक बुद्धि के आलोचन और भगवद्गीता में बहुत समानान्तर वर्णन है। भगवद्गीता अवश्य काण्ट से प्राचीनतर है और काण्ट न तो भगवद्गीता को जानता था और न जान ही सकता था। तो भी काण्ट महान पुरुष था, और सभी महापुरुषों के विचार में सादृश्य रहता ही है। जिन्होंने काण्ट के नीतिशास्त्र का अध्ययन किया है वे जानते हैं कि कार्य का उच्चतम सिद्धान्त उसका अहैतुक आदेश है। उसी सूक्ति के अनुसार कार्य कीजिए जिससे आप विश्वजनीन नियम होने का सङ्कल्प कर सकें। यह अहैतुक आदेश का सामान्य सूत्रीकरण है। काण्ट ने बाद को तीन सुविविक्त और क्रमिक सूत्रीकरणों की रचना की। काण्ट का कहना है कि सामान्य सूक्ति में जो सार्वभौमता निहित है उसे अवश्य प्रकृति के नियम का रूप धारण करना चाहिए। अन्ततः इसे साध्यों के उस राज्य की सहायता करनी चाहिए जिस में प्रत्येक मनुष्य। सदा साध्य समझा जाय और कभी साधन न माना जाय और जिसमें प्रत्येक मानव प्राणी की इच्छा शक्ति बुद्धिपरता की हैसियत से समस्त मानवता के लिए विधान बन सके। यही काण्ट के नीतिदर्शन की विस्तृत बातें हैं। जिनमें इस समय मैं पड़ना नहीं चाहता हूं। मैंने आप के समक्ष केवल वह विधि रक्खी है जिसमें अहैतुक आदेश का सामान्य सूत्रीकरण तीन उपसूत्रों में विशिष्ट बन जाता है।

ठीक उपर्युक्त रीति में ही भगवद्गीता भी अहैतुक आदेश की सामान्य सूक्ति हमें देती है।

'कार्यमित्येव यत्कर्म नियतं कुरुतेऽर्जुन।'

तुम्हें अपना कर्तव्य करना चाहिए। कारण, यह तुम्हारा कर्तव्य है और कोई बात नहीं। यह सामान्य सिद्धान्त है। जो काण्ट के अहैतुक आदेश की सामान्य सूक्ति से भली भांति मिलता जुलता है। बाद में भगवद्गीता इसके तीन क्रमिक विशेषीकरणों का उल्लेख करती है। पहला है—

'संगं त्यक्त्वा फलानि च' जब तुम कार्य कर रहे हो उस समय तुम्हें न तो लिप्त होना चाहिए और न तो कार्य के फल की परवाह करनी चाहिए। दूसरा विशेषीकरण है—तुम्हें समदृष्टिपूर्वक और कारीगर की भाँति कार्य करना चाहिए। जैसे कि महात्मा गान्धी अपने को सत्याग्रह का कारीगर कहते थे। 'समत्वं योग उच्यते' और 'योगः कर्मसु कौशलम्।' और अन्ततः सर्वश्रेष्ठ विषयीकरण है कि यज्ञ की भावना से कार्य करना चाहिए।

'यज्ञायाचरतः कर्म समग्रं प्रविलीयते।' यज्ञ का अर्थ पशुवध अथवा घृत, तण्डुल और तिल की आहुति नहीं है। यह ईश्वर के लिए सभी स्वत्वों का बलिदान या त्याग है। यही यज्ञ का अर्थ है। संक्षेप में भगवद्गीता के अनुसार जो लोग अपना कर्तव्य करने के लिए अपने आध्यात्मिक संतोष के निमित्त कार्य करते हैं वे उचतम सिद्धान्त के अनुसार कार्य करते हैं। काण्ट के अनुसार यदि आप कार्य करते समय आनन्द तथा भोग करते हैं तो आप अपना कर्तव्य बिल्कुल नहीं कर रहे हैं। जब हम अपना कर्त्तव्य करें तो सुख या दुःख का विचारमात्र भी न लावें। किसी कवि ने काण्ट का उपहास यह कह कर किया है कि यदि हमारे मां बाप मर रहे हों तो काण्ट हमें परामर्श देते हैं कि उनके पर्यङ्क के पास हमें एक बूंद भी आंसू नहीं गिराना चाहिए। तुम्हें अपना कर्तव्य इसलिए करना चाहिए कि यह तुम्हारा कर्तव्य है। अतः संवेग की अभिव्यक्ति काण्ट के मत में सर्वथा नीतिक्षेत्र से बाहर है।

यदि हम भगवद्गीता पर पुनः विचार करें तो ज्ञात होगा कि इसमें विविध यज्ञों का वर्णन है। सचमुच यह जानकर आश्चर्य होता है कि कृष्ण स्वयं समाजवादी सिद्धान्त द्रव्ययज्ञ से आरम्भ करते हैं। गीता कहती है कि हमें कार्यकुसुमों को ईश्वर-शरीर पर रखना चाहिए। अतः हमें अपने कार्यों से ईश्वर को विभूषित करना चाहिए और अन्ततोगत्वा उन्हें ईश्वर के पास सुरक्षित रख छोड़ना चाहिए। 'ब्रह्मण्याधाय कर्माणि।'

इस प्रकार जहां तक अहैतुक आदेश का सम्बन्ध है गीता के ये ही विचार हैं। आप देखेंगे कि काण्ट और गीता एक ही प्रकार से सोचते हैं, यद्यपि न तो काण्ट गीता को जानता था और न गीता काण्ट-दर्शन का ही प्राक्चिन्तन कर सकी।

आखिर में हमें औदात्त्य पर विचार करना है। यही आज का मेरा प्रस्तुत विषय है। भगवद्गीता में विशेषतः ११ वें अध्याय में इस विषय पर सुन्दर विचार किया गया है। मैं समझता हूँ कि काण्ट ने औदात्त्य पदार्थ को निर्णय के आलोचन में सौन्दर्य तथा साध्यता संबन्धी (The teleological) पदार्थों के मध्यस्थ मान कर बड़ी भूल की है। यह कुछ शास्त्रीय विषय है। काण्ट कहता है कि स्वादु और औदात्त्य दोनों सौन्दर्य शास्त्रीय निर्णय के अन्तर्गत हैं। मेरा इनसे मतभेद है। मैं समझता हूँ कि औदात्त्य स्वादु और साध्यता (Teleology) का समन्वय है। अतः औदात्त्य को स्वादु तथा साध्यता के मध्य स्थापित करने के बजाय काण्ट को साध्यता को सौन्दर्य तथा औदात्त्य के मध्य रखना चाहिए था। इतने पर भी काण्टकृत औदात्यवर्णन आश्चर्यजनक है। मुझे इस विषय को ग्रहण करने को जिस वस्तु ने उत्सुक किया वह इसी प्रकार का औदात्य है जो काव्यकला, मानवजीवन तथा आध्यात्मिक अनुभव में होता है। ताजमहल एक सुन्दर भवन हो सकता है पर राष्ट्रपतिभवन तक २ मील आयत मार्ग तथा संसद के सदन उदात्त हैं। काण्ट के अनुसार सौन्दर्य तथा औदात्त्य में यह भेद है, सौन्दर्य का लक्ष्य क्रम (Order), सन्तुलन (Symmetry) तथा, समरसता (Harmony) है और सौन्दर्य में दर्शक का मन दृश्य विषय से अनुप्राणित और अनुस्यूत हो जाता है। औदात्य

में मन दृश्य विषय द्वारा जीत लिया जाता है। जब भूचाल आता है तो क्या होता है? तूफान में, अग्निकाण्ड में, युद्ध में, महामारियों और प्रचण्ड बाढ़ों में मनुष्य के मन को प्रकृति जीत लेती है। अतः यहाँ उदात्त की भावना आ जाती है। इतने पर भी काण्ट कहता है कि मनुष्य का मन इतना विशाल है कि उसे इन वस्तुओं द्वारा अपने मन को पराजित न होने देना चाहिए। सम्भव है कि ये शक्तियाँ किसी मनुष्य को क्षण भर गतिशून्य कर दें पर मनुष्य जानता है कि उसकी आन्तरिक आत्मा प्रकृति की इन सकल शक्तियों से विशाल है, और आन्तरिक विजय प्रकृति की विजय से कहीं उच्चतर है।

एडोल्फ आट्टो जैसे विश्रुत विद्वान् लेखक ने हाल ही में काण्ट की उदात्त भावना का सामानान्तर "शुचिता के विचार" (Idea of the holy) में दिया है। यदि आप आट्टो की पुस्तक शुचिता का विचार पढ़ें तो आपको यह अद्भुत ग्रन्थ लगेगा। १९२७ में पूना में उनसे मिल कर मैं अपने को भाग्यशाली समझता हूँ। मैंने उनकी पुस्तक पढ़ी थी और उन्होंने उपनिषदों पर लिखी मेरी पुस्तक पढ़ी थी, उन्होंने मुझे सन्देश भेजा था — मैं आपसे मिलूँगा। मैंने कहा—महाशय, आप अतिवृद्ध हैं, आपको मेरे यहां आने की आवश्यकता नहीं है, मैं स्वयं आपके दर्शन हेतु आप के यहाँ आऊंगा। मैं डा० नैकनियल और डा० वेल्वल्कर के साथ उनके पास गया। मैं क्या बताऊं कि वह कितने अद्भुत पुरुष थे। वे जर्मन थे पर अंगरेजी सुन्दर ढंग से बोलते थे। जब मैं उनसे विदा हुआ तो कहा, महाशय आप सच्चे आचार्य हैं। मैंने आट्टो जैसा दूसरा ईसाई नहीं देखा जो अन्तःकरण का शुद्ध हो और दूसरे धर्म के ग्रन्थों को बहुमूल्य निधि समझता हो। आट्टो ने गीता के ११ वें अध्याय का पद्यमय अनुवाद किया है और अपनी पुस्तक शुचिता के विचार में परिशिष्ट रूप में उसे जोड़ दिया है। केवल दर्शन के दृष्टिकोण से ही नहीं वरन् साहित्य दृष्टि से भी 'शुचिता का विचार' सुन्दर ग्रन्थ है। हमारे अनुभूति-प्रत्यय की भांति आट्टो ने एक दूसरा प्रत्यय किया है। हमारी अनुभूति विशुद्ध बुद्धि, प्रायोगिक बुद्धि तथा निर्णय के मूर्धन्य पर है। इसी प्रकार आट्टो कहते हैं कि शुचिता का विचार 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' के ऊपर है। यह स्वतः एक स्वतन्त्र पदार्थ है। इसका किसी पदार्थ में अन्तर्भाव नहीं हो सकता। शुचिता ईश्वर पदार्थ है। इसको वे मिस्टीरियस ट्रेमेण्डम (Mysterious tremendum) कहते हैं, यह रहस्यों तथा ईश्वर-प्रेरित विशाल भयों से भरी है। ऐसा ही भय कृष्ण के विश्वरूप से अर्जुन के मन में उदय हुआ था। हम ऊपर के विवेचन से देख सकते हैं कि काण्ट की उदात्त भावना, आट्टो की शुचिता भावना तथा मेरी अपरोक्षानुभूति की भावना परस्पर सदृश भावनाएँ हैं।

भगवद्गीता का ११ वां अध्याय उदात्त की भावना का संस्कृतसाहित्य का सर्वोत्कृष्ट निदर्शन है। विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं के साहित्य में भी इस प्रकार के अनुभव की अभिव्यक्ति का अभाव नहीं। मैं भारत की तीन प्रान्तीय भाषाओं, हिन्दी, कन्नड़ और मराठी से उदात्त की भावना के उदाहरण देना चाहता हूँ। ये भाषाएं केवल उदाहरणभूत हैं। अन्य भाषाओं से भी ऐसे उदाहरण दिए जा सकते हैं। मैं हिन्दी सन्त-साहित्य के तीन कवि कबीर, तुलसी एवं गुलाल से तीन उदाहरण लूँगा। कन्नड़ के अवतारक से एक उदाहरण लूँगा। और मराठी के ज्ञानेश्वर से भी एक उदाहरण दूँगा। रहस्यानुभूति के दृष्टिकोण में ये उदाहरण औदात्त्य के उस विवेचन का पोषण करेंगे जो भगवद्गीता के आधार पर मैंने किया है। ये पाँच उदाहरण रहस्यानुभूति में औदात्त्य के स्वरूप, शुचिता

की विशेषताएं तथा प्रातिभ विधि—जिसके द्वारा उनका ग्रहण होता है—को भली भांति स्पष्ट कर देंगे।

पहले हिन्दी-आध्यात्मिक साहित्य की तीन महान् कविताओं को लीजिए "चुअत अमीरस भरत ताल जहँ" इस कविता में कबीर कहते हैं कि नदी इतनी शक्तिशालिनी हो गई कि उसने सागर को निगलडाला। जीवात्मा ने ईश्वर की सत्ता को निगल डाला। 'सरिता उमड़ि सिन्धु को सोखै।' मानव अस्तित्व ईश्वर को खा डाल रहा है। कबीर फिर कहते हैं—"दस अवतार एक रत राजै" अस्तुति सहज से आनी हो—मैं अपने सामने एक रात्रि में दसों अवतारों को गुजरते हुए देखता हूँ। क्या यह मुझे महान् भय तथा आश्चर्य से भर नहीं देगा? प्रशंसा के शब्द स्वतः मेरे ओष्ठों पर आ जाते हैं—कबीर कहते हैं। यही उदात्त है। पुनश्च गुलाल में हमें उदात्त की अनुभूति मिलती है। हम मानव—शिशु क्षुद्र आत्माएं हैं। और मातः द्वारा छोटे पलने पर पड़े हैं। मैं इस विषय का कन्नड़ के एक गीत अयुतिधा कन्दा से एक कन्नड़ उत्सव में कल विचार करूँगा। पर यहाँ गुलाल कहते हैं कि इस पालना में, जिसमें ईश्वर ने मनुष्य को रख छोड़ा है, न तो आधारभूत स्तम्भ हैं और न बन्धनभूत रस्सियाँ। बिन डोरी बिन खम्भे पौढ़ल। चौबीसों घण्टे पलने की घण्टियाँ निरन्तर संगीत ध्वनि कर रही हैं। आठों पहर झङ्कार। हमें हिंडोला राग में इस गाने को गाने दीजिए—गाओ सखी हिंडोलवा हो। आगे चल कर गुलाल कहते हैं कि जब गुरु ने हिंडोले को धक्का दिया, तो हिंडोले के सभी बन्धन टूट गए, असद्भूत स्तम्भों एवं रज्जुओं के योग नष्ट हो गए और वायुमण्डल में विलीन हो गए। जैसा वर्डस्वर्थ ने कहा है—आध्यात्मिक तत्त्व जो अन्दर था सकल विश्व में समा गया। "छुटत जगत कर झुलना हो, प्रेम पदार्थ भइल निनार।" इस प्रकार की उदात्तानुभूति साधक को मिल सकती है। यदि वह अपने को ईश्वर-शिशु समझे। अब मैं तुलसीदास को लेता हूँ, जिन्होंने चातक का उदाहरण दिया है। प्रकृति चातक पर ओले फेंक कर उसके पंखों को तोड़ डालती है। इसके अतिरिक्त बहेलिए ने भी उसपर घातक बाण मारा। तब उसने क्या किया? वह गंगा में गिर तो जरूर पड़ा पर उसने अपनी चोंच को नीचे नहीं किया। गंगा का पवित्र जल पीने से उसने इन्कार किया। उसने अपनी चोंच मेघों की ओर ऊपर रखी ताकि उनसे निकली हुई बूंदों को वह पी सके। यह उदाहरण बताता है कि मनुष्य में एक भक्ति होनी चाहिए, यदि वह ईश्वर से अनुग्रह-जल की कामना करता है। चातक के ध्यान का लक्ष्य मेघ से निकले जलकण हैं। भक्त के ध्यान का लक्ष्य ईश्वर से निकले अनुग्रह कण होने चाहिए। इस प्रकार यह उदात्त भावना है। अब मैं आध्यात्मिक स्तर में औदात्य पर विचार करना उन लोगों के ऊपर छोड़ रहा हूँ जो भारतीय, यूरोपीय अथवा यूनानी अलंकार शास्त्र तथा काव्य के छात्र हैं।

अब कन्नड़ की अवतारककृत एक प्रसिद्ध कविता को लीजिए। 'दृष्टि योडगे दृष्टि नितितु'। कवि कहता है जब आँख आँख के सामने खड़ी हुई तो एक बड़ा दृश्य सामने आया, संसार नष्ट हो गया। दृष्टवेलनष्टवायितु। आँख के सामने आँख की दृष्टि का अभिप्राय संसार दृष्टि का अन्यतः भाव है। अवतारक आगे कहते हैं कि जब वे जीवात्मा रूप से संसार में आए तो वे २५ तत्त्वों में उतर पड़े। अरस्तु का कहना है कि विभिन्न तत्त्वों के समुदाय में बाहर से ईश्वर तुल्य क्रिया आकर निवास करती है। बाइबल का कहना है कि ईश्वर ने मनुष्य की नासिका में जीवन श्वास फूंका और मिट्टी के पुतले को सजीव कर दिया। वेदों में भी प्रसिद्ध उक्ति है—अस्थन्वन्तं यदनस्थाव बिभर्ति—अस्थिहीन सत्ता ने अपने लिए अस्थि-युक्त पुतले का निर्माण

किया। यही अवतार का शाब्दिक अर्थ है। अवतारक दो प्रसिद्ध पंक्तियों में कहते हैं—आध्यात्मिका उपलब्धि के अनन्तर उन्होंने संसार में नया वैभव देखा। ऐसा लगा मानो समस्त जीवन का पुनर्जन्म हुआ। आभूमिशैलशिखर निर्विकार आत्मा से ओतप्रोत हैं। पर्वताग्र भूमियिन्तु निर्विकार तोरितक्ष। ये सचमुच उदात्त के ही उदाहरण हैं।

मराठी से उदात्त का उदाहरण लेने के लिए हम ज्ञानेश्वर का यह उद्धरण लेते हैं—अर्जुन ने ईश्वर सहित अपने को ईश्वर में देखा। और सञ्जय ने उन दोनों को एक साथ देखा………. जब एक दर्पण दूसरे के सामने रखा जाता है तो कौन किसको प्रतिबिम्बित करता है ? क्या कहे ? बिम्ब और प्रतिबिम्ब का भेद नष्ट हो जाता है। प्रत्येक दूसरे का अनन्त प्रतिबिम्ब प्रदान करता है। कल्पना कीजिए, एक सूर्य दूसरे सूर्य के सामने उदय हुआ तब कौन प्रकाशक है कौन प्रकाश्य ? अस्तु जब कृष्ण और अर्जुन ऐक्यभाव की स्थिति में हो गए तो मैंने कहा कि सञ्जय ने तादात्म्य उनसे पा लिया।”

MATAJI'S AMARA VANI

(22)*

Mataji : Give in charity, engage yourself in service, bow down before God ("*do Pranam*")† and you will yourself come to understand in what spirit such acts are being performed by you. Feel convinced that in whatever state or condition you may be, out of that very state Enlightenment will occur. Never harbour the idea that you are involved in sin and evil deeds and can therefore never get anywhere. At all times and under all circumstances you must keep yourself in readiness to tread the path to God. Who can tell at what moment your giving, serving and bowing to God will become genuine ; for everything is possible.

Concerning *Diksha* (initiation) : He from whom you have received initiation will be able to bring you in touch with the level he himself has reached. Just as when you listen to a religious discourse the speaker will communicate to you as much as lies in his power. In this there are two factors. The effect inherent in spiritual discourses and the power of the speaker. Both are received and if the recipient has outstanding capacity, Supreme Knowledge will dawn on him at the very instant he receives the instruction.

There are various kinds of initiation : by Mantra, by touch, by a glance, by instruction. Contact with a Superman does bear fruit. Everyone will benefit in proportion to the degree of his own receptivity. There is also such a thing as special Grace by which unusual power to progress will be gained. On the other hand there are cases when even after actual contact no infusion of Grace has followed ; one who commands power is able to control it—giving and taking depend on His Will. When instruction frees a man from the knots that constitute the ego this is called initiation by instruction. On this case the instruction has fulfilled its purpose instantaneously.

---

* The Bengali original appeared in 'Ananda Varta', Vol. V/2, p. 84.

† See A. V. Vol. II/3, P. 281 where Mataji says :".........To do *Pranam* means to pour oneself out at His Feet to become closely bound to them and thereby united to Him, to become His who alone is."

नहीं। जैसे पक जाने पर फिर अङ्कुर नहीं उगता, पक जाने के वाद चाहे तुम जो वनाओ, किन्तु सृष्टि का वीज फिर नहीं रहता। यह सृष्टि का वीज जहां नहीं रहेगा वहाँ जो आकार प्रकार है वह तो वही है। देखो भक्ति के द्वारा अथवा वेदान्तविचार के द्वारा वही वस्तु तो हो गया। यह हो जाना क्या पत्थर हो जाना है ? पत्थर हो जाना तो नहीं है। उसका आकार प्रकार वही तो है।

जो जिस पथ से चलेगा उसका जो विशिष्ट प्रकाश है वह तो रहेगा ही, किन्तु पावेगा तो एक ही वस्तु, जिसको पाने पर फिर किसी प्रकार की शङ्का का अवसर नहीं रहेगा। पावेगा क्या, है ही तो नित्य सत्य। उपलब्धि या अनुभव कहने से पृथक् रहता है। किस जगह यह वात टिकती है, किसी जगह नहीं टिकती। जो नित्य है वही कहा जाय तो भी भेद का आभास कुछ रह ही जाता है। जो आवरण या पर्दा कहा जाता है वह गति है। गति का परिवर्तन हो जाता है, वह वदल जाती है। फिर वदलता नहीं भी है यह व्यवहार में परमार्थ है। उसके निकट 'दो' नहीं हैं—कौन खाता है किसे खाता है ? उस स्थिति में वाद-विवाद कहाँ है ? यदि यह कहा जाय कि चलता है, इसीलिए उस स्थान में नहीं रहता—क्या कह रहा हूँ किससे कह रहा हूँ, वह कौन है ? यह वोध जव आ गया। किसी को समझाने पर स्वयं समझ लिया पर उस स्थान को वास्तव में वह समझ नहीं पा रहा है। इसे समझ सकने पर कहता है कि क्या तुम अज्ञान हो गये ? जान सकना और न जान सकना दोनों को ही पाया। जगद् दृष्टि में निवद्ध रहने पर वद्ध है। किन्तु 'तद्' दृष्टि में अज्ञान का ज्ञान और ज्ञान का ज्ञान सभी तो तुम्हारे समाने स्पष्ट हैं—जहाँ ज्ञान और अज्ञान का पृथक् प्रश्न उठ नहीं सकता। इस समय ये खाने और देने के जो जगत के व्यवहार हैं उसके निकट अव्यवहार के व्यवहार हैं। यहां पूजा रही या न रही क्या आपत्ति है ? क्योंकि जानना, न जानना सव कुछ उसके भीतर आ गया। किन्तु इस ज्ञान को समझना कठिन है। किसी एक झलक या स्थिति को समझना सहज है। स्थिति और अस्थिति का वहाँ प्रश्न नहीं है। फिर भी अनवस्था दोष नहीं है। किन्तु तनिक भी आकर्षण यदि रहे तो फिर वह स्थिति नहीं होती। नकल विक्रय करके वहुत से लोग धनी हो सकते हैं। नकल खरीदते क्यों हैं ? यह एक चमत्कार है। किन्तु यह स्थायी नहीं हो सकता व्यवहार में वह पकड़ लिया जायगा। तव फिर असल की खोज होगी।

जव एक आत्मा की प्राप्ति हो गई एकमात्र हुआ तव यह वोध हो जाता है कि मेरी जो मूर्ति है वह इसी रूप में है। पहले सत्ता की प्राप्ति होती है फिर उसी रूप में अभिनिवेश हो सकता है। हमारे इष्टदेव ही आत्मा हैं 'व्रह्म हैं' दूसरा कोई नहीं—वह इष्ट जिसकी मैंने पूजा की थी। डुवकी लगाकरस्नान करने के वाद जल ही इस आकार में है। यह भक्त प्रभु को पाकर यथार्थ सेवक हुआ। 'यह नहीं', 'यह नहीं' करके तथा 'यह तुम हो', 'यह तुम हो' करके एक की ही प्राप्ति हुई। इधर से भी उसी की प्राप्ति और उधर से भी इसी की प्राप्ति। जो शक्ति का आश्रय लेकर जायँगे, या शिव की मूर्ति लेकर जायँगे वे पावेंगे एक ही शक्ति, एक ही शिव। और वेदान्त के दृष्टिकोण से वह वरफ ही जल है, आकार नहीं निराकार है। फिर

हमारे इष्टदेव ही ब्रह्म हैं जिसका जिसका जो मार्ग—जिस भाव से जिसकी गति हो। समता या एकत्व जरूर आना चाहिये, स्थिति लाभ करना ही पड़ेगा। इसके बाद यदि कोई कहे कि मैं मुक्ति छोड़ देता हूँ, इष्ट की पूजा छोड़ देता हूँ तब छोड़ देने पर भी कुछ छूटता नहीं है। छोड़ने न छोड़ने का वहां स्थान ही नहीं है न। यह कहा जा सकता है कि एक ही मार्ग से सब लोग जाते क्यों नहीं ? क्योंकि वे अनन्त रूपों से प्रगट हैं—है तो वही। तब फिर 'क्यों' नहीं हैं। झगड़ा रास्ते में है। किसके साथ लड़ेगा ? रास्ते में ही तो लड़ाई है।

व्याख्या

पच्चीस

१—लीला की जड़ में एक है अथवा दो हैं ?—

जिन्होंने भारतीय साधना और साधकों के इतिहास का क्रमिक रूप से अनुशीलन किया है वे जानते हैं कि साधना के लक्ष्य के सम्बन्ध में भाँति भाँति के मतों के प्रचलित रहते भी स्थूल रूप से दो ही मत प्रधान माने जाते हैं। पहले मत में अध्यात्म-साधना का लक्ष्य मुक्ति अथवा मोक्ष है—यही परम पुरुषार्थ है। यद्यपि धर्म, अर्थ और काम की भी पुरुषार्थ के रूप में गणना की जाती है तथापि वे परम पुरुषार्थ नहीं हैं, क्योंकि इन तीनों में कोई भी नित्य सिद्ध नहीं है। एकमात्र मुक्ति अथवा मोक्ष ही परम पुरुषार्थ के रूप में स्वीकार करने योग्य है। क्योंकि यह आत्मा की स्वरूप-स्थिति होने के कारण नित्यसिद्ध है। साधना से ज्ञान का उदय होने पर स्वरूप का आवरण हट जाता है तब जाकर स्वरूप का आत्मा को प्रत्यक्ष होता है—आत्मा स्वयंप्रकाश है यह तब समझ में आ सकता है। इस प्रकार आत्मा के साक्षात्कार से जीव के अनादि काल से सञ्चित कर्म-संस्कार सदा के लिए कट जाते हैं एवं दुःख की निवृत्ति होकर नित्य शान्ति का उदय होता है—यह अवस्था आत्मा की स्वरूपभूत आनन्द में स्थिति की अवस्था है।

दूसरे मत में मुक्ति अथवा मोक्ष परम पुरुषार्थ नहीं माना जाता। इस मत के अनुसार पराभक्ति अथवा भगवत्प्रेम ही परम पुरुषार्थ है, मुक्ति नहीं। वैष्णव-सम्प्रदाय, किसी किसी शैव सम्प्रदाय एवं अन्यान्य सम्प्रदायों के भी कोई कोई लोग पराभक्ति-प्राप्ति को मनुष्यजीवन का परम लक्ष्य मानते हैं। कोई कोई इसे पञ्चम पुरुषार्थ भी कहते हैं। यह पराभक्ति अथवा प्रेमलक्षणा भक्ति इनके मत में मुक्ति से उच्चतर आदर्श है। मुक्ति वस्तुतः इस पराभक्ति की पूर्ववर्ती अवस्थामात्र है। आत्मा यद्यपि स्वरूपतः एक और अभिन्न है तथापि जीवात्मा और परमात्मा के रूप में उसका विलास है यह ध्यान में रखना चाहिये। आत्मा के स्वरूप में एक दृष्टिकोण से अंशांशिभाव है। यह अनादि काल से ही था और अनन्त काल तक रहेगा। बद्ध अवस्था में तथा मुक्त अवस्था में यह समान रूप से रहता है। आत्मा अंश

और परमात्मा अंशी स्वरूप है। दोनों ही एक अर्थात् नित्य चैतन्य स्वरूप हैं। अंशचैतन्य अणुरूपी है, किन्तु अंशी चैतन्य महान् है। जीव अनादि अविद्या के प्रभाव से अपने स्वरूप और भगवान के साथ अपना नित्य सम्बन्ध भूल गया है। विद्या के उदय से अविद्या की निवृत्ति होने पर उसे अपने स्वरूप का दर्शन होता है एवं भगवान् के साथ अपना नित्य सम्बन्ध भी ज्ञात होता है। इसके बाद इस सम्बन्ध के अनुरूप नित्य रसास्वाद होता है। यहीं से पराभक्ति अथवा पञ्चम पुरुषार्थ का सूत्रपात होता है। पक्षान्तर में जीवात्मा परमात्मा के समान विभु (व्यापक) है। द्वैतदृष्टि में दोनों में भेद रहने पर भी दोनों ही विभु माने गये हैं। अद्वैतमत में जीव और ईश्वर एक ही वस्तु हैं—जब तक स्वरूप का प्रकाश नहीं होता एवं उपाधि विद्यमान रहती है तब तक दोनों में भेद स्वीकार किया जाता है, किन्तु सब आवरणों के निवृत्त होने पर अर्थात् मुक्त अवस्था में एक ही अखण्ड आत्मा अपने प्रकाश से ही अपने निकट अपने को व्यक्त करता है। तब जीवभाव और ईश्वरभाव यथार्थ स्वभाव नहीं, उपाधि से हैं, यह समझ में आ सकता है।

यहाँ तक जो कहा गया है, उससे साधक लोगों के ध्यानराज्य में इन्हीं दो धाराओं का पता लगता है।

साधारणतः भक्तिवादी साधकों ने किसी न किसी आकार में द्वैतवाद का अवलम्बन कर जीवन के चरम लक्ष्य का निश्चय किया है। इसलिए उन्होंने चतुर्थ पुरुषार्थ मुक्ति की उपेक्षा कर पराभक्ति को ही चरम सम्पत्ति माना है। जीव और ईश्वर अथवा भक्त और भगवान् में यदि परस्पर भेद न माना जाय तो भक्ति का अनुशीलन (भजन) नहीं हो सकता, भक्ति की सत्ता भी नहीं रह सकती, क्योंकि सेव्यसेवकभाव पर ही भक्ति का आस्वादन निर्भर है। अद्वैतसत्ता में भावगत द्वैत न रहने के कारण सेव्यसेवक-भाव नहीं बन सकता। इसीलिए वे लोग अद्वैतस्थिति की अपेक्षा अर्थात् मोक्ष की अपेक्षा पराभक्ति को ही श्रेष्ठ आदर्श मानते हैं। निम्न स्तर की भक्ति ज्ञान का पूर्ववर्ती एक साधन है। किन्तु पराभक्ति वस्तुतः मुक्त पुरुष को भी परम काम्य है एवं यह ज्ञान के बाद होती है, यहाँ तक कि मुक्ति प्राप्ति के बाद होती है, किसी किसी भाग्यवान् आत्मा को जीवन में भगवत्कृपा से प्रकाशित होती हैं। दार्शनिक दृष्टि से यह पराभक्ति-प्राप्ति ही परामुक्ति कही जाने योग्य है। प्रचलित कैवल्य मुक्ति इस मत में अपरा मुक्ति के नाम से गिनी जाती है। जो अपरोक्ष ज्ञान के अनन्तर आत्म-साक्षात्कार से आत्मा की अभेद स्थिति मानते हैं उनके मत में पराभक्ति नाम की कोई वस्तु स्वीकार योग्य नहीं है एवं उसको मनुष्य-जीवन का चरम आदर्श मानने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।

पहले मुक्ति के प्रतिद्वन्दी रूप में लीलाप्रवेश की जो चर्चा की गई है वह वास्तव में इस पराभक्ति के आदर्श को लक्ष्य मे रखकर ही की गई है। साधारणतः शुष्क ज्ञानी यद्यपि भक्ति को ज्ञान का उपाय मानते हैं पर उनके मत में वह एक मायिक वृत्तिमात्र है। "भक्तिर्ज्ञानाय कल्पते।" यह भक्ति ज्ञान के आविर्भाव के साथ साथ द्वैतनिवृत्तिवश तिरोहित हो जाती है। क्योंकि उस समय एकत्व में स्थिति होती है, इसलिए द्वैतमूलक किसी भक्ति के लिए स्थान नहीं रह जाता। दूसरे पक्ष में लौकिक भक्तों के मायाश्रित होने तथा माया की निवृत्ति से द्वैतनिवृत्ति के साथ साथ भक्ति के उच्छेद की आशङ्का कर वे मायानाशक ज्ञान से सदा भयभीत रहते हैं। इसीलिए वे ज्ञान को नीम का फल (कडुआ) कहते हैं। इस दृष्टिकोण से दृष्टिपात करने पर स्पष्ट रूप से ही समझ में आ जाता है कि साधकसमाज में, साधारणतः ज्ञानमार्ग में, भक्ति का माहात्म्य उतना नहीं माना जाता एवं प्रचलित भक्तसमाज में भी वैसे ही ज्ञान

का महत्त्व स्वीकार नहीं किया जाता। यह अत्यन्त दुःख का विषय है। किन्तु जब तक दृष्टिकोण परिवर्तित न हो तब तक इस तरह की विरुद्ध मनोवृत्ति होना स्वाभाविक है, भक्ति साधना का वास्तविक लक्ष्य भगवान् की नित्य लीला में प्रविष्ट होकर नित्य सिद्ध के रूप में उनकी सेवा करना है। माया जगत् में रहते समय इस प्रकार की सेवा नहीं हो सकती। क्योंकि मायिक भक्त के निकट भगवान् का शुद्ध स्वरूप प्रकट नहीं होता एवं उनका धाम, परिकर, लीला, गुण, क्रिया किसी का भी प्रकाश नहीं होता। ये सब अप्राकृत सम्पदाएँ प्राकृत मायिक दृष्टि का अन्त हुए बिना प्रकाशित नहीं हो सकतीं। इसलिए पराभक्ति के साधक के लिए भगवान् की नित्य लीला में प्रवेश करने के पूर्व अपनी सत्ता को शोधित कर चिदानंद के रूप में स्थित होना आवश्यक है। भाव, प्रेम और रस इन तीन स्तरों से भक्त की स्वरूप सिद्धि हो जाती है। सिद्ध रसमय शरीर विशुद्ध सत्त्व से बना है। वह निर्मल चैतन्य द्वारा नित्य उद्भासित रहता है। इस तरह के शरीर में प्रतिष्ठित न हो सकने तक भगवद्धाम में प्रवेशपूर्वक उनकी लीला का सहचर बनना कदापि सुसाध्य नहीं है। इस कथन का तात्पर्य यह है कि भक्ति-साधना यदि पराभक्ति अथवा प्रेमलक्षणा भक्ति की साधना हो तो वही नित्यलीला में प्रवेश की साधना के रूप में परिगणित होती है। यह जो लीला का पथ है यही भाव का पथ है। किन्तु भाव का पथ होने पर भी यह माया के अतीत तथा त्रिगुण के परे स्थित है। लीला में आपातदृष्टि से अनन्त वैचित्र्य रहने के कारण प्रश्नकर्त्ता ने शङ्का की है कि इसके मूल में द्वैतभाव रहना अवश्यम्भावी है। एक हिसाब से यह सोलहों आने सत्य है। किन्तु माँ ने जो उत्तर दिया है उससे ज्ञात हो सकेगा कि वह चरम सत्य नहीं है। क्योंकि पूर्ण सत्य सब भावों के अतीत एवं परम साम्यमय है। उसके स्वायत्त होने पर स्वातन्त्र्य का विकास होता है एवं सब संकुचित भाव तिरोहित हो जाते हैं। अतएव इस परम स्थिति की प्राप्ति होने के बाद जिस किसी प्रकार के भाव को लेकर खेल किया जा सकता है और अपना अखण्ड स्वरूप च्युत नहीं होता। इसलिए पूर्ण अद्वैत अवस्था की प्राप्ति के बाद भी लीला के आस्वाद का ग्रहण असंभव नहीं है। वस्तुतः उस अवस्था में लीलातीत परम साक्षिस्वरूप से स्थित होकर भी साथ साथ लीलामय रूप से स्फुटित होना कुछ अनहोनी घटना नहीं है। कोई कोई उस प्रकार की स्थिति को अधिकतर काम्य मानते हैं। एवं वस्तुतः यही श्रेष्ठ स्थिति है यह भी मां ने संकेत से निर्देश किया है। उन्होंने कहा है—दो मान कर कहते हैं, दो भी एक ही है—कोई कोई ऐसा लेते हैं।" अर्थात् नित्य लीला में दो न मानकर उसकी सिद्धि न हो सके ऐसी कोई बात नहीं है।

२—लीला का वैचित्र्य—

लीला को स्वीकार करने पर उसके अङ्गभूत आकार या देह, धाम, काल के भेद, अनन्त प्रकार के भाव और उनके अनुरूप क्रियाएँ तथा गुणों का तारतम्य इन सब को स्वीकार करना पड़ता है। जिनकी साधारणतः अद्वैतवादी के रूप में प्रसिद्धि है वे इसीलिए लीला को मायिक मानते हैं। काया के अतीत चित्स्वरूप में क्रियादि नहीं रह सकते, वहाँ भेद का अस्तित्व भी सम्भव नहीं है। इसलिए यद्यपि चित्त को भगवान् की ओर खींचने के लिए भागवती लीला का महत्त्व सर्वथा स्वीकरणीय है तथापि अद्वैतवादियों की दृष्टि में परमसत्ता में अर्थात् अद्वैत स्वरूप में स्थिति होने पर लीला का अतिक्रमण हो जाता है। क्योंकि माया के अतिक्रमण के साथ ही साथ निष्क्रिय सत्ता में स्थिति होती है। लीला की उपयोगिता

रहने पर भी लीला की पारमार्थिकता वे नहीं मान सकते। किन्तु वास्तव में यह एकदेशी मत है। माया त्रिगुणात्मिका है, उसमें सत्त्वगुण के साथ रजोगुण और तमोगुण का मिश्रण रहता है। सत्त्वगुण प्रबल होने पर भी एकदम रजोगुण और तमोगुण से मुक्त नहीं रहता। क्योंकि प्रकृति में तीनों गुण परस्पर अनुस्यूत हैं। किन्तु भगवल्लीला अप्राकृत अर्थात् त्रिगुणातीत है। वह गुण का ही खेल हैं, इसमें सन्देह नहीं है, किन्तु वह गुण विशुद्ध सत्त्वगुण है, उसमें रजोगुण और तमोगुण का लेशमात्र भी संमिश्रण नहीं है। यह विशुद्ध सत्त्वगुण शास्त्रानुसार भगवान् की उपाधि है। केवल भगवान् की ही नहीं, जिन लोगों ने उनकी कृपा से शुद्धाभक्ति प्राप्त कर भगवद्धाम में प्रवेश का अधिकार प्राप्त किया है उनकी भी वही उपाधि है। श्रीभगवान् का तथा उनके भक्तों का शरीर विशुद्ध सत्त्वगुण से गठित है। श्रीभगवान् का श्रीविग्रह अनादि विशुद्धसत्त्वमय है। किन्तु उनके मुक्त भक्तों का विग्रह विशुद्ध सत्त्वगुण से गठित होने पर भी सादि किन्तु अनन्त है। त्रिपादविभूतिस्वरूप अनन्त भगवद्धाम विशुद्ध सत्त्वमय होने के कारण ही सदा चिदानन्द रस से परिपूर्ण रहता है। काल का परिणाम, अविद्या का प्रकोप, माया की दृष्टि एवं बहिर्मुख वृत्ति का उल्लास इस चिन्मय धाम में नहीं रहते। यह अवस्था द्वैतदृष्टि में भक्तों के लिए जैसे संभव है अद्वैतदृष्टि में भी भक्तों के लिए वैसे ही संभव है। द्वैतदृष्टि का यह लीलारससंभोग प्रेमलक्षणा भक्ति का आभासमात्र है। क्योंकि यह भक्ति नित्य नहीं है। यह महाज्ञान में पर्यवसित होती है एवं तत्र निष्क्रिय, निर्गुण, निष्कल और निराकार ब्रह्मसत्ता में स्थिति होती है। किन्तु इसकी और एक दिशा है, उस दिशा को हृदयङ्गम कर जो पूर्ण सत्ता में भगवान् के परम अनुग्रह से प्रतिष्ठित होते हैं वे एक अद्वैत सत्ता में रहकर भी लीला के व्याज से अनन्तरूपों में अपने को प्रगट कर सकते हैं, एवं उन अनन्त प्रकारों का रसास्वादन भी करने में समर्थ होते हैं। इस अवस्था में लीलारस के भोग के उपलक्ष्य में जो भक्तिरस का आस्वादन होता है वही वास्तविक प्रेमलक्षणा भक्ति है, उसका आभासमात्र नहीं। इस अवस्था में इन अनन्त वैचित्र्य, अनन्त प्रकार के संभोग और अनन्त आस्वादनों के रहने पर भी स्वप्रकाश, अनन्तस्वरूप अद्वैत-स्थिति का व्यतिक्रम नहीं होता। क्योंकि वह नित्य प्राप्त है। पूर्व अवस्था में स्वरूपस्थिति का अभाव रहता है एवं उसके प्राप्त होने पर लीलाराज्य का अतिक्रमण कर वह स्थिति ग्रहण की जाती है। पूर्व और बाद की अवस्थाओं में भक्ति और ज्ञान के परस्पर सम्बन्ध का भिन्न भिन्न रूप में अनुभव होता है। अज्ञानी का रसास्वादन जिस भक्ति का परिणाम है वह कदापि स्थायी नहीं हो सकती—उसकी पूर्ण परिपक्वता में ज्ञान का उदय होता है। दूसरी अवस्था में ज्ञान का उदय पहले होता है एवं उसके अनन्तर लीला के बहाने भक्तिरस का आस्वादन होता है। ये भक्ति और ज्ञान परस्पर अविरोधी हैं। अस्तु यह सत्य है कि अद्वैत अवस्था में पहुँच कर भी ख्याल होने पर अनन्त प्रकार के द्वैतभावों का अवलम्बन कर खेल चल सकता है—वस्तुतः उस अवस्था में द्वैतभाव बिलकुल ही नहीं रहता। जो भेद सा लौकिक दृष्टि में प्रतिभासमान होता है वह भेद नहीं है, भगवान् की अचिन्त्य शक्ति का विचित्र विलासमात्र है। वैष्णव आचार्यों ने इसे 'भेद' न कह कर 'विशेष' नाम दिया है। उनके मत में विशेष का लक्षण यह है—"भेदाभावेऽपि भेदकार्यनिर्वाहको विशेषः।" अर्थात् जहाँ भेद नहीं है, पार्थक्य नहीं है, एक अखण्ड सत्ता अद्वितीय रूप में प्रकाशमान है वहाँ भी इस महासत्ता की अचिन्त्य शक्ति के प्रभाव से भिन्न भिन्न अनन्त प्रकार के वैचित्र्यों का उद्भव होता है। यह आपातदृष्टि से

भेद मालूम पड़ता है, किन्तु वस्तुतः भेद नहीं है। इसी का उन्होंने 'विशेष' के नाम से उल्लेख किया है। अद्वैत परब्रह्म इस दृष्टि के अनुसार सविशेष है। इसीलिए वह एक होकर भी तथा एक रहकर भी यथार्थ रूप से नाना रूपों में अपने को प्रकट कर सकते हैं। उससे उनके एकत्व में कोई क्षति नहीं होती। अतएव बाहरी दृष्टि से दो या बहुत मालूम पड़ने पर भी वास्तव में वहाँ एक के सिवा दूसरे का प्रकाश नहीं होता। प्रकाश अनन्त प्रकार के हैं सही, परन्तु वास्तव में वह एक और अभिन्न हैं। यह अति गम्भीर विषय है, साधारण ज्ञानी की दृष्टि में यह आने योग्य प्रतीत नहीं होता। किन्तु यह सत्य है कि ज्ञान की पूर्णता होने पर उसमें जैसे नित्य सत्यरूप से, कूटस्थ निष्क्रियरूप से, एक परमतत्त्व या तत्त्वातीत भासता है वैसे ही उसमें इसके साथ साथ एक ही समय में अनन्त भी भासमान होते हैं एवं उस परम दृष्टि में, उस एकत्व और अनन्तत्व में वस्तुतः कोई भेद नहीं रहता। पर उक्त अखण्ड दृष्टि प्राप्त हुए बिना अवश्य यह जाना नहीं जा सकता। इसीलिए माँ ने कहा है, "इस लीला में भी अद्वैत छूटता नहीं। लीला का आस्वाद रस और वेदान्त में दो का कोई प्रश्न ही नहीं है। भक्तिवादियों की दिशा का 'दो' दिखाई देने पर भी वह एक ही है। यह चश्मा बिना पहने वह दिखाई नहीं देता। वहाँ से वैसा ही दिखाई देता है।"

३—मुक्ति और पराभक्ति—

ज्ञानी का लक्ष्य मुक्ति है, किन्तु भक्त का लक्ष्य परा भक्ति है। मुक्ति और परा भक्ति आपाततः विरुद्ध प्रतीत होने पर भी वास्तव में विरुद्ध नहीं हैं। भक्त की दृष्टि में अंशांशिभाव रहता है। किन्तु ज्ञानी की दृष्टि में ब्रह्मवस्तु निरंश है, इसलिए उसमें अंशांशिभाव नहीं रहता। पर वास्तव में इसके रहने और न रहने में यथार्थतः कोई विरोध आता नहीं है, क्योंकि दोनों का स्वरूप एक और अभिन्न है। ब्रह्म चित्स्वरूप, महान् और अखण्ड सद् वस्तु है। जीव भक्त की दृष्टि में चिद्वस्तु होने पर भी अणुपरिमाण और ब्रह्माश्रित नित्य वस्तु है। दोनों पक्षों में ही स्वरूप एक है, इसलिए एक ओर जैसे अद्वैतभाव कहा गया है दूसरी ओर वैसे ही आश्रय और आश्रित भाव रहने से इस अद्वैत भाव में भी अनिवर्चनीय 'मैं' 'तुम' भाव जाग्रत् रहता है—'सोऽहम्' भाव अथवा 'दासोऽहम्' भाव दोनों ही सत्य हैं। ज्ञानी की दृष्टि में सोऽहं भाव की महिमा जाग्रत् रहती है, किन्तु भक्त की दृष्टि में सेव्यसेवकभाव सदा प्रतिष्ठित रहता है। पूर्ण वस्तु के स्वरूप में प्रविष्ट होने पर ज्ञात होगा कि मार्ग की पथिकता बीत चुकी है! उस समय अपने अपने आधार के अधिकारानुसार उस परम स्थिति का परम आस्वादन भाषा द्वारा प्रकट किया जाता है। जो अपने को उस परम सत्ता से अभिन्नरूप में पहिचान चुका है वह 'सोऽहम्' ज्ञान का पात्र है। किन्तु जो उस परम वस्तु को आश्रय रूप से प्राप्त हो एवं अपने को उसका नित्य आश्रित समझ दोनों के सम्बन्ध का अनुभव करता है वह स्वभावतः ही अपने को उनके सेवक के रूप में स्वीकार करता है। यह सेवा बद्धावस्था में नहीं हो सकती। मुक्त हुए बिना अर्थात् माया का बन्धन उच्छिन्न किये बिना इस सेवा में प्रवेश का मार्ग नहीं मिलता। यह सेवा भावरूपी है, इसमें सन्देह नहीं एवं यह भाव भी महाभाव के सिवा और कुछ नहीं है। यही पराभक्ति का प्रकाश है। माया का उल्लंघन हुए बिना अर्थात् स्वयं सब तरह के बन्धनों से उन्मुक्त हुए बिना इस प्रकार का सेवक नहीं बना जा सकता। भक्त सदा भगवान् की सेवा करना ही पसन्द करता है। सेव्यसेवकभाव रहित कैवल्यमुक्ति यहाँ तक कि सायुज्य मुक्ति भी उसे पसन्द नहीं आती।

साधारण भक्ति साधनाभक्ति के रूप में गिनी जाती है। साधन भक्ति के बाद बन्धन कट जाने पर पराभक्ति का उदय होता है। श्रीमद्भगवद्गीता में ब्रह्मभूत और प्रसन्नात्मा होने के बाद पराभक्ति प्राप्त होने का 'मद्भक्तिं लभते पराम्' इस वाक्यांश से उल्लेख किया गया है। यह हुई एक ओर की बात। दूसरी ओर 'सोऽहम्' भाव के उदय के साथ भावातीत परमस्थिति का आविर्भाव होता है। वह स्थिति वस्तुतः आत्मा की स्वरूप स्थिति है। उसमें भाव का, यहाँ तक कि महाभाव का भी, स्पर्श नहीं रहता। वह उस परमवस्तु के साथ अपना जो एकत्वरूप ज्ञान है उसमें स्थिति है। पहली अवस्था आनन्द के आस्वादन की अवस्था है। किन्तु यह आस्वादन क्रियात्मक व्यापार नहीं है; विशुद्ध भावमय है। दूसरी अवस्था विशुद्ध चित्स्वरूप में स्थिति का निदर्शन है। वस्तुत: आनन्द और चित् का अभेद होने से दोनों में वस्तुत: कोई भिन्नता नहीं है। और एक बात है वह यह कि जो यथार्थ महास्थिति है उसमें प्रविष्ट होने पर चित् और आनन्द की कल्पित विशेषता लुप्त हो जाती है। माँ ने इस विषय में जो दो एक बातें कही हैं उनसे इस गम्भीर रहस्य के ऊपर स्वच्छ प्रकाश पड़ता है। उन्होंने कहा है, एक आत्मस्वरूप जहाँ है वहाँ "वे प्रभु हैं और मैं दास हूं" इस भाव को लेकर भी यदि कोई रहे तो आपत्ति क्या है? पहले था रास्ते में अर्थात् पाने के मार्ग में। प्रकाश के बाद वही सेवा कर रहे हैं—यह जो प्राप्त होने के बाद सेवा करना है वही सेवा है। इसे चाहे मुक्ति कहो, चाहे परा भक्ति कहो, चाहे जो कहो। अर्थात् प्राप्ति के बाद जो सेवा है वही पराभक्तिरूप सेवा है। वस्तुत: यह मुक्ति से अतिरिक्त कुछ नहीं है। यह जो सेवा है इसके मूल में किसी प्रकार के अभाव का ज्ञान नहीं है, इसीलिए यह स्वभाव की सेवा है।

४—ठीक ठीक प्राप्ति किसको कहते हैं?—

ठीक ठीक प्राप्ति होने पर निर्बीज अवस्था प्राप्त होती है। उस समय बीज नहीं रहता, अर्थात् उससे अंकुर निकलने की संभावना नहीं रहती। इस अवस्था के बाद पूर्ण स्वतन्त्रता का विकास होता है। इसलिए यदि कोई ख्याल के कारण सेवा करने को प्रवृत्त होता है तो उसमें कोई आपत्ति नहीं होती। और यदि कोई सेवा करने को प्रवृत्त न हो तो उसमें भी कोई दोष नहीं है। वस्तुतः उस अवस्था में सेवा करने और न करने में कोई भेद नहीं है। उस समय की सेवा लीला का एक प्रकारभेदमात्र है। उस अवस्था में सिद्ध पुरुष लीला के बहाने चाहे जो कुछ भी क्यों न करें उससे वह बद्ध नहीं होते। जो हैं सदा वही रहते हैं। स्वरूप के और प्रकाश के ऊपर आवरण फिर कभी भी नहीं पड़ता। माँ ने कहा है, "सिद्ध होने के बाद तुम चाहे जो कुछ भी बनाओ किन्तु सृष्टि का बीज फिर नहीं रहता।" प्रश्न उठ सकता है कि प्राप्ति जब एक और अभिन्न है तब यह लीलारूप वैचित्र्य कहां से आता है? इस रहस्य के समाधान के लिए मां ने जो कहा है वह अति उपयोगी है। उन्होंने कहा है, "जो जिस मार्ग में चलेगा उसका तो विशिष्ट प्रकाश होगा ही। किन्तु पाता है एक ही वस्तु जिसे पाने पर फिर किसी प्रकार की शङ्का का अवसर नहीं रहेगा।"

५—अभाव की सेवा और स्वभाव की सेवा—

'सेवा' से यहाँ पूजा, अर्चना, आराधना—सभी समझना चाहिये। जब तक अभाव रहता है तभी तक सेवा की जरूरत रहती है यह सभी जान सकते हैं। किन्तु अभाव की निवृत्ति हो जाने पर अर्थात् ज्ञान का उदय होने

पर एवं अद्वैत भाव में स्थिति होने पर फिर सेवा आदि की कोई आवश्यकता नहीं रहती एवं बहुत लोग उसे असंभव भी मानते हैं। अर्थात् मुक्त होने के बाद भजन, पूजन, सेवा आदि का कोई प्रयोजन नहीं रहता, यही अधिकांश लोगों की धारणा है। एक प्रकार से यदि देखा जाय तो इस बात की सत्यता में कोई सन्देह नहीं है। क्योंकि अभाव रहने पर अभाव को हटाने के लिए साधना की जरूरत रहती है। किन्तु अभाव मिट जाने के बाद स्वरूप में स्थित होने पर फिर साधना अथवा भजन की आवश्यकता नहीं रह सकती। यह हुई एक ओर की बात। इसी ओर से ही कहा जाता है—भक्ति के बाद ज्ञान होता है और ज्ञान से ही मुक्ति होती है। यही स्वाभाविक क्रम है। किन्तु इसका दूसरा पहलू भी है। यदि वह न रहता तो शुकदेवजी मुक्त होकर भी भागवत सुनाने क्यों जाते? अवश्य मुक्ति के बाद भजन, पूजन कहीं कहीं जो दिखाई देता है उसे भजन पूजन न कहने पर भी कोई विशेष क्षति नहीं होती। क्योंकि वह बिना प्रयोजन की एक तरह की केवल लीला, स्वतःसिद्ध आनन्द का स्वाभाविक उल्लासमात्र है। इस दृष्टि से मुक्ति के बाद भी भक्ति का संभव है यह समझ में आ सकता है। केवल संभव ही नहीं, मुक्त पुरुष का भजन ही वास्तविक भजन है। अभावग्रस्त बद्ध जीव के भजन से वह बिलकुल भिन्न है। प्राचीन आचार्यों ने भी श्रीभगवान् का मुक्तोपसृप्य' कह कर निर्देश किया है। अर्थात् मुक्तों के द्वारा ही वे उपसर्पणीय हैं। इसका तात्पर्य यह है कि मुक्त हुए बिना वासना, संस्कार आदि से छुटकारा न मिल सकने पर भगवान् का उपसर्पण ही नहीं किया जा सकता अर्थात् उनके निकट अग्रसर नहीं हुआ जाता, भगवदुन्मुखी दृष्टि ही नहीं खुलती। श्रीमद्भागवत में इस विषय में एक वचन है, वह यह है—

"आत्मारामाश्च मुनयो निर्ग्रन्था अप्युरुक्रमे।
कुर्वन्त्यहैतुकीं भक्तिमित्थंभूतगुणो हरिः॥"

अर्थात् मुनिगण ग्रन्थिहीन होकर भी मुक्ति प्राप्त करके भी, एवं विषयतृष्णाहीन आत्माराम अवस्था में प्रतिष्ठित होकर भी अनन्तगुणों से परिपूर्ण तथा अचिन्त्यलीलाशील भगवान् की अहैतुकी भक्ति करते हैं। भगवान् की ऐसी महिमा है कि आनन्दस्वरूप मोक्ष प्राप्त करके भी एवं सम्पूर्ण प्रयोजनों से रहित होकर भी स्वभाववश भक्तजन उनकी ओर आकृष्ट होते हैं एवं उनके अनन्त मङ्गलमय गुणों से मुग्ध होकर स्वभावतः उनका भजन करते हैं। यह एक प्रकार से केवल लीला है इसमें सन्देह नहीं है। किन्तु यह भजनरूपा लीला मुक्ति की परावस्था है, इसमें प्रयोजन का लेश भी नहीं रहता। यह भजन और बद्ध जीव का मुक्ति की कामना से भजन एक नहीं है, यह कहना व्यर्थ है। माँ ने स्पष्ट ही कहा है कि अभाव की अवस्था में खण्डपूजा होती है, किन्तु अभाव मिट जाने पर स्वभाव से भी पूजा हो सकती है। वह वास्तव में अखण्ड पूजा है, उसे पूजा कहा जा सकता है, और पूजा न कहने में भी कोई क्षति नहीं है। माँ ने इस विषय में जो कुछ समझाया है उसका तात्पर्य यह है कि सृष्टि का बीज जब तक है तभी तक उसके अंकुरित होने की आशङ्का रहती है। किन्तु वास्तविक सिद्धि-प्राप्ति होने पर फिर सृष्टि की संभावना नहीं रहती। तब स्वभाव में स्थिति होती है। अर्थात् साधक वह पूर्ण सत्ता ही हो जाता है। यह भक्ति के द्वारा हो, चाहे वेदान्तविचार के द्वारा हो इससे कुछ अन्तर नहीं पड़ता। इस प्रकार की सिद्ध अवस्था के बाद सब कुछ हो सकता है। तब चाहे जिस किसी प्रकार की स्थिति वहाँ से गृहीत की जा सकती है। किन्तु वह परम स्थिति को क्षुण्ण नहीं करती, इसलिए उसको परमस्थिति का विलासमात्र कहा जाता है। यह अवस्था अत्यन्त

दुर्लभ है। इसको जो लोग पत्थर हो जाना अर्थात् पत्थर के तुल्य जड़वत् अवस्था की प्राप्ति मानते हैं उनका विचार निर्दोष नहीं माना जा सकता। निराकार सत्ता में सभी आकार खयाल से अभिव्यक्त हो सकते हैं। किन्तु ऐसा होने पर भी निराकार निराकार ही रहता है। आकार का प्रतिभास और आकारहीन निराभास अवस्था दोनों ही पूर्ण दृष्टि में एक और अभिन्न हैं।

६—'पर्दा जो कहा जाता है, वह गति है'—

पूर्ण सत्य निरावरण प्रकाशस्वरूप है। वस्तुतः उस सत्ता या प्रकाश में किसी तरह का आवरण नहीं रह सकता। पर आवरण है ऐसी जो प्रतीति होती है वह भी मिथ्या नहीं है। इसका कारण यह है कि लौकिक दृष्टि से देखने पर उस पूर्ण सत्ता में दो परस्पर विरुद्ध पहलू दृष्टिगोचर होते हैं—एक अक्षर अथवा कूटस्थ अपरिणामी स्थिर सत्ता और दूसरी क्षर अर्थात् परिणामी चल सत्ता। एक ही साथ क्षर और अक्षर सत्ता परमस्वरूप में विराजमान रहती हैं। अक्षर गतिहीन, द्रष्टा, निराकार, निर्विकार और स्वयंप्रकाश है, यही निस्पन्द परमभाव है। क्षर गतिरूप, चलनात्मक और स्पन्दस्वरूप है। अक्षर और क्षर परस्पर विरुद्ध हैं। जब अक्षर में क्षर निद्रितरूप से विलीन रहता है तब प्रकाश अनावृत रूप से अपने को अपने में प्रकाशित करता है। यही शक्ति की अन्तर्लीन अवस्था है। किन्तु जब स्पन्दशक्ति का उदय होता है तब इस स्पन्दमयी दृष्टि की दिशा से निःस्पन्दस्वरूप स्वप्रकाश होने पर भी ढक जाता है। यही प्रकाश का आवरण है। वास्तव में प्रकाश अनावृत ही है, क्योंकि आवरण भी तो प्रकाश की महिमा से ही प्रकाशित होता है। किन्तु यह समझ में न आ सकने पर आवरण को प्रकाश से कुछ पृथक्‌रूप में ग्रहण करना आवश्यक है। यहाँ पर वह (आवरण) स्वरूप का आच्छादक हुए बिना नह रह सकता। वस्तुतः यह आच्छादन गति का ही खेल मात्र है। गतिहीन अवस्था में आवरण नहीं रहता, गति का उदय होने से आवरण प्रकट होता है। इसी लिए माँ ने कहा है, "जो नित्य है उसी को कहा जाता है 'है!' आवरण या पर्दा जिसे कहा जाता है वह गति है। गति का परिवर्तन हो जाता है, वह बदल जाती है।" जहाँ गति है वहीं दो का ज्ञान होता है। क्योंकि स्वरूप के आवरण से ही द्वितीय का आभास जागता है। जहाँ गति नहीं वहाँ एक ही एक है—द्वितीय है कहाँ! वहाँ जो भोक्ता है वही भोग्य है, जो कर्ता है कार्य भी वही है, ज्ञाता जो है ज्ञेय भी वही है, विषय जो है आश्रय भी वही है एवं आपाततः प्रतीयमान सम्बन्ध भी वही है। त्रिपुटी तब नहीं रहती है अर्थात् रह कर भी न रहने के समान भासती है। तब वह स्वप्रकाश सत्ता अभिन्न और अखण्ड रहकर भी परस्पर विरुद्ध अनन्तरूपों में प्रकट होती है।

७—छोड़ने पर भी छूटता नहीं है—

पूर्णस्थिति में त्याग और ग्रहण के मध्य में कोई भेद नहीं रहता, इसलिए वहाँ देने और लेने में प्रतीत होने वाला विरोध अस्त हो जाता है। क्योंकि वहाँ न करके भी सब कुछ किया जा सकता है एवं सब कुछ करके भी कुछ नहीं किया जाता, ऐसी स्थिति में रहा जाता है। वहां त्याग और ग्रहण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। फलतः छोड़ देना अथवा छोड़े बिना ग्रहण करना, यह अर्थहीन वाक्य है। उस अवस्था में पूजा न करके भी पूजा होती है एवं पूजा करके भी पूजाहीन स्थिति कहना बनता है। इसी लिए मां ने कहा है, "इसके बाद यदि कहे कि मैं मुक्ति का त्याग कर देता हूं अथवा इष्टदेव की पूजा छोड़ देता हूँ तो छोड़ने पर भी कुछ छूटता नहीं है। छोड़ने न छोड़ने का वहाँ स्थान नहीं है।"

८—आदि प्रवृत्ति की भिन्नता का कारण—

मूल में जब सब एक हैं तब सभी एक धारा—लाइन में क्यों नहीं चलते ? ऐसा प्रश्न किन्हीं लोगों के मन में उठता है। कर्मों की विचित्रता, भावों की विचित्रता, इच्छा की विचित्रता ये सब सृष्टि की भीतर की बातें हैं। किन्तु जहाँ मूल की चर्चा की जा रही है वहां एक के सिवा दूसरा तो हो ही नहीं सकता। यदि वही है तो वह एक का प्रकाश एक ही तरह से न होकर अनन्तरूपों में क्यों हुआ है ? ऐसा प्रश्न स्वभावतः ही उठ सकता है। इसका एकमात्र उत्तर जो हो सकता है वही माँ ने स्वल्प अक्षरों में कहा है ; "वे अनन्त रूपों से प्रकट हैं, वही तो हैं।" इसका तात्पर्य यह है कि यह अनन्त वैचित्र्य अहैतुक है। इसका किसी कार्यकारणभाव से सम्बन्ध नहीं है। यह स्वरूप का अनुबन्धी है, क्योंकि वे एक होकर भी अनन्त हैं और अनन्त होकर भी एक हैं, वह एक ही एक है। यह अनन्तत्व उनके स्वरूप के अन्तर्गत है। भावगत, क्रियागत, गुणगत, रूपगत और शक्तिगत अनन्त वैचित्र्य उसी का अपना प्रकाश है। अपचय नहीं है, इसलिए जो अनन्त हैं वे अनन्त रूप में प्रकट होंगे। इसमें फिर प्रश्न के लिए कोई अवकाश ही नहीं है। किन्तु स्मरण रखना चाहिए कि अनन्तरूपों में प्रकाश होने पर भी वस्तु एक ही हैं। मूल में एक ही अनन्त हुआ है और अनन्त ही एक हैं, दोनों में कुछ अन्तर नहीं है। मनुष्यों की बुद्धिवृत्ति के समीप विरोध प्रतीत होता है। किंतु बुद्धि के अतीत स्वरूप सत्ता जहाँ है वहाँ कोई भी विरोध नहीं है।

ॐ

अनुकम्पा-धारा

लेखिका—श्रीचरणकमलाश्रिता

१—बाँध पर माँ के साथ

बुलन्दशहर जिले में, अनूपशहर के समीप, श्रीगंगाजी के तट पर बांध एक बड़ा ही मनोरम स्थान है। गंगाजी में बाढ़ आने पर वहाँ के लोगों की खेती (फसल) नष्ट हो जाया करती थी। पूज्य श्रीहरि बाबाजी महाराज ने दयावश मिट्टी डलवा कर यह बाँध तैयार करने की चेष्टा की। उनके पवित्र संकल्प तथा अथक परिश्रम से यह सुन्दर बांध तैयार हो गया तथा लोग आनन्द से खेती करने लगे। वहां के लोग इसको हरिबाबाजी का बांध या "बंधा" कह कर पुकारते हैं। सुना जाता है कि यह बांध २४ मील श्रीगंगाजी के किनारे किनारे चला गया है। ऐसा सुन्दर शान्त तथा रमणीक स्थान बहुत ही कम देखने में आता है। उस स्थान का प्रभाव ही कुछ दूसरा है। वहां महात्माओं के लिए कुछ सुन्दर कुटियां बनी हुई हैं तथा एक ओर सत्सङ्ग-भवन है जिसमें श्रीहरिबाबाजी का कीर्तन तथा महात्माओं के प्रवचन आदि होते हैं। आगन्तुक भक्तों के ठहरने के लिए भी अच्छा प्रबन्ध तथा कमरे हैं। इसी सुन्दर स्थान में श्रीहरिबाबाजी का होली का उत्सव प्रतिवर्ष देखने योग्य होता है जिसमें अनेक महात्मा तथा सैकड़ों व्यक्ति एकत्र होते हैं। एक बार इसी उत्सव में सौभाग्यवश मैं भी पहुँच गई। सुबह आंख खुलती थी, प्रभाती कीर्तन सुनते सुनते। सुबह कई घण्टे तथा शाम को कई घण्टे, सुन्दर कीर्तन, पाठ, रास, महात्माओं के प्रवचन आदि का प्रोग्राम चलता। रात में नित्य श्रीहरिबाबाजी के भक्त बड़ी सुन्दर शिक्षाप्रद लीलाएँ करते थे। वहां एक बैण्ड वालों का दल भी बैण्ड पर सुन्दर कीर्तन भजन बजा कर सेवा करता था। खाने आदि का प्रबन्ध भी बहुत अच्छा था। सुबह से रात तक उस पवित्र शान्त वातावरण में मानो आनन्द ही आनन्द था। सत्सङ्ग-भवन में महामन्त्र का अखण्ड कीर्तन चलता था।

श्रीचैतन्य महाप्रभु का जन्मोत्सव, होली की पूर्णिमा पर, बड़े धूम धाम से मनाया गया। सबने बसन्ती रंग के वस्त्र पहने। प्रसाद, वस्त्रादि बँटे। संयोगवश श्रीहरिबाबाजी का जन्मदिवस भी उसी दिन पड़ता है सो उनके भक्तों ने बड़े आनन्द एवं उत्साह से सुन्दर बधाइयां गाईं तथा स्वांग भर कर लीलाएँ कीं। श्रीहरि बाबाजी के अनिच्छा प्रगट करने पर भी उनकी पूजा एवं आरती आदि की। होली का दिन इस प्रकार आनन्दोल्लास में व्यतीत हुआ।

बांध की एक घटना मुझे याद आ रही है। कुछ भक्तों ने मिल कर ऐसा नियम बना लिया था

कि बारी बारी से एक भक्त मिठाई या नमकीन सब के नाश्ते के लिए वहां हलवाई से बनवा लेते थे। एक दिन मेरी बारी आई तो मैंने गर्म जलेबियाँ बनवाईं। जब टोकरी भरी जलेबियाँ लाकर रखी गईं तो सहसा मेरे मन में यह बात आई कि यह जलेबी सबको खानी तो हैं ही, यही यदि प्रसाद करके (अर्थात् भोग लगाकर) बांटी जातीं तो कितना अच्छा होता। मां उस समय सत्संगभवन में थीं जो उस स्थान से बहुत दूर था। सहसा मैंने देखा कि मां मेरे पीछे की ओर के दरवाजे से घुसकर मेरे सामने वाले दरवाजे से निकल गईं। मैंने सोचा शायद शौचगृह की ओर गई होंगी। थोड़ी देर बाद मां फिर उसी दरवाजे से घुसीं तथा दूसरे दरवाजे से निकलने के लिए थोड़ी दूर तक जाकर, सहसा लौटकर मेरे सामने खड़ी हो गईं। मुझसे कहा, "इस टोकरी में से एक जलेबी मेरे मुँह में दे दे।" मेरे हाथ साफ नहीं थे, इसलिए मैंने सामने खड़े हुए एक भाई से कहा, "आप मां के मुँह में दे दीजिये।" उन्होंने बड़ी खुशी से मां को खिला दी तथा मां जाने लगीं। इधर मेरे मन में आया कि यदि मेरे हाथ साफ़ होते तो मैं मां को अपने हाथ से खिला सकती थी। मेरे यह सोचने के क़रीब क़रीब साथ साथ ही मां ने रुक कर मुझसे कहा, "तू अपना हाथ धोकर मुझे थोड़ा सा खिला दे।" मेरी खुशी का ठिकाना न रहा। दौड़कर गई हाथ धोकर मां को खिला दिया। फिर जैसा मेरे मन में आया था वे टोकरी की जलेबियां प्रसादरूप से ही सबको बँटीं। मैं सोच रही थी असीम दयामयी अन्तर्यामिनी मां की दया की कोई सीमा भी है! और सच तो यह है कि हम लोगों के सौभाग्य की भी कोई सीमा नहीं है जो ऐसी माँ के संग का दुर्लभ सौभाग्य प्राप्त होता है।

२—देहली भागवत सप्ताह में दो दिन

मेरी एक भतीजी की शादी के प्रबन्ध का भार अधिकतर मेरे तथा मेरी बहिन के ऊपर ही था, कारण कि उस कन्या की मां उसको २० दिन की ही छोड़ कर स्वर्ग सिधार गई थीं। हम लोगों ने शादी की आवश्यक वस्तुएं—वस्त्र, आभूषण, बर्तनादि—लखनऊ से खरीदीं तथा एक मोटर पिक अप में सब सामान लेकर एटा आए। उन दिनों अन्थसिंह नाम का एक नामी डाकू एटा के पास टिका हुआ था। उसी जगह पहुँच कर मोटर रुक गई—मालूम हुआ पैट्रोल समाप्त हो गया। हम लोग सोच ही रहे थे क्या करें ? पैदल अंधेरे में ही चलना शुरू कर दिया। एटा ३ मील के लगभग ही था। मां की कृपा से थोड़ी दूर चलने पर ही एक बस वाले की सहायता से हम लोग सकुशल एटा पहुँच गए। एटा से ही विवाह होने का निश्चय हुआ था तथा बारात ३-४ दिन बाद आने वाली थी। मेरी इच्छा हुई कि मैं १-२ दिन के लिए देहली जा कर मां के दर्शन कर आऊँ। मैंने बड़े भाई से कहा तो उन्होंने कहा मां के दर्शन के लिए मना भी नहीं कर सकते और घर में काम अधिक है, जैसा उचित समझो करो। बहिन ने कहा विवाह बिलकुल समीप है—काम बहुत हैं, इस समय जाना ठीक नहीं। मुझे अत्यधिक निराशा हुई, परन्तु मां की कृपा से बहिन ने बाद में स्वीकृति दे दी वरन् वे स्वयं भी साथ चलने को तैयार हो गईं। अस्तु, हम लोग बड़े भाई की 'कार' में देहली के लिए चल दिये तथा सायंकाल के

समय देहली पहुँचे। मां के पास गई—चरणों में प्रणाम किया—मां ने पीठ पर हाथ फेरा और बताया कि मुझे एक दो दिन से तुम्हरा ख्याल आ रहा था। कितना सुख हुआ मां की इतनी कृपा मुझ जैसी अयोग्य पर देखकर।

श्री मद्भागवत-सप्ताह मां के एक भक्त ने अपने घर पर कहलाया था। वह अमृतवर्षिणी कथा दो दिन मैं भी सुन सकी। यह दो दिन कैसे निकल गए पता ही न चला। चलते समय मां के पास प्रणाम करने गई तो मां ने कहा रास्ते भर भगवान् का नाम-जप करती हुई जाना। खैर, उदास मन से हम लोग रवाना हुए। देहली से बाहर भी नहीं निकल पाए थे कि एक पुलिस वाले ने मोटर रोककर कहा कि इसका पहिया हिल रहा है ठीक करा के तब जायँ। पर हम लोगों को जल्दी एटा लौटना था, ठीक कराने में काफी समय लगता तथा रास्ते में रात भी हो जाती। अतः हम लोग एटा की ओर चल दिये। मैं मां के आज्ञानुसार कभी कीर्तन और कभी जप करती रही। हम लोग सकुशल एटा पहुँच गए। तब मेरा भतीजा मोटर लेकर "गराज" में दिखाने गया कि पहिया क्यों हिलता है। उन लोगों ने भली भांति देखा तो पता चला कि जो एक विशेष पुर्जा ("पिनियन") होता है वह बिलकुल घिस गया था। वह लोग महान् आश्चर्य में पड़ गए कि वह मोटर देहली से एटा तक कैसे सकुशल आ गई एवं सामने का पहिया क्यों नहीं निकल गया। उन लोगों ने कहा ऐसी हालत में तो मोटर का कुछ गज चलना भी बड़ा आपत्तिजनक हो सकता था। जब मेरे भतीजे ने यह बात मुझे सुनाई तब मेरी समझ में आया कि इस बार मां ने क्यों मुझसे रास्ते भर भगवन्नाम लेने के लिए कहा था।

३—भिरावटी ग्राम में माँ के साथ

सुना इस बार श्रीहरिबाबाजी का होली का उत्सव भिरावटी में हो रहा है। मैं आगरा में थी, वहां से भिरावटी जाने का निश्चय किया। भिरावटी जाने के लिए रेल से रवाना हुई। कुछ दूर बैलगाड़ी से भी जाना पड़ता था। सुना था वहां अक्सर डाकू बैलगाड़ी रोक कर लूट लेते हैं। पर श्रीहरिबाबाजी का बड़ा अच्छा प्रबन्ध था। उनके भक्त जाकर उत्सव के दिनों में नित्य ट्रेन देखते थे तथा जो भक्त आते थे उनकी बैलगाड़ी आदि का प्रबन्ध करते थे। मुझे भिरावटी पहुँचते पहुँचते रास्ते में ही शाम हो गई। देखा दूर से कोई पैट्रोमैक्स लिये चला आ रहा है। बाद में मालूम हुआ कि असीम करुणामयी मां ने ही वह भेजी थी जिससे खेतों में होकर आने में अंधेरे में कोई कष्ट न हो। इस बार काफी समय बाद मां के दर्शन हुए थे कितना सुख हुआ उनकी गोद में सिर रखकर।

मेरे मन में शायद छिपी हुई यह इच्छा थी कि मां की सेवा का सौभाग्य मुझे मिले। मां ने भिरावटी में मेरी यह इच्छा पूरी की। मां की एक सेविका को कुछ तबीयत खराब होने के कारण कलकत्ते इलाज के लिए जाना पड़ गया। दीदी को किसी कार्यवश २–३ दिनों के लिए काशी जाना पड़ गया। एक बहन मां का खाना बनाती थीं। मां की ऊपर की करीब करीब सुबह से रात तक की सब सेवाएँ मुझे मिल गईं। रात में भी मैं मां के कमरे में ही

सोती थी। इसी बीच में मां ने पता नहीं क्या लीला की। मां को काफी तेज ज्वर हो गया और साथ ही उल्टी आदि भी। मां की कनपटी तथा गले में भी दर्द था बाद में कनवड़ (Mumps) निकल आए। व्यथा के मारे मां रात में अधिकतर जागती रहती थीं। कभी कभी रात में मसहरी में बैठी रहतीं। सेंक तथा "बेलडोना पलस्तर" आदि से विशेष लाभ नहीं प्रतीत होता था। कभी कभी मां को कष्ट से जागती देखकर मैं भी सोचती कि जगती रहूँ। बैठे रहने पर भी पता नहीं कव सो जाती। मां की यह बीमारी की लीला भी देखनी पड़ी। देखकर अत्यधिक कष्ट होता था, पर प्रार्थना करने के अतिरिक्त और क्या उपाय था। ३-४ दिन बाद मां की तबीयत स्वयं ही ठीक हो गई।

बनारस के एक डाक्टर का अनुभव

पाँच

एक उच्चवर्ण हिन्दू के घर में एक छोटा सा बच्चा बहुत बीमार था। मैं उनके इलाज के सिलसिले में देख भाल करता था। रोग का उत्तरोत्तर बढ़ना देखकर यह इच्छा हुई कि किसी अभिज्ञ डाक्टर की भी राय ली जाय। घर वालों से सलाह लेकर उस समय के प्रसिद्ध डाक्टर बी० के० मुखर्जी को बुलाया गया। डाक्टर साहब ने अत्यन्त यत्न और मुहब्बत के साथ बच्चे की परीक्षा की एवं चिकित्सा सम्बन्धी सब बातों का मुझको निर्देश दिया। गृहस्वामी ने डाक्टर साहब को उनकी उचित फीस से दो रुपया कम दिया। डाक्टर मुखर्जी बहुत नाराज हुए और दो रुपया कम लेने से साफ इनकार कर दिया। घर वालों ने बहुत हाथ पैर जोड़ा लेकिन डाक्टर साहब ने कोई बात न सुनी। तब झक मारके घर वालों ने डाक्टर साहब को पूरी फीस दे ही दी। तब डाक्टर साहब बच्चे की चारपाई से उठे और पूरी फीस बच्चे के तकिये के नीचे रख दी। घर वालों के साथ मैं भी दंग हो गया। मुझे तो इतनी देर तक दिल में एक किस्म का संकोच हो रहा था। घरवालों ने एक साथ पुकार के कहा "नहीं डाक्टर साहब! ऐसा न कीजिये, हम लोगों के मन में बड़ा दुख होगा।" डा० मुखर्जी ने जवाब दिया, "तुम लोगों के ऐसे दुःख से हमें कोई चिन्ता नहीं, हमारी चिन्ता बच्चे के लिए है। देखो, इसी रुपये से बच्चे के लिए सेव खरीदो और बच्चे को सेव का रस पिलाओ। देखो पाप से बीमारी होती है। पाप के खण्डन के लिए प्रायश्चित्त करना पड़ता है। प्रायश्चित्त में दर भाव नहीं करना चाहिये, उससे पाप और बढ़ जाता है। अब तुमने अपना धर्म किया उपयुक्त मूल्य से प्रायश्चित्त करके और हमने अपना धर्म किया अपने बच्चे को फल खिलाने का मूल्य देकर।"

मैंने बाहर जाकर डा० मुखर्जी के पैर छूकर अन्याय भावना के लिए क्षमा मांगी और आशीर्वाद की प्रार्थना की।

छः

स्वामी विशुद्धानन्दजी की तबीयत कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। मेरे एक मित्र स्वामीजी के भक्तों में थे। वे मुझे स्वामीजी को देखने के लिए ले गये। इसी सिलसिले में मुझे प्रायः स्वामीजी के दर्शनों का सौभाग्य मिला करता था।

काशी में उन दिनों पुलिस के कप्तान थे एक श्रीमान् थम। यह जाति में स्कच थे। एक रोज थम ने मुझसे कहा, "हमारे ससुर जी स्काटलैंड से आये हैं। वे एडिनबरा विश्वविद्यालय में विज्ञान के प्रोफेसर हैं। उन्होंने स्वामी विशुद्धानन्दजी का नाम सुना है। उनके विषय में कुछ पढ़ा भी है। उनकी हार्दिक इच्छा है कि स्वामीजी के दर्शन करें।

पता लगाया तो मालूम हुआ कि स्वामीजी की तबीयत अच्छी नहीं है। डाक्टरों ने मना किया है

कि और किसी से न मिलें, इधर हमारे ससुरजी तीन रोज के बाद लौट कर चले जायेंगे।"

उसी रोज स्वामीजी से अनुमति मिल गई। जाड़े का महीना था। तीन बजे तीसरे पहर अपने साथ उन्हें स्वामीजी के पास ले गया।

कमरे में पलंग के ऊपर स्वामीजी आसीन थे और जमीन पर दरी बिछी हुई थी। बाहर जूता उतारकर सब लोग जमीन पर बैठ गये। सबका परिचय कराया गया। दोभाषिये का काम करना पड़ा। इधर उधर की थोड़ी बातें हो जाने के बाद प्रोफेसर साहब ने इच्छा प्रगट की कि कुछ *Miracle* देखना चाहते हैं।

स्वामीजी की दाहिनी ओर की एक खिड़की में से धूप स्वामीजी के बिस्तर पर पड़ रही थी। स्वामीजी ने एक सज्जन से एक पन्ना सफेद कागज मँगा कर बिस्तर पर धूप में बिछा देने को कहा। कागज बिछाया गया। तीनों अंग्रेजों से एक एक रूमाल उसी सफेद कागज पर रख देने को कहा। तीनों रूमाल कागज पर रख दिये गये। अंग्रेज लोग आंखें फाड़ फाड़ कर पलंग के बिलकुल पास आकर बैठ गये।

स्वामीजी ने हमारा चश्मा मांग लिया। कागज और रूमाल स्वामीजी ने छूए तक नहीं। धूप में चश्मे से रूमाल के ऊपर फोकस किया। एक मिनट न बीता होगा कि तीनों रूमाल इतर की खुशबू से भर गये। तीनों साहबों को उनके रूमाल लौटाये गये और मुझको मेरा चश्मा मिला।

इसके बाद प्रोफेसर साहब ने कुछ धार्मिक बातें पूछना चाहा तो स्वामीजी ने हँस कर कहा मैं तो पण्डित नहीं हूँ, वह उनसे पूछो सब जवाब मिल जायगा। ठीक इतने ही में एक सज्जन कमरे के अन्दर आये और स्वामीजी को साष्टांग प्रणाम किया। उस समय मैं उनको पहचानता न था। बाद को मालूम हुआ—महामहोपाध्याय श्री गोपीनाथ कविराज जी थे।

उसी समय मुझको चला आना पड़ा और बाद की घटना मुझे मालूम नहीं।

सात

भीख मांगने के लिए आई हुई थी। उमर पचास से नीचे न होगी। क्षुधा की ज्वाला में जो दिन रात पीड़ित रहता है, उसी हिसाब का स्वास्थ भी था। जो चिथड़ा पहने हुए थी वह लज्जा निवारण के लिए भी पर्याप्त न था। यह होते हुए भी चेहरे में एक मातृत्व का भाव मालूम हुआ। पूछने पर बताया उसका अब कोई नहीं है, था सब कुछ। जाति में चमार है। मैंने उनसे कहा "अस्पताल में काम करोगी। "मिले कोई काम हमारे लायक तो जरूर करूँगी"। दस रुपया तनख्वाह, दोनों टाइम भोजन, उपयुक्त कपड़ा, एप्रन देने का वचन दिया और रहने के लिए—छुतहा वार्ड का ड्यूटी रूम।

काम करना शुरू किया। लेडी डाक्टर के सुपुर्द कर दिया—दाई की तालीम देने के लिए।

उनकी मेधा शक्ति देखकर सब लोग आश्चर्य में पड़ गये। थर्मामिटर लगाना, चार्ट बनाना, एनिमा देना, असेप्टिक हर बात को बड़ी ही सुन्दरता से पालन करना और करीब करीब चौबीसों घंटा ड्यूटी

पर हाजिर रहना, अस्पताल के सब सेवकों के लिए अनुकरणीय हो गया।

एक रोज देखा गया कि छुतहा वार्ड के बरामदे में एक दस बारह वर्ष के लड़के को मरणासन्न अवस्था में कोई रात को ही छोड़ कर चला गया। लड़का बिलकुल नंगा था और माता की कृपा हुई थी। (Small pox) शरीर में एक तिनका रखने की जगह नहीं थी जहां उठा न हो। आंखें मुँदी हुई थीं और बदबू के मारे शरीर के सामने खड़ा रहना भी कष्टदायक था।

बड़ी ही समस्या में पड़ गया। छुतहा वार्ड में कोई खाली चारपाई नहीं थी। सारा वार्ड तपेदिक के मरीजों से भरा हुआ था। और रोगियों के कमरे में रख नहीं सकता था। उसके ऊपर ऐसे रोगी की सेवा करने के लिए कोई तैयार न था। अजाना बच्चा अभी जिन्दा भी था। समस्या बड़ी ही जटिल मालूम हुई।

इतने में "सेवा मां" प्रातःकृत्य करके वहां आई। उस भिखारिन बुढ़िया का सेवा का प्राण देखते हुए "सेवा मां" नाम रखा था। "सेवा मां" ने सब सुन लिया, उसके बाद बिना पूछे झट से लड़के को गोद में ले लिया और अपने कमरे में ले जाकर अपनी चारपाई पर लिटा दिया। हम लोग आश्चर्य चकित रह गये। "सेवा मां" ने कहा, "डाक्टर साहब, हमको अस्पताल की ड्यूटी से कुछ रोज के लिए छुट्टी दे दीजिये, मैं इनकी सेवा करूँगी।" "सेवा मां, तुझे छुट्टी कैसी! यही तुम्हारी ड्यूटी पड़ गई।" दस दिन के बाद मालूम हुआ कि लड़का बच गया परन्तु अन्धा हो गया।

"सेवा मां" पानी छानने के लिए परेशान हो उठी। अस्पताल में अनुमति नहीं दे सकता था। गंगाजी के घाट में जाकर पूजा की। कुछ खरचा देना चाहा, लेने को सम्मत न हुई।

अब लड़के से पूँछने से मालूम हुआ कि यह ब्राह्मण का लड़का है। जब करीब ६ या ७ वर्ष की उम्र थी तब इसकी माता मर गई थी। पुजारी ब्राह्मण थे पिताजी। पेट चलाना बड़ी ही कठिन समस्या थी। फिर भी पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। ठीक भी था—घर कौन देखे। सौतेली मां ने शुरू से ही इस बच्चे के साथ ऐसा दुर्व्यवहार करना शुरू किया कि पिताजी भी ऊब गये। कुछ दिन के बाद गांव के रास्ते से संन्यासियों का एक दल गुजर रहा था। रात भर के लिए ये लोग गांव में रह गये थे। "पिताजी से क्या बातचीत हुई मालूम नहीं। पिताजी ने हमको बड़े बाबाजी के चरणों में सौंप दिया। हम भी बड़े आनन्द के साथ चले आये। काम प्रायः कुछ भी न था खाने को पेट भर भोजन मिल जाता था। कोई मुझको मारता भी न था। करीब रोज ही चलना पड़ता था। नाम भी मेरा बदल गया। कुम्भ से लौटते समय मैं बीमार पड़ा। बाद को मुझे कुछ भी याद नहीं है—मैं यहां कहां हूँ, ये माताजी कौन हैं और मैं देख क्यों नहीं सकता? क्या मैं अन्धा हो गया हूँ? मुझे बाबाजी के यहां पहुँचा दो। तू लोग के गोड़ लागी बाबाजी के यहां पौंछा देव।" वह रोना सबको विकल कर देता था। "मुझे घर न भेजो नहीं तो मैं मर जाऊँगा।" किसी तरह भी कौन पिताजी हैं, कहां घर है? यह नहीं बताया। बहुत दौड़धूप कराई परन्तु बाबाजी लोगों का कोई पता न चला।

एक बहुत बड़ी समस्या में पड़ गया। अस्पताल के कुछ ब्राह्मण लोग अब आगे बढ़े—ब्राह्मण के लड़के को चमारिन ने पानी पिलाया, दाना खिलाया। प्रायश्चित्त करना पड़ेगा और चमारिन को वहाँ से हट जाना चाहिये। ठीक है, लेकिन लड़के की सेवा कौन करेगा, अस्पताल से छोड़ देने के बाद इस अन्धे कड़के का क्या होगा ? इसके लिए कोई तैयार नहीं हुआ। लड़के ने भी ये सब बातें सुन लीं। उसको भी सब मालूम हो गया। इन सब समस्याओं का कोई हल नहीं दिखाई पड़ता था। रातको कुछ परिचित मुसलमान मेरे पास आये। अन्धे लड़के को हम लोगों को दे दीजिये—कल्मा पढ़ाकर मसजिद के इमाम के पास रख देंगे—जनम भर पड़ा रहेगा।

दो रोजके बाद, अस्पताल पहुँचते ही रिपोर्ट मिली कि लड़का और "सेवा माँ" जाने के लिए तैयार बैठे हैं—खाली आपका आसरा है। देखा "सेवा माँ" बैठी है और उनसे लपटा हुआ कन्धे पर सिर रख कर लड़का रोता हुआ कहता है "माँजी, हमको मत छोड़ो"।

क्या समझाऊँ। दोनों बड़े आनन्द से चले गये। कहाँ गये-मालूम नहीं। परन्तु दोनों के चेहरे पर जो स्वर्गीय आभा थी आज भी उसे भूल नहीं सका।

माँ को खोकर माँ को पाया

गोपाल

[गतांक से आगे]

माँ
मत्त भोग में हुआ, भूलकर
तुमको, जग में आकर
सुख के लिए मोह निद्रा में
माया में लिपटा कर
सहसा पा आघात खुली जब
आंखें, रात अँधेरी !
दीप बुझे हैं, अन्धकार है,
कहाँ मातु हो मेरी !
जीवन नौका के पाल हमारी,
जीर्ण शीर्ण अब है बेकार
क्या न कृपाकर मुझ अनाथ पर
पकड़ोगी आकर पतवार
क्या न शरण में आने दोगी,
दोगी चरणों में न स्थान
भार न क्या तुम लोगी उसका
भाग्यहीन तेरी सन्तान।

दुर्गोत्सव के उपलक्ष में माँ राँची थीं।

चिट्ठी आई कि माँ ने बुलाया है।

मैं और मेरी छोटी पुत्री राधू गए।

राँची आश्रम में पहुँच कर माँ के सामने खड़े होते ही माँ ने कहा, "लो, पिताजी आ गए। जाओ पिताजी को वह मकान दिखा आओ। पिताजी वहीं ठहरेंगे। पिताजी के साथ वह सब बखेड़ा नहीं है। पिताजी सबको मिला लेना जानते हैं।"

मन में कुछ दुविधा हुई। बात ठीक से समझा नहीं। जो मुझे लेकर चले हम लोगों के रहने का स्थान दिखलाने, उनसे सुना कि पूजा में सम्मिलित होने वालों तथा माँ के दर्शनार्थियों की संख्या इतनी अधिक है कि आश्रम के आसपास के मुहल्ले वालों से अभ्यागतों को सर छिपाने की जगह देने की प्रार्थना की गई है। मुहल्ले के पड़ोसी इतने सज्जन और सहृदय हैं कि सभी २-४ मातृ-भक्तों को अपने अपने घर में टिकाने के लिए प्रसन्नतापूर्वक राजी हैं।

बातें करते करते हम लोग एक मकान के सामने पहुँचे। पूजा-मण्डप से दो फर्लाङ्ग के इधर ही। मकान नया था। मानो चित्रपट पर खींचा हुआ चित्र हो। भवन-निर्माता की प्रशंसा मन ही मन किये बिना रहा नहीं गया।

हमारी आवाज पाकर, दो बच्चों को लिये एक अल्प वयस्क महिला बाहर आईं।

"ये डाक्टर साहब और उनकी पुत्री आप के अतिथि होंगे।"

"आइए, आप को कमरा दिखला दूं।"

सोचा भी नहीं था कि इतने आराम से रह सकूँगा।

सिर्फ मकान ही चित्र जैसा नहीं था। उसकी सजावट भी बड़े ऊँचे दर्जे के कलाकार का काम था।

इतने में बड़े लड़के ने, कोई चार वर्ष का होगा, पैर फैलाए खड़े हुए, कमर पर हाथ रखकर पूछा, "दादू, तुम कहाँ से आ रहे हो?"

"काशी से, दादू"

"इतने दिन क्यों नहीं आए? अब तो रहना पड़ेगा। जाने ही नहीं दूंगा।"

इस अपरिचित शिशु की ऐसी आंतरिक अभ्यर्थना के लिए प्रस्तुत नहीं था। बालगोपाल ने जैसे क्षणमात्र में अपना लिया। राधू ने बक्स खोलना छोड़कर दौड़ी आकर गोद में उठाकर उसका चुम्बन करके पूछा।

"तुम्हारा क्या नाम है भाई?"

"मेरा नाम रुन्नू है। तुम मेरी कौन हो?"

"राधू मौसी।"

"कैसा मजा है! माँ, जानती हो, ये मेरी राधू मौसी हैं?"

परिचित अपरिचित की सारी बाधा कुहासे की भांति मिट गई। ऐसा जान पड़ा कि ये लोग हमारे न जाने कितने पुराने परिचित, न जाने कितने अपने हैं।

खैर, सामान वगैरह रखकर राधू स्नान करने गई। मैं चारों ओर की शोभा देखने लगा।

"आप चाय तो पीयेंगे? पर हम लोग ईसाई हैं।"

इतनी देर बाद माँ के कथन की द्विविधा स्पष्ट हुई।

"हाँ, बेटी पीऊँगा। पर मैं चाय में चीनी नहीं ीता। चीनी मत डालना। और सुनो, मैं हिन्दू घर जन्मा तो जरूर हूँ पर हिन्दूधर्म क्या है, यह नहीं जानता। जानने का प्रयत्न नहीं किया हो ऐसी बात नहीं है, किन्तु धर्म चीज ही ऐसी गड़बड़ घोटाला मालूम पड़ी कि धर्म के नाम से ही दूर रहना अच्छा समझा। अच्छा हूं। तुम मेरी बेटी हो। मुझे बाबूजी पुकारना। मेरे लड़के-लड़की मुझे बाबूजी ही पुकारते हैं।

"बेटी के हाथ का बाप नहीं खाता कभी सुना है? हाँ, बुड्ढा हो गया हूँ न; दांत तो हैं नहीं, इसलिए निरामिष भोजन करता हूँ।"

दो दिन बाद ही राधू को शीत ज्वर सा हुआ। कैसी सेवा की! सुना कि राधू हाल ही में मातृहीन हुई है।

"बाबूजी, तुम्हें राधू की जरा भी चिन्ता नहीं करनी होगी। तुम अपनी माँ के पास जाओ। राधू मेरे पास रहेगी।"

राधू के कारण संध्योपरान्त ही आश्रम से आता था। और नहीं तो अकेला रहना ही अच्छा लगता था। लज्जा के साथ स्वीकार करता हूँ कि जिस दुर्गादेवी की पूजा का इतना बड़ा उत्सव था, उस दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन का कौतूहल या इच्छा जरा भी नहीं हुई और गया भी नहीं।

"बाबूजी टुनटुन दीदी मां आनन्दमयी के सम्बन्ध में कुछ जानना चाहती हैं।"

टुनटुन वहीं बैठी थी।

"हां बाबूजी, बतलाओ न मेरी जानने की बड़ी इच्छा है।"

यह तो जैसे छोटी मछली से पूछना हुआ "क्यों री तूँ तो जल में रहती है, बतला सकती है वारीशा—समुद्र—कैसा है?"

खैर, मां की चर्चा करना किस संतान को अच्छा नहीं लगता ? कहता था। यह वैसा ही था जैसा आकाश के तारे देखकर अनन्त असीम सृष्टिरहस्य को ससीम करके समझाने की चेष्टा हो। फिर भी कहता था।

विजया के दिन सवेरे।

“बाबूजी, मेरी बड़ी इच्छा होती है आनन्दमयी माँ को प्रणाम करने की। किन्तु जाने में बड़ा भय लगता है। सुना है, छुआछूत का वहां बड़ा भारी जंजाल है। मैं तो ईसाई हूँ, कहां क्या छू लूँगी, कहां किसे छूत लग जायगी, न जानती हूँ न समझती। इसीलिए जाने का साहस नहीं होता। अनजान में कहां क्या अपराध कर बैठूँ। कहो तो बाबूजी, क्या करूँ ? जरा दूर से ही मां को प्रणाम करने के लिए मेरा मन आकुल-व्याकुल हो रहा है।”

प्रश्न का उत्तर देना मेरी शक्ति के बाहर था। कारण छूत-धर्म का कानून मेरे लिए सदा से रहस्यमय पहेली रहा है। मेरी बुद्धि का अगम्य। मानवता की पूजा का इतना विरोधी है यह धर्म कि इसे धर्म के नाम पर आभिजात्य का अभिशाप ही मैंने समझा है और समझता हूँ।

फिर भी क्या किया जाय ? कुछ तो करना ही पड़ेगा। मेरी मां को कोई प्रणाम करना चाहे और न कर सके इसकी कल्पना से ही हृदय में मरोड़ उठता था।

सहसा मां की एक बात याद आ गई—“पिताजी, इस शरीर को यदि कोई अन्तर से पुकारे तो, जैसे टॉर्च का प्रकाश करके लोग देखते हैं, वैसे ही अंतर का भाव देखा जाता है।” समस्या का समाधान हो गया।

“बेटी, टुनटुन, एक काम कर सकोगी ? आज यहीं से एकांत मन से मां से कहती रह, मां मैं तुम्हें प्रणाम करना चाहती हूँ, मेरा प्रणाम लो।”

“इससे हो जायगा बाबूजी ? तुम जरा मेरी ओर से कहोगे नहीं ?”

“मैं तो कहूँगा ही नहीं। मां तो तेरी भी मां हैं, मेरी भी मां हैं, सभी की मां हैं। मां से सब कुछ कहने, सब समझाने का अधिकार केवल मां और संतान का है। वकील द्वारा पेश क्यों कराती है ? अपने अधिकार के बल पर दावा कर।”

टुनटुन कमरे में जा बैठी। घर के सब लोगों को, पति, पुत्र, नौकर सबको समझा दिया कि कोई शोर गुल न करे। बिना बुलाए कोई टुनटुन के पास न जा सकेगा।

शाम को एक मोटर आकर खड़ी हुई मां ने बुलाया है, अभी। गया।

“मां, मालूम पड़ता है आज और कोई नहीं है ?”

प्रणाम कर रहा था कि गले में दो मालाएँ पड़ीं। “दो मालाएँ ?” “हां, एक तुम्हारी और एक तुम्हारेअर्धाङ्ग की। तुम जो नहीं देख पाते हो उसका क्या अस्तित्व नहीं है ?”

लौट आया।

टुनटुन ने एक जोड़ा धोती देकर मुझे प्रणाम किया।

सब लोग चुपचाप बैठे रहे, प्रायः संध्या हो रही थी।

बाहर मोटर की आवाज लगी। राधू जंगले

से झाँक कर वाहर देखते ही नाचते हुए वाहर भागी। "मां आई हैं, मां आई हैं।"

जाकर देखता हूँ मां।

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे। सर्वस्यार्तिहरे देवि, नारायणि नमोस्तु ते॥

"माता यह लड़की टुनटुन है। ईसाई तो है पर तुम्हें प्रणाम करना चाहती है।"

"तभी तो यह छोटी लड़की अपनी मां के पास आई है।"

कहते कहते ही मां ने टुनटुन को हृदय से कस कर जकड़ लिया।

हम लोग हतवाक्, स्तम्भित हो गए।

और टुनटुन—
नेत्रों के जल में हृदय वहा आ रहा है, और वस
"मां" "मां"।
इसके वाद फिर क्या ?
इसके वाद फिर नहीं है।
टार्च का प्रकाश टुनटुन के हृदय पर पड़ा था !
धर्म क्या केवल आवरण है ?
मां की तुलना केवल मां हैं।

"सव में हरि हैं, हरि में सव हैं,
हरि अपनो जिन जान—"

मां,

वेदना दिया यदि,
देना शक्ति सहने की भी
चक्षु हों सजल यदि,
रखना करुण कृपा दृष्टि
स्मृति-व्यथा करती विदग्ध
रखना उसको जीवित
उस होमानल में दूँगा आहुति
प्राण, तुम्हारे चरणों में।
शोक वह्नि से दीप जलाकर
होगा तेरा नीराजन
स्व-सर्वस्व होमकर,
भस्म मांग कर लूँगा।
अभय दायिनी
तुम हो दक्षिण
तुम आनन्दमयी
वराभय
अव पहचाना।

॥ ॐ माँ ॥

संयम सप्ताह नई देहली

में

मातृ-सत्संग

श्रीरघुनाथदास गोस्वामी (ब्रह्मचारी कान्तिभाई)

—ः प्रस्तावना ः—

इस वर्ष संयम सप्ताह श्री श्री माँ आनन्दमयी आश्रम चन्द्रालोक नई दिल्ली में, परमपूजनीया श्री श्री माँ की उपस्थिति में, दिनाङ्क २२ नवम्बर १९५७ से २८ नवम्बर १९५७ तक मनाया गया। उस समय सत्संग में श्री श्री माँ के मुख से जो परम मधुर कथा सुनने का सुअवसर प्राप्त हुआ उसी को मैं यहाँ लिपिवद्ध करने की चेष्टा कर रहा हूँ। यथासंभव माँ के ही शब्दों को दुहराने की मैंने चेष्टा की है। किन्तु मैं दावा नहीं कर सकता कि माँ के मुख से निःसृत प्रत्येक शब्द मैं लिख सका हूँ। जिस प्रकार गंगाजी के पुनीत प्रवाह में से लोग निज शक्त्यनुसार जल ले जाते हैं उसी प्रकार मैं माँ के कथारूपी गंगा-प्रवाह में से जो कुछ संग्रह कर सका हूँ उसे ही यहाँ अंकित कर रहा हूँ। अतः त्रुटियों एवं अन्य भूलों के लिए श्री श्री माँ के चरणों में क्षमा-याचना करता हूँ।

२२-११-५७ ई०—

प्रश्न—सेवा करने से क्या होता है ?

माँ—सेवा होना माने भगवान का प्रकाश होना।

प्रश्न—जिनकी सेवा करें वे यदि प्रकाश न हों तो ?

माँ—सेवा करते करते भगवत्-प्रकाश हुए विना रहेगा नहीं। भगवत्-कृपा से ही सेवा होती है।

प्रश्न—कृपा पहले होती है या सेवा पहले ?

माँ—कृपा विना सेवा कैसे होगी ? क्या गलत कहा पिताजी ?

पं० सुन्दरलाल—हाँ ठीक है। आगे वोलो।

माँ—यह छोटी बच्ची तो कभी कथा नहीं कहती और कभी भाषण भी नहीं देती। सिर्फ अपने (इन सब) माता-पिता से बातें करती है।

प्रश्न—सेठ विरलाजी ने कहा है कि भूल है जीव की और जो अच्छाई है वह भगवान की।

माँ—दोष अपना मानना अच्छा है। इससे भगवान की ओर आने का रास्ता खुल जाता है।

प्रश्न—अपने आप को कैसे पहचानें ?

माँ—अपने गुरु ने जैसा उपदेश दिया हो वैसे चलो।

प्रश्न—गुरु आप ही हैं।

माँ—अपने से अपने अलग कैसे हैं। तुम भगवान से प्रार्थना करो कि हे भगवान तुम जैसा चलाओ वैसा चलेंगे हमारे हाथ की कोई वात नहीं। मैं भगवान के हाथ का यंत्र हूँ, इस ख्याल से चलने से भगवान को पाने का रास्ता खुल जायगा। उनके हाथ का यंत्र हूँ ऐसा भाव रखकर चलने से बनते बनते बन जायगा। यह सच्ची बात है, पक्की बात है।

प्रश्न—ऊपर के कहने से काम चलेगा क्या ?

माँ—ऊपर अन्दर जब तक एक न हो जाय तब तक ऊपर से ही करना पड़ता है। जिस स्तर पर व्यक्ति रहता है वहीं से चलना पड़ता है। जब अन्दर वाहर एक हो जायगा तब प्रकाश होगा। ऐसे ऊपर 'हरे राम' करते करते अन्दर से स्फुरणा होती है। कभी ऐसा भी होता है कि वाहर से कुछ नहीं कहा, किन्तु अन्दर से हो जाता है। आज ही विष्णुपुराण की कथा में एक वात आई थी कि कार्तिकी पूर्णिमा को भगवान को दीपदान करने से विष्णुलोक की प्राप्ति होती है। एक दिन, उसी कार्तिकी पूर्णिमा के दिन, एक चूहा—घी के जलते हुए एक दीप की ओर—घी खाने की इच्छा से आया। दीप घृत के शेष होने से बुझने वाला ही था—चूहे ने ज्योंही मुँह लगाया कि दैवयोग से दीप में जो थोड़ा सा घृत रह गया था वह चूहे के मुँह में लगने से मुँह जल उठा इससे उसकी मृत्यु हो गई और उसे दीपदान का फल भी मिल गया। परिणामस्वरूप उसे विष्णुलोक की प्राप्ति हो गई। क्रियाशक्ति का कैसा फल होता है देखा न। एकमात्र भगवान ही सर्वत्र हैं। 'यत्र यत्र नेत्र हरे तत्र तत्र श्रीकृष्ण स्फुरे' वह होता है, केवल सिर्फ भावना की देरी है। किस ढंग से किसका रास्ता खुल जावगा, यह समझना कठिन है।

प्रश्न—यदि हम मौन हो जायँ तो महात्मा लोग विना पूछे वता देंगे ?

माँ—यह शरीर कभी कभी कहता है कि वृक्ष के नीचे बैठना है। वृक्ष का स्वभाव क्या है उसके नीचे बैठने वालों को छाया देना, शान्ति देना और फल देना। फल देने का भाव है अपने को दे देना। वैसे ही महात्माओं के चरणों में बैठने से महात्मा लोग शान्ति देते हैं और अपने को दे देते हैं। अपने को देने का मतलब है आत्म-ज्ञान देना।

२३-११-५६ ई०—

प्रश्न—गुरुग्रन्थसाहव में लिखा है—राजा रामचन्द्र, जो दशरथ के पुत्र थे, राम हैं या दूसरे जिन्हें हम ब्रह्म और भगवान मानते हैं ?

माँ—ग्रन्थसाहव में साफ नहीं किया है क्या ?

प्रश्न—कहा है, लेकिन मेरी समझ में आया नहीं।

माँ—क्या वताया है दशरथ-नन्दन राम ब्रह्म हैं या नहीं ? यह हरि वावा से पूछ लो। (यहाँ एक भाई हरि वावा से पूछने के लिए गये।)

प्रश्न—जो महामन्त्र है (हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे) उसमें जो रामशव्द आया है। वह दशरथनन्दन राम के लिए है या दूसरे कोई राम हैं। जो प्रश्न हरि वावा से पूछने गये थे, उन्होंने जो वताया वह यह है—हरि वावा ने कहा "राम भगवान हैं। वह निर्गुण भी हैं और सगुण भी हैं। निर्गुण में सव कुछ है। दशरथ-नन्दन भी राम ही हैं। ग्रन्थ साहव ने रामजी को निर्गुण और सगुण दोनों वताया है।

मां—किसी के मुख से सुना है, क्योंकि यह वच्ची कुछ पढ़ी लिखी है नहीं, सुनी हुई वात कह रही

है। सुना है कि महाप्रभु श्रीचैतन्यदेव ने महामन्त्र में जो 'हरे राम हरे राम' पहले था उसके स्थान पर 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण' पहले रख लिया। महामन्त्र महाप्रभु से भी पहले का है। भगवान को जिस लक्ष्य से भी कहें वही ठीक है, चाहे निर्गुण हो चाहे सगुण हो।

प्रश्न—महाप्रभु ने मन्त्र क्यों उलट दिया ?

मां—तुम्हारे लिए महाप्रभु ने नाम-प्रचार किया। इससे लोगों का कल्याण होगा, ऐसा समझ कर मन्त्र बदला होगा। मन्त्र बदलने की हर एक में शक्ति नहीं होती।

प्रश्न—मन्त्र बदलने की आवश्यकता ही क्या थी ?

मां—उन्होंने जो कुछ भी किया है वह सब जीवों के कल्याण के लिए।

प्रश्न—महामन्त्र में जो राम हैं वह दशरथ-नन्दन राम हैं क्या ?

मां—बड़ी सुन्दर बात है। यह पूछने की आवश्यकता ही नहीं है। वह जो हैं वह अपने आप प्रकट हो जायँगे। गुरु ही निर्णय कर देंगे। खुद नाम ही स्वरूप-प्रकाश कर देगा। नाम जपते जपते अपने आप प्रकट हो जायगा कि जल बर्फ का जैसा नित्य सम्बन्ध है, वैसे ही सारा प्रकाशित हो जाता है। नाम करना और नाम होना दो बातें हैं। नाम हो जाने से प्रश्न उठता ही नहीं। निर्गुण कहो या सगुण कहो वह तो एक ही है। तत्त्वप्रकाश के लिए नाम जपो। क्रिया करने से फल पाओगे।

पं० सुन्दरलाल—पन्नालाल सब समझता है, केवल तुमसे बुलाने के लिए बोलता है।

मां—अपनी कथा है न, सुनने से रस मिलता है। जब बच्चा खेलता है तब पिता माता को अच्छा लगता है। बच्चे में कौन है? अपने आप ही अपने में आनन्द लेते हैं। पं० जी गलत हो तो कहियेगा। हमको बोलना नहीं आता। छोटी बच्ची के ऊपर सबका प्रेम होता है। मैं सबकी गुड़िया हूँ।

पं० सुन्दरलाल—सब लोग आपके संयमसप्ताह में आये हैं। आपके सामने बैठे हैं। इसकी कर्ता धर्ता आप ही हैं।

मां—हाय हाय! यह बच्ची तो कुछ जानती नहीं। हां, हां "आप" ही हैं।

पं० सुन्दरलाल—इस समय बहस न करें। आप इस समय बतावें कि इन लोगों को कैसे रहना चाहिये। आप ज्यादा शक्ति उन लोगों को दे दें। जरा अपनी शक्ति लोगों को दे दें तो सबको लाभ हो जाय।

प्र०—क्या शक्ति मां नहीं दे रही हैं।

पं० सुन्दरलाल—हमको तो अनुभव नहीं हो रहा है। मैं तो साधन के लिए कह रहा हूँ।

मां—तुम्हारे लिए पं० जी कह रहे हैं। एकमात्र भगवान ही हैं। भगवत्प्रकाश के लिए संयम जरूर मदद करता है।

पं० सुन्दरलाल—इस संयमसप्ताह में तुम न आओ तो देखें यहाँ कौन रहता है। (सब लोग यह बात सुनकर हँस पड़े)।

प्रश्न—भगवान् को नहीं मानने वाले भी यहाँ आते हैं।

मां—तो फिर यहाँ क्यों आते हैं ?

प्रश्न—यहां का रंग देखने के लिए आते हैं।

मां—बड़ी बढ़िया बात है चारों तरफ कैसा रंग

जमा है, वह देखने के लिए आते हैं। और आकर देखते हैं कि यहां सत्संग है और महात्मा लोग हैं। रंग देखने के उपलक्ष्य से भगवत्संग करने आते हैं। रंग क्या है ? रंग माने भगवान् का रगं। अपने को अच्छा न लगता तो कभी नहीं आते। रगं के रूप में, ढंग के रूप में भगवान ही तो हैं। भगवान की कैसी दया है! देखो, रगं देखने के वहाने से कैसे अपनी तरफ खींच लेते हैं। यत्र यत्र हरे नेत्र है तत्र तत्र श्रीकृष्ण स्फुरण है। सव नाम और रूप अरूप भगवान के ही हैं। भगवान का असली जो रस है उस रस के देखने के लिए आते हैं। चाहे किसी वहाने से आवें। सर्वनाम और सर्वरूप अरूप भगवान् के ही हैं। भगवान के अलावा और कुछ है ही नहीं। खाना-पीना, सिनेमा देखना, विषय भोग—इससे मृत्यु गति होती है। ऋषि मुनि लोग संयम का आदर्श रख गये हैं। तुम लोग मृत्यु के यात्री का संग करोगे तो मृत्यु पाओगे। जव लड़का वीमार होता है तब मां का खाना नहीं होता। अवश्य इसमें मोह है। जो खाने से, जो पीने से और जो ध्यान करने से अपने को पहचान सके वह करना चाहिये। अपने को पहचानना माने भगवान् को पाना और भगवान् को पाना माने अपने को पहचानना है। पूर्ण समाधान के प्रकाश के लिए संयम की आवश्यकता है। साधन-भजन करते करते मैं कौन हूँ, मेरा स्वरूप क्या है, आत्मा क्या है—यह सव प्रकाश हो जायगा। इसलिए संयमी जीवन के लिए अखण्ड भाव से कोशिश करो। जितना करोगे उतना फल मिलेगा। भगवान फल-दाता हैं।

२४-११-५७ ई०

प्रश्न—तुम्हारी कुटिया का चक्कर लगाया। तुम मिली नहीं ?

माँ—वड़ी सुन्दर वात कही, तुम मजेदार पंडित हो। तुम्ही दूर रूप में लम्वे चौड़े हो, निकट भी तुम्ही हो। चक्कर लगाने वाले भी तुम्ही हो। जहाँ कृष्ण, शिव, राम, माँ—माने मैं ही है। वही एकमात्र है, अलग नहीं है। तुम चक्कर रूप में प्रकट होकर चक्कर लगाते रहे। दूर रूप में भी तुम्ही हो, मन वाक्य के अतीत भी तुम्ही हो, जो कहो वही है। महात्मा के चरणों के तल में वैठना। द्वन्द्वातीत रूप में प्रकाश करने के लिए द्वैत या अद्वैत रूप में जो कुछ भी गुरु ने वताया वैसा चलो। तरह तरह की वातें होती हैं। जितनी जितनी वातें होती हैं और कुछ नहीं हैं सव अपने को पाने के लिए हैं। देखो न हरि वावा कितनी सुन्दर भक्तों की कथा सुनाते हैं। भिन्न भिन्न महात्मा भिन्न तरीके से वोलते हैं। सुनते सुनते कोई वात दिल में चुभ जाती है। चुभने की जगह है इससे वहाँ चुभती है। इससे कल्याण का रास्ता खुलता है।

प्रश्न—हम लोग सत्संग कैसे करें, वच्चे लोग वैठने नहीं देते ?

माँ—तुम ख्याल करो कि बच्चे लोग बाल-गोपाल के स्वरूप हैं। इस भाव से करो।

प्रश्न—हम तुम मिटेगा कभी ?

माँ—अवश्य मिटेगा। हम तुम रख कर भी हम तुम मिट जाता है। रहते हुए भी नहीं है और नहीं रहते हुए भी है।

प्रश्न—विना दो के मजा नहीं आता।

माँ—मजा जहाँ है वहां दो होना ही चाहिये। रस-भोग करने वाले भी तुम्ही हो। आत्मरस, वही अपना रस है।

प्रश्न—सुना है कि महाप्रभु ने किसी को नाम

दे दिया और किसी को स्पश कर दिया। प्रेम हो गया। हम महात्माओं की वातें सुनते हैं, लेकिन पत्थर जैसे हृदय में कुछ नहीं होता। अब तो उमर भी हो गई, यह क्या है?

मां—शरणानन्दजी ने इतना सुन्दर सुनाया फिर भी प्रश्न पूछते हो।

प्रश्न—चलता नहीं हैं क्या करें?

मां—चलता नहीं है यह वात मानूँगी नहीं। जो इतनी उमर में यहां आकर शीत में साधन-भजन कर रहा है वह कैसे तमाशा देखने वाला हो सकता है? जो भक्तिमार्ग में चलते हैं उनको हाय, हाय लगी रहती है। हाय हाय अभी तक मैं भगवान से मिला नहीं। हाय हाय! भगवत्सेवा भी हुई नहीं। अतृप्ति ही भक्त-लक्षण है। तृप्त होने पर तो आत्मस्थ हो गया। वेदान्त की लाइन में "मैं आत्मा हूँ" यह सदा ही रटना पड़ता है और भक्ति की लाइन में हर समय तड़पना पड़ता है, हाय हाय! मिल नहीं रहा है। यह तो भक्त के लक्षण की वात है।

प्रश्न—दुनियां में देखते हैं कि वैज्ञानिक नई नई चीजों की खोज करता है। जैसे वहुत खोज करके "टेलीफोन" वनाया और कष्ट के परिणाम में सारी दुनियां को लाभ मिल रहा है। वैसे ही कोई व्यक्ति भगवद्दर्शन करके सवको भगवद् दर्शन करा दे ऐसा हो सकता है या नहीं?

मां—ऐसा नहीं होता तो लोग महात्माओं के चरण में क्यों वैठते? वैज्ञानिक दुनियां के भोगों की खोज करते हैं। उनकी खोज से मृत्यु का निवारण नहीं हो सकता। उनकी खोज में है 'करो और भोगो'। वह 'मैं कौन हूँ,' "मेरा स्वरूप क्या है?" इन सव वातों की खोज नहीं है। असली चीज़ है—तुम कहाँ से आये, तुम्हारी सृष्टि कहां से हुई, विजली कहाँ से आई, प्रकृति के राज्य में कितने तरीके रहे? परन्तु भगवत्‌चिन्तन करके भक्त आविष्कार करते हैं कि जीव क्या है, जीव से परे कोई है या नहीं।

आजकल वैज्ञानिक लोगों ने टेलीफोन, मोटर, हवाई जहाज़ इत्यादि निकाले हैं। सुना है कि प्राचीन काल में पुष्पक विमान चलता था, अव हवाई जहाज़ हैं। जो था उसीका एक तरीका हो रहा है सारा सव में। तुममें सव है—और सव में सव है—माने भगवान् कहो, आत्मा कहो, जो कहो स्वयं भगवान् ही हैं। भगवान् अनन्त हैं—अन+अन्त। भगवान् कहते हैं—मूल स्थान में जाओ, जितना तुम करोगे पाओगे। एक व्यक्ति के पास इतना पैसा है, लेकिन भोग नहीं कर सकता। विजली है, फोन है, लेकिन व्यवहार नहीं कर सकता। दुनियां का सुख दो दिन का है। परमानन्द जहां मिले, वही असली रास्ता है।

प्रश्न—आपके पास जितना है दे दो।

मां—संयमित जीवन रहने से अन्तर की गांठ खुलती है। दुनियां के रास्ते से चलने से आवरण पड़ जाता है। जैसी क्रिया करोगे वैसा गुण होगा।

प्रश्न—जैसे दवा देने से रोगी अच्छा हो जाता है वैसे ही कोई आध्यात्मिक दवा दे दो।

मां—यह संयमित जीवनयापन जो कर रहे हो और अमृतवाणी भोजन कर रहे हो यही आध्यात्मिक औषधि है।

प्रश्न—मां, हम लोगों को अपना आनन्द बांट दीजिये। हम तो सुनने नहीं आते, देखने आते हैं।

मां—हर वक्त भगवान् की कृपा वरस रही है। अपना पात्र सीधा रक्खो, पात्र भर जायगा,

पात्र उल्टा रखोगे तो कृपा बह जायगी। पढ़ना क्या है, ब्रह्मविद्या ही पढ़ना है।

प्रश्न—आप योग्य मां हैं, पर हम बच्चे ठीक नहीं हैं।

मां—छोटा बच्चा, बेटा, पण्डित सब उन्हीं के तो बेटे हैं। एक बार तपन ने कहा था कि जैसे कोई डाक्टर किसी दवा का आविष्कार करता है तो उसके खाने से सबको लाभ होता है ऐसे ही कोई दवा मां दे दें जिससे सबका लाभ हो जाय तो दवा देने वाले ये महात्मा लोग बैठे हैं। महात्मा माने—सब मां—मां माने मैं। देनलेन मां का काम है। महात्मा प्रवचन देते हैं और क्रिया शक्ति माने मां। बेटा तुम हो लेकिन पढ़ना पड़ेगा। पढ़ना माने ब्रह्मविद्या की पढ़ाई।

२५-११-५७ ई०—

प्रश्न—पहले जमाने में लोग बड़ी बड़ी कठिन तपस्या करते थे, लेकिन आजकल बड़ा सहल हो गया है। महात्मा लोग कहते हैं केवल भगवत्-स्मृतिमात्र से हो जाता है।

मां—क्या कारण है।

प्रश्न—आप लोगों की कृपा से।

मां—शरणानन्द पिताजी ने सहल रास्ता बता दिया है। महात्माओं के दर्शन और आशीर्वाद से सब सहल हो जाता है। आंख से दर्शन मिलता है। जब तक अहङ्काररूपी बोझ सिर पर रहता है तब तक सिर झुकता नहीं है। कम से कम महात्माओं के चरणों में झुकने का अभ्यास तो पड़ रहा है।

प्रश्न—करना कुछ रहा नहीं। केवल अहैतुकी कृपा चाहिये।

मां—ऐसा रहे तो बहुत भाग्यवान् है। सच बात है। दर्शन और ग्रहण हो जाय तो अच्छा है।

प्रश्न—ग्रहण मुश्किल है, दर्शन सहज है।

मां—दर्शन माने ग्रहण। देना माने लेना। प्रणाम माने अहङ्काररूपी सिर पर बोझ जब तक रहता है तब तक सीधा रहता है। जितना दे दिया उतना ग्रहण हो गया। प्रणाम दो प्रकार का होता है एक तो पाउडर की डिब्बी से निकले पाउडर की तरह और एक जैसे कलसी उडेल दी। यदि ग्रन्थि खुल जाय तो सारा का सारा गिर जायगा। अर्पित होना माने अपने को समर्पण कर देना।

प्रश्न—ऐसे प्रणाम की क्या तरकीब है। प्रणाम का तत्त्व क्या है?

मां—कहते हैं कि दण्डवत् प्रणाम करो। ऐसा तो होता नहीं—जैसे प्रणाम किया और अपना सब कुछ गुरु के चरणों में अर्पण कर दिया। फिर अपना कुछ रहा ही नहीं। सुना है कहीं कहीं जब शिष्य गुरु को प्रणाम करता है तो गुरु उसका सिर पकड़ कर उठा देते हैं।

प्रश्न—क्या वह अपने आप नहीं उठ सकता?

मां—उन्होंने तो भार दे दिया। तन, मन, धन सब कुछ गुरु के चरणों में दे दिया। ऐसी विधि है कि गुरु सिर उठा देते हैं। यहाँ तो (अपना शरीर दिखाकर) गुरु-शिष्य की कोई बात ही नहीं है।

प्रश्न—प्रणाम कर लिया और उठ नहीं सकते, यह क्या बात है?

मां—अगर कहा जाय सिर "ऊर्द्ध्वमूलम् अधःशाखम्" मनुष्य का सिर मूल है तथा शरीर शाखा है। वृक्ष उल्टा है—सिर नीचे तथा शाखाएँ ऊपर।

वीज सारे अङ्ग अङ्ग में रह गया। शास्त्रों में क्या लिखा है यह तुम जानो। यह शरीर तो उट-पटाँग वोलता है। मूल में स्थूल न रहे तो स्थूल में कैसे प्रकाश होगा। गुरु को प्रणाम करने की विधि है। नमन माने नमित कर देता है—नमन माने "न+मन" अर्थात् मन का न रहना। यदि मन-रहित हो जाय अर्थात् मन का जो कुछ है वह अर्पित हो जाय तो अपना स्वरूप कौन है यह प्रकाशित हो जाय। वंगाली में एक भजन है, "एकटि नमस्कार प्रभु एकटि नमस्कार" यदि सचमुच सच्चा नमस्कार हो जाय कि जिसमें और कुछ रहे ही नहीं। सच कहते हैं कि यदि ऐसा नमस्कार हो जाय तो समाधि अपने आप हो जाय। मानने वाला मन ही जब न रहा तव फिर उठे कौन? नमस्कार करते करते, संयोग अगर रहे तो नमस्कार हो जाता है। किसी किसी को ध्यान करते समय सिर में दर्द होता है। क्यों? मन की ऊर्द्ध्व और निम्न गति में संघर्ष हो जाता है। पूरा ब्रह्मचर्य यदि हो तो मूल के साथ संयोग हो जाने से मन अपने आप समाहित हो जाता है। अहङ्कार रहने से ज्यादा नमस्कार कर नहीं सकता। अहङ्कार सताता है—जहां नमस्कार करने से दुःख द्वन्द्व मिट जाता है वहाँ नमस्कार करो वहीं वैठना और वहीं सोना। ध्यान जप नमस्कार करते करते अपने आप हो जाते हैं। तुम लोग कहते हो न पत्थर का विग्रह और धातु का विग्रह—लेकिन पत्थर कहने से शिव नहीं और शिव कहने से पत्थर नहीं—शालिग्राम कहो तो पत्थर नहीं, पत्थर कहो तो शालिग्राम नहीं। भगवान् के ही सव नाम हैं—नाम, अनाम, रूप, अरूप, सव वही हैं। शिला किसको कहते हो, हर एक रूप में भगवान् ही तो हैं। भगवद्बुद्धि से शिला में भगवान् दिखते हैं। हमारी विग्रह में या ठाकुर में तद्बुद्धि होनी चाहिये। वोध होने से तो बोध करने वाला रह गया। त्रिपुटी का नाश होना चाहिये। भगवान् को प्रत्यक्ष करना चाहिये। 'वोध' इससे भी आगे चले जाओ, सव रूप भगवान् के ही हैं। निराकार साकार एक ही है, जैसे जल और वर्फ। वर्फ में क्या है जल ही तो है। जव तक अखण्ड दर्शन, अखण्ड स्पर्श का प्रकाश नहीं होता तब तक द्वन्द्व रहता है। उससे पार चले जाओ। नमस्कार करते हैं द्वन्द्वातीत होने के लिए—इससे भी आगे चलो। भगवान् हैं या नहीं हैं—नहीं हैं या हैं—इससे भी आगे चलो। कोई कोई कहते हैं—भगवान् कहाँ हैं—दिखते तो नहीं हैं—कोई वहाँ सत्ता, असत्ता की बात आती नहीं। नमस्कार करते वक्त ऐसा भाव रखना चाहिये कि हमारा ठाकुर ही विश्व का ठाकुर है और विश्व के सव ठाकुरों में हमारे ठाकुर ही हैं। जैसे कि हमारे गुरु जगद्गुरु हैं तथा जगत् के गुरु हमारे गुरु हैं। विग्रह में तदात्मक भाव होना चाहिये। दुनियां का सुख दुःख रहने वाला नहीं है। नमस्कार करो। नमस्कार करके जो नहीं उठने की वात है यह भी तो एक स्थिति है। इससे आगे उठने न उठने का प्रश्न ही नहीं रहता। नमस्कार करते समय पहले सोचो जैसे साक्षात् भगवान् हमारे सामने खड़े हैं। पहले उनका दर्शन करो फिर भगवान् को लक्ष्य करके नमस्कार करते समय भगवान् के चरणकमलों से सिर तक दृष्टि ले जाओ। कोई कोई चरण से सिर तक दृष्टि ले जाते समय श्वास अन्दर खींचते तथा फिर सिर से चरण तक दृष्टि लाते समय श्वास वाहर निकालते और प्रणाम करते हैं। उस समय ऐसा ख्याल करो कि भगवान् का हाथ हमारे सिर पर रखा हुआ है। तुम लोग कहते हो न हाथ से Electricity पास होती है—जगत् की

दृष्टि से भी तुम जिनको गुरु या भगवान् मानते हो उनके अङ्ग अङ्ग में वह शक्ति विद्यमान है—उनके स्पर्शमात्र से वह शक्ति तुम्हारे भीतर आ जाती है। चरणदर्शन करते समय श्वास के साथ पूरा दर्शन कर लिया फिर भावना करो कि उनकी शक्ति अपने अन्दर आ रही है। सिर से चरण तक धीरे धीरे श्वास छोड़ते हुए अर्पित हो जाओ। ऐसे दर्शन से तुम पवित्र हो रहे हो, अब तुम्हारा चरण में पड़ने का अधिकार हुआ, दण्डवत् बन जाओ–तुम जो कहो, जो करो, वही है।

प्रश्न—तुमने भी तो करके दिखाया है।

मां—इस बच्ची का तो दिमाग़ खराब है—इसके बाद भक्ति-भावपूर्वक पूजा शुरू होती है। नमस्कार करना तथा नमस्कार होना दोनों अलग अलग बातें हैं। जैसे संन्यास लेना और संन्यास होना फ़र्क़ बात है। संन्यास लेते हैं संन्यास होने के लिए। वैसे ही नमस्कार करते हैं नमस्कार होने के लिए। प्रणाम माने दण्डवत् नमस्कार करके पूर्णशक्ति उनसे ले लो। पिताजी, तुम तो पण्डित हो—देखो इस बच्ची को लज्जा नहीं है। अपने पिता, माता और दोस्तों के साथ बोलती है। हरेक रूप में एकमात्र भगवान् का ही विग्रह है। परिवर्तन अपरिवर्तन रूप में सब वही हैं। अपने स्वरूप का प्रकाश करने की चेष्टा करनी चाहिये। ब्रह्मविद्या का पढ़ना ही पढ़ना है। पढ़ना माने गुरुशक्ति से शिष्य के अन्दर जो क्रिया होती है वही पढ़ना है।

२९-११-५७ ई०—

प्रश्न—आज स्वामी शरणानन्दजी के व्याख्यान में सुना कि पढ़े लिखे लोग छोटी सी बात को बहुत लम्बी करके दो घण्टे में कहते हैं और अनपढ़ लोग २ घण्टे की बात को २ मिनिट में कह देते हैं।

माँ—यह शरीर तो बैठता है, पर सब बातें सुनने में नहीं आती हैं। यह बच्ची तो पढ़ी लिखी नहीं है। कथाप्रसंग में माँ ने कहा आज सुबह ध्यान में, ८ से ९ बजे के बीच में, किसी किसी ने कहा कि आज ध्यान बहुत जमा था। कई व्यक्तियों को ध्यान में विशेष आनन्द का भी अनुभव हुआ। उस समय इस शरीर ने देखा यहां (नामब्रह्ममन्दिर के मध्य भाग में) पूज्य हरिबाबाजी की ओर मुख करके हनुमानजी, लम्बा चौड़ा शरीर और मुँह सफेद, खड़े हैं। दूसरी ओर एक पुरुष को देखा जिसके घुंघराले बाल तथा गौरवर्ण है, खड़ा है एवं किसी के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दे रहा है और टोपी पहने हुए एक ग्वाल (राखाल) बालक बैठा है। उसके बाद एक गौर वर्ण की बालिका को देखा। फिर देखा खेलता और हँसता हुआ एक बालक। पिताजी (श्रीहरिबाबाजी) से कहा कि आप राम-अर्च्चा करते हैं एक बार यहां भी हो जाय तो पिताजी ने कहा कि यहां महावीरजी को तो देखा है, लेकिन महावीरजी की तस्वीर कोई हौल में नहीं है। चन्दन से द्वादशाक्षर मंत्र लिखे हुए तुलसी-पत्र कमला को जड़वाने के लिए दिये थे। उस दूकान में उसने महावीरजी की यह तस्वीर देखी और उसके मन में ऐसी प्रेरणा हुई कि यह तस्वीर ले चलें। इस शरीर ने इस विषय में उससे कुछ कहा नहीं था। महावीरजी ऐसे अपने आप प्रकट हो गए। कमला के अन्दर भावरूप से प्रकट हो गए। और एक बात है तुलसीपत्र में लिखा हुआ द्वादशाक्षर मंत्र (ॐ नमो भगवते वासुदेवाय) का कीर्तन यहां से श्रीहरिबाबाजी ने शुरू किया।

प्रश्न—आपने जिस बालिका को देखा था उसका स्वरूप कैसा था?

मां—गौर वर्ण की बालिका, जैसी गांव की होती हैं। बड़ी खिली हुई।

प्रश्न—मां, आज मंगल का दिन है।

मां—मंगलवार को हनुमानजी प्रकट हो गए हैं।

प्रश्न—तुम आश्रम बनाती हो।

मां—यह शरीर कभी आश्रम नहीं बनाता। यह बच्ची तो घुस जाती है। सुना कि यहां पर संयमव्रत होगा, यह शरीर २० ता० को आया है जैसे सब महात्मा लोग आए हैं वैसे ही यह शरीर भी आया।

प्रश्न—सुना है कि तुमने इस आश्रम का नक्शा बनवाया है।

मां—जब यह शरीर शिमला में गया था। शिमला में जब कीर्तन होता था तो इस को भी ले जाते थे। उन लोगों ने कहा, "मां, एक आश्रम होना चाहिए।" तो इस शरीर ने कहा आश्रम वाश्रम तुम जानो। भगवान् का घर बनाओ। इस बात को लगभग २० साल हो गए। आश्रम का अर्थ जहां श्रम न हो। असली आश्रम तो (सबको दिखाकर) सबके अन्दर में है।

प्रश्न—दण्डवत् प्रणाम स्त्रियों को करना चाहिये या नहीं?

मां—सुना है कि दीपक, शङ्ख, भागवत और स्त्रियों की छाती का भार पृथ्वी नहीं सहन कर सकती। दण्डवत् प्रणाम करना स्त्रियों को निषेध है। जब तक अहङ्कार है तब तक सिर झुकना नहीं चाहता। जैसे गंगा में घड़ा भरने जाते हैं तो आवाज होती है, जब घड़ा भर जाता है, तो पूर्ण रूप से भर जाने के बाद आवाज नहीं होती। नमस्कार करते करते पूर्ण रूप से उनके चरणों में अर्पित हो जाओ। नमस्कार करने का अर्थ है? जब हम सिर से प्रणाम करते हैं तो सिर से शक्ति ग्रहण होता है। जैसे वृक्ष की जड़ में पानी देने से सारा वृक्ष हरा भरा हो जाता है, वैसे ही सिर ऊर्ध्वमूल है सिर से शक्ति गृहीत होकर सारे शरीर में फैल जाती है। डाक्टर लोग कहते हैं कि सिर में कुछ हो जाय तो बचना मुश्किल है, लेकिन हाथ पैर कट भी जायँ तो बच सकता है। सिर को ठीक रखना चाहिये। सब लोग ख्याल करके देखो कुछ सोचने के समय लोग अपना सिर खुजलाने लगते हैं। इसका कारण क्या है—सिर मूल स्थान है उसमें नस नस की क्रिया होती है। यह भी स्थूल जगत की क्रिया है। जो लोग विषयभोग करते हैं। विषय तो जहर है। जो बंधन में है वह जीव है और जो गति है वह जगत् है। सर्वत्र एक आत्मा ही है। भगवान् को चाहे दुर्गा कहो, राम कहो, सत्ता कहो, आत्मा कहो, सब एक ही है। कोई भगवद्विग्रह को मानते हैं, कोई नहीं मानते हैं। इसलिए अनन्त रास्ते हैं। जितने मत उतने पथ हैं। जितने मुनि उतने मत हैं। सिर ही मूल है जहां समस्त वासना, कामना एवं क्रिया की सृष्टि होती है। दृष्टि से सृष्टि होती है। किसी किसी का ध्यान ठीक तरह से नहीं होने से दिमाग खराब हो जाता है या पागल हो जाता है। सिर में सब कुछ है। जैसे वृक्ष के मूल को काट दिया जाय तो सारे पत्ते झड़ पड़ते हैं वैसे ही मनुष्य के सिर को कुछ हो जाय तो शरीर नष्ट हो जाता है। (सबकी ओर इशारा करके) यह सब भगवान का विधि-विधान है। एक बीज में अनन्त बीज रहते हैं। आज मदनमोहन ने बताया कि महात्माओं के सांनिध्य में बैठकर सब कुछ प्राप्त हो रहा है। अर्पण कर दो कहने मात्र से अर्पण होता नहीं। करने

की सारी शक्ति मूल में रहती है। वृक्ष की प्रत्येक शाखा में वीज रहता है। मूल में जो है स्थूल में भी वही है। इसलिए सारा विश्व भगवान् का ही विग्रह है। देखो छाया में क्या है—उसमें तो कुछ नहीं है। छाया, माया और आवागमन। छाया, माया और आवागमन से अतीत होना चाहिये। गुरु के निकट समर्पण कर देना चाहिये। अर्पण करने से स्थिति आती है। यह शरीर हमेशा कहता है कि वृक्ष के नीचे बैठो। वृक्ष के नीचे बैठने से वह छाया देता है, शान्ति देता है और फल भी देता है। फल देता अर्थात् अपने को दे देता है। वैसे ही महात्मा लोग भी उनके चरणों का आश्रय लेने वालों को शान्ति और अपने को दे देते हैं। पिताजी ने पूछा था न, सरल सीधा उपाय क्या है—कुछ गोली दे दो जिससे हो जाय। क्रिया शक्ति दे दी, परन्तु कुछ करना पड़ेगा। देने लेने की आदत है न, इसलिए तुममें क्रिया होती है। यदि तुममें यह आदत न रहती तो कुछ देना नहीं पड़ता। भगवान् के राज्य का कैसा सुन्दर विधान है कि उनसे उत्पन्न होकर—अमृत की सन्तान होकर—अपने स्वरूप को भूले बैठे हैं। साधन-भजन करना चाहिये। देखो तुम लोगों में कितनों की आराम कुर्सी में बैठकर आराम करने की आदत है, परन्तु यहाँ आसन में बैठकर कैसा संयम कर रहे हो। कुर्सी में बैठने वालों में किसी किसी को "टेबिल चेयर" में बैठकर खाने की आदत भी होगी, पर यहां सव लोग कष्ट उठाकर संयम में सम्मिलित हो रहे हैं। खाने का भी काफी संयम है। जैसा खाय अन्न वैसा बने मन। निद्रा, वैठना, बोलना, खाना—इन सबका संयम रखने की आदत रखनी चाहिये। जैसे डाक्टर का नाड़ी देखने का एक तरीका होता है या इंजिनियर के काम का एक तरीका होता है वैसे ही संयमव्रत का भी कोई तरीका है। मन शुद्ध होने के लिए परमार्थ ग्रहण कर सके, इसलिए अलग अलग क्रिया होती है। दुःख सुख के पार जाने की कोशिश करनी चाहिये। सब रूप भगवान् के ही हैं उनके चरणों में अपने को अर्पण कर दो। अपने आप ही अपने को अर्पण करता है। गुरुरूप में कौन है—एक आत्मा ही है। अलग कुछ है ही नहीं। नमस्कार करके पूर्ण शक्ति लेकर उठो—चरण से सिर तक और सिर से चरण तक। उनसे शक्ति पूर्ण भर कर बैठो। सुना है कि "देवो भूत्वा देवं यजेत्" गृहस्थाश्रम यदि ठीक तरह से बने तो अपने आप वानप्रस्थ हो जाता है और वानप्रस्थ यदि ठीक हो जाय तो संन्यास अपने आप आजाता है। सुना है कि सव स्त्रियों को प्रणव उच्चारण नहीं करना चाहिये। परन्तु गुरु यदि दे दे तो मना नहीं है।

प्रश्न—गार्गी ने तो प्रणव का उच्चारण किया था।

मां—ऐसी स्थिति अगर आ जाय और प्रणव अपने आप निकल जाय तो क्या करे। इस शरीर के भी मुख से प्रणव निकल गया था। यह शरीर दण्डवत् लोट पोट हो जाता था। निषेध की भी कौन स्थिति है यह देखना चाहिये। वहां विधि निषेध की कोई वात नहीं है।

कृपा और उपाय का मिलनः एक दृष्टि

महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज, एम्० ए०, डी-लिट्०

(१)

आध्यात्मिक शास्त्रका अनुशीलन करने तथा भगवत्साधना में व्रती साधकों के अन्तर्जीवन का विश्लेषण करने पर स्पष्ट ही प्रतीत होता है कि भगवत्प्राप्ति अथवा आत्मसाक्षात्कार के सम्बन्ध में कृपा का जैसा महत्त्वपूर्ण स्थान है वैसा ही साधन-सम्पत्ति अर्थात् विभिन्न उपायों के परिग्रह का भी एक मूल्यवान् स्थान है। साधना एक प्रकार की क्रिया है। यद्यपि वह विभिन्न स्तरों में विभिन्न प्रकार की हो सकती है, तथापि वह क्रिया से अतिरिक्त और कोई वस्तु नहीं है। जिन उपायों से पूर्ण आत्म-साक्षात्कार होता है, उनमें विशेष अवस्था में क्रिया ने एक विशिष्ट स्थान पर अधिकार जमा रखा है। किन्तु स्मरण रखना चाहिये कि क्रिया के अतिरिक्त और भी उपाय हैं। आगमशास्त्र का अवलोडन करने पर भिन्न भिन्न उपायों का थोड़ा बहुत पता लगता है। किन्तु उन सब उपायों के तत्त्व, प्रयोजन और फल के विषय में विचार करने के पहले एवं उनके साथ भगवान् की कृपा का क्या सम्बन्ध है इस विषय में किसी विशिष्ट सिद्धान्त पर पहुंचने के पहले कई साधारण बातें बतला देने की आवश्यकता प्रतीत होती है।

भगवान् साधन-दुर्लभ हैं, ऐसा कहा जाता है। इससे ज्ञात होता है कि कृपानिरपेक्ष केवल साधना द्वारा यहां तक कि साधनातिरिक्त किसी अन्य उपाय के द्वारा भी उन्हें प्राप्त नहीं किया जा सकता। दूसरे पक्ष में वे नित्य, विभु और अखण्ड प्रकाश-स्वरूप होने से सर्वव्यापक हैं। इसलिए एक प्रकार से वे सदा सन्निहित—सभी के सन्निहित और सदा ही सन्निहित हैं। इस सन्निधान के सम्बन्ध में योग्यता आदि अधिकारसम्पत्ति की कोई सार्थकता नहीं है। क्योंकि वे सदाचारी के जैसे सन्निहित हैं दुराचारी के भी ठीक वैसे ही सन्निहित हैं, योग्य अधिकारी के समीप वे जैसे विद्यमान हैं अयोग्य अनधिकारी के समीप भी ठीक वैसे ही विद्यमान हैं। इसलिए देश, काल, सद्गुण, दोषहीनता आदि अपने में स्थित दैवी सम्पत्तियां मूल्यवान् एवं उपादेय होनेपर भी तबतक उन्हें पाने के लिए पर्याप्त नहीं होतीं जबतक कि इन सब के मूल में भगवान् की कृपा काम न करे। इसलिए किसी क्षेत्र में यह कृपा कार्य करती है और किसी क्षेत्र में यह नहीं होती, यह नहीं कहा जा सकता। क्योंकि जो स्वाभाविक है, जो आगन्तुक बाहरी कारण की अपेक्षा नहीं रखता वह यदि प्रवृत्त होगा तो सब के प्रति समानरूप से ही प्रवृत्त होगा, यदि प्रवृत्त न होगा तो किसी के प्रति न होगा। इसलिए यदि इस कृपा को धारण करने का पात्र न रहे तो यह अहैतुकी कृपा भी उन्हें प्राप्त करने का उत्तम उपाय नहीं कही जा सकती। योग्यता और अधिकारसम्पत्ति न रहने पर भी कृपा को धारण करने वाला उपयोगी आधार रहना आवश्यक है। किन्तु वह सर्वत्र सुलभ नहीं है। इसलिए केवल कृपा रहने अथवा केवल पुरुषार्थ रहने

से भगवत्प्राप्ति के रहस्य का समाधान नहीं होता। इसका एकमात्र कारण कृपा अहैतुक होने पर भी यहाँ खण्ड कृपा के रूप में ही गृहीत हुई है एवं पुरुषार्थ आन्तरिक और प्रवल होने पर भी खण्ड पुरुषकार के रूप में ही गृहीत हुआ है। वस्तुतः अखण्ड दृष्टि में कृपा और पुरुषार्थ में किसी तरह के भेद का निर्देश नहीं किया जा सकता। एक ओर से जिसे कृपा कहा जाता है दूसरी ओर से देखा जाय तो उसी का दूसरा नाम पुरुषकार है। अखण्ड अद्वैत भूमि के सिवा अन्यत्र यह अद्वैत दृष्टि नहीं हो सकती। परमात्मा की ओर से शक्ति का विकास प्राप्त होने पर वह जीवात्मा में संलग्न और सञ्चित सम्पूर्ण मलिनताओं को दूर करने में समर्थ होता है। पक्षान्तर में जीवात्मा के हृदय के अन्दर स्थित पुरुष से शक्ति वाहर निकल कर अपने वल से दृष्टि का सम्पूर्ण आवरण हटाने में समर्थ होती है। जीव की ओर यह पुरुषार्थ है और परमात्मा की ओर यह कृपा है। यह शक्ति का काम है। आश्रय के भेद से भिन्न भिन्न नामों से वर्णित होने पर भी इनमें स्वरूपतः कोई भेद नहीं है। इसी लिए श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीभगवान् ने कहा है कि वे (भगवान्) जीवमात्र में पुरुषार्थ के रूप में विद्यमान हैं—'पौरुषं नृषु।' मनुष्य का जो पुरुषार्थ या तथाकथित आत्मवल है वह भी मूलतः परमात्मा का ही वल है; इसमें कुछ भी सन्देह नहीं। उपनिषदों में कहा गया है, "नायमात्मा वलहीनेन लभ्यः।" अर्थात् जो वलहीन है वह आत्मसाक्षात्कार नहीं कर सकता। यह फिर श्रुतिमुख से ही भगवान् ने कहा है कि परमात्मा जिसको अपनाते हैं एकमात्र वही उनको प्राप्त कर सकता है। दूसरे के लिए वे दुर्लभ हैं। यहां पर जो महाकृपा की वात कही गई है वह भी उस पूर्ववर्ती वल का ही नामान्तर है। भेददृष्टि यदि न रहे तो दोनों में पार्थक्य देखने का फिर कोई कारण शेष ही नहीं रहता।

(२)

आत्मा अथवा भगवान् स्वरूपतः एक ही हैं। व्रह्म, शिव आदि भिन्न भिन्न नामों के प्रचलित रहते भी इस परम वस्तु का स्वरूप और स्वभाव एक ही है। यह अखण्ड सत्ता तथा अनादि, अनन्त, अपरिच्छिन्नप्रकाश और पूर्ण स्वातन्त्र्यमय वोध स्वरूप है। यह स्वयंप्रकाश है, क्योंकि इसे प्रकाशित करने के लिए किसी दूसरे प्रकाश की आवश्यकता नहीं होती। यह सर्वदा, सर्वत्र एवं सव अवस्थाओं में अपने को स्वयं प्रकाशित रखता है। क्योंकि स्वरूपतः इसके सिवा दूसरी कोई वस्तु ही है नहीं। विश्व की सृष्टि के वाद अनन्त वैचित्र्यमय विश्व का आविर्भाव होने पर वह महा प्रकाश जैसे अपने को प्रकाशित करता है वैसे ही उस आविर्भूत विश्व को भी प्रकाशित करता है। अनन्त विचित्रतामय देश, काल, भाव, गुण, अवस्था और क्रिया के अनन्त भेदों का विश्वरूप में प्रकाश होता है, किन्तु सव प्रकाशों के मूल में रहता है वही एक महा प्रकाश। क्योंकि आत्मा के प्रकाश से ही अर्थात् एक के प्रकाश से ही यह अनन्त विचित्रतामय विश्व प्रकाशित होता है।

अव वात यह है कि अखण्ड अनन्त प्रकाशमय आत्मा स्वयं जव प्रकाशस्वरूप है तव उसे प्रकाशित करने के लिए अन्य कोई उपाय समर्थ हो ऐसा प्रतीत नहीं होता। क्योंकि प्रकाश भी तो उसके प्रकाश से ही प्रकाशमान है। वह अपने प्रकाशक मूल

प्रकाश को कैसे प्रकाशित करेगा? इस सृष्टि के भीतर भिन्न भिन्न प्रकार की स्थिति रखने वाले असंख्य जीव विद्यमान हैं। यद्यपि परमात्मा से इनकी पृथक् सत्ता नहीं है, क्योंकि ये सभी उनके स्वरूप से अभिन्न हैं, तथापि इन जीवों की ओर से विविध प्रकार के भेद और विचित्रताएँ स्वभावतः ही दिखाई देती हैं, क्योंकि आत्मा के स्वेच्छा से किये गये आत्मगोपन से ही सृष्टि का उदय होता है। जहां आत्मा अपने को अनावृत रूप में प्रकट करते हैं वहां तो अखण्ड प्रकाश के रूप में एकमात्र वे ही हैं। वहां विश्व या सृष्टि कहां है? किन्तु जहां वे लीला के व्याज से विश्व की सृष्टि करते हैं वहां सर्वप्रथम अपनी आत्मा के साथ अभिन्नरूप से अनन्त वैचित्र्यों को व्यक्त कर देते हैं। अर्थात् जो एक हैं वे एक रहकर भी नाना स्वांग धारण करते हैं एवं नाना स्वांग धारण करके भी एक के साथ अभिन्नता को अक्षुण्ण रखते हैं। विश्व तब आविर्भूत होकर परमात्मा के साथ अभिन्नरूप में प्रकट होता है। तब माया का खेल आरंभ न होने के कारण अनन्त विचित्रताओं के रहते भी भेद-ज्ञान नहीं होता। क्योंकि परमात्मा उस समय भी अपने को संकुचित नहीं करते, उस समय भी विश्व में स्थित अनन्त पदार्थों में प्रत्येक को वे 'अहम्' (मैं) रूप में देखते हैं। तब अहम् (मैं) के सिवा दूसरा कोई रहता ही नहीं। इसी को आदि सृष्टि कहते हैं। यहां काल का खेल नहीं रहता, इसलिए अतीत, भविष्य और वर्तमान रूप से कालगत कोई पृथक् व्यापार दिखाई नहीं देता। यहां देश का परिच्छेद नहीं है, इसलिए अनन्त देश, असीम विशालता के रहने पर भी एक ही जगह समस्त विश्व भासता है। दूरत्व अथवा व्यवधान का भान होता है सही, परन्तु दूरत्व नहीं रहता। देशगत और कालगत जो सब प्रतीतियाँ हम लोगों को होती हैं एवं आकारों की विचित्रताएँ जो हम लोग सृष्टि में देखते हैं वे सभी तब रहती हैं, पर वास्तव में कोई भी नहीं रहती। सभी रहती हैं, यह कहा गया, क्योंकि एक में अनन्त विचत्रताएँ प्रतिभासित हो रही हैं। फिर साथ ही साथ यह भी कहा गया कि कोई नहीं रहती। क्योंकि ये अनन्त विचित्रताएँ मूल में एक ही प्रकाशमात्र हैं।

यह आत्मस्वरूप अत्यन्त स्वच्छ और निर्मल है। इसमें स्वरूप की अनुबन्धी के रूप से जो स्वातन्त्र्यरूपा महाशक्ति रहती है उसका असीम प्रभाव कार्य करता है। यह आत्मा शिवरूपी हैं एवं यह स्वातन्त्र्य उनकी अपनी शक्ति है। सूर्य और सूर्य की किरणों में जिस प्रकार भेद नहीं है, अग्नि और उसकी दाहिका शक्ति में जैसे भेद नहीं है, चन्द्रमा और चाँदनी में जैसे भेद नहीं है, वैसे ही शिव और शक्ति में भी कोई भेद नहीं है। किन्तु भेद न रहने पर भी एक प्रकार का वैचित्र्य है। यह शक्ति अविचिन्त्य महाशक्ति है। इससे अघटित घटनाएँ होती हैं, क्योंकि इसके निकट अघटन नाम की कोई वस्तु रह ही नहीं सकती। यह अनिर्वचनीय, अचिन्त्य एवं असाध्यसाधनकारिणी शक्ति है। यही अवस्था विशेष में चित्शक्ति के रूप में, आनन्दशक्ति के रूप में, इच्छाशक्ति के रूप में, ज्ञानशक्ति के रूप में एवं सब के अन्त में क्रियाशक्ति के रूप में अपना विस्तार करती है। यह ज्ञानशक्ति माया के नाम से नीचे की भूमि में परिचित है। ये पांच शक्तियाँ वस्तुतः अनन्त शक्तियों की प्रतीक हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों से विभिन्न प्रकारों से शक्तियों की गणना की जाती है

एवं विभिन्न प्रकार की शक्तियों के आधार से विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ भी व्यक्त होती हैं, किन्तु इस स्थल पर यह विचार अनावश्यक है।

यहाँ यह स्मरण रखना चाहिये कि शिव और शक्ति अभिन्न हैं। अवश्य भेद और अभेद का प्रश्न ही न उठे ऐसी स्थिति भी है। फिर इस अभिन्नता के बीच में भिन्नता या भिन्नाभिन्नता दिखाई न पड़े ऐसा भी नहीं है। अर्थात् शक्ति शिव से भिन्न है ऐसी भी दृष्टि है एवं ऐसी दृष्टि भी है कि जिसमें शिव और शक्ति में जो भिन्नता स्वीकार की गई उसके साथ साथ अभिन्नता भी स्वीकार करनी पड़ती है। हम यहाँ पर अभेद दृष्टिकोण से ही विचार करेंगे। इस दृष्टि में शक्ति शिव से अभिन्न है, परन्तु अभिन्न होने पर भी यह अभिन्नता एक ओर शिव के साथ आत्यन्तिक अभिन्नता सूचित करती है एवं दूसरी ओर संकोच और प्रसार का खेल भी दिखलाती है। शिव कूटस्थ साक्षिस्वरूप हैं, किन्तु शक्ति शिव से अत्यन्त अभिन्न है—मूल में ठीक तद्रूप होकर भी दूसरी ओर संकोचशील एवं प्रसारणशील है। शक्ति के इस पहलू के साथ ही साधक का पहिले परिचय होता है। अखण्ड सत्ता में शिव का अंश और शक्ति का अंश दोनों ही हैं, क्योंकि वह स्वातन्त्र्यमय बोध है, स्वातन्त्र्यहीन बोध नहीं है। किन्तु दोनों के रहने पर भी शक्तिअंश उपायरूप और शिवअंश उपेय रूप से वर्णित हैं। शिव की यदि प्राप्ति करनी हो अथवा आत्मस्वरूप में यदि प्रतिष्ठित होना हो तो एकमात्र आत्मशक्ति ही उसके लिए उपाय है। शक्ति का आसरा लिये विना शिवरूप में स्थिति प्राप्त नहीं की जा सकती। शिव ज्ञानस्वरूप हैं, उनकी शक्ति ज्ञानस्वरूपा है। शिव चिद्रूप हैं, उनकी शक्ति चिद्रूपा है। शिव आनन्दस्वरूप हैं, उनकी शक्ति ह्लादिनीरूपा है। इसमें कोई सन्देह नहीं है, तथापि आसरा लेना पड़ता है एकमात्र शक्ति का ही, क्योंकि शक्ति निरपेक्ष शिव होते हुए भी शवमात्र हैं, उनको स्वायत्त करने का कोई साधन नहीं है, न उनके नाम और रूप का ही कोई पता चलता है।

यद्यपि शिव और शक्ति दोनों ही ज्ञानस्वरूप हैं, तथापि दोनों में थोड़ा अन्तर है। अन्तर यही कि शिव उपायहीन ज्ञान या अनुपाय ज्ञान हैं। इसी का नाम अनुत्तर, अद्वय और अखण्ड ज्ञान है। इसमें स्पन्दन नहीं है एवं शक्ति का उल्लास भी नहीं है। निस्तरङ्ग परमशान्त महासमुद्र के अक्षुब्ध वक्षस्थल के समान यह शान्त चिदालोक से नित्य उज्ज्वल है। लौकिक दृष्टिकोण से शक्तिगत उपायस्वरूप ज्ञान के तीन क्रमिक विभागों की कल्पना की जा सकती है। उनमें से नीचे से देखने पर पहला प्राथमिक ज्ञान, दूसरा मध्यम ज्ञान एवं तीसरा परमज्ञान के नाम से वर्णनीय हैं। आत्मा की शक्ति के भेद से ये ज्ञान के भेद हैं। क्रियाशक्ति साकार भूमि में काम करती है अथवा यह निराकार महासत्ता में भिन्न भिन्न प्रयोजनों के अनुसार विभिन्न आकारों को सूचित करती है। इसलिए क्रियाशक्ति का आसरा लेकर परमेश्वर का जो ज्ञान होता है, वह इस निम्नस्तर का ज्ञान है। यह भी आत्मज्ञान के नाम से प्रसिद्ध है, इसमें सन्देह नहीं। किन्तु इस ज्ञान की सामर्थ्य मध्यम और परमज्ञान की अपेक्षा न्यून है। इसके जो अवान्तर भेद हैं उनका यहाँ विशेषरूप से विचार करना अभीष्ट नहीं है। इस आणव ज्ञान के ऊपर मध्यम श्रेणी का जो आत्मज्ञान

है वही शाक्तज्ञान है। यह भी आत्मा या परमेश्वर का ही ज्ञान है, इसमें सन्देह नहीं है। किन्तु यह पूर्ववर्ती ज्ञान से उत्कृष्ट है। पर इस उत्कर्ष की सीमा है। इसी लिए शाक्त ज्ञान प्राप्त करने के बाद भी आत्मा को और भी अधिकतर निर्मल आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए शाम्भव ज्ञान प्राप्त करना पड़ता है। यही उत्कृष्टतम ज्ञान है। लौकिक दृष्टि से इससे उच्चतर ज्ञान और हो नहीं सकता। किन्तु यह भी अनुत्तर ज्ञान नहीं है, क्योंकि ये सभी ज्ञान उपायस्वरूप हैं। उपेय भाव प्रत्येक में है सही, किन्तु उपायभाव भी रहता है। जो अनुत्तर स्वयंप्रकाश स्वरूपात्मक ज्ञान है उसी का नाम अनुत्तर ज्ञान है। वही आत्मा का स्वरूप है। वह एकमात्र उपेय है, वह अन्य किसी का उपाय नहीं होता।

(३)

निम्नस्तर के आत्मा को अपने शरीर में अहं प्रतीति होती है। अर्थात् यद्यपि आत्मा स्वरूपतः देह से पृथक् है फिर भी गाढ़ अज्ञानवश वह अपना देह से अपृथक् रूप में अनुभव करता है। तब देह के धर्म आत्मधर्म के रूप में प्रतीत होते हैं एवं विशेष अवस्थाओं में अनुकूल और प्रतिकूल मालूम पड़ते हैं। जीव इस अवस्था में यदि भगवत्कृपा प्राप्त कर ले तो ऐसी स्थिति में उसे अतिशीघ्र ही देहात्मबोध से छुटकारा पाने का मार्ग दिखलाई देता है। यह मार्ग देहाश्रित विभिन्न प्रकार की साधनाएं ही हैं। इनमें आसन, बन्ध, मुद्रा आदि विभिन्न अङ्ग विद्यमान हैं। ये सभी क्रियारूप साधनाएँ हैं। केवल यही नहीं, भिन्न क्रियारूपसाधना की स्थूलतम दिशाएँ हैं। ये साधनाएँ तथा इनसे उच्चतर साधनाएँ —दोनों ही क्रियारूप हैं। जिसका अभिमान प्राणस्तर में बँधा है उसकी क्रिया अलग है। अनात्मा में आत्मभिमान इन सब स्तरों की अज्ञानगत विशिष्टता है। अनात्मवस्तु स्थूल हो, चाहे सूक्ष्म हो अथवा कारणात्मक हो ; अज्ञान की प्रकृति एक ही प्रकार की है। बुद्धि में अभिमान के बद्धमूल होने पर ध्यान आदि उपाय फलप्रद होते हैं। किन्तु व्यापक प्राणमय सत्ता में अज्ञान का अभिनिवेश रहने पर ध्यान अथवा समाधि से अनायास कार्य सिद्ध नहीं होता—उसके लिए उच्चार अर्थात् प्राणशक्ति का क्रमिक ऊपर की ओर संचालन विशेष रूप से सहायक होता है। प्राणशक्ति जागकर क्रमशः ऊपर की ओर उठती है। हृदय में प्राण का उदय होता है एवं उदित प्राण नये उगे हुए सूर्य के तुल्य ऊपर उठकर क्रमशः अस्त होता है। जहां से प्राण का उदय होता है और जहां उसका अस्त होता है उन दोनों के बीच का जो व्यवधान है वही उच्चारण का मार्ग है। हृदय से द्वादशान्त यानी ब्रह्मरन्ध्र तक जो छत्तीस अंगुल का ऊर्ध्व मार्ग विद्यमान है वही प्राण के संचार का क्षेत्र है। प्राण के जैसे उदय और अस्त होते हैं वैसे ही अपान के भी उदय और अस्त होते हैं। जहां प्राण का अस्त होता है वहीं से अपान का उदय होता है। अपान उदित होकर प्राण की विपरीत गति से चलते चलते अस्त हो जाता है। प्राण को यदि सूर्य के रूप में स्वीकार किया जाय तो अपान को चन्द्रमा के रूप में स्वीकार करना होगा। इन प्राण और अपान की गति से ही सूर्य और चन्द्रमा की गति की प्रतीति होती है एवं ये दोनों गतियां अन्तर्जगत् के अहोरात्र की नियामिका हैं। प्राण-संक्रान्त उच्चारण के सम्बन्ध में बहुत कुछ वक्तव्य है। इस उच्चार की ऊँची क्रीड़ा नादरूप में प्रकट होती है। बुद्धिक्षेत्र

से जैसे ध्यानक्रिया का पता लगता है वैसे ही प्राण के क्षेत्र से इस नादात्मक उच्चारण का भी पता लगता है। प्राण बुद्धि की अपेक्षा संवित् अथवा चैतन्य का अधिकतर निकटवर्ती है। इसलिए ध्यान अथवा समाधि के क्षेत्र से क्रियाशील नाद का क्षेत्र उच्चतर है एवं आसन, मुद्रा आदि अथवा तथाकथित प्राणायाम के क्षेत्र से ध्यान-समाधि का क्षेत्र उत्कृष्ट है। किन्तु ये सभी क्रियारूपी उपाय अथवा साधना के अन्तर्गत जानने चाहिये। अनात्मा में आत्मबोधरूप अज्ञान स्थूल अथवा सूक्ष्म रूप से प्रत्येक क्षेत्र में विद्यमान रहता है। प्राण के क्षेत्र का अतिक्रमण करने के बाद एक शून्य स्थान दिखाई देता है। वहां किसी भावात्मक सत्ता का आसरा लेकर अभिमान कार्य नहीं कर सकता। देह, इन्द्रिय आदि, बुद्धि तथा प्राण की यहीं तक ज्ञानपूर्वक क्रियात्मक साधना हो सकती है। क्योंकि ये सब क्षेत्र एक प्रकार से जाग्रत् और स्वप्न के अन्तर्गत हैं। सुषुप्ति का भी कुछ अंश इसमें रह सकता है। किन्तु गाढ़ सुषुप्ति अवस्था में क्रिया नहीं हो सकती। क्योंकि शून्य क्षेत्र में अभाव में साधना क्रिया का अनुष्ठान नहीं हो सकता। इन सब विभिन्न स्तरों की आत्माओं में योग्यता का तारतम्य अवश्य ही है, इसलिए साधना का भी तारतम्य स्वाभाविक है। किन्तु स्मरण रखना होगा कि प्रत्येक क्षेत्र में साधना के साथ कृपा का मेल रहता है। क्योंकि पहले कृपा का संचार हुए बिना साधना का श्रीगणेश ही नहीं होता। कृपा यदि तीव्र हो तो ऐसी किसी क्रिया की आवश्यकता ही नहीं होती। उपाय की आवश्यकता अवश्य ही रहती है, किन्तु क्रियात्मक उपाय का प्रयोजन नहीं रहता। अवश्य यह अति उच्चतर योगी की बात है। गुरु ज्ञानदाता हैं कर्मदाता नहीं हैं। किन्तु जहां आधार गाढ़ अन्धकार से ढका रहता है वहां ज्ञानदाता गुरु को भी कर्मोपदेश देना आवश्यक हो जाता है। क्योंकि शिष्य में अनात्मा में आत्माभिमान अत्यन्त तीव्र होने के कारण अभिमान का आश्रय करके ही क्रिया करनी पड़ती है, जिससे यह गाढ़ आवरण हट जाता है एवं उसके भीतर छिपा हुआ गुरुप्रदत्त ज्ञान स्पष्ट रूप में व्यक्त हो उठता है। इसलिए साधक के निम्नस्तर में होने पर गुरु साक्षात् उसे ज्ञान नहीं दे सकते, दुर्बल आधार तीव्र ज्ञान के आघात को सहन नहीं कर सकता। ज्ञान यदि मृदु हो तो वह थोड़े से आवरण से ढका रहता है। उस आवरण को हटाने पर वह मृदुज्ञान प्रकट हो जाता है। मृदुज्ञान भी आत्मज्ञान है, इसमें सन्देह नहीं एवं निम्न अधिकारी के लिए वही एकमात्र काम्य है। किन्तु इससे भी उत्कृष्टतर आत्मज्ञान है। उसके लिए तब प्रयत्न करना पड़ता है।

जिस साधक के देहादि अनात्मवस्तु में अभिमान अत्यन्त क्षीण हैं यहाँ तक कि एक प्रकार से नहीं के बराबर है। उसके लिए उस प्रकार के कर्मों के उपदेश की कोई आवश्यकता नहीं होती। उसका ज्ञान पूर्वोक्त ज्ञान की अपेक्षा श्रेष्ठ है। उसे शाक्त ज्ञान कहा जाता है। पहले जो ज्ञान कहा गया है वह आणव ज्ञानमात्र है। यद्यपि दोनों ज्ञान आत्मज्ञान ही हैं तथापि दोनों में भेद है। आणव ज्ञान से अपनी जिस तरह से उपलब्धि की जाती है शाक्तज्ञान उसकी अपेक्षा श्रेष्ठ है। प्रथम आत्मज्ञान में शक्ति का विकास नहीं रहता, किन्तु द्वितीय प्रकार के आत्मज्ञान में पूर्ण शक्ति का विकास रहता है। यह कैसे ? इसका विवरण क्रमशः देने की

चेष्टा करूँगा। किन्तु यह भी सर्वश्रेष्ठ आत्मज्ञान नहीं है। क्योंकि शक्ति का उदय और पूर्ण विकास शिवरूपी आत्मा के लिए स्वभावसिद्ध होने पर भी उसकी परावस्था है। तब वह शक्ति आत्मस्वरूप में प्रविष्ट होती है। शिवरूपी आत्मा अपनी उद्‌गीर्ण शक्ति को निगल कर एवं अपने साथ में उसे अभिन्नरूप से स्थापित कर समरसता को प्राप्त होते हैं एवं परमशिव दशा में पहुँचते हैं।

इस बात को थोड़ा और विशद करके कहता हूँ। आत्मा शिव है एवं आत्मा ही परम शिव भी है। शिव को ब्रह्मरूप मानने पर परमशिव परब्रह्म स्वरूप हैं। किन्तु कब ?— आत्मा विशुद्ध प्रकाशमय है, प्रकाश ही उसका स्वरूप है। इस महाप्रकाश में नित्य सम्मिलित रूप से महाशक्ति अन्तर्लीन रहती है। किन्तु उसे पृथक् रूप से पाने का कोई उपाय नहीं है। जब इस निराभास चैतन्य रूपी प्रकाश में अभिन्नरूप से अनन्त आभासों का उदय होता है तब समझना होगा कि स्वातन्त्र्यरूपा महाशक्ति में स्पन्दन हो रहा है। तब वह स्पन्दरूपा महाशक्ति-सोये हुए सर्प के तुल्य शक्तिकुण्डलिनी रूप में सोई रहती है। यह शक्तिकुण्डलिनी ही एक तरह से विश्व की बीजावस्था है। यह सृष्टि की अतीतावस्था है, यह कहना बेकार है। शिवरूपी बिन्दु इस शक्तिकुण्डलिनी को अपने में पूर्णतया अभिन्न रूप से धारण करते हैं। किन्तु जब इसमें क्षोभ होता है अथवा बहिर्मुखता का उन्मेष होता है तब यह बिन्दु विसर्ग का रूप धारण करता है। वह आभासमान विश्व तब विसर्जनीय होता है अर्थात् माता के गर्भ से उसमें स्थित संतान का जैसे निष्क्रमण और प्रसव होता है वैसे ही इस शक्तिकुण्डलिनी के गर्भ में स्थित विश्व विसर्गरूप धारण कर बिन्दु से मानो निकल पड़ता है। एक बिन्दु तब दो बिन्दुओं में परिणत हो जाता है, क्योंकि यह विसर्ग अवस्था है। इन दो बिन्दुओं के बीच में नित्य आकर्षण विकर्षण की क्रिया होती रहती है। इनमें प्रथम बिन्दु बहिर्मुखता के प्रथम उन्मेष के प्रारम्भ को सूचित करता है एवं द्वितीय बिन्दु प्रत्यावर्तन द्वारा अन्तर्मुखता के प्रारम्भ की सूचना देता है। निश्वास के बाद जैसे प्रश्वास तथा प्रश्वास के बाद जैसे निश्वास का आवर्तन होता है वह भी कई अंशों में वैसा ही है। प्रथम बिन्दु की सहभावी शक्ति का प्राणकुण्डलिनी के नाम से और द्वितीय बिन्दु की सहभावी शक्ति का पराकुण्डलिनी के नाम से वर्णन किया जाता है। प्राणकुण्डलिनी से बिन्दु की गति बहिर्मुखी होती है। इस बहिर्मुखी गति के अन्त में परा कुण्डलिनी से अन्तर्मुख गति की सूचना होती है, यह ज्ञातव्य है। अन्तर्मुख गति के अन्त में परस्पर इन दो विरुद्ध गतियों के साम्यभाव का उदय होता है। तब कुण्डलिनी की क्रिया समाप्त होती है एवं शक्ति के रूप में शक्ति की क्रिया भी निवृत्त होती है। क्योंकि शक्तिकुण्डलिनी तब पराकुण्डलिनी की अवस्था प्राप्त होकर परा संविद्‌रूप से शिव के साथ तादात्म्य प्राप्त करती है। शिव तब परम शिव के नाम से पुकारे जाते हैं। यही शिवव्योम या परमब्रह्म अवस्था है। यही आत्मा का अखण्ड स्वरूप है।

पाश्चात्य दार्शनिक जैसे thesis, antithesis तथा Synthesis इस त्रिधारा में विश्वशक्ति के विसर्पण की व्याख्या करते हैं एवं हमारे प्राचीन आचार्य्यों ने जैसे भाव से अभाव एवं अभाव

से स्वभाव में प्रत्यावर्तन का वर्णन किया है, शक्ति-कुण्डलिनी का भी उसी प्रकार प्राणकुण्डलिनी अवस्था प्राप्ति के बाद परा कुण्डलिनी अवस्था प्राप्ति समझनी चाहिये। यह अत्यन्त कठिन विषय है। इसका अधिक विश्लेषण आपाततः अनावश्यक है। शाक्त ज्ञान अर्थात् मध्यमं कोटि का आत्मज्ञान यदि समझना हो तो इस विषय को समझने की चेष्टा करना उचित है। इसके बाद ही शाम्भव ज्ञान के रूप में श्रेष्ठतम आत्मज्ञान का उदय होता है। इस अवस्था में शक्ति या आत्मस्वातन्त्र्य की कोई क्रिया अपेक्षित नहीं होती। पूर्ण सत्य अपने आप ही अपने में स्वयं रूप में अभिव्यक्त हो उठता है।

(क्रमशः)

माँ

(श्री प्रताप उपाध्याय)

दिल से एक आवाज निकलती
माँ तुझसे दूर है ही नहिं।
इधर उधर फिर भी दृग ढूँढ़त
प्रश्न बड़ा मन में ही वही ॥१॥
कौन मेरे नैनों के पीछे
होकर नैन का नैन खड़ा ?
जानत हूँ फिर भी तरसत हूँ,
और न है कोई सगड़ा ॥२॥
कौन कण्ठ में आकर मेरे
मंजुल गीत जगाता है ?
जानत फिर भी उनकी सुनने
जी मेरा झुँझलाता है ॥३॥
पल पल याद उठत प्राणों में,
याद कहाँ से आती है ?
जानत फिर फरियाद है मेरी
"याद बहुत सताती है" ॥४॥

The ONE who is the Eternal, the Atman,
He himself is the traveller on the path of Immortality,
He is all in all, He alone is.

MATRI VANI

(Replies to letters from different people at different times.)

114*

We should not allow our attention to wander at large, but stick to a particular aim or object. Nevertheless to begin with we shall have to choose an object that is suited to our *Sadhana*, To live in solitude means to be solely in the company of the One Beloved, does it not, father ? Only when one is unattached and without cares and worries can there be freedom from conflict and perplexity. Write to him that he has no cause whatever for worry. The Grace of the Lord flows down unceasingly and at all times. A person who has made God-realization the one and exclusive goal of his life, has already found refuge in Him—even though He may for the time being declare Himself by His absence.

115

When people talk about the vision of the Self (*Atma Darshan*) and Self-Realization, it is only from hearsay ; still it is necessary to find a way in order to gain first-hand experience of this state. Thus, what we have to do is to take to any path that will lead us to it.

---

* The Bengali original and its Hindi translation appeared in Ananda Varta, Vol. V, No. 3, p. 161.

